1. Sharma,R.S.,*the significance of ancient Indian history,initial lines,*India's Ancient Past, the Oxford University Press,2005, p. 2
2. Varma, Vishwanath Prasad, *Gandhi and Marx*, The Indian Journal of Political Science 15, no. 2 (1954), p. 117.
3. Ibid, *p.119.*
4. Balaram, Singanapalli, *Gandhi's Retrieval of Indigenous Culture,* India International Centre Quarterly 29, no. 3/4 (2002), p.18.
5. Gandhi, *Hind Swaraj: Or, Indian Home Rule. Ahmedabad,*Navajivan Pub. House,1989, p.
6. Mukherjee, Rudrangshu, *Gandhi's Swaraj*, Economic and Political Weekly 44, no. 50 (2009), p.35.
7. Ibid, *p.35..*
8. *Collected works of Mahatma Gandhi. [New Delhi],*Publications Division, Ministry of Information and Broadcasting, Govt.1969
9. Ghanshyamlal Mashruwala,*Kishorlal Gandhi and Marx,*Navajivan Publishing House, 1951, p.10 .
10. Ibid,p. 12
11. *Collected works of Mahatma Gandhi. [New Delhi]:*Op. cit. p.
12. Biswas, Sujay, *Gandhi's Approach to Caste and Untouchability:A Reappraisal.* Social Scientist 46, no. 9–10, 2018, p. 544–545.
13. The lonely furrow statement will be found, *Mine May be a voice in the wilderness",*Collected works of Mahatma Gandhi. [New Delhi]: Publications Division, Ministry of Information and Broadcasting, Govt.1969
14. Mukherjee, Rudrangshu, Op. cit.p.39

# Women and gandhian philosophy

**Niharika Singh***

"When woman, whom we call abala, becomes sabala, alt hose who are helpless will become powerful."[1]

This messageofMahatma Gandhi to the All India Women's Conference in 1936 reflects the crucial importance he gave to the issue of women's freedom and strength in the struggle to build a humane and exploitation free society. Gandhi saw women not as objects of reform and humanitarianism but as self-conscious subjects who could if they chose, become arbiters of their own destiny.[2] In this way, Gandhi represents a crucial break from the attitude of many of the leaders of the reform movements of the late nineteenth century, who tended to see women as passive recipients of more humane treatment through the initiative of enlightened male effort.

It is only with Mahatma Gandhi's emergence as a political leader, when he confronted the problem of mass mobilization, that he became aware of women not only in terms of their problems but also as a powerful potential force in society, hitherto overlooked and kept suppressed.

The image of the new woman that he wanted to help create was deeply influenced and colored by the kind of cultural and emotional environment in which he grew up. In the formative years, Mahatma Gandhi was influenced by his mother Putli bai who imparted him a strong sense of personal ethics and compassion. Gandhi married at the age of thirteen to Kasturba. He learned much from Kasturba and perhaps even more from his mother. His spiritual bent of mind seems to have come from her. Gandhi's devotion to women began with his devotion to his mother and Kasturba, most particularly to women as a mother.

* Supervisor, Associate Professor, History Department J.N. College, Dhurwa. & Research Scholar, History department Ranchi University, Ranchi

He learned the fundamental aspects of soul politics from his mother and his wife but women's influence on him was not limited to his family. The Bhadramahila (responsible or new women), created in nineteenth-century by Indian social reformers, became the model for Indian women in the nationalist era. Women in the late nineteenth century and early twentieth century created organizations such as All India Women's Council and Bhagini Samaj founded predominantly among the upper-middle class in urban centers. Although many associate the ideals and organizations of the "new woman" with Gandhi, as Elise Boulding indicates "well before Gandhi was calling women to practice Satyagraha, the grandmothers, mothers, wives, and daughters of the educated classes in India were forming organizations providing educations and action-training for other women, in order to re-build an Indian society freed from colonial structures".

Gandhiji was profoundly influenced by Annie Besant, a British militant feminist and a Theosophist, Sarojini Naidu a trusted Gandhi's co-worker, Kamaladevi Chattopadhyaya,a fiery Satyagrahi, Rajkumari Amrit Kaur, and Pushpaben Mehta. Gandhi believed women could do much to transform India on all levels. He believed that equal rights for women and men were necessary but not sufficient to create a more just social order. What good does it do to us to have equal rights if we are divided within ourselves and unable to attend true unity with others?

In a letter written to Rajkumari Amrit Kaur from Wardha on 20-10-1936, Gandhi writes, "If you women only realize your dignity and privilege, and make full sense of it for mankind, you will make it much better than it is. But man has delighted in enslaving you and you have proved willing slaves till the slave and holders have become one in the crime on degrading humanity. My special function from childhood, you might say, has been to make women realize her dignity. I was once slaveholder myself but Ba proved an unwilling slave and thus "opened my eyes to my mission".[3]

Gandhi respected the traditions of the society, but not at the cost of loss of individual dignity. His practical and dynamic advice was "It is

good to swim in the waters of tradition, but to sink in them is suicide".[4] He never hesitated to criticize the evils which had gripped the Indian society, and tried to mobilize public opinions against such evils. He realized that deep-rooted customs were hampering the development of women, and women's freedom from such shackles was necessary for the emancipation of the nation.

According to Gandhi, the custom of child-marriage is both a moral as well as a physical evil, for it undermines our morals and induces physical degeneration. The purdah system, according to him, was "vicious, brutal and barbarous". He questioned the basis of the practice of pushing women in seclusion: "Why is there all this morbid anxiety about female purity? Have women any say in the matter of male purity? We hear nothing of women's anxiety about men's chastity. Why should men arrogate to themselves the right to regulate female purity? It cannot be superimposed from without. It is a matter of evolution from within and, therefore, of individual self-effort.[5] He called prostitution "moral leprosy" and despised the fact that "the beast in man has made the detestable crime a lucrative profession". He appealed to prostitutes to give up their "unworthy profession" and become "sanyasinis" of India.

Gandhi viewed marriage as a sacrament imposing discipline on both the partners, not a license for physical union and emphasized spiritual union in marriage. He insisted on monogamous marriages and put forward a plea for inter-communal marriages between Hindus and Harijans. In his opinion, "Woman is the companion of man, gifted with equal mental capacities. She has the right to participate in the very minutest details in the activities of man and she has an equal right of freedom and liberty with him. She is entitled to a supreme place in her own sphere of activity as man is in his".[6] Gandhi was clear that "Woman must cease to consider herself the object of man's lust. The remedy is more in her hands than man's. She must refuse to adorn herself for men including her husband, if she will be an equal partner with man".[7]

When Gandhi was asked whether a wife could go against the will of her husband to take up national service, he supported the claim of a wife

to devote herself to a noble purpose. He cited the example of Mirabaiin support of his argument. In his opinion, every wife "has a perfect right to take her own course and meekly brave the consequences when she knows herself to be in the right and when her resistance is for a noble purpose". According to him, the only honorable terms in marriage are mutual love and consent.

For him, sexuality ought to be kept at the minimum inside marriage and totally eliminated outside it. The method of birth-control, he favored, was by exercising self-constraint in life and restricting physical union only for getting children.

Gandhi realized the miseries of widowhood for a womanas "men have ordained perpetual widowhood for women and conferred on themselves the right to fix marriage with another partner on cremation-ground itself". Gandhi sees these widows as a strong reservoir of energy, which could be put to use to bring light to the dark corners of the nation. In his opinion, "It is worth considering carefully in what way the country can avail itself of the services of hundreds of widows, young and old".

As Gandhi respected widows who dedicated themselves to the service of humanity, he had great regard for women who chose the path of staying single to serve society and the nation. In his opinion, not every Indian girl is born to marry. There are many girls willing to dedicate themselves to service instead of servicing one man.

Gandhi has visualized a great role for women in eradicating the evil of communalism. His appeal to women was to refuse to cook,and to starve themselves in protest so long as their men"do not wash their hand of these dirty communal squabbles".[8] Gandhi's appeal reached women everywhere in India. He expected great things from them in the areas of work concerning the purity of life, removal of untouchability, propagation of Khadi, communal harmony, and Swadeshi. His logic was simple: "If Kaikeyi could obtain all that she wanted from Dashrath by dint of Duragraha, what could they not achieve with the help of Satyagraha?"[9]

Gandhi's own experience of Kasturba's resistance to acceptance of untouchables as members of the family perhaps made him aware of the

role that women can play in the removal of untouchability. "If the Hindu heart is to be cured of the taint of untouchability, women must do the lion's share of the work".[10] His appeal to women was "If you consider Harijans untouchables because they perform sanitary service, what mother has not performed such service for her children."[11]

When Gandhi told women that the economic and the moral salvation of India rested mainly with them, he was not paying mere lip-service to them. He was evoking a creative and constructive spirit that was suppressed in them.

Gandhi revolutionized not only Indian politics, but also the whole perception of life for women. In his words, "My contribution to the great problem (of women's role in society) lies in my presenting for acceptance of truth and ahimsa in every walk of life, whether for individuals or nations. I have hugged the hope that in this, woman will be the unquestioned leader and having thus found her place in human evolution,will shed her inferiority complex".[12] Women's entry into national politics through non-violent methods brought miraculous results. On the one hand, women became aware of their inner strength, and on the other, the process brought human and moral elements into politics.

Gandhi had tremendous faith in women's inherent capacity for non-violence. With Gandhi's inspiration, they took the struggle right into their homes and raised it to a moral level. Women organized public meetings, sold Khadi and prescribed literature, started picketing shops of liquor and foreign goods, prepared contraband salt, and came forward to face all sorts of atrocities, including inhuman treatment by police officers and imprisonment. They came forward to give all that they had-their wealth and strength, their jewelry and belongings, their skills and labor-all with sacrifices for this unusual and unprecedented struggle.

Gandhi's call to women to involve themselves in the freedom struggle had far-reaching results in changing their outlook. "The cause of Swaraj swept all taboos and old customs before it".[13] Many women in their individual lives shed their age-old prejudices against the caste system.

They had no hesitation in leaving the boundaries of their protected homes and going to the jail. They even broke their glass bangles when they were told that they were made of Czechoslovakian glass. Women's participation in the freedom struggle feminized nationalism and the nationalist struggle helped them to liberate from age-old traditions.

Though Gandhi never challenged the traditional setup, he inspired women to carve out their own destinies within it, and thereby changing its very essence. Women learned from Gandhi that one can be strong, even if seemingly weak, to protest against injustice. They realized that they do not have to accept the norms of male-dominated politics. They evolved their own perspectives and formulated their own methods. In a way, they presented a critique of the colonial unethical state.

Gandhi could see women as connected with service and not with power. When a woman wrote to him in 1946 about the political scene and the paucity of women in it, he wrote: "So long as considerations of caste and community continue to weigh with us and rule our choice, women will be well-advised to remain aloof and thereby build up their prestige. Women workers should enroll women as voters, impart or have imparted to them practical education, teach them to think independently, release them from the chains of caste that bind them so as to bring about a change in them which will compel men to realize women's strength and capacity for sacrifice and give her places of honor. If they will do this, they will purify the present unclear atmosphere."[14]

Gandhi visualized a humane society, free from exploitation and in justice, built by responsible men and women. Gandhi, however, maintained that the spheres of work for men and women were different. She is passive, he is active. She is essentially mistress of the house. He is the breadwinner. She is the keeper and distributor of bread. She is the caretaker in every sense of the term".[15]Gandhi was of the firm opinion that if women have to work outside the house, they should do so without disturbing it. They can take up some work, which would supplement the income of the family, and spinning, according to him, was perhaps the

best work they could undertake. Spinning and weaving for women were "the first lesson in the school of industry". The spinning wheel can be the "widow's loving companion", of livelihood for the poor family and as a means to supplement the income of the family of the middle class, and for the well-to-do women, it would be a means to relate their lives to those country's poor women.

Though women had no direct control over economic matters, they were the managers of homes.

Gandhi was quick to grasp this fact. So, to popularize the message of Swadeshi, a cardinal economic principle for him, he demanded the support of women. In his opinion, the Swadeshi vow cannot be kept without the help of women. Men alone will be able to do nothing in the matter. They have no control over the children, that is the woman's sphere. To look after children, to dress them, is the mother's duty and, therefore, it is necessary that women should be fired with the spirit of Swadeshi.[16]

Gandhi often presented ideals before women, drawn from Indian traditions, mythology, and history. He often talked about Sita, Draupadi, Damayanti and Mirabai as great women and visualized the Indian women as new Sitas, Draupadis, and Damayantis, "pure, firm and self-controlled".

For Gandhi, Sita was not a weak and dependent creature, but a strong woman conveying the message of Swadeshi, who only wore "cloth made in India"[17] and thus kept her heart and body pure. Moreover, she should defy the might of Ravana by sheer moral courage and she would not waste "a single moment on pleasing Rama by physical charms".[18] Implying thereby that a woman could assert herself in doing what she considered right even if the husband thought otherwise. Another ideal model presented by Gandhi was Draupadi who was not dependent on men and saved herself by an appeal to Krishna when the Pandavas failed to protect her. Here the appeal to Krishna is to understood as following one's conscience. He saw Mirabai, as a symbol of courage, who followed her chosen path by defying the social norms of the time.

It is interesting to note that Gandhi does not advise a woman to be an ideal wife or an ideal mother. Deviating from the traditional framework, he advises women to be sisters. Pointing out the greatness of a sister over a wife, he maintained that a sister is to all the world, while a wife hands herself over to one man. Moreover, it is possible to become the world's sister only by making Brahmacharya "a natural condition" and being "fired by the spirit of service". Women have the potential to do immense service to the unfortunate, by doing this they can be "Sisters of Mercy".

Though Gandhi gave the traditional role a new vigor, he had undaunted faith in the chastity and purity of woman. He was sure that the "dazzling purity" of a woman could disarm even the most beastly of men. In his opinion, an ideal woman would rather give up her life than her purity. According to Madhu Kishwar, Gandhi's very vocabulary, in its exaggerated idealization of women as 'sisters of mercy' and 'mothers of entire humanity' reveals the bias of a benevolent patriarch."

Gandhi's vision of change with respect to women was comprehensive. He connected the moral with the political, the social and the economic, presenting an eclectic view of life. For him the means had to be identified with the ends; similarly, he did not differentiate between the private and the public worlds of women. He also enhanced the dignity of a woman's housework advising his men followers to take to spinning and to do ordinary works in everyday life. He imbibed so many of a woman's qualities that he became 'mother' to many.

Gandhi saw the low status of women was the result of prejudices arid adverse traditions, which were centuries old, It was difficult to get women interested in the larger problems of life and society because they knew nothing of them, having never been allowed to breathe the fresh air of freedom. The only factor that would enable women to come out of this situation was the determination and strength of the women themselves. Though men should help the cause of women, ultimately women will have to determine their destinies. Gandhi sympathizes with

women, but he does not want to pity them all the time. Neither does he want them to be irresponsible, pleasure-loving beings.

According to Gandhi, "To call woman the weaker sex is a libel; it is man's injustice to woman. If by strength is meant brute strength, then, indeed, is woman less brute than man. If by strength is meant moral power, then woman is immeasurably man's superior. Has she not greater intuition, is she not more self-sacrificing has she not greater powers of endurance, has she not greater courage? Without her man could not be."[19]

In Jharkhand, the Tana Bhagats among the Adivasis became torch bearers of Gandhi's ideals. Tana Bhagats, incidentally, is the sole community in India which practices Gandhism as a religion, hanging onto non-violence (Ahimsa), truthfulness (Satya), cleanliness (Swacchata), women's respect and sparse living as life's tenets.[20]

In Gandhi's philosophy, the women of India found a new identity. His words and deeds have inspired thousands of women and will continue to do so, in their struggle against injustice and inequality.

## References

1. The Collected Works of Mahatma Gandhi (CW), Volume LXIV, 1936-37 (Ahmedabad, 1982), p.165. Message to the All India Women's Conference, sent before 23 December 1936.
2. Kishwar Madhu, "Gandhi on Women", Economic and Political Weekly, Volume XX, No. 40, October 5, 1985, p.1691.
3. Mahatma Gandhi to Rajkumari Amrit Kaur, October 20, 1936 (Letter).
4. CW, Volume XXVII, p.308.
5. Young India, February 3, 1927, p.37.
6. Speeches and Writings of Mahatma Gandhi, p.425.
7. Young India, July 21, 1921, p.229.
8. V. Geetha (edited)whiec article of clapter in book, Soul Force: Gandhi's Writings on Peace, U.K, Tara Publishing Limited, 2004, p.242.
9. Tendulkar D.G., Mahatma, Volume 2, Delhi, Publications Division, 1960, p.347.
10. CW, Volume, LVII, pp.259-62.

11. CW, Volume LVI, p.332.
12. CW, Volume LXXI, p. 208.
13. Kitabistan, Series no. 5, Allahabad, 1937, p.64.
14. CW, Volume LXXXIII, p.398.
15. CW, Volume LXXI, pp.207-8.
16. Joshi Pushpa (edited)whier chaphr of book, Gandhi on Women, Navajivan Publishers, 2011, pp.22-24.
17. CW, Volume XXXI, p.511.
18. CW, Volume LVI, p.332.
19. Young India, October 4, 1930, p.121.
20. The New Indian Express, September 30, 2019.

# महात्मा गाँधी के सामाजिक-आर्थिक चिंतन के कुछ पहलू

**डॉ0 राजकुमार***

भारत की समाजिक दुर्दशा तथा आर्थिक गरीबी पर गंभीर विश्लेषण करते समय गाँधीजी भारतीय समाज में उत्पन्न सामाजिक तथा आर्थिक कुरीतियों एवं दोशों के समाधान पर चिंतन व अध्ययन की बात करते थे। वे भारत की निर्धनता, छुआछूत, नारी दुर्दशा, अशिक्षा, सामाजिक कुप्रथाओं, धार्मिक अंधविश्वासों तथा कुरीतियों से परिचित थे।

सामाजिक दृष्टि में भारतीय जनमानस में उत्पन्न अनेक बुराइयों एवं दोशों का वर्णन करते हुए उन्होंने छुआछूत को प्रमुखता दी। वे छुअछूत को धार्मिक नहीं मानते थे, बल्कि इसे एक शैतान की चाल कहते थे।[1] गाँधीजी छुआछूत को हिन्दू धर्म के मस्तष्क पर लगा एक कलंक बताते थे।[2] छुआछूत संबंधी नियमों को आत्मा के विकास में बाधक कहते थे।[3]

गाँधीजी ने आर्थिक दृष्टि से जहाँ गरीबी दूर करने तथा स्वालम्बन एवं स्वाभिमान का मार्ग दिखलाया, वहीं समस्याओं के समाधान हेतु ईशोपनिषद् के प्रथम श्लोक को आधार स्तंभ बताया[4]–

ओइम् ईषावास्यमिदंसर्व यत्किचंजगत्यांजगत्।

तेनत्यक्तेनभुंजीथा, मा गृधः कस्यस्विद्धनम्।।

अर्थात इस विश्व में जो कुछ चराचर है, वह सभी ईश्वर द्वारा अवतरित है और ईश्वर सब में बसे हुए हैं। ऐसा सोच कर आप त्याग करने के बाद उपभोग करों। आपके जीवन निर्वाह जितना उपभोग में लो, परन्तु अन्यों के लिए भी थोड़ा त्याग करो। धन छीनने की इच्छामत रखो, क्योंकि वास्तव में यह धन किसका है? ईश्वर का है। (आप का नहीं)।

गाँधीजी का मानना था कि यदि सारे उपनिषद् तथा हमारे अन्य सारे धर्मग्रंथ अचानक नष्ट हो जायें और ईशोपनिषद् का केवल पहला श्लोक भारतीयों की स्मृति में कायम रहे तो भी हिन्दू धर्म सदा जीवित रहेगा।[5] गाँधीजी का मत है कि यह मंत्र समाजिवादियों, साम्यवादियों और अर्थशास्त्रियों के सवालों का सभी का समाधान कर देता है, जो हिन्दू धर्म के अनुयायी नहीं है।

गाँधीजी आजीवन भारतीय चिंतन के अमूल्य वचन बहुजन हिताय, बहु जन सुखाय तथा सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामयाः। सर्वे भद्राणिपश्यन्तु, माकश्चिद् दुःखभाग्भवेत्। के पोषक रहे। गाँधीजी समाजवाद के वर्तमान प्रचलित प्रथा से सरोकार नहीं रखते थे। उनका मानना था कि

---

*सहायक प्रोफेसर, विश्वविद्यालय इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची

पश्चिम का समाजवाद तथा साम्यवाद कुछ सिद्धांतों पर आधारित हैं, जो भारत से भिन्न हैं। वे कहते थे कि मानव स्वभाव मूलतः स्वार्थी होने में विश्वास करता है।[6] गाँधीजी का मत है कि वास्तविक समाजवाद तो हम अपने पूर्वजों से प्राप्त करते है, जिन्होंने हमें सिखाया 'सर्वे भूमि गोपाल की।' गोपाल का शाब्दिक अर्थ गोपालक है, परन्तु इसका एक अर्थ भगवान भी है।[7]

गाँधीजी समता मूलक समाज के पोशक एवं समानता के सिद्धांत के पक्षधर थे। वे व्यावहारिक रूप में समान वितरण चाहते थे। परन्तु उनका समान वितरण व्यक्ति के आवश्यकता अनुरूप था, न कि मात्र शाब्दिक। गाँधी ने एक बार कहा था– ''मेरा आदर्श समान वितरण है, पर, जहाँ तक मैं देखता हूँ, यह संभव नहीं है। वाजिब वितरण के पक्ष में हूँ।''

गाँधीजी पूंजीवाद की बुराईयों से अवगत थे।परन्तु इन्हें दूर करने के लिए वे हिंसा के मार्ग के हिमायती कभी नहीं रहे। उनका मत था कि भारत का भविष्य इस खूनी मार्ग पर चलने से नहीं सुधरेगा जिससे आज पश्चिम थका–सा मालूम होता है। वे पूंजीपतियों की मनोवृति तथा भूमिका से अवगत थे। गाँधीजी ने लिखा है कि ' अहिंसा के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा हमारे बीच हमारे देश की ही वे निहित स्वार्थ है, जो ब्रिटिश शासन की देन है। धनिकों, सट्टेबाजों, शेयर होल्डर्स, जमींदारों, फैक्ट्री मालिकों के रूप में ये निजी स्वार्थी यह नहीं समझते हैं कि वे जनता के खून पर जिंदा हैं। उनका खून चूसते हुए वे इतना कठोर हो जाते हैं, जितने की ब्रिटिश शासक।'[9]

गाँधीजी राष्ट्रोत्थान में रचनात्मक कार्यक्रम के क्रियान्वयन को महत्वपूर्ण मानते थे। इसी का परिणाम था कि उन्होंने अपने राष्ट्रीय चिंतन का विषय 'स्वराज्य' को अपनाया था। देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक तथा राष्ट्रीय जागरण के लिए एक समर्पित एवं सेवाव्रती टोली को गढ़ने का प्रयास किया, जो भारतीय समाज के विकास तथा प्रगति की दिशा में चिंताशील हो। महात्मागाँधी का स्वराज्य कार्यक्रम राजनीतिक न होकर भारतीय मानव मन की भावना के विकास की प्रक्रिया थी। गाँधी ने अपने विविध कार्यक्रमों के द्वारा देश के जनमानस में देश–प्रेम, राष्ट्र भक्ति तथा समाज सेवा का भाव जगाने का प्रयास किया। उनका कार्यक्रम देश के प्रत्येक वर्ग, जाति, सम्प्रदायों को एक सूत्र में जोड़ने की कोशिश थी। अमीर, गरीब, बाल, युवा, वृद्ध, स्त्री–पुरूष सभी को देश के प्रति भागीदार बनाया तथा आगे बढ़कर काम करने के लिए प्रेरित किया।

सन् 1921 में भारतीय राष्ट्रीय कॉग्रेस ने गाँधीजी के रचनात्मक कार्यक्रमों की स्वीकृति प्रदान की, परिणाम स्वरूप उनका कार्यक्रम धीरे–धीरे विस्तृत एवं व्यापक होता गया। गाँधीजी इस संदर्भ में अपना पहला पत्रक (Pumplet) 1941 में प्रसारित किया जिसे 1945 में संशोधित किया गया। उन्होंने देश की जनता से रचनात्मक कार्यक्रमों द्वारा राष्ट्र निर्माण कार्य में नीचे से उपर तक जुटने के लिए आह्वान किया।[10]

गाँधीजी अपने रचनात्मक कार्यक्रमों में निरंतन वृद्धि करते रहे।सन् 1921 के प्रारंभिक समय में उन्होंने केवल चार कार्यक्रम रखे–अछूतोद्धार, खादी, नशा बंदी तथा ग्राम सेवा।[11] 1924 में इन्होंने हिन्दू–मुस्लिम एकता तथा ग्रामीण उद्योगों का विकास उसमें जोड़ दिया।[12] 1930 में यह

सूची बढ़कर 13 हो गई।[13] इसी भांति 1941 में 18, 1945 में 20 तथा मार्च 1948 में 21 हो गई।[13] इसमें ग्रामीण स्वच्छता, बुनियादी शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा, महिला शिक्षा, महिला स्वास्थ्य तथा स्वच्छता, आर्थिक समानता, किसान, मजदूर, आदिवासी, विकलांग, विद्यार्थी, पशुओं की नस्ल में सुधार तथा प्राकृतिक चिकित्सा आदि विषय जोड़ दिये गये थे।

सन् 1921 ई0 में गाँधीजी के मुख्य चार कार्यक्रमों में छुआछूत को दूर करना उनकी प्राथमिकता में सबसे उपर था। उन्होंने छुआछूत को हिन्दू समाज पर एक अभिशाप तथा अमिट अपराध कहा।[14] गाँधीजी ने भारतीय जीवन को विभिन्न क्षेत्रों को पाँच सूत्रों में बांटा जिसमें सामाजिक क्षेत्र में छुआछूत को दूर करना, आर्थिक क्षेत्र में खादी, नैतिक क्षेत्र में नशाबंदी, सांस्कृतिक क्षेत्र में राष्ट्रीय शिक्षा तथा राष्ट्र के क्षेत्र में साम्प्रदायिक एकता को बताया।[15]

गाँधीजी ने छुआछूत को दूर करने के लिए अपने सामाजिक उद्देश्य के क्रम में हरिजन नामक साप्ताहिक पत्र निकाला तथा उपवास के कार्यक्रम रखे। वे तथा कथित अस्पर्शयों को हिन्दू समाज का अभिन्न अंग बताया। दिल्ली के भंगी बस्तियों की सेवा ने गाँधीजी को महाभंगी के नाम से मशहूर किया।[16]

गाँधीजी किसी भी विचार धारा से परहेज नहीं करते थे। सन् 1934 में गाँधीजी की इच्छा वर्धा के निकट लगे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (RSS) के शिविर को देखने की हुई।[17] वहाँ उन्होंने ब्राह्मण, महार, मराठे, सबको एक साथ भोजन करते देखा। आसपास के गाँवों के किसान और मजदूरों को भी देखा। गाँधीजी ने भगवा ध्वज को संघ के रीति से प्रणाम किया। वे बोले, 'मैं सचमुच प्रसन्न हूँ। इतना प्रभावी दृश्य मैंने अभी तक नहीं देखा। अगले दिन संघ के संस्थापक डॉ0 केशव बलिराम हेडगेवार उनसे मिलने गये, गाँधीजी ने अपने पूर्व दिवस का वर्णन करते हुए कहा– डॉक्टर जी, अपने चरित्र तथा कार्य पर अटल निष्ठा के बल पर आप अंगीकृत काय र्में निश्चित सफल होंगे।'

भारत विभाजन के काल–खण्ड में पंजाब में दंगे हो रहे थे, तब गाँधीजी की इच्छा पर संघ के श्रीगुरू जी उनसे मिलने दिल्ली गये थे। यह भेंट 12 सितम्बर, 1947 को हुई। गाँधीजी ने उनसे मिलते ही कहा 'मेरी अब कोई सुनता नहीं।' श्रीगुरू जी की बातों से संतुष्ट होकर 16 सितम्बर, 1947 को उन्होंने वर्धा शिविर को स्मरण करते हुए जिसमें उन्होंने अछूतों को एक साथ भोजन करते, साथ–साथ खेलते देखा था, श्रीगुरूजी के सम्मुख कहा–डॉ हेडगेवार के जीवन काल में मैंने वर्धा में संघ का शिविर देखा था। उसके बाद से अब संघ– कार्य बहुत बढ़ गया है। यह मानी हुई बात है कि उच्च सेवा के ध्येय तथा त्याग की भावना से प्रेरित कोई भी संगठन शक्तिशाली ही बनेगा। निःसंदेह गाँधीजी का छुआछूत दूर करने का प्रोग्राम समाज के पिछड़े वर्ग को सशक्त बनाने तथा उनके राष्ट्र विकास के अंग का था न कि इसके पीछे व्यक्तिगत स्वार्थ अथवा लाभ उठाने की आकांक्षा थी।

भारतीय राष्ट्रीय कॉग्रेस अपने संगठन काल से ही नशा बंदी अथवा शराब बंदी को मुख्य प्रस्तावों में रखा था, परन्तु इसे कभी भी कॉग्रेस ने गंभीरता से नहीं लिया। नशा बंदी पर अनेक

बार चिंतन अवश्य हुआ।[18] समय–समय पर कॉग्रेस में अनेक प्रस्ताव तथा याचनायें की गयी। कॉग्रेस ने अपने चौथे अधिवेशन 1888 में सरकार से आबकारी तथा एक्साईज व्यवस्था के अंतर्गत ऐसी व्यवस्था को लागू करने का अनुरोध किया, जिससे नशा बंदी को प्रोत्साहन दिया जाय।[19] 1889 में कॉग्रेस की प्रार्थना पर इस संदर्भ को प्रभावी बनाने के लिए हाउस ऑफ कॉमन में एक प्रस्ताव पारित हुआ।[20] 1900 के कॉग्रेस अधिवेशन में ब्रह्म समाज के नेता केशव चन्द्र सेन ने शिकायत भरे लहजे में कहा कि 'ब्रिटिश सरकार न केवल देश ामें शेक्सपियर तथा मिल्टन लाई बल्कि कई ब्रांडों की बोतले भी लाई।'[21] 1919 में लोकमान्य तिलक ने नशा बंदी की बात कही।[22]

सन् 1921 में नशा बंदी को रचनात्मक कार्यक्रम का विषय बनाया गया। 1921 व 1922 के कॉग्रेस अधिवेशनों में इस आशय के प्रस्ताव भी पारित किये गये।

कॉग्रेस अपनी बैठकों में प्रस्ताव पारित करती थी, परन्तु कॉग्रेस के अनेक दिग्गज नेता इसे अमल करने के विरूद्ध भी रहते थे। पंडित मोती लाल नेहरू उन नेताओं में अग्रणी थे।[23] पंडित मोती लाल नेहरू 1919 में अमृतसर कॉग्रेस अधिवेशन के अध्यक्ष थे। पंडित मोती लाल नेहरू गाँधीजी से आठ वर्ष बड़े थे, इसलिए गाँधीजी उन्हें बड़े भाई कहते थे। 1920–22 में जब असहयोग आन्दोलन में गाँधीजी ने उन्हें जेल जाने की बात की तो उन्होंने जेल में शराब न मिलने की बात कही। ऐसे मौके पर उत्तर प्रदेश के लेफि्टनेंट गर्वनर मिस्टर बटलरजो पंडित मोती लाल के मित्र भी थे, उनकी मदद की। उसने पंडित मोती लाल को जेल जाने पर प्रतिदिन एक आधी रैलन भेजने का वादा किया और निभाया भी। लेखक मूर ने इस वाकया को संजीदगी से लिखा है।[24]

गाँधीजी इस घटना से दुःखी थे। दो वर्ष बाद गाँधीजी के अनुरोध पर पंडित मोती लाल नेहरू अहमदाबाद गये। पंडित मोती लाल ने एक कार्यकर्त्ता से जब शराब की बात की तो उसने बड़ी विनम्रता पूर्वक मना करते हुए कहा कि वह स्वयं नहीं पीता और न पीने की शपथ ली है। इस पर पंडित मोती लाल ने कहा कि 'पीते नहीं हो, पर पिलाने में क्या हर्ज है।' कार्यकर्त्ता को झुकना पड़ा और उसी रात बम्बई से शराब मंगाई गई। पंडित नेहरू न केवल स्वयं शराब पी बल्कि उस कार्यकर्त्ता को भी पीलाई। गाँधीजी ने जब पूछा कि रात नींद ठीक से आगयी थी? इस पर हँस कर पंडित मोती लाल ने कहा, बड़ा आनन्द रहा, मैंने भी पी और उसने भी पी।[25] इतना ही नहीं 1928 के अधिवेशन के बाद कॉग्रेस वर्किंग कमेटी में एक छः सदस्यीय कमिटि बनाई गई, जिसके अध्यक्ष सी0 राज गोपालाचारीजी को बनाया गया। नशा बंदी के लिए एक राष्ट्रव्यापी योजना बनायी गई। उत्तरप्रदेश तथा मद्रास सरकारों को नशीली वस्तुओं के विरोध में प्रचार भी किया।[26] गाँधीजी ने 1931 में लिखा, 'यदि मुझे पूरे भारत का केवल एक घंटे के लिए डिक्टेटर नियुक्त किया जाय तो पहला काम मैं बिना किसी मुआवजें के सभी शराब की दुकाने बंद करवा दूँगा, सभी टोड़ी (ताड़ी) वृक्ष नष्ट कर दूँगा।'[27]

1924 में कॉग्रेस के एजेंडा में साम्प्रदायिक एकता को प्रमुखता से जोड़ा गया। गाँधीजी विश्व के सभी धर्मो– ईसाई, इस्लाम, पारसी, जैन मत, बौद्ध मत, सिख पंथ सभी का सम्मान करते थे और कई बार इसका मुख्य कारण उन्होंने अपने को हिन्दू होना बतलाया था। साम्प्रदायिकता उनके

रचनात्मक कार्यक्रम का मुख्य अंग और कभी–कभी तो एक मात्र विषय रहता था। परन्तु भारतीय राष्ट्रीय कॉग्रेस का यह प्रमुख विषय कभी नहीं बन पाया, जिसका परिणाम देश बंटवारा हुआ।[28]

1907 ई0 की कॉग्रेस की सूरत अधिवेशन के अवसर पर उदारवादियों तथा राष्ट्रवादियों में फूट का महत्वपूर्ण कारण राष्ट्रभाषा था और यह विषय छोड़ दिया गया। यह सर्वज्ञात है कि गाँधीजी स्वयं अंग्रेजी भाषा के एक प्रसिद्ध ज्ञाता थे और प्रायः अंग्रेजी में यह चर्चा किया जाता था कि भारत में अंग्रेजी केवल डेढ़ व्यक्तियों को आती है, एक महात्मा गाँधीजी को तथा आधी मोहम्मद अली जिन्ना को। परन्तु गाँधीजी अंग्रेजी को राष्ट्र भाषा के रूप स्वीकार करने के तीव्र विरोधी थे।

लार्ड मैकाले भारत में लगभग चार वर्ष (1934–1938) रहा। उसने फरवरी, 1935 ई0 में संबंधित कमिटी में बहुमत के अभाव में भी अपने विशेषाधिकार का प्रयोग कर अंग्रेजी भाषा को भारतीयों पर लादा था।[29] विरोध के बावजूद भारत के गर्वनर जनरल विलियम बैंटिक ने इसे कठोरता पूर्वक लागू किया था।[30] इसका परिणाम आज देखने को मिलता है। भारतीय समाज में धार्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक शोषण व विघटन किस प्रकार हावी है। गाँधीजी ने अपने लेखों में मैकाले की धूर्तता पूर्ण योजना का वर्णन किया है।[31]

गाँधीजी भारतीय गरीबी, कृषकों की दुरावस्था, ग्रामों की दशा, ग्रामों के उद्योगों, दस्तकारी, बुनाई एवं चरखा आदि पर सदैव चिंतनशील रहते थे। 'हिन्द स्वराज्य' में उन्होंने इसकी चर्चा भी की है। गाँधीजी ने कहा' जब भी तुम कुछ करना चाहो, उस व्यक्ति का ध्यान करो जो सब से नीचे की सीढ़ी पर है। यदि तुम्हारा काम उनके लिए लाभदायक है तो करो यदि नहीं तो मत करो।' गाँधीजी ऐसा भारत चाहते थे जिसमें समाज के कमजोर वर्ग को सिर्फ जीने का अधिकार न हो बल्कि राज्य की नीतियां ऐसी हो जिसमें निचले तबके के कल्याण का भाव निहित हो।[32] गाँधीजी ने ग्रामों को भारत की वास्तविक आत्मा बताया।[33] उन्होंने दूसरे गोल मेज सम्मेलन में भारत का भविष्य 'ग्रामीण स्वराज्य' बताया।[34]

इस प्रकार हम देखते है कि गाँधीजी की दृष्टि में भारत का सामाजिक–आर्थिक विचार सनातनी है। उनके विचारों के प्रस्फुटन पर वेद, पुराण व महाकाव्य का प्रभाव है। वे भारत की प्रतिष्ठा को उस परम वैभव पर पहुँचाने के लिए संकल्पित थे जहाँ भारत विश्वगुरू के पद पर था। महिला शिक्षा एवं स्वच्छता, प्रौढ़ शिक्षा, ग्राम्य विकास, कुटीर उद्योग जैसे उनके विचार आज भी प्रासंगिक लगते है। यदि उनके विचारों को आज से 70 वर्ष पूर्व लागू कर दिया गया होता तो देश की छवि एक सक्षम व समृद्ध भारत की होती और आज एक विश्व महाशक्ति के रूप में स्थापित होता।

## संदर्भ ग्रंथ सूची

1. **सम्पूर्ण गाँधी वांग्यमय**, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, खण्ड–19, पृ0 248–279
2. वहीं, खण्ड 33, पृ0 54–55
3. वहीं, खण्ड 41, पृ0 542–543

4. **ईषोपनिषद**, प्रथम श्लोक
5. **सम्पूर्ण गाँधी वांग्यमय**, पूर्वोद्धृत, खण्ड 64, पृ0 297—291
6. मित्तल, सतीशचन्द्र, ***गाँधी चिंतन एवं विचार दर्शन,*** प्रकाशक, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली पृ0 28
7. प्रभु, आर0के0, ***एम0के0 गाँधी इंडिया ऑफ माई ड्रीम्स,*** अहमदाबाद, पृ0 22—23
8. भट्टाचार्य, वी0आर0, ***ह्यूमनिज्म एव वसोशियोलिज्मः ए प्रैक्टिल इक्नोमिस्ट एस्सेमेंट,*** दट्रिब्यून, 02 अक्टूबर 1969
9. ***यंग इंडिया***, 26 मार्च 1931
10. तकुलिया, एच0एस0, ***गाँधी जकस्ट्रक्टेटिव प्रोग्राम एण्ड द इंडियन नेशनल कॉग्रेस,*** चंडीगढ़ पृ0 239
11. सीतार मैया, पट्टाभि,***हिस्ट्री ऑफ द इंडियन नेशनल कॉग्रेस, भाग एक***, नई दिल्ली, पृ0 51
12. हरिजन, अगस्त, 18, 1940, पृ0 252
13. धवन, गोपीनाथ, ***द पॉलिटिकल फिलोसफी ऑफ महात्मागाँधी,*** अहमदाबाद 1946
14. गाँधी, एम0के0,***कंस्ट्रेक्टिव प्रोग्रामः इट्समिनिंग एण्ड प्लेस,*** अहमदाबाद, 1945
15. गाँधी, एम0के0, ***द क्लैक्टेड वर्क्स ऑफ मोहन दास कर्मचन्द गाँधी,*** भाग 1, पृ0 232—233
16. शर्मा, एम0एल0,***गाँधी जकंसट्रेटि वप्रोग्राम एण्ड द इंडियन नेशनल कॉग्रेस,*** पृ0 278
17. सम्पादकीय, ***द ईयर ऑफ द महात्मा,*** द ट्रिब्यून, 02 अक्टूबर 1968
18. मित्तल, सतीशचन्द्र, ***इन्होंने जाना संघ क्या है?*** पांचजन्य 17 मार्च 2013
19. सीतार मैया पट्टाभि, पूर्वोद्धृत, पृ0 351
20. वही, पृ0 51
21. वही, पृ0 51
22. नन्दा, बी0 आर0,***पंडित मोती लाल नेहरू,*** दिल्ली, 1966, पृ0 141
23. जकारिया, रफीक, ***ए स्टडी ऑफ नेहरू,*** पृ0 173
24. वही, पृ0 121
25. गाँधी, राममोहन,***द राजाजी स्टोरी,*** पृ0 174
26. सिंह अमरजीत, ***गाँधी एण्ड द मुस्लिम ऑफ इंडिया,*** दिल्ली, 2015
27. थामसपिन्ने (सं0), ***लैटर्स ऑफ टी0 बी0 मैकाले,*** भाग 3, पृ0 138—139
28. मित्तल, सतीशचन्द्र, ***भारत का स्वाधीनता संघर्ष,*** पृ0 252
29. मित्तल, सतीशचन्द्र, ***ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में भटकाव के 67*** *वर्ष ...... छमुद्दे 1947 से 2014 तक* पृ0 52
30. प्रभाकर, विष्णु,***गाँधी होते तो अयोध्या में जा बैठते,*** राष्ट्रीय सहारा, 3 अक्टूबर, 1993
31. गाँधीजी, 1931 को **दूसरी गोल मेज कॉग्रेस में गॉधीजी का भाषण**
32. वही
33. गाँधीजी का 5 अक्टूबर 1945 का गॉधीजी का पत्र
34. गाँधी, महात्मा, ***हिंद स्वराज,*** प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, 2010

# मध्यकालीन धार्मिक निरपेक्षता एव गाँधी दर्शन

**संजय कुमार***

भारत में मुसलमानों के आगमन से लेकर भारत के विभाजन के बाद भी भारत सम्प्रदायिकता से ग्रस्त है और समाज जाति व धर्म के आधार पर विभक्त है। ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में देखा जाय तो मध्यकाल ही नहीं बल्कि संपूर्ण भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन की सबसे प्रमुख और अहम समस्या हिन्दू–मुस्लिम एकता की समस्या थी। हिन्दू–मुस्लिम एकता का प्रश्न भारतीय समाज में तथा राष्ट्रीय आन्दोलन में उलझने पैदा कर रहा था। हिन्दूओं और मुसलमानों के व्यक्तिगत स्वार्थ तथा ऐतिहासिक परम्परा भी कम जिम्मेवार नहीं थे। गांधीजी अनेकता में एकता पर बल देते थे तथा अपने जीवन के महत्त्वपूर्ण समय हिन्दू–मुस्लिम एकता स्थापित व समन्वय में लगा दिये। गांधीजी ने अंत तक अपने कार्यो, विचारे और सिंद्धातों से सम्प्रदायिक एकता का समर्थन किए।[1] महात्मा गाँधी के सामाजिक और धार्मिक दर्शन हमें मध्यकालीन भारत में सूफी सम्प्रदाय और भक्ति आन्दोलन के अन्तर्गत देखा जाता है। इन संतों के उपदेश में प्रमुख सिंद्धांत हिन्दू–मुस्लिम एकता का था गांधीजी भी अपने लक्ष्यों और कार्यक्रमों में साम्प्रदायिक एकता तथा सदभावना को एक महत्वपूर्ण स्थान दिया।[2]

13 वीं एवं 14 वीं शताब्दी में सूफी सन्तों के प्रभाव से हिन्दूओं में इस्लाम के बुनियादी सिद्धांत समतावादी थी सभी मनुष्य भाई–भाई है और ईश्वर की दृष्टि से सब बराबर है– से प्रभावित होकर हिन्दूओं की बड़ी जनसंख्या में इस्लाम की ओर आकर्षित हुई। वैदिक युग से वर्ण व्यवस्था में हिन्दू समाज ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शुद्र में विभाजित थे। इसमें शुद्रों को हर प्रकार के सामाजिक अधिकार से वंचित रखा गया था। इसका इस्लाम की ओर आकर्षित होना स्वभाविक था। प्रो0 मुहम्मद हबीब में लिखा है कि हिन्दू राजाओं ने अपने शासन में भारतीय दस्तकारों और पेशावरों की नगर की सीमाओं के बाहर छोड़ रखा था। जब तुर्को ने नगर में प्रवेश किया तो ये निचले वर्ग के पेशावर भी उनके साथ नगरों में आ गए और वे वहां से फिर बाहर नहीं आना चाहते थे। इस्लाम के सिद्धांत में इतना आकर्षण स्वीकार कर लिए इसका दुरगामी परिणाम हिन्दू–मुस्लिम एकता के रूप में देखा गया है।[5] सूफी संतों की भारतीय समाज की सबसे बड़ी देन इस्लाम की रूढ़ीवादी विचारधारा को त्यागकर हिन्दू–मुसलमानों को समन्वयवाद के रंगमंच पर लाना था। गांधीजी भी रूढ़ीवादी विचारधारा के विरोधी थे तथा वे चाहते थे की समाज में उच्चवर्ग निम्न वर्ग

---

*शोधार्थी, स्नातकोत्तर इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची।

में भेद–भाव न हो तथा हिन्दू–मुसलमान में मधुर सम्बन्ध स्थापित हो। चिश्ती सम्प्रदाय के प्रवर्तक शेख मुइनुद्दीन चिश्ती ने एक हिन्दूराज की पुत्री से वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित कर हिन्दू–मुस्लिम सम्नवयवाद का मार्ग प्रशस्त किया था।[6]

सूफियों ने सम्पूर्ण समाज को प्रभावित किया था, क्योंकि वे रूढ़िवादियों एवं धार्मिक कट्टरता के विरूद्ध थे। सूफियों के अन्य धर्मविलमबियों के साथ दयालुता तथा प्रेम के व्यवहार के कारण इस्लाम के अतिरिक्त अन्य धर्म के अनुयायी भी इन सूफियों को आदर प्रदान करने लगे थे।[7] सूफियों के प्रेम का प्रतिपादन तथा प्रदर्शन के परिणाम स्वरूप भारतीय समाज में भक्ति आन्दोलन का पुनर्जन्म तथा प्रतिस्फरिपा हुआ।[8] भिन्न–भिन्न धर्मो के लोगों के बीच सहिष्णुता के पक्ष में चिश्तियों द्वारा की गई वकालत धार्मिक विश्वास के आधार पर भेदभाव किए बिना सभी लोगों के लिए अपने खानकाहो के दरवाजे खोले रखना, सबो के प्रति उनका कल्याणकारी, दृष्टिकोण, हिन्दू एवं जैन योगियों के साथ संपर्क संगमों में हिन्द का प्रयोग इन सभी ने दो समुदाय–हिन्दू और मुसलमानों के बीच एकता स्थापित का वातावरण तैयार किया। साथ ही रूढ़ीवादी उलेमा द्वारा की गई इस्लाम की व्यख्या के अपेक्षाकृत कठोर पक्षों को मृदुल बनाने में भी सहायता की थी।[9]

मध्यकाल में भारतीय समाज को प्रभावित करने में भक्ति आन्दोलन की महत्वपूर्ण भूमिका थी। हिन्दू–समाज की दयनीय दशा तत्कालीन हिन्दूसमाज में प्रचलित कुरीतियों, अहिस्णुता अपरिवर्तन शीलता नष्ट करने का सफल प्रयास भाति आन्दोलन के संतों द्वारा किया गया था।[10]

महात्मा गांधी के दर्शन में हम पाते है कि समाज में प्रचलित कुरीतिया, असहिंष्णुता समाप्त हो तभी समाज प्रगतिशील होगा। धार्मिक सामाजिक आन्दोलन जनमानस की जिज्ञासाओं के अनुरूप ही उत्पन्न होती है। निर्गुण भक्ति में सूफी सिद्धातों के स्थापना पर महात्मा बुद्ध की विचारधारा उपाधिक दिखाई देता है। इसी प्रकार महात्मा गाँधी के विचारधारा में इसे निर्गुण भक्ति आन्दोलन में कर्मकाण्ड व जातिवाद का स्पष्ट विरोध किया गया है। कबीर के द्वारा आर्थिक, समाजिक विषमता को समाप्त करने एवं धार्मिक रूढ़िवाद एवं कुलीनां के विशेषाधिकारों को अस्वीकार करने के लिए प्रबल आवाज उठाई गई। महात्मा गांधी भी आर्थिक सामाजिक विषमता को समाप्त करना चाहते थे। वे धार्मिक रूढ़िवाद एवं कुलीनों के विशेषाधिकारों को अस्वीकार करते थे। कबीर के शिष्य हिन्दू और मुस्लिम दोनों धर्मो के लोग थे। कबीर एवं नानक जैसे सन्तों की विचारों में शोषित वर्ग के उत्थान का दिशाबोध था। कबीर ने हिन्दू और मुसलमान के मध्य एकता के सूत्र को परिपक्व करने का प्रयत्न किया और इनमें बाधक तत्वों की गंभी आलोचना की थी। महात्मा गाँधी भी हिन्दू–मुस्लिम एकता पर बल देते थे तथा दोनों समुदाय के बीच मधुर संबंध स्थापित किये थे तथा हिन्दू मुस्लिम के बीच समानता के प्रति थे।[11] कबीर में हिन्दूओं और मुसलमानों के बीच समानता का प्रतिपादन किया एवं पारस्परिक विरोध को समाप्त कर एकता का सूत्र बांधने का कार्य किया। कबीर में धर्म तथा सम्प्रदाय का सम्बन्ध सूम्पर्ण मानव समाज को बताया, मानव समाज का कल्याणकारी मार्ग प्रसस्त किया। मानव समाज के बीच शोषक–शोषित

का भेद मिटाकर साक्ष्य स्थापित करना चाहते थे।[12] कबीर की तरह गुरूनानक में भी हिन्दू मुस्लिम एकता पर बल दिया। भला हिन्दू और तुर्क कैसे कहलाए– सभी तो एक ही द्वारा से आए हैं। इस प्रकार भक्ति आन्दोलन के परिणामस्वरूप समाज में धार्मिक सहिष्णुता एवं समन्वय की भावना का विकास हुआ। इस कार्य में सूफी और भक्ति आन्दोलन की अहम भूमिका थी। इस प्रकार मध्यकाल में कबीर गुरूनानक के जो दर्शन समाज के प्रति देखने को मिलते हैं। यह दर्शन महात्मा गांधी के दर्शन में देखने को मिलता है।[13]

मध्यकाल के प्रारंभिक काल में हिन्दू मुसलमान के बीच काफी दूरी थी। इस्लामी राजतंत्र में गैर मुसलमानों को कोई स्थान नहीं दिया गया था। इस्लाम को ही राजधर्म बनाया गया। यही कारण है कि डॉ0 अशीर्वादीलाल श्रीवास्तव ने लिखा है कि ''मध्ययुगीन भारतीय राज्य एक मजहबी राज्य था'' डॉ0 आर0पी0 त्रिपाठी ने भी इस युग को मजहवी राज्य से सम्बोधित किया है।[14] इस्लामी राजतंत्र में हिन्दूओं की नियुक्ति का प्रमुख कारण प्रशासनिक तंत्र को मजबूत करना था तथा मुस्लिम शासकों की मजबूरी भी थी। मुहम्मद–विन–कासिम द्वारा गैर मुसलमानों से जजिया की वसूली के लिए हिन्दूसमाज के उच्च एवं प्रभावशाली वर्ग के बाहमणों की नियुक्ति की गई। सल्तनत काल में हिन्दूओं की योग्यता के आधार पर प्रशासनिक व्यवस्था में नियुक्ति किया गया।[15] वास्तव में हिन्दू–मुस्लिम एकता को विशेष बल मुगलों के समय में देखने को मिलता है। यदि अवध विहारी पाण्डे के विचारों पर प्रकाश डाले तो उनका कहना सर्वथा उचित होता है कि लोधी सुलतानों के काल में सुल्तानों का व्यवहार हिन्दूओं के प्रति सद्‌भावना का था। इसी युग में हिन्दू–मुस्लिम एकता का बीजरोपण हुआ जो आगे चलकर मुगलों के समय में प्रभावशाली सिद्ध हुआ, जिससे मुगल साम्राज्य की नीव मजबूत हुई। राय चौधरी के दृष्टि से मुगल शासन में हिन्दूओं की नियुक्ति के तीन प्रमुख कारण थे– प्रथम सम्राट के सम्बन्धियों को लाभाविन्त करना, द्वितीय एक विश्वसनीय सेना का कठन करना और वित और न्याय विभाग की आवश्यकताओं की पूर्ति करना। अकबर का हिन्दूओं के प्रति नीति ने हिन्दू और मुसलमानों को काफी निकट ला दिया। इससे सामाजिक गतिशीलता में तीव्रता बढ़ी थी। हिन्दूओं का विभिन्न पदों पर नियुक्ति के अतिरिक्त मुगल राजपूतो में बने वैवाहिक सम्बन्ध हुए।[16] अकबर की धार्मिक उदारता जो, इस विश्वास पर आधारित थी, की सारे धर्म एक ही सत्य तक पहुँचने के विभिन्न मार्ग है और सभी धर्मो के अनुयायियों के साथ बिना किसी भेद–भाव के न्याय और समानता के आधार पर सलूक किया जाना चाहिए। अकबर की राजपूतों के प्रति नीति के प्रेरक शक्ति में से एक धार्मिक नीति था। यहीं कारण है कि अकबर की सुलह–ए–कुल का सिद्धांत एक महत्वपूर्ण सिद्धांत था।[17] अबुल फजल विभिन्न स्त्रोतों से विभिन्न तत्यों को कभी इच्छानुसार और कभी अनजाने में चुनकर राज्य वैधता का ससक्त ताना–बना बुनता है जो सबसे अधिक समन्वय के मनोन्मत करने वाले माह से सुदृढ़ता पाता है। समन्वय पर बार–बार बल दिया जाना और धार्मिक एवं सांप्रदायिक पहचान के आधार पर

भेदभाव की अनुपस्थिति दोनों ही राज्य के भेदभावपूर्ण अवस्था के इतिहास को स्वीकार करते है और इसके उन्मुलन के काल्पनिक आदर्श की स्थापना करते है। एक इसी दृष्टि की स्थापना जिसे अकबर ने अपने शासनकाल के दौरान निर्माण करना चाहा और काफी हद तक हासिल करने में सफल रहा। अबुल–फजल घोषणा करता है जैसे कि दुनिया के शमशाद सुलह–कुल यानी सम्पूर्ण शांति के सिद्धांत पर शासन करते है, अतः हर जन समुदाय अपने धार्मिक सिद्धांत के साथ निरशंक भाव से रह सकता है और हर कोई अपने ईश्वर की पूजा कर सकता है। समन्वय या सामंजस्य के लिए अबुल फजल का भावातिरेक आसाक्ति में बदल जाता है। समन्वय न केवल अच्छी नीति है; बल्कि यह सचमुच अराधना का एक रूप है। अबुल–फजल द्वारा इससे अधिक प्रशंसा किसी एक पंथ की नहीं की जा सकती थी। फूट या मतभेद की भयावहता और समन्वय की सुन्दरता में अबुल–फजल सौन्दर्य बोध का अनुभव करता है। सुलह ए कुल समन्वय का चार–चौकोर बाग है–एसोक हना चार–कोना वाले सूफी टोपी विश्व की समग्रता को दर्शाती है और मुगलों द्वारा भारत के लिए चौकोर बागों की सुंदरता दोनों की प्रशंसा करता है। पदंहवी और सोलहवी शताब्दियों के दौरान सामाजिक और सांस्कृतिक लोकाचार के रूप में समन्व कई मायनों में हिन्दूओं और मुसलमानों दोनों के जनवादी धार्मिक आन्दोलन, जिन्हें क्रमशः भक्ति आन्दोलन और सूफी आन्दोलन के रूप में जाना जाता है, का एक महत्वपूर्ण पहलू था। यदि लोकाचार के रूप में सामंजस्य या समन्वय का मतलब सभी धर्मो एवं सम्प्रदायों की निस्क्रय सहिष्णु था तो राज्य के स्तर पर अकबर और अबुल फजल ने इसे सक्रिय विचारधारात्मक आयम दे दिया था। उनके अनुसार 'सुलहनकुला धर्म की स्वतंत्रता देता है। इसमें पूजा अर्चना के किसी भी अन्य रूप में गाली देने का कोई स्थान नहीं है। इसमे संदेह नहीं कि महात्मा गांधी के विचारधारा एवं दर्शन अकबर की सूलह–ए–कुला की नीति का समर्थन करता है। धर्म के प्रति जो गाँधीजी की विचारधारा थी वह हमें मुगकाल में सुलह–ए–कुल के सिद्धांत में देखने को मिलता है।[18]

12वीं से 16 वीं शताब्दी में तुर्को और मुगलों के आगमन से देश के सामाजिक ढ़ाचे, धार्मिक विचारों, विश्वासों और संस्कृति में गहरे परिवर्तन हुए। तुर्क आगमन और मुगल अपनी अलग पहचान कायम रखने पर दृढ़ न होते या उनके हाथों में राजनीतिक ताकत न होते तो हिन्दूधर्म उनका आत्मसात कर लेते। जब हम उप–संस्कृतियों बंगाली, मराठी, गुजराती अथवा पंजाबी का अध्ययन करते हैं तब हिन्दू–मुस्लिम मतभेद अखिल भारतीय स्तर पर अलग परिपेक्ष्य में नजर आते हैं। हिन्दू–मुस्लिम दोनों में पंजाबी और बंगाली भाषाओं और साहित्य में अपना योगदान दिया।[19] हिन्दूओं और मुसलमानों के सांस्कृतिक आदान–प्रदान ने उनमें पारस्परिक सामाजस्य को बल दिया। सांस्कृतिक आदान–प्रदान उनके रहन–सहन, खान–पान, रीति–रिवाज, वस्त्र–आभूषण और सामाजिक सोच के अतिरिक्त लोक कथाओं पर विशेष कर पड़ा था। महात्मा गाँधी की सांस्कृतिक समन्वय के पक्षधर थे।[20]

मध्यकालीन भारतीय मुसलामनी संस्कृति के चरित्र के संबंध में आई0एच. कुरैशी दलील

देते हैं कि ललित कथाओं (वस्तुकलाओं, चित्रकलाओं और संगीत) समाजिक तरीकों और रीति–रिवाजों और धार्मिक रीतियों और विश्वासों के क्षेत्र में भी भारतीय संस्कृति के बहुत से पहलुओं के समावेश करके मुसलमान अप्रवासियों ने एक नई संस्कृति की स्थापना की।[21] डॉ ताराचन्द ने लिखा है "जब जीत का तुफान थम गया और हिन्दू एवं मुसलमान एक पड़ोसी की तरह रहते लगे तो बहुत दिनों तक साथ–साथ रहने की वजह से एक दूसरे के विचारों, व्यवहारों और रीति–रिवाजों को समझने की कोशिश की गई और बहुत जल्द इन दोनों जातियों में एकता पैदा हो गई।[22]

भारत में अंग्रेजी राज के कायम होने से पूर्व अठारवहीं और उन्नीसवीं शताब्दी के साहित्य पर प्रकाश डालने से पता चलता है कि हिन्दू मुस्लिम के बीच मधुर संबंध एकता चरम सीमा पर थी। प्रोफेसर खलीक अहमद निजामी के अनुसार हिन्दू–मुस्लिम संबंधों के बीच तनाव बिट्रिश युग में फूट डालों और शासन करो नीति से शुरू होती है।[23] 1909 के मार्ले–मिन्टो सुधार के नाम पर प्रथम मतदाता मण्डल का निर्माण हुआ। मुसलमान मतदाताओं के लिए अलग चुनाव क्षेत्र बनाया गया जिससे सम्प्रदायिक राजनीती को बढ़ावा मिला।[24]

महात्मा गाँधी जब 19 वी शताब्दी के दूसरे दशक में कांग्रेस पार्टी के अन्दर नेता के रूप में उभरे। तो वे हिन्दू–मुसलमानी एकता के हिमायती थे तथा अपना सारा जीवन इसी में लगा दिया। गांधीजी के लक्ष्यों और कार्यक्रमों में सम्प्रदायिक एकता तथा सद्भावना का एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है। गांधी जी इस्लाम धर्म के गहन अध्ययन भी किये थे। गांधीजी के अनुसार वे एक ऐसे धर्म के अनुयायी थे जो सभी धर्मो को सत्य मानता है। अतः वे दावा कर सकते थे कि वे एक ईसाई, एक बौद्ध, एक मुसलमान एवं एक पारसी सभी है।[25] खिलाफत आन्दोलन और असहयोग आन्दोलन में महात्मा गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। चूँकि इस आन्दोलन के द्वारा गांधीजी हिन्दू–मुस्लिम एकता पर विशेष बल दिए थे, यहीं कारण था कि हिन्दू मुसलमान एकता की कड़ी इस आन्दोलन में जोड़ी गई। गांधीजी के अनुसार "हिन्दू–मुस्लिम एकता इस बात में निहित है कि हमारे उद्देश्य, लक्ष्य तथा सुख–दुख एक समान हो। एक दूसरे का दुख बांटने तथा परस्पर सहिष्णुता बढ़ाना, इस एकता की भावना को बढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका है।[26]

गांधीजी जिन्ना के इस कथन से पूर्णतः सहमत थे कि हिन्दू–मुस्लिम एकता के आधार पर ही सच्चा स्वराज मिल सकता है। यंग इंडिया के लेख में गांधीजी लिखते है, जब तक भारत में हिन्दू और मुसलामन घुल–मिल नहीं जाते भारत के लिए स्वराज असम्भव सपना है।

उपर्युक्त विवरण के आधार पर कहा जा सकता है कि गांधीजी ने अपना सारा जीवन सम्प्रदायिक एकता में लगा दिया। तथा हिन्दू–मुस्लिम एकता स्थापित करने के हर सम्भव कोशिश किया। गांधीजी के कार्यो, विचारो और सिद्धातों में जो हिन्दू–मुस्लिम एकता के दर्शन हमें स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान देखने को मिलता है। गांधीजी के यही दर्शन हमें मध्युगीन

समाजिक सुधार और भक्ति आन्दोलन के संतो के उपदेश में देखने को मिलता है। साथ ही मुगलकालीन सम्राट अकबर के उदार दृष्टिकोण में खास कर उनकी धार्मिक नीति ''सुलह–ए–कुल'' में देखने को मिलता है। मध्यकालीन भारत में इन समाज सुधारकों ने जो हिन्दू–मुस्लिम के बीच मधुर एवं पारस्परिक संबंध स्थापित किया। इनके दृष्टिकोण में गांधीजी के दर्शन देखा जा सकता है। गांधीजी ने भारतीय स्वंत्रता आन्दोलन के दौरान खिलाफत आन्दोलन और असहयोग आन्दोलन के समय इन दो समुदायों हिन्दू–मुस्लिम में जो घनिष्ट सम्बन्ध स्थापित किया, वह संबंध सहरानीय था। किन्तु 1924 के बाद हिन्दू–मुस्लिम एकता में दरारे उत्पन्न करने में ब्रिटिश शासन सफल रहे और अन्ततः भारत के विभाजन 1947 के बाद भी भारत की एक गंभीर समस्य हिन्दू–मुस्लिम एकता की है।

## संदर्भ सूची


1. मिश्र अनिल दत्त :– *गांधी एक अध्ययन, डॉर्लिंग फिंडरले* 'प्रा0 लि0–दक्षिण एशिया में पियर्सन नई दिल्ली, पृ0 203
2. राधेशरण :– *मध्यकालीन भारत का सामाजिक और आर्थिक इतिहास*, मध्य प्रदेश हिन्दी, ग्रन्थ अकदमी भोपाल–पृ0–15
3. मिश्र, अनिल दत्त :– पूर्वोद्धृत 264
4. राधेशरण :– पूर्वोद्धृत पृ0 53
5. उमर मुहम्मद :– *भारतीय संस्कृति का मुसलमानी पर प्रभाव*, प्रकाशन विभाग सूचना और प्रशासन मंत्रालय भारत सरकार पटियाला हाउस नई दिल्ली, पृ0 34
6. झारखण्ड चौवे श्रीवास्तव कन्हैया लाल :– *मध्ययुगीन भारतीय समाज एवं संस्कृति हिन्दी ग्रन्थ* अकादमी लखनऊ 2005, पृ0–416
7. अहमद लईक :– *मध्यकालीन समाज संस्कृति शारदा पुस्तक भवन*, इलाहाबाद, 2011 पृ0 29
8. वही :– पृ0 30
9. चन्द्र सतीश :– *मध्यकालीन भारत सल्तनत से मुगल काल तक (दिल्ली सल्तन 1206–1526)* पृ0 254
10. हमद लईक :– पूर्वोद्धृत पृ 31
11. श्रीवास्तव नीरज :– *मध्यकालीन भारत प्रशासन समाज एवं संस्कृति, ओरियंट* बमैकस्वनप्राईवेट लिमिटेड नई दिल्ली–2010, पृ0 186, 187
12. चौबे झारखण्डे :– पूर्वोद्धृत पृ0 337
13. राधेशरण :– *मध्यकालीन भारतीय समाज एवं संस्कृति* (1200–1750) मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी पृ 336
14. खुराना के0एल0 :– *मध्यकालीन भारतीय संस्कृति*, लक्ष्मी नारायण, अग्रवाल, आगरा 2013 पृ0 15

15. राधेशरण :– पूर्वोद्धृत पृ 50
16. वही :– 52
17. चन्द्र सतीश :– *मुगलों की धार्मिक नीतियों राजपूत समुदाय और दक्खिना अरूपोदय प्रकाशन नई* दिल्ली 2004, पृ0 13
18. मुखिया हरबंस :– *भारतीय मुगल अकार बुक्स* दिल्ली– 2017 पृ 80
19. चन्द्र सतीश :– *मध्यकालीन भारत में इतिहास लेखन धर्म और राज्य का स्वरूप ग्रन्थ शिली* नई दिल्ली 199, पृ 20
20. राधेशरण–पूर्वोद्धृत पृ 55
21. चन्द्र सतीश –पूर्वोद्धृत पृ 30
22. उमर मुहम्मद – पूर्वोद्धृत पृ 23
23. वही पृ 12
24. मिश्र अनिल दत :– पूर्वोद्धृत पृ 204
25. वही पृ 205
26. वही पृ 206

# महात्मा गांधी और उनका धार्मिक दर्शन

**गोपाल कुमार साहु***

## परिचय

धर्म विषय आरम्भ से ही धार्मिक विचारकों के चिन्तन का केन्द्र रहा है। विश्व के अन्य देशों की भांति भारत में भी धार्मिक विचारकों ने इस विषय पर अपने–अपने विचार प्रकट किए हैं। प्राचीन भारत के मनु से लेकर आधुनिक भारत में 20वीं शताब्दी के महानायक महात्मा गाँधी जी तक सभी धार्मिक चिन्तकों, विचारकों तथा विभूतियों ने इस विषय को लेकर अपने–अपने मत प्रकट किए हैं।

ईसा से छठी शताब्दी पूर्व भारत में धार्मिक संस्थाएँ अपनी–अपनी शक्ति बढ़ाने का प्रयत्न करने लगी। उस समय में धर्म, राजनीतिक शक्ति को नियन्त्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने लगा। उस समय धर्म द्वारा राजनीतिक शक्ति पर प्रतिबन्ध लगाने के लिए भी धार्मिक संस्थाओं की शक्ति असीमित नहीं थी।

ईसा से चौथी शताब्दी पूर्व में इस सम्बन्ध में महत्वपूर्ण परिवर्तन आने शुरू हो गए। धार्मिक साहित्य और संस्थाओं ने राजा की शक्ति का समर्थन देना प्रारम्भ कर दिया। इससे पहले ब्राह्मणवादी युग में राजा की शक्ति पर धर्म का नियन्त्रण था। परन्तु राजा ने जब अपनी शक्ति बढ़ाने का प्रयत्न किया था तो धार्मिक संस्थाओं और ब्राह्मणों ने समर्थन देना प्रारम्भ कर दिया। सन् 1885 ई0 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना के साथ ही भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन का प्रारम्भ होता है। उस राष्ट्रीय आन्दोलन में धार्मिक संगठन भी सक्रिय देखे गए। समाज और कुछ मुस्लिम संगठन सक्रिय देखे गए। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में महात्मा गाँधी जी ने धार्मिक सिद्धान्तों का प्रयोग भारत के सभी धार्मिक समुदायों से राष्ट्रीय आन्दोलन में समर्थन प्राप्त करने के लिए ही किया। गाँधी जी विशुद्ध रूप में एक धार्मिक व्यक्ति थे। इसलिए उन्होंने राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय, व्यक्तिगत, सामाजिक, नैतिक, आर्थिक और राजनीतिक सभी समस्याओं का समाधान धर्म द्वारा खोजने का प्रयास किया।

## धार्मिक दर्शन

गाँधी जी ने 'धर्म' शब्द का प्रयोग बहुत व्यापक अर्थ में किया है। धर्म के सन्दर्भ में गाँधी जी ने स्वयं कहा है कि धर्म से मेरा आशय औपचारिक धर्म या प्रथागत धर्म से नहीं है बल्कि

*NET/JRF, Research Scholar, P.G. Dept. of History, Ranchi University, Ranchi

उस धर्म से है जो सभी धर्मों का मूल है, और जो हमारे सृष्टा से हमारा साक्षात कराता है। स्पष्ट है कि गाँधी जी धर्म को किसी सम्प्रदाय विशेष के दार्शनिक सिद्धान्तों और रीति रिवाजों तक ही सीमित नहीं मानते। गाँधी जी का विचार है कि धर्म मनुष्य की आत्मशुद्धि करता है और उसे संकुचित साम्प्रदायिक भेदभाव से ऊपर उठा कर मनुष्य मात्र में एकता स्थापित करता है। वह मनुष्य को विश्व के रचयिता ईश्वर की खोज करने और उसके साथ सम्बद्ध हो जाने के लिये प्रेरित करता है। इस व्यापक अर्थ में 'धर्म' शब्द हिन्दू, ईसाई आदि किसी विशेष सम्प्रदाय का बोध नहीं कराता अपितु यह विश्व की नैतिक व्यवस्था में मनुष्य का द्योतक है। यह धर्म हिन्दुत्व, इस्लाम, ईसाई धर्म आदि सभी धर्मों से ऊपर और उनका आधार है। यही व्यापक धर्म इन सभी धर्मों में अन्तिम एकता स्थापित करता है।[1] स्पष्ट है कि गाँधी जी धर्म को साम्प्रदायिकता के आधार पर नहीं मानते हैं। बल्कि उपर्युक्त आधार पर धर्म के व्यापक स्वरूप को ही धर्म का आधार और मानव के लिए आवश्यक मानते हैं। उनका मानना है कि यदि मनुष्य के हृदय में सच्चाई और पवित्रता है तो वह किसी भी धर्म में निष्ठा रखते हुए आध्यात्मिक उन्नति कर सकता है।[2]

गाँधी जीके अनुसार धर्म वह है जो किया जाय या जीवन में उतारा जाय। गाँधी जी ने धर्म को आचारमूलक या क्रियामूलक माना है। गाँधी जी ने धर्म के विषय में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा है कि धर्म की प्रमुख शर्त नैतिकता है। ज्यों ही हम नैतिक आधार खो देते हैं, हम ध ार्मिक नहीं रह जाते हैं। नैतिकता का उल्लंघन करने वाली धर्म जैसी कोई चीज नहीं है। जैसे—मनुष्य झूठा, निर्दयी, असंयमी होते हुए यह दावा नहीं कर सकता है कि ईश्वर उसके साथ है। आगे गाँधी जी ने बताया कि समाज के लिए निस्वार्थ भाव से किये गये कार्य को मैं धार्मिक कार्य नहीं मानता।[3]

धर्म की अनिर्वायता को स्वीकार करते हुए गाँधी जी ने बिहार छात्र सम्मेलन में भाषण करते समय धर्म की चर्चा में कहा था – जहाँ पर धर्म नहीं, वहाँ पर विद्या, लक्ष्मी, स्वास्थ्य आदि का भी अभाव रहता है। धर्म रहित स्थिति बिल्कुल शुष्क होती है, शून्य होती है।[4] स्पष्ट है कि गाँधी जी के विचार से धर्म हीन जीवन का कोई अस्तित्व नहीं है। और धर्महीन जीवन का दूसरा नाम सिद्धान्त हीन जीवन है। सिद्धान्त हीन जीवन बिना पतवार की नौका के समान है, जिसे बिना पतवार की नौका और उसका मांझी इधर—उधर भटकते फिरेंगे परन्तु उन्हें अपनी मंजिल कभी नहीं मिलेगी, उसी प्रकार जिस व्यक्ति को धर्म का बल प्राप्त नहीं है, धर्म में गहरी आस्था नहीं है, वह इस तूफानी संसार सागर में इधर—उधर भटकता रह जायेगा, किन्तु उसे अपनी मंजिल कभी नहीं मिल पायेगी। अतः गाँधी जी ने प्रत्येक समाज सेवी को सचेत किया है कि वह इस भ्रम में न पड़े कि धर्म के बोध और दैवी प्रेरणा के द्वारा शुद्धीकृत इन दो गुणों के बिना अपने देशवासियों की सेवा कर सकेगा।[5]

गाँधी जी विश्व के ऐसे व्यक्तित्व थे जिनकी दो छवियाँ उभरकर सामने आई है – एक संत के रूप में दूसरी राजनीतिज्ञ के रूप में परन्तु वास्तव में उनके व्यक्तित्व के ये दोनों रूप एक–दूसरे के पूरक हैं। एक धार्मिक व्यक्ति के और सन्त के रूप में उन्होंने धर्म का विषय का गहन अध्ययन किया।[6]

गाँधी जी विचारों और आस्था से धार्मिक व्यक्ति थे परन्तु सार्वजनिक जीवन में उन्होंने कई भूमिकाओं में कार्य किया जैसे एक राजनीतिक कार्यकर्त्ता के रूप में और एक समाज सुधारक के रूप में उन्होंने सामाजिक, धार्मिक और नैतिक समस्याओं के सम्बन्ध में अपने भाषणों, पत्रों और लेखों द्वारा अपने विचारों का प्रचार भी किया।[7]

यह एक सार्वजनिक तथ्य है कि गाँधी जी के विचार या दर्शन मौलिक कृति नहीं है। इसके विपरीत यह कहा जा सकता है कि विभिन्न धर्मों और दार्शनिकों ने उनके विचारों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गाँधी जी का महत्व इस बात से है कि उन्होंने इन विचारों को अधिक व्यवहारिक बनाया और साधारण व्यक्ति तक इनका प्रसार किया।

गाँधी जी की धार्मिक अवधारणाएं जीवन को मोक्ष के मार्ग की ओर ले जाने वाले साधन के रूप में कुछ आध्यात्मिक विश्वासों पर आधारित है। वे आध्यात्मिक विश्वास विश्व में प्रचलित सभी धर्मों के अनुकूल है। विश्व का कोई भी धर्म, हिन्दू, बौद्ध, जैन, इस्लाम, ईसाई अथवा अन्य कुछ ऐसे सिद्धान्तों को स्वीकार करते हैं जो कि जीवन के संचालन को निर्देशित करते हैं।[8]

गाँधी जी की धर्म सम्बन्धी अवधारणा बहुत ही महत्वपूर्ण है। उनके अनुसार धर्म अनन्त काल तक रहता है। जीवन के प्रारम्भ होने के समय से ही धर्म मानव जीवन में विद्यमान है। गाँधी जी पुरूषार्थ के साधक थे। वे ज्ञान की साधना और धर्म की साधना के लिए आन्तरिक शक्ति की आवश्यकता होती है। इसलिए गाँधी जी मानव को धर्म साधना का अनुसरण करते हुए आध्यात्मिक और मानसिक रूप से दृढ़ निश्चयी बनने का उपदेश देते हैं।[9]

धर्म शब्द को गाँधी जी एक व्यापक और सुव्यवस्थित अर्थ देते हैं। जो बहुत तरह से अलग और अद्वितीय है। राजनीति में धर्म को समायोजित करते हुए गाँधी जी ने सोचा कि धर्म राजनीतिक की उपसेवा करता है और राजनीतिक धर्म से विहीन मृत्युजाल है। जो आत्मा को मार देती है। प्रत्येक शब्द जो उसने कहा और प्रत्येक क्रिया जो उसने की धार्मिक सचेतना से युक्त थी और धार्मिक उद्देश्य से प्रेरित थी।

गाँधी जी का धर्म, शांति, सर्वभौतिक मातृत्व और अहिंसा का था। जिन लोगों ने उससे इन आदर्शों की खोज में कार्य करते हुए देखने का दुर्लभ विशेषाधिकार या सौभाग्य प्राप्त हुआ के उसके सर्वोच्च त्यागों की ओर या बलिदानों पीड़ित आत्माओं में मानसिक शांति स्थापित करने के अन्नत प्रयासों को राष्ट्रों को युद्धों को रोकने के और हिंसा और नरसंहार के दुर्भाग्य से संसार को बचाने के लिए किये प्रयासों को याद करेंगे। उसका सम्पूर्ण जीवन शांति को समर्पित है। यह हिंसा और घृणा के विरूद्ध मानव को प्रेम का संदेश देता था।''[10]

गाँधी जी ने धर्म और नैतिकता के पालन को मानवीय जीवन की सरलता की कुंजी के रूप में स्वीकार किया है।[11] इसलिए उन्होंने पूरे जीवन में धर्म सम्बन्धी प्रयोग किए। जीवन का सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक अथवा अन्य कोई भी पहलू उनकी धार्मिक भावना से अछूता नहीं रहा। समाज सुधार में जाति–व्यवस्था की बुराई के उन्मूलन का विषय हो या अन्य किसी सामाजिक बुराई का मामला हो उन्होंने धार्मिक ग्रन्थों की शिक्षाओं को ही अपने तर्कों का आधार बनाया है। अतः यह कहा जा सकता है उनके जीवन का एक–एक कार्य धार्मिक भावना का प्रकटीकरण था। अतः स्पष्ट है कि उनके समस्त सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और व्यक्तिगत कार्यों का आधार उनका धर्म ही है। इसलिए उनके धार्मिक विचारों का अध्ययन किये बिना उनके सम्बन्ध में किया गया कोई भी शोध या अध्ययन अधूरा ही माना जाता है।

उनकी धर्म–सम्बन्धी विचारधारा उनके समकालीन अन्य विद्वानों से कहीं अधिक गतिशील और सर्वमान्य थी, उनके धर्म में सभी धर्मों का सार था। उन्होंने अपने आप को आजीवन एक हिन्दू के रूप में प्रचारित किया। परन्तु अन्य धर्मों के लिए भी इनके हृदय में पूर्ण सम्मान था।

उनके अनुसार धर्म का अर्थ था संसार एक व्यवस्थित नैतिक संचालन में विश्वास करता है। यह कम वास्तविक नहीं है क्योंकि यह एक अदश्श्य है। यह धर्म हिन्दू, इस्लाम आदि धर्मों को दबाता नहीं है।[12]

गाँधी जी का धर्म किसी संकीर्ण मत–मतान्कार से आबद्ध नहीं था अपितु उनका धर्म व्यापक और मात्र सत्य के नाम से जाना जाता है। उनका धर्म मानव के प्रति ही नहीं अपितु प्राणी मात्र के प्रति विरोध, आक्रोश एवं हिंसा के भाव को नहीं बल्कि प्रेम भावको स्वीकार करता है।[13]

गाँधी जी के सभी विचार ईश्वर, मानव, अंहिसा, सत्याग्रह, सर्वोदय, स्वराज और श्रम–सिद्धान्त (ट्रस्टीशिप) जैसी अवधारणाओं पर केन्द्रित थे। ये सभी अवधारणाएं सामाजिक और राजनीतिक, कुछ धार्मिक और नैतिक तथा कुछ आर्थिक अवधारणाएँ है। शोध के लिए उनके धर्म–सम्बन्धी विचारों को चुना गया है।

स्पष्ट है कि गाँधी जी ने मूलतः एक धार्मिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक व्यक्ति थे। राजनीति उनका आपद् धर्म थी। राजनीति मानव सेवा का साधन मात्र थी। उनका विश्वास था कि 'परमेश्वर का साक्षात्कार करना ही जीवन का एक मात्र उचित ध्येय है। जीवन के दूसरे सब कार्य यह ध्येय सिद्ध करने के लिए होने चाहिए।'' गाँधी जी जन्मना हिन्दू थे और आजीवन हिन्दू धर्म एवं हिन्दू धर्म ग्रन्थों में उनकी निष्ठा विद्यमान रही। गाँधी जी की यह भ्रामक मान्यता थी कि जिस धर्म में कोई पैदा होता है, वही उसका अपना धर्म होता है और यदि उसमें कोई गंदगी उत्पन्न हो जाए तो उसे शुद्ध करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने लिखा है ''हिन्दू धर्म गंगा का प्रवाह है। मूल में वह शुद्ध है। मार्ग में उस पर मैल चढ़ता है। फिर भी जिस प्रकार गंगा की प्रवृत्ति अन्त में पोषक है उसी प्रकार हिन्दू धर्म भी है।[14]

पुनः यदि गाँधी जी को हिन्दू धर्म अन्य धर्मों की अपेक्षा श्रेष्ठ तथा समावेशक, व्यापक, सदा–वर्तमान, और परिस्थिति के अनुकूल नवीन रूप धारण करने वाला लगता है, तो इसका कारण उनकी यह मान्यता है बौद्ध एवं जैन धर्म में जो कुछ उत्तम है उससे ओतप्रोत थे और उन्होंने अपना जीवन कतिपय ऐसी शिक्षाओं की शोध और प्रसार के लिए दिया जो वेदों में छिपी थी और जिन्हें समय की काई ने ढंक दिया था। बुद्ध ने हिन्दू धर्म का कभी त्याग नहीं किया, उन्होंने तो उसके आधार का विस्तार किया। उन्होंने उसे नया जीवन और अर्थ दिया। इसी समझ के आधार पर गाँधी जी भी बुद्ध की भाँति धर्म–त्याग या धर्म परिवर्तन के पक्ष में नहीं है और न ही दूसरे का धर्म–परिवर्तन कराने के पक्ष में है। क्योंकि उनका विश्वास है कि ''बुनियादी बातों के बनिस्पत धर्म के मामलों में यह कहावत अधिक लागू होती है कि वैद्य जी, पहले अपना इलाज कीजिए।''[15]

इस तरह हम देखते हैं कि गांधी जी अन्य हिन्दू धर्मावलंबियों की भाँति अपने धर्म को पूर्ण नहीं मानते तथा उसमें सुधार के लिए अन्य धर्मो की अच्छी बातों को भी अपनाने का आग्रह करते हैं। गाँधी जी लिखते हैं कि सारे धर्म सत्य को प्रकट करते हैं, परन्तु सभी अपूर्ण है और सब में दोष हो सकते हैं। परन्तु दोषों के कारण उसका त्याग नहीं करना चाहिए, बल्कि उन दोषों को मिटाने का प्रयत्न करना चाहिए। सब धर्मों के प्रति समभाव से देखने पर हम दूसरे धर्मों के प्रत्येक गुण को स्वीकार करने योग्य तत्व का अपने धर्म में समन्वय करने में कभी संकोच नहीं रखेंगे, बल्कि ऐसा करना अपना धर्म समझेंगे।[16] इससे स्पष्ट है कि इस संतुलित दशष्टि के कारण ही गाँधीजी धर्म परिवर्तन के सख्त विरूद्ध थे, तथा सर्वधर्म–समभाव अथवा व्यवहारतः धार्मिक सहिष्णुता के पक्षधर थे। इन्हीं सब कारणों से गाँधी जी ने किसी भी उपाय द्वारा धर्म परिवर्तन के विचार का दशढ़तापूर्वक विरोध किया है। इसी सम्बन्ध में गाँधी जी का कथन है कि धर्म परिवर्तन के प्रयास द्वारा विश्व में अशांति ही उत्पन्न होगी। धर्म पूर्णतः व्यक्तिगत मामला है। अपने–अपने धर्म के सिद्धान्तों के अनुसार आचरण करते हुए हमें एक दूसरे के उत्तम सिद्धान्तों को स्वीकार करना चाहिए और इस प्रकार ईश्वर तक पहुँचने के मानव–प्रयास में अपना योगदान देना चाहिए। मेरा अपना विचार यह है कि सभी महान धर्म मूलतः समान है। हमें दूसरे धर्मों का उसी प्रकार आदर करना चाहिए जिस प्रकार हम अपने धर्म का सम्मान करते हैं।[17]

गाँधी जी धर्म–परिवर्तन की आधुनिक पद्धति के भी खिलाफ थे। उनहोंने स्वयं लिखा भी है कि ''मैं धर्म–परिवर्तन की आधुनिक पद्धति के खिलाफ हूँ। दक्षिण अफ्रिका में और भारत में लोगों का धर्म–परिवर्तन जिस तरह किया जाता है, उससे अनेक वर्षों के अनुभव से मुझे इस बात का निश्चय हो गया है कि उससे नये ईसाईयों की नैतिक भावना में कोई सुधार नहीं होता। वे यूरोपीय सभ्यता की ऊपरी बातों की नकल करने लगते हैं, किन्तु ईसा की मूल शिक्षा से अछूते ही रहते हैं। गाँधी जी का मानना है कि इस धर्म परिवर्तन के कुछ उत्तम अपवाद हो सकते हैं,

लेकिन यह हमेशा सही तरीका नहीं हो सकता है, क्योंकि आजकल की बातों की तरह धर्म परिवर्तन ने भी एक व्यापार का रूप ले लिया है, उनका विचार था कि सभी लोग अपने–अपने धर्म में रहकर पूर्णता व आत्मशुद्धि, आत्मसाक्षात्कार, की प्राप्ति करने का प्रयन्त करें। इस प्रकार स्पष्ट है कि गाँधी जी धर्म को व्यापक अर्थ में स्वीकार करते हैं। और इसे मानव जीवन के लिए अनिवार्य मानते हैं। उनका कहना था कि अपने–अपने धर्मों का आदर करते हुए साथ ही साथ अन्य धर्मों के प्रति भी आदर का भाव रखना चाहिए।[18]

गाँधी जी एक ईश्वर भीरू और श्रद्धोन्मत्त व्यक्ति थे। ईश्वर ही उनका प्राण था और रामनाम श्वांस। ईश्वर में विश्वास के अभाव में वे जीवन में एक कदम भी चलने की नहीं सोच सकते थे और इसीलिए उन्होंने कहा है कि ''मैं यह भी कह सकता हूँ कि वायु और जल के बिना तो शायद मैं रह सकता हूँ किन्तु उसके (ईश्वर) बिना मैं नहीं रह सकता। तुम मेरी आँखेंनिकाल सकते हो, किन्तु उससे मैं नहीं मरूँगा। ''तुम मेरी नाक काट सकते हो, किन्तु उससे भी मैं नहीं मर सकता, परन्तु ईश्वर में से मेरा विश्वास गया और मैं मरा।[19]

गाँधी जी कहते हैं कि कोई भी नास्तिक सत्याग्रही नहीं हो सकता क्योंकि ''सत्याग्रह के लिए मनुष्य का अहिंसा में दश्ढ़ विश्वास होना चाहिए। ईश्वर में अखंड श्रद्धा के बिना यह असंभव है। अहिसा के अनुरूप आचरण करने वाला मनुष्य ईश्वर की शक्ति और कश्पा के बिना कुछ नहीं कर सकता। इसके बिना उसमें क्रोध, भय तथा प्रतिशोध से मुक्त रहते हुए अपने आपको बलिदान कर देने का साहस उत्पन्न नहीं हो सकता।[20] लेकिन इस विचार में गंभीर भूल है। महान नास्तिक महात्मा बुद्ध का बकरे को बचाने के लिए अपना सिर देने को तत्पर हो जाना तथा भगत सिंह का हँसते–हँसते फांसी पर चढ़ जाना इस बात का प्रबल प्रमाण है कि नास्तिक भी सद्गुण संपन्न और बलिदानी हो सकता है।

इसके बावजूद, निस्संदेह गाँधी जी की ईश्वर में अटल श्रद्धा है तथा इस श्रद्धा की अभिव्यक्ति के लिए उन्होंने प्रार्थना या उपासना का मार्ग बताया है। धर्मानुकूल आचरण के लिए प्रार्थना प्रमुख तत्व है। धर्म मार्ग के अन्तर्गत गाँधी जी ने धर्म के तीन अंगों का उल्लेख किया है।

गाँधीजी ने अपने परमतत्व की व्याख्या करते हुए कहा है – ''मैं अस्पष्टतः यह अवश्य अनुभव करता हूँ कि जब मेरे आस–पास सब कुछ परिवर्तनशील है, सब कुछ नष्ट हो रहा है, उस समय भी इन परिवर्तनों के मध्य एक जीवित शक्ति है जो कभी नहीं बदलती। वह सभी को एक सूत्र में बांधकर रखती है और नई सृष्टि करती है। यह शक्ति है, ईश्वर का परमात्मा।[21]

गाँधीजी के अनुसार ईश्वर अपने को अनेक रूपों में अभिव्यक्त करता है। वे लिखते हैं कि – मेरे प्रभु (ईश्वर) के सहस्त्रों रूप है। कभी मैं उसका दर्शन चरखे में करता हूँ, कभी हिन्दु मुस्लिम एकता में और कभी अस्पृश्यता निवारण में। जब मेरी भावना जिस और खींच ले जाती है, तब उस ओर चला जाता हूँ। वहीं अपने प्रभु के साथ सान्निध्य प्राप्त कर लेता हूँ।[22]

गाँधीजी मानते हैं कि ईश्वर मन, वाणी और बुद्धि से परे है। ईश्वर को बुद्धि अथवा तर्क अथवा वैज्ञानिक प्रयोग द्वारा सिद्ध नहीं किया जा सकता। ईश्वर श्रद्धा का विषय है किन्तु श्रद्धा बुद्धि के विपरीत नहीं होनी चाहिए। गाँधीजी 'हिन्दू' धर्म में लिखते हैं कि – ''बुद्धि ईश्वर को जानने में शक्तिहीन है। वह बुद्धि की पहुँच के बाहर है।''[23]

गाँधीजी के उपर्युक्त कथनों का तात्पर्य है कि ईश्वर श्रद्धा का विषय है। श्रद्धा के द्वारा ही मनुष्य अपना सम्बन्ध अनन्त से जोड़ सकता है। यही सम्बन्ध सच्चा सम्बन्ध है, क्योंकि यह ईश्वर को सिद्ध करता है।

गाँधीजी के ईश्वर सम्बन्धी विचार में ध्यान देने योग्य यह बात है कि वे ईश्वर के अस्तित्व को तो स्वीकारते हैं, किन्तु अवतारवाद का खंडन करते हैं उनकी मान्यता है कि जब ईश्वर मनुष्य नहीं है, तो मनुष्य रूप में अवतार कैसे हो सकता है।[24] यद्यपि गीता के चौथे अध्याय में (छठवां श्लोक) कृष्ण स्वयं कहते हैं कि जब–जब धर्म का ह्रास होता है और अधर्म का उत्थान होता है तो मैं पृथ्वी पर धर्म की स्थापना हेतु जन्म लेता हूँ। अर्थात् रूप ग्रहण कर अवतार लेता हूँ।[25] इस सम्बन्ध में गाँधीजी स्पष्टतः कहते हैं कि – ईश्वर जन्मना होता ही नहीं है। गाँधीजी ने अवतार को केवल ईश्वरीय गुणों के रूप में ही माना है। उनके अनुसार जिस व्यक्ति में जितने अधिक ईश्वरीय गुण होंगे वह उतना ही ईश्वर के निकट होगा। इस प्रकार गाँधीजी ईश्वर से निकटता को ही अवतार कहते हैं। ईश्वर किसी व्यक्ति विशेष के रूप में अवतरित होता है, इसका अर्थ मात्र इतना है कि वह व्यक्ति ईश्वरीय गुणों के कारण ईश्वर के अधिक निकट है। उसमें हमसे कहीं अधिक ईश्वरपन दिखाई देता है।[26] अवतारवाद को अस्वीकार करने के कारण ही वे राम और कृष्ण को भी अवतार न मानकर देवीय गुणों से सम्पन्न और ईश्वर के अधिक निकट मानते हैं

गाँधीजी ने ईश्वर की अवधारणा को स्पष्ट करने के लिए कतिपय प्रमाणों का सहारा लिया है। ये वहीं परम्परागत प्रमाण हैं, जिन्हें प्राच्य एवं पाश्चात्य दार्शनिकों ने अपनाया है। यथा, वे कहते हैं कि इस चराचर जगत् की उत्पति शून्य से नहीं हुई है। यह सतत परिवर्तनशील जगत् क्षणभंगुर व नाशवान है। गाँधीजी के अनुसार स्वयं नाशवान वस्तु दूसरे की उत्पति का कारण नहीं हो सकती। अतः जगत् स्वयं जगत् की उत्पति का कारण नहीं हो सकता। कार्य–कारण नियम जगत् की उत्पति पर लागू नहीं होता। यदि इस नियम से उत्पति मानी जाये तो ''अनावस्था दोष'' उत्पन्न हो जायेगा। इस कथन से गाँधीजी दृष्य जगत् एवं सभी वस्तुओं की उत्पति ईश्वर से मानते हैं, क्योंकि वह स्वयं अजन्मा व अकारण है।

इस तरह से वे ईश्वर के अस्तित्व में अपना विश्वास व्यक्त करते हैं। वे कहते हैं, ईश्वर को प्रथम कारण के रूप में स्वीकारना अत्यावश्यक है। ईश्वर के अस्तित्व सम्बन्धी इस प्रमाण को 'कारणमूलक प्रमाण' कहा गया है जिसे विश्व सम्बन्धी युक्ति के अन्तर्गत रखा जाता है।[27]

गाँधीजी के अनुसार विश्व की ओर दृष्टिपात करने पर जगत् में एकता, अनुक्रम, सामंजस्य

एवं व्यवस्था परिलक्षित होती है। विश्व की एकता, अनुक्रम एवं सामंजस्य को नियंत्रित करना मानवीय बुद्धि के लिए अशोचनीय हैं विश्व की व्यवस्था को नियंत्रित करने वाली कोई विवेकशील, चेतन एवं मानव से परे सत्ता है। वह सत्ता ईश्वर की है जो इस व्यवस्था को नियंत्रित कर सकती है। इस युक्ति को 'प्रयोजन मूलक प्रमाण' कहते हैं।[28]

ईश्वर का अस्तित्व प्रमाणित करने के लिए गाँधीजी ''शब्द प्रमाण'' का उपयोग भी करते हैं। वे कहते हैं कि ''शास्त्रों यानी वेदों का इतना ही निचोड़ है कि ईश्वर है और वह एक ही है। कुरान और बाईबिल का भी यही निचोड़ है।[29]

गाँधी ''नैतिक प्रमाण'' का प्रयोग भी ईश्वर का अस्तित्व प्रमाणित करने के लिये करते हैं। उनके अनुसार ईश्वर ही सदाचरण अथवा नैतिकता का आधार है। हमारे नैतिक व्यवहार का लक्ष्य ईश्वर– साक्षात्कार ही होता है। ईश्वर के अभाव में नैतिक मूल्य या नैतिक नियम महत्वहीन हो जायेंगे। गाँधीजी कहते हैं – ''दुनिया के समस्त निर्जीव नैतिक सिद्धान्त बेकार हैं, क्योंकि भगवान् से अलग उनकी कोई हस्ती नहीं है वे वेजान हैं भगवान के प्रसाद के रूप में वे जानदार बनकर आते हैं वे हमारे जीवन के अंग बनकर आते हैं वे हमारे जीवन के अंग बन जाते हैं और हमें ऊँचा उठाते हैं।[30]

ईश्वर के अस्तित्व के प्रमाण में वे ''अस्तित्वमूलक तर्क'' को प्रयुक्त करते हुए कहते हैं कि जिन वस्तुओं को बुद्धी नहीं जान सकती, उनमें श्रद्धा करने में विश्वास रखता हूँ। उदाहरणार्थ – ईश्वर का अस्तित्व है। कोई भी तर्क मुझे इस श्रद्धा से विचलित नहीं कर सकता। यदि मैं तर्क में परास्त कर दिया जाऊँ तो भी मैं यह दोहराना पसन्द करूंगा कि ईश्वर है।[31] उपरोक्त सन्दर्भ से स्पष्ट है कि गाँधी जी नैसर्गिक श्रद्धा भाव से ईश्वर का अस्तित्व सिद्ध करते हैं यह श्रद्धा पूर्णतः उनके अस्तित्व में समाहित हो गई है।

वे ''ऐतिहासिक प्रमाण'' से भी ईश्वर को प्रमाणित करते हैं उनके सोचानुसार ''ईश्वर का प्रमाण पैगम्बरों, ऋषियों एवं संतों की अटूट परम्परा के अनुभवों में मिलता है। से लोग प्रत्येक देश व प्रत्येक युग में हुए हैं इस प्रमाण को न मानना अपने को न मानना है।[32] गाँधीजी के अनुसार ऐसे श्रद्धेय व्यक्तियों के अनुभवों को अनदेखा करना स्वयं के अनुभवों को भी न मानने के समान है। यदि हम अपने पूर्वज ज्ञानियों के अनुभव को अज्ञानता निरूपित करने का प्रयास करें, तो यह एक बहुत बड़ी भूल होगी।

उपरोक्त विवरण से यह स्पष्ट हो जाता है कि गाँधीजी ईश्वर को प्रमाणित करने हेतु युक्तियों का महत्व स्वीकारते हैं। यहां यह भी कहा जा सकता है कि ईश्वर को सिद्ध करने के लिए विभिन्न युक्तियों का सहारा यदि लिया गया तो ईश्वर बहुरूपीय हो जायेगा एवं वह अनेकार्थ भी हो जायेगा। इसके अतिरिक्त यह भी सत्य है कि गाँधीजी एक दृष्टि से ईश्वर की सिद्धि के लिए युक्तियों को आधार मानते हैं, वहीं दूसरी दशष्टि से उन्हें श्रद्धा का विषय मानते हैं। प्रश्न यह है कि वस्तुतः उपरोक्त दोनों दशष्टिकोणों में किसे मान्य किया जाये।

## निष्कर्ष

महात्मा गाँधी सम्पूर्ण चिन्तन और सत्य एवं अहिंसा की अवधारणा पर आधारित है। महात्मा गाँधी ने यह स्वीकार किया है कि धर्म एक ऐसा वैश्विक अध्यात्मिक तत्व है जो सभी मानवीय समाजों में एक समान जीवित है। मानव जाति को धर्मों में व्याप्त उस अराध्य तत्व में अगाध श्रद्धा और विश्वास व्याप्त रहती है। धर्म के प्रति गाँधी जी का भावना समय के साथ जागश्त हुई। उन्होंने स्वयं कहा है कि ''घश्णा के बदले प्रेम व बुराई के बदले अच्छाई लौटाने से विचार ने मुझे मोहित कर दिया।'' महात्मा गाँधी भगवद् गीता को दैनिक जीवन की विभिन्न समस्याओं का समाधान करने वाला सम्पूर्ण ग्रंथ स्वीकार करते थे। गीता में प्रयुक्त शब्द ''अपरिग्रह तथा समभाव' का गाँधी को सर्वाधिक प्रभावित किया। स्वामी विवेकानन्द के विचारों ने भी गाँधी को गहराई से प्रभावित किया जहाँ उन्होंने बतलाया कि गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। गाँधी जी ने नैतिकता के आईने में साध्य और साधन दोनों की सुचिता को समान महत्व दिया।

महात्मा गाँधी के दार्शनिक विचार में धर्म एवं नैतिकता संबंधी अवधारणा महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उन्होंने यह स्वीकार किया है कि धर्म मानवीय स्वभाव का एक शाश्वत तत्व है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया है कि सत्य ही सबसे बड़ा धर्म है।

## संदर्भ सूची

1. मंत्री, गणेश, *गाँधी और अंबेडकर*, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, 2001, पृ0–222
2. अग्रवाल सुरेन्द्र प्रसाद, *महात्मा गाँधी विचार–वीथिका*, कॉन्सेप्ट पब्लिशिंग, नई दिल्ली, 2001, पृ0–136
3. राजु, पी0ए0, *गाँधी एण्ड हिज रिलिजन*, कॉन्सेप्ट पब्लिशिंग कम्पनी, नई दिल्ली, 2000, पृ0–13
4. वही, पृ0–20
5. गाँधी, महात्मा, *हिन्द स्वराज*, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, 2010, पृ0–216
6. गाँधी महात्मा, *मेरे सपनों का भारत*, नवजीवन ट्रस्ट, अहमदाबाद, 2010, पृ0–208
7. वही, पृ0–218
8. शरण, स0 गिरिराज, *मैं गाँधी बोल रहा हूँ*, प्रतिभा प्रतिश्ठान, नई दिल्ली, 2011, पृ0–65
9. दुबे, अखिलेश्वर प्रसाद, *गाँधी दर्शन की रूपरेखा*, नॉर्दर्न बुक सेन्टर, नई दिल्ली, 2003, पृ0–8
10. वही, पृ0–10
11. ओझा, प्रफुल्लचन्द्र, *महात्मा गाँधी जीवन और दर्शन*, लोकभारती प्रकाशन, नई दिल्ली, 2009, पृ0–17
12. सिंह, अमर ज्योति, *महात्मा गाँधी और भारत*, बोरोनिका प्रिण्टर्स, वाराणसी, 1995, पृ0–227

13. वही, पृ0–230
14. प्रभु, आर0के0, *द माईंड ऑफ महात्मा गाँधी*, ऑक्सफोर्ड युनिवर्सिटी प्रेस, मद्रास, 1945, पृ0–22
15. गाँधी, महात्मा, *वाट इज हिन्दुइज्म*, नेशनल बुक ट्रुथ, नई दिल्ली, 1994, पृ0–96
16. बोस, निर्मल कुमार, *सिलेक्शन फ्रॉम गाँधी*, नवजीवन पब्लिशिंग हाऊस, अहमदाबाद, 1948, पृ0–623
17. वही, पृ0–625

# महात्मा गाँधी का धार्मिक दर्शन : एक समीक्षा

**गौरी शंकर प्रजापती***

महात्मा गाँधी जीवन के सभी पहलुओं के प्रति औरों से भिन्न दृष्टिकोण रखते थे। जीवन और जनतंत्र को देखने का गाँधी जी का नजरिया अन्य व्यक्तियों की तुलना में भिन्न कहा जाता है। गाँधी जी ने नया और नायाब काम यह किया कि सत्य और अहिंसा के साथ उन्होंने निजी और सार्वजनिक जीवन में अदभुत और अभूतपूर्व प्रयोग किया। सत्य, अहिंसा, समानता और जीवन में सादगी आदि के बारे में गाँधी जी ने कोई नयी बात नहीं की है, गाँधी जी से पहले भी भारत में पीढ़ियों से हर युग में सत्य और अहिंसा की भावना पायी जाती है। सत्याग्रह, उपवास, असहयोग आन्दोलन और सविनय अवज्ञा के माध्यम से गाँधी जी ने भारत को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इसी योगदान के लिए गाँधी जी को राष्ट्रपिता कहा जाता है। जीवन और संसार से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर गाँधी जी ने अपना विचार दिया है। धर्म, ग्रामस्वराज, पर्यावरण, उद्योग, पंजायती राज, उद्योग, ऊर्जा, शासन और सरकार साम्प्रदायिक सद्‌भाव आदि सभी पर उनकी दृष्टि स्पष्ट है। अहिंसा, सत्याग्रह और स्वराज गाँधी जी के दर्शन के आवश्यक तत्व है जिनके द्वारा उन्होंने संसार को अन्याय और शोषण के विरूद्व संघर्ष की प्रेरणा ही गाँधी जी के धार्मिक विचार मानव समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण माने जाते है।

महात्मा गाँधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे और उनमें अटूट विश्वास करते थे। धर्म गाँधी जी के लिए संसार की नैतिक अनुशासन की व्यवस्था है। इसलिए उन्होंने हिंसा तथा नास्तिकता की निन्दा की है। महात्मा गाँधी की दृष्टि में धर्म जीवन और समाज का आधारभूत तत्व है। गाँधी जी ने सम्प्रदायवादी धर्म के स्थान पर मानवतावादी धर्म का पोषण किया जिसका चरम लक्ष्य सेवा है। गाँधी जी के धर्म के मुख्य तत्वों से सत्य, प्रेम और अहिंसा का स्थान सर्वोपरि है।[1]

महात्मा गाँधी को बचपन में स्कूल में धर्म की शिक्षा नहीं मिली। महात्मा गाँधी का जन्म वैष्णव सम्प्रदाय में हुआ था। बचपन में उन्हें भूत–प्रेत आदि का भय लगता था और इस डर से बचने के लिए उन्हें राम नाम का जाप करना सिखाया गया। उनका परिवार धार्मिक था, गाँधी की के चचेरे भाई ने उन्हें राम–रक्षा का पाठ सिखाने की व्यवस्था की। कुछ समय के बाद गाँधी

---

*यू0जी0सी0 सिनियर रिसर्च फेलो स्नातकोत्तर इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची

जी ने उसे कण्ठस्थ कर लिया और स्नान के बाद उसके नित्य पाठ का नियम बनाया। जिस चीज का महात्मा गाँधी के मन पर गहरा प्रभाव पड़ा वह था रामायण की कथा सुनना। लाधा महाराज से रामायण का पाठ सुनना महात्मा गाँधी को बहुत अचछा लगता था। उस समय उनकी आयु तेरह वर्ष की थी। यह रामायण श्रवण रामायण के प्रति उनके अत्याधिक प्रेम की बुनियादी है। वे तुलसीदास की रामायण को भक्ति मार्ग का सर्वोत्तम ग्रंथ मानते थे।[2]

राजकोट में रहने के दौरान महात्मा गाँधी को सब सम्प्रदायों के प्रति समान भाव रखने की शिक्षा मिली। यद्यपि दूसरे धर्मों के प्रति समभाव जागा फिर भी यह नहीं कहा जा सकता है कि उनमें ईश्वर के प्रति आस्था थी। इन्हीं दिनों उन्होंने अपने पिताजी के पुस्तक–संग्रह से मनुस्मृति का भाषांतर प्राप्त किया। मनुस्मृति से उन्होंने संसार की उत्पति आदि की बातें पढ़ी। उनकी श्रद्धा उसमें नहीं जमी, उल्टे थोड़ी नास्तिकता पैदा हुई। अपने मन में उठते शंकाओं को दूर करने के लिए उन्होंने अनेक प्रयास किया। मनुस्मृति को पढ़कर गाँधी जी अहिंसा को नहीं सीख सके। पर एक चीज जो उसके मन में जड़ जमा ली वह थी यह संसार नीति पर टिका हुआ है। नीति मात्र का समावेश सत्य में हैं।[3]

धर्म के विषय में गाँधी जी के विचार को देखने से स्पष्ट पता चलता है कि वे सम्प्रदाय की धर्म नहीं मानते थे। वे धर्म की प्राचीन व्याख्या को ही मानते थे जिसमें यह बतलाया गया है कि जिस पद्धति से लोक का धारण या संचालन हो वह धर्म है। यह भी स्पष्ट व्यक्त होता है कि गाँधी जी के लिए यह पद्धति जिससे लोक का संचालन हो सके विश्व को नियमित नैतिक शासन पद्धति है तथा उसमें विश्वास आवश्यक है। धर्म को किसी सम्प्रदाय तक ही सीमित कर देना अन्याय होगा। वास्तव में धर्म तो एक ही हो सकता है भले ही सम्प्रदायों की भिन्नता हो। गाँधी जी का मानना था कि सम्प्रदायों की भिन्नता रखते हुए भी धर्म को उतना सहिष्णु होना चाहिए कि वह सम्प्रदायों का उल्लघंन न करें बल्कि उनका समन्वय करे। इस तरह धर्म और सम्प्रदाय दोनों को गाँधी जी स्पष्ट रूप से भिन्न मानते थे।[4]

महात्मा गाँधी का स्पष्ट मानना था कि भारत एक देश इसलिए बन पाया क्योंकि यहाँ विभिन्न धर्मो को मानने वाले लोग रहते हैं। विदेशियों के कारण देश को हानि नहीं होती है, बल्कि वे देश में धुल–मिल जाते हैं। भारत हमेशा से एक ऐसा देश रहा है। जिसने सभी धर्मों को अपनाया है। भारत में जितने वर्ग हैं उतने धर्म हैं। वे जो अपने राष्ट्रीयता को लेकर सचेत हैं वे कभी भी दूसरे के धर्म में हस्तक्षेप नहीं करते हैं। हिन्दू, मुस्लिम, पारसी, क्रिश्चयन सभी ने भारत को अपना देश माना और सभी एक दूसरे के साथी हैं।[5]

महात्मा गाँधी के विचार में धर्म विभिन्न मार्ग है जिनका लक्ष्य एक है। सभी धर्मों को मानने वाले अनुयायियों का लक्ष्य एक ही है। हम जैसे–जैसे सच्चे ज्ञान को प्राप्त करते हैं हम यह अच्छी तरह समझते हैं कि जिनका धर्म हमारे धर्म से अलग है, हमें उनके प्रति भी समान धार्मिक भावना रखनी चाहिए।[6]

महात्मा गाँधी अपने आप को सनातनी हिन्दू मानते थे क्योंकि वे सनतान हिन्दूवाद के सभी पहलुओं को स्पष्ट रूप से समझते थे। वे वेद, उपनिषद और पुराण में विश्वास करते थे। वे वर्णाश्रम धर्म में भी विश्वास करते थे। महात्मा गाँधी गाय की रक्षा को भी महत्वपूर्ण मानते थे। वे मूर्ति पूजा में भी विश्वास रखते थे। महात्मा गाँधी व्यक्तिगत रूप से जिस धर्म में विश्वास रखते थे उसके प्रति वे पूरी तरह समर्पित थे।[7]

महात्मा गाँधी हिन्दूवाद की विचारधारा से प्रभावित थे परन्तु रूढ़िवादी और अंधविश्वासी नहीं थे। वे हिन्दू धर्म को प्रगतिशील मानते थे। इस धर्म में व्याप्त छुआछूत, बलिप्रथा, वेश्यावृति आदि के खिलाफ वे स्पष्ट रूप से बोलते थे। धर्म के नाम पर पशुओं की बलि को वे धर्म के विरूद्व मानते थे। समाज में व्याप्त रूढ़िवादी विचारधाराओं की समाप्ति के लिए वे सामाजिक बहिष्कार आदि दण्डों का समर्थन करते थे ताकि बच्चों को रूढ़िवादी मान्यताओं के प्रभाव से बचाया जा सके।[8]

महात्मा गाँधी हमेशा ईश्वर में अन्नत विश्वास रखने वाले व्यक्ति माने गए। उनके जीवन को देखकर उनके धर्म के प्रति विचार को स्पष्ट रूप से प्रमाणित नहीं किया जा सकता। सर्वपल्ली राधाकृष्णन जो धर्म के अच्छे विद्यार्थी माने जाते थे, ने भी गाँधी जी के समक्ष तीन प्रश्न रखे थे। आपका धर्म क्या हैं? आप इस धर्म से कैसे जुड़े थे? जीवन पर इसका क्या प्राभाव पड़ा? गाँधी जी ने उन्हें संक्षेप में लिखा कि वे ईश्वर में विश्वास करते है, तथा ईश्वर सत्य है। आगे गाँधी जी ने उन्हें लिखा सत्य ईश्वर है। कोई सत्य को नकार नहीं सकता। एक नास्तिक भी सत्य के अस्तित्व को स्वीकार करता है। धर्म क्या हैं? उसके संबंध में गाँधी जी का कहना था कि धर्म मानव जीवन के सभी पहलुओं को स्पर्श करता है। सिर्फ धर्म में वह शक्ति नहीं है। जो इंसान रूपी जानवर को काबू कर सकता है। बल्कि यह सदाचार है जो इंसान में बसे जानवर को जंजीर में जकड़ता है।[9]

गाँधी जी का कहना था कि जिस तरह मुझे मेरा हिन्दूधर्म मूल्यवान है उसी तरह सभी धर्म मेरे लिए मूल्यवान हैं। वे धर्म परिवर्तन के विचार को अनुमति नहीं देते थे। उनका कहना था कि हमें एक हिन्दू को अच्छा हिन्दू बनने के लिए, एक मुस्लिम को अच्छा मुस्लिम बनने के लिए और एक क्रिश्चयन को अच्छा क्रिश्चयन बनने के लिए मदद करनी चाहिए। हमें अपने दिमाग से इस बात को निकाल देना चाहिए कि हमारा धर्म ज्यादा सच्चा है और दूसरों का कम सच्चा। दूसरे धर्मों के प्रति हमारा नजरिया स्पष्ट और सच्चा होना चाहिए।[10]

महात्मा गाँधी मूर्तिपूजा को लेकर एक अनोखी सोच रखते थे। अपने धर्म और सस्कृति की रक्षा के लिए वे मूर्तिपूजक बनने को तैयार दिखाई पड़ते हैं, वही दूसरी ओर वे हठधर्मिता और धर्मान्ध होने की स्थिति में मूर्तिपूजा को भी छोड़ने की बात करते हैं। मूर्तिपूजक और मूर्तिभंजक के बीच गाँधी जी एक समन्वय स्थापित करते हुए दिखाई पड़ते हैं।[11]

ईश्वर में विश्वास करते हुए महात्मा गाँधी की प्रार्थना में बहुत श्रद्धा थी। सुबह और शाम को उनके आश्रम में प्रार्थना सभा आयोजित की जाती थी। प्रार्थना में कोई मूर्ति या प्रतीक नहीं रखे जाते थे। वे स्वयं मूर्ति पूजा में विश्वास नहीं करते थे परन्तु वे उन लोगों को मूर्ति पूजा से

रोकना नहीं चाहते थे जो मूर्ति पूजा को आवश्यक मानते थे। उनका कहना था कि मूर्ति पूजा मानव स्वभाव का ही भाग है।[12]

महात्मा गाँधी किसी विशेष अवसर पर रखे जाने वाले उपवास में विश्वास करते थे। उनका मानना था कि यह दिमाग को एकाग्र करने में सहायता प्रदान करता है। इसके अलावा उनका मानना था कि उपवास का शुद्धिकरण प्रभाव भी पड़ता है। महात्मा गाँधी कभी–कभी अपने साथ रहने वालों और काम करने वालों के लिए भी उपवास रखते थे। क्योंकि महात्मा गाँधी उनके व्यवहार के लिए स्वयं को उत्तरदायी मानते थे।[13]

महात्मा गाँधी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में आध्यात्मिक गुणों का समावेश करना चाहते थे। कांग्रेस के नेतृत्वकर्त्ताओं में न तो पूर्व के नेताओं ने और न ही वर्तमान के नेताओं ने आध्यात्मिकता का दावा किया। सिर्फ महात्मा गाँधी ही कांग्रेस में एक ऐसे सर्वमान्य नेता थे जो आध्यात्मिक मूल्यों का समावेश करा सकते थे। उस समय कांग्रेस के शास्त्र, विधियों, कार्यक्रमों और चरित्र सभी में आध्यात्मिकता का अभाव दिखाता था।[14]

महात्मा गाँधी राजनीति में भी आध्यात्मिकता का समावेश चाहते थे। वे जब भी आध्यात्मिकता राजनीति की बात करते थे उसका अर्थ सिर्फ राजनीति को नैतिक बनाना था। भारतीय राजनीति मे, सम्मानजक व्यवहार के स्तर को व्यक्तिगत जीवन और राजनीतिक जीवन में समान रूप से देखना चाहते थे।

महात्मा गाँधी सभी धर्मां को मानने वालों के बीच लोकप्रिय थे। मुसलमानों का एक बड़ा वर्ग गाँधी जी के विचारों से प्रभावित था। वास्तविक रूप से गाँधी जी की मृत्यु के बाद मुसलमानों को बड़ा दुख हुआ। पाकिस्तान से गाँधी जी को श्रद्धांजली दी गई। खिलाफत आंदोलन की याद करके सभी के मन में गाँधी जी को याद ताजा हो उठी थी। खिलाफत आन्दोलन में मुसलमान और गाँधी जी साथ में संघर्ष कर रहे थे।[16]

भारत में विभिन्न धर्मों के बीच अंग्रेजों द्वारा ''बांटो और राज करो'' की नीति का महात्मा गाँधी ने विरोध किया। भारत को 11 भागों में बांटने के बाद भारत को वर्गों में बांटने का प्रयास अंग्रेजों ने किया। हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, क्रिश्चयन, पारसी, हरिजन आदि को उनके निश्चित मतदाता वर्ग में बांट कर एक दूसरे के विरूद्व सभी को चुनाव में खड़ा कर दिया गया। इस तरह अंग्रेजों के कारण भारत का धार्मिक विभाजन किया गया।[17]

महात्मा गाँधी ने सभी धर्मों के प्रति आस्था व्यक्त की। अनेक अवसरों पर यह लगा कि वे क्रिश्चयन बन जायेंगे। परन्तु महात्मा गाँधी ने कभी अपना धर्म नहीं त्यागा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि महात्मा गाँधी क्रिश्चयन विचारों से सबसे अधिक प्रभावित थे। अपने क्रिश्चयन मित्रों के प्रति वे आभार व्यक्त करते थे, जिन्होंने गाँधी जी के मन में धार्मिक चेतना जगायी थी।[18]

महात्मा गाँधी को हिन्दू धर्म से जोड़ने और उनके जीवन में प्रमुख रूप से प्रभाव डालने वाली एक पुस्तक भागवत गीता है। उन्होंने 1890 में भागवत गीता का अध्ययन किया। इस पुस्तक को

पढ़कर गाँधी जी ने आत्म चितन करना प्रारंभ किया। परिणाम की परवाह किए बना और इनाम की परवाह किए बिना अपने लक्ष्य को पाना इसका मुख्य संदेश था। गीता महात्मा गाँधी के लिए आध्यात्मिक शब्दकोष और व्यवहार में हमेशा सही सिद्ध होने वाला मार्गदर्शक बन गया।[19]

भारत में धर्मनिरपेक्षता के सिद्धान्त में गाँधी जी के योगदान को बहुत ही कम लोग जानते हैं। एक धार्मिक व्यक्ति होते हुए भी उन्होंने भारत में राज्य धर्म के प्रस्ताव का विरोध किया। उन्होंने कहा कि क्यों न पूरा भारत एक धर्म को मानता हो। वे धर्म को निजी मामला मानते थे। उन्होंने कहा था कि राज्य तुम्हारे धर्मनिरपेक्ष कल्याण, स्वास्थ्य, संसार, मुद्रा को देखभाल करेगा लेकिन तुम्हारे और मेरे धर्म की नहीं। यह सभी का निजी चिंतन है।[20]

स्पष्ट है कि गाँधी जी धर्म की दीवार नहीं मानते, दिवारे तो अज्ञानता के कारण होती है। ये सत्य ज्ञान से ध्वस्त हो जाती है। मानव को मानव से दूर करने का काम धर्म नहीं करता बल्कि धर्म के प्रति अज्ञानता करती है। गाँधी जी विभिन्न धर्मों का लोभ नहीं करना चाहते थे। वे धर्मों को मिटाना नहीं चाहते थे बल्कि यदि वे मिटाना चाहते थे तो उस धर्म के प्रति अज्ञानता को। क्या गाँधी जी स्वयं कोई धर्म या सम्प्रदाय चलाना चाहते थे? क्या वे गाँधीवाद की स्थापना करना चाहते थे? गाँधी जी ने स्वयं कहा था कि ''गाँधीवाद जैसी कोई चीज नहीं है और मैं अपने पीछे किसी सम्प्रदाय की अनुमति नहीं देता।''[21]

**निष्कर्षः—** इस प्रकार महात्मा गाँधी के धार्मिक विचार अपने आप में नवीन जान पड़ते हैं। हिन्दू मान्यता के उपासक होने के बावजूद उन्होंने अपने आप को सम्प्रदायवाद से अलग रखा। सर्वधर्म सम्भाव के सहारे धर्म समन्वय की बात कही। ब्रह्म आचरण पर बल दिया। उन्होंने बतलाया कि मानव समाज का प्रत्येक व्यक्ति ईश्वर की दृष्टि में बराबर है, जाति, दिमाग, शरीर, जलवायु और देश का भेद केवल क्षणिक एवं परिवर्तनशील है। उनका कहना था कि सब धर्म ईश्वरदत्त है, पर मनुष्य कल्पित होने के कारण वे अपूर्ण है। समभाव से धर्मान्धता का परिस्कार होता है। धर्मान्धता हटते ही धर्म समन्वय का विचार बनता है। इस प्रकार महात्मा गाँधी के धर्म संबंधी विचार मानव कल्याण और विश्व कल्याण के प्रतीक माने जाते हैं।

## संदर्भ सूची

1. सिंह, अमर ज्योति, ***महात्मा गाँधी और भारत,*** बोरानिका प्रिन्टर्स, वाराणसी, 1995, पृ0 225
2. गाँधी, मोहनदास कमरचन्द, ***सत्य के प्रयोग (आत्मकथा),*** साक्षी प्रकाशन, दिल्ली, 2016, पृ0 34
3. वही, पृ0 35
4. सिंह, अमर ज्योति, पूर्वोद्धृत, पृ0 229
5. गाँधी, एम0के0, ***हिन्दी स्वराज ऑर इंडियन होम रूल,*** नवजीवन पब्लिशिंग हाउस, अहमदाबाद, 1946, पृ0 35
6. गाँधी, एम0के0, पूर्वोद्धृत, पृ0 36

7. गाँधी, महात्मा, ***व्हौट इज हिन्दूइज्म,*** नेशनल बूक ट्रस्ट, नई दिल्ली, 1994,पृ0 6
8. वही, पृ0 8–9
9. राजु, पी0ए0, ***गाँधी एण्ड हिज रिलिजन,*** कान्सेप्ट पब्लिशिंग कम्पनी, नई दिल्ली, 2000, पृ0 21
10. राव, यू0 एस0 मोहन (सम्पा), ***द मैसेजेस ऑफ महात्मा गाँधी,*** पब्लिकेशन डिविजन, नई दिल्ली, 1968, पृ0 38
11. वही, पृ0 41
12. कृपलानी जे0बी0, ***गाँधी हिज लाइफ एण्ड थॉट,*** पब्लिकेशन डिविजन, नई दिल्ली, 1970, पृ0 342
13. वही, पृ0 343
14. कुपलानी जे0बी0, ***द गाँधीयन वे, वोरा एण्ड कम्पनी,*** बाम्बे, 1945, पृ0 340–341
15. वही, पृ0 147
16. राव, एम0 चलपथी, ***गाँधी एण्ड नेहरू,*** अलाएड पब्लिर्शर, कलकत्ता, 1967, पृ0 27
17. सितारमैय्या, बी0 पट्टाभि, ***गाँधी एण्ड गाँधीज्म,*** वाल्यूम– II किताबिस्तान, इलाहाबाद, पृ0 438
18. जान्स, इ स्टेनली, ***महात्मा गाँधी,*** हाडर एण्ड, स्टोघन, लंदन, 1948, पृ0 75
19. नंदा, बी0आर0, ***महात्मा गाँधी ए बायोग्राफी,*** ऑक्सफॉर्ड यूनिवर्ससिटी प्रेस, नई दिल्ली, 1958, पृ0 69–70
20. नंदा, बी0आर0, ***महात्मा गाँधी,*** न्यू एज इंटरनेशनल पब्लिर्शस, नई दिल्ली, 1995, पृ0 146–147
21. सिंह, अमर ज्योति, पूर्वोद्धृत, पृ0 235

# गाँधी दर्शन एवं मुगलकालीन हिन्दी साहित्य

**शाहबाज आलम***

महात्मा गाँधी को हिन्दी के प्रति विशेष प्रेम था। इसीलिए उन्होंने हिन्दी के माध्यम से समस्त भारतीयों को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया था। हिन्दी साहित्य पर गाँधीजी का प्रभाव पूरी परिशुद्धता के साथ व्याप्त है। गाँधीजी के आदर्शों का प्रभाव जहाँ हिन्दी के कथा साहित्य पर संपूर्णता में व्याप्त हुआ है, वहीं कविता साहित्य भी इससे अछूता नहीं रहा। भारतीय समन्वयवादी संस्कृति की पूंजी माने जाने वाले महान ग्रन्थ रामायण एवं गोस्वामी तुलसीदास रचित रामचरितमानस को उन्होंने अपना जीवनादर्श माना। मध्यकालीन हिन्दी साहित्य तत्कालीन समाज के अनेक पहलुओं को उजागर करता है। इस काल में भक्त और सूफी संतों ने हिन्दू और इस्लाम धर्मों के बुनियादी तत्वों के बारे में धीरे–धीरे एक समझ पैदा की। इसके कारण आपसी सामंजस्य और सहिष्णुता की भावना मजबूत हुई। संत कवियों में कबीरदास, रैदास, धर्मदास, गुरूनानक, मलूकदास, दादू दयाल आदि प्रमुख है। ये संत कवि अधिकाशंतः निम्न वर्ग के लिए धर्म के द्वार खोल दिए। इन कवियों ने पुरानी रूढ़ियों और मिथ्या आंडबरों का घोर विरोध किया। इस प्रकार संत कवियों ने हिन्दू और मुसलमान दोनों के लिए धर्म का आडंबररहित सरल मार्ग प्रशस्त किया। इस प्रकार मध्ययुगीन संत कवियों एवं विद्वानों की धार्मिक तथा सामाजिक क्षेत्र में की गई सेवाएँ महत्वपूर्ण है। सभी संत समाज की विषमताओं के प्रति जागरूक थे। वे विभिन्न सम्प्रदायों तथा जातियों में समन्वय के लिए सचेष्ट थे। इनकी भक्ति मूलक रचनाएँ साहित्य की ऐसी निधि है, जो आज भी प्रेरणा की स्रोत है। इन सन्तों ने हिन्दू–मुस्लिम सामंजस्य की पृष्ठभूमि तैयार की।

महात्मा गाँधी को हिन्दी के प्रति विशेष प्रेम था। इसीलिए उन्होंने हिन्दी के माध्यम से समस्त भारतीयों को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया था। हिन्दी साहित्य पर गाँधी का प्रभाव पूरी परिशुद्धता के साथ व्याप्त है। गाँधीजी के आदर्शों का प्रभाव जहाँ हिन्दी के कथा साहित्य पर संपूर्णता में व्याप्त हुआ है, वहीं कविता साहित्य भी इससे अछूता नहीं रहा। भारतीय समन्वयवादी संस्कृति की पूंजी माने जाने वाले महान ग्रंथ रामायण व गोस्वामी तुलसीदास रचित रामचरितमानस को उन्होंने अपना जीवनादर्श माना। महात्मा गाँधी ने जीवन व्यतीत करने और बेहतर समाज विकसित करने के कुछ सिद्धांत दिए थे। इन सिद्धांतों को ही

*शोध छात्र, इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची (झारखण्ड)

गाँधीवाद कहा जाता है। आगे उनके यही विचार गाँधीवादी सिद्धांत या गाँधी दर्शन के रूप में स्थापित हो गएं। भारत की लगभग सभी भाषाओं के साहित्य पर गाँधी के मानवतावादी वैचारिक चिंतन का गहरा असर हुआ है। विशेषतः हिन्दी साहित्य और साहित्यकार गाँधी दर्शन से सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं। यही कारण है कि हिन्दी साहित्य और साहित्यकार उनके अधिक निकट आ गए और उन्होंने अपनी कथा, कविता, उपन्यास, नाटक आदि विधाओं में गाँधी के आदर्शों, विश्वासों एवं दर्शन को प्रसंगानुरूप चित्रित किया है। साहित्य का लक्ष्य मनुष्य है। गाँधी विचारधारा से प्रभावित साहित्यकार की दृष्टि में भी मानवता का ही विशेष महत्त्व है। उसकी दृष्टि में मानव ही समस्त शक्तियों का सामूहिक रूप हैं इस विचारधारा ने स्वाधीनता के बाद भी हिन्दी साहित्य को प्रभावित किया है। इस दृष्टिकोण को ग्रहण कर स्वतंत्र काल के अनेक साहित्यकारों ने वर्तमान जीवन की समस्याओं को साहित्यिक अभिव्यक्ति प्रदान की है और जनजीवन की अनेक समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए हैं। इस गाँधी विचारधारा का ही प्रभाव है कि हिन्दी साहित्य–प्रणेता सर्वव्यापी अनास्था और आत्मघाती व्यक्तिवाद के मार्ग पर भटककर अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति उदासीन नहीं हुए। यह हिन्दी साहित्य की महान उपलब्धि है।

गाँधीजी के दर्शन की उपयोगिता मध्यकालीन भारत के साहित्य के सन्दर्भ में भी महत्वपूर्ण है। मध्यकालीन हिन्दी साहित्य तत्कालीन समाज के अनेक पहलुओं को उजागर करता है। इस काल में भक्त और सूफी संतों ने हिन्दू और इस्लाम धर्मों के बुनियादी तत्वों के बारे में धीरे–धीरे एक बेहतर समझ पैदा की और इस बात पर जोर दिया कि उनके बीच बहुत समानता है।[1] तुलसीदास राम भक्ति के कवियों में श्रेष्ठतम थे, जिन्होंने अपने प्रसिद्ध महाकाव्य रामचरितमानस की रचना की।[2] श्री रामचरित मानस के नायक श्रीराम हैं जिनको एक पर्यादा पुरोषोत्तम के रूप में दर्शाया गया है। मध्यकाल में गोस्वामी तुलसीदास रचित रामचरित मानस को गाँधीजी ने अपना जीवन का आदर्श माना था। गाँधीजी के रामराज्य के युगल सिद्धान्त सत्य, अहिंसा में निहित है। गाँधीजी सत्य एवं अहिंसा दोनों को ही किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति में महत्त्वपूर्ण मानते थे। सत्य एवं अहिंसा समाज में भेदभाव को समाप्त करता हैं। भेदभाव जैसी कुरीति के दूर होते ही समाज रामराज्य जैसी अवधारणा की ओर बढ़ता है। रामराज्य की स्थापना का उद्देश्य ही समाज को सभी प्रकार की कुरीतियों, कष्टों व आर्थिक कमजोरियों से मुक्ति दिलाकर आत्मनिर्भरता की प्राप्ति है। रामराज्य में किसी भी मनुष्य को दैहिक, दैविक और भौतिक समस्याओं से परेशान नहीं होना पड़ता। सभी मनुष्य आपस में प्रेम से रहते हैं। वे नीति और मर्यादा में तत्पर रहकर अपने–अपने मनुष्योचित धर्म का पालन करते हैं। इस प्रकार मध्यकाल में गोस्वामी तुलसीदास ने रामराज्य की संकल्पना प्रस्तुत की और गाँधीजी ने भी इसे अपनाने पर बल दिया।

गाँधी युग की रणनीति में रचनात्मक कार्य की महत्वपूर्ण भूमिका थी। इसके मुख्य पहलू थे – खादी, कताई तथा ग्रामोद्योगों का प्रसार, राष्ट्रीय शिक्षा और हिन्दू–मुस्लिम एकता, अस्पृश्यता के खिलाफ संघर्ष तथा हरिजनों की सामाजिक हैसियत में सुधार एवं विदेशी वस्त्र तथा शराब का बहिष्कार। गाँधीजी ने छुआछूत खत्म करने की सबसे अधिक प्राथमिकता दी और घोषणा की कि छुआछूत के खिलाफ संघर्ष आजादी के लिए संघर्ष से कम महत्पूर्ण नहीं है। मध्यकालीन भारत में सूफी व भक्ति संतों ने धर्म संबंधी दृष्टिकोण में भी महत्वपूर्ण परिवर्तन पैदा किए और दिखावे की रस्मों–अनुष्ठानों की जगह सच्ची आस्था पर जोर दिया। उन्होंने क्षेत्रीय भाषाओं और उनके साहित्य के विकास में भी योगदान दिया।[3] मध्यकालीन कवियों का विश्वास था कि ज्ञान के द्वारा हृदय के अंदर ही ब्रह्म का साक्षात्कार किया जा सकता है। सभी संत कवि वर्णाश्रम व्यवस्था के घोर विरोधी थे और सामाजिक समता एवं एकता के समर्थक थे। ये संत कवि अधिकांशतः निम्न वर्ग के थे और इन्होंने अपने प्रयासों से निम्न वर्ग के लिए धर्म के द्वार खोल दिए। इन कवियों ने पुरानी रूढ़ियां और मिथ्या आडंबरों का घोर विरोध किया। इस प्रकार संत कवियों ने हिन्दू और मुसलमान दोनों के लिए धर्म का आडंबर रहित सरल मार्ग प्रशस्त किया।[4] मध्यकाल में संत कवियों में कबीरदास, रैदास, धर्मदास, गुरूनानक, मलूकदास, दादू दयाल आदि प्रमुख हैं इन कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक समता पर अत्यधिक बल दिया। गाँधीजी ने भी इन सन्तों की भांति सामाजिक समता पर अत्यधिक बल दिया। गाँधीजी का मानना था कि जाति भेद, अस्पृश्यता, सामाजिक अन्याय, महिलाओं का गौण दर्जा, श्रम को नीच समझना आदि अनेक कारण थे जिनसे हमारा समाज कमजोर बना। उन सभी कारणों के निराकरण हेतु गाँधीजी ने विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम आजादी की लड़ाई के साथ–साथ ही चलाए। उन्हीं कार्यक्रमों में से एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, अस्पृश्यता निवारण। गाँधीजी द्वारा चलाए गए अस्पृश्यता– निवारण और सामाजिक समता की स्थापना के कार्य के पीछे एक अनोखा दर्शन है प्रायश्चित का। गाँधीजी कहा करते थे कि जिनके पुरखों ने अस्पृश्यता चलाने का पाप किया है, उन्हीं को प्रायश्चित के रूप में अस्पृश्यता निवारण का कार्य करना चाहिए और अछूत माने जाने वाले भाई–बहनों की सेवा कर उन्हें समानता की भूमिका पर लाना चाहिए।

1000 से 1800 ईसवी सन् के बीच मध्यकालीन भारतीय साहित्य का सर्वाधिक शक्तिशाली रूझान भक्ति काव्य है जिसका देश की लगभग सभी प्रमुख भाषाओं पर आधिपत्य है।[5] भारत के मध्यकाल ने असाधारण गुणवत्ता से परिपूर्ण भक्ति साहित्य ने एक अति समृद्ध परम्परा को जन्म दिया जो भारत के इतिहास के एक अंधकारमय युग की अंधविश्वासी धारणाओं का खण्डन करती है। भक्ति साहित्य मध्यकालीन युग की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण घटना है।[6] भक्ति काव्य में उन्नति के परिणामस्वरूप क्षेत्रीय भाषाओं ने भी उन्नति की।[7]

गाँधीजी भी हिन्दी भाषा के विकास को महत्व देते थे। इसके लिये उन्होंने विभिन्न असवरों पर इसकी प्रगति के लिये प्रयास किये। इसके साथ ही क्षेत्रीय भाषाओं के विकास में भी रूचि प्रदर्शित की। मध्यकाल में हिन्दी का स्वरूप स्पष्ट हो गया तथा उसकी प्रमुख बोलियाँ विकसित हो गई। इस काल में भाषा के तीन रूप निखरकर सामने आए– ब्रजभाषा, अवधी व खड़ी बोली। ब्रजभाषा और अवधि का अत्यधिक विकास हुआ तथा तत्कालीन ब्रजभाषा साहित्य को कुछ देशी राज्यों का संरक्षण भी प्राप्त हुआ। इनके अतिरिक्त मध्यकाल में खड़ी बोली के मिश्रित रूप का साहित्य में प्रयोग होता रहा। इसी खड़ी बोली का 14वीं सदी में दक्षिण में प्रवेश हुआ, अतः वहाँ पर इसका साहित्य में अधिक प्रयोग हुआ। 18वीं सदी में खड़ी बोली को मुसलमान शासकों का संरक्षण मिला तथा इसके विकास को नई दिशा मिली।[8] गाँधीजी ने भी हिन्दी एवं क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण की बात कही तथा हिन्दी को जनमानस में लोकप्रिय बनाने का कार्य किया। उनका कहना था कि हिन्दी लोगों में सम्पर्क सूत्र का कार्य करेगी।

महात्मा गाँधी हिन्दू–मुस्लिम एकता के प्रबल समर्थक थे। इसके लिये उन्होंने जीवन भर अथक प्रयास किया। उनका कहना था कि विभिन्न धर्मों के बीच एकता ही भारत देश को विभिषिका से बचा सकती है। भाईचारे की भावना ही देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करेगी। इसके लिये उन्होंने देश के हर भागों का दौरा किया एवं लोगों को समझाने का भी प्रयास किये। मध्यकालीन भारत में भी हिंदू–मुस्लिम एकता के बीज इच्छी तरह से पनप चुके थे।[9] दोनों ने ही सामाजिक सांस्कृतिक क्षेत्र में नए मानव संबंधों को निर्मित तथा परिष्कृत करने के लिए मानवतावादी कदम भी उठाया था।[10] हिन्दू–मुस्लिम एकता स्थापित करने में मध्ययुगीन भारतीय सन्तों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इन सन्तों ने देश के विभिन्न भागों में जाकर लोगों को संगीत एवं कविता के माध्यम से लोगों में प्रेम का प्रसार किया।[11] भक्तिकाल के उत्तरार्द्ध से ही हिंदुओं को मुगल दरबार में सम्मान तथा उच्च पद प्राप्त होने लगे थे। तुलसीदास चाहे उस समाज से दूर रहे हो, किंतु गंगकवि उसी समाज में सम्मानित थे।[12] सभी वर्गों के हिंदुओं को राजदरबार में प्रवेश करने का मौका मिलना बड़ी अच्छी बात थी।[13] इस कारण से वे मुगलों की सहिष्णुता, शान–शौकत एवं शिष्टाचार से प्रभावित होकर अपने हिंदू–समाज में उसी ढंग के सामाजिक–धार्मिक परिवर्तन करने लगे थे। अब राम और रहीम रामायण और कुरान ही पास नहीं आए थे, हिंदू–मुसलमान रहन–सहन, वेश–भूषा, आचार–विचार आदि में भी पास आ गए थे।[14] हिन्दी का मध्ययुगीन सूफी काव्य इसी तथ्य की पुष्टि करता है। सूफियों की उदार और व्यापक प्रेम–भावना ने इस काल के तमाम संत–साहित्य को सामाजिक सहिष्णुता से संपन्न और समृद्ध किया है।[15]

गाँधीजी ने गुरू की महत्ता पर भी विशेष बल दिया है। उनका कहना था कि गुरू की सेवा करना एक बड़ा धर्म है। सभी छात्रों को गुरू की सेवा करना परमावश्यक होनी चाहिए। मध्यकालीन भारतीय इतिहास में मलिक मुहममद जायसी की पद्मावत एक प्रमुख कृति है।

पद्मावत का हिन्दी साहित्य में बड़ा महत्वपूर्ण योगदान है।[16] इस ग्रन्थ में गुरू की महत्ता पर अत्यधिक बल दिया गया है। जायसी ने प्रेम काव्य के द्वारा सम्पूर्ण सूफीवादी दर्शन को प्रस्तुत करने का प्रयास किया है।[17]

गाँधीजी ने अपने राष्ट्रवाद को भारत की चिर पुरातन आध्यात्मिक एवं दार्शनिक विचारधारा पर आश्रित किया था। गाँधीजी का वेद ग्रन्थ तथा भारत की अति पुरातन धर्म–व्यवस्था में पूर्ण विश्वास और श्रद्धा थी। वास्तव में गाँधी–दर्शन का हिन्दी साहित्य में देश के जन–जीवन के साथ जो घनिष्ठ संबंध स्थापित किया गया है, वह अपूर्व है हिन्दी साहित्य में गाँधी–दर्शन देशवासियों की सत्य, अहिंसा की भावना को प्रगाढ़ करता है, साथ ही राष्ट्रीय भावना को प्रोत्साहित करता है। गाँधी दर्शन मूलतः आध्यात्मिक जीवन दर्शन है, जो जीवन का सत्य है और मानव की सप्रवृतियों में भी अनन्य विश्वास है, जिसके माध्यम से अन्याय, अत्याचार तथा शोषण की समस्या का अहिंसात्मक रीति से समाधान मिलता है। गाँधी–दर्शन से प्रभावित हिन्दी साहित्य परिधान से सुसज्जित होकर युग–युग के लिए देश–जीवन की राष्ट्र–निर्माण की प्रेरणा देता है। मध्यकालीन भारत में जितने भी हिन्दी के प्रमुख ग्रन्थों का रचना किया गया है, इनमें राष्ट्रीयता की भावना का पूर्ण अभाव था। ये कवि अपने चरितनायकों के शौर्य, युद्ध–कौशल, धर्मप्रियता आदि का बड़ी रसमयी सशक्त भाषा में वर्णन करते थे।[18] इन कवियों की रचनाओं में जन–जीवन का चित्रण नहीं होता था। इसमें खुमाण रासो, बीसलदेव रासो, परमाल रासो, पृथ्वीराज रासो प्रमुख हैं। संपूर्ण रासो साहित्य में सबसे अधिक प्रख्यात पृथ्वीराज रासो हैं जो हिन्दी का प्रथम महाकाव्य है।[19] इन साहित्यिक रचनाओं से समकालीन समाज के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश पड़ता है। पृथ्वीराज रासो की भाषा हिन्दी की भाषा का वह रूप है जिसमें राजस्थानी बोलियों का सम्मिश्रण है और जिसे 'पिंगल शैली' कहा जाता है। अलंकार, छंद, भावस्तु आदि सारी दृष्टियों से इस ग्रंथ को आदिकाल की सर्वश्रेष्ठ कृति कहा जा सकता है। समकालीन लौकिक हिन्दी साहित्य के अमर कवि अमीर खुसरो हैं, जो सामंतवादी प्रवृत्तियों से पूर्णतः विलग समकालीन जन–संस्कृति के प्रतीक है। उन्होंने जन–जीवन के साथ घुल–मिलकर साहित्य की रचना की और जनता के मनोरंजन के लिए पहेलियाँ और मुकरियाँ लिखीं।[20]

गाँधीजी का धर्म न केवल हर धर्म का सम्मान करता है बल्कि सारी मानवता को एक कुटुंब के विभिन्न अंग मानता है। गाँधी की धार्मिकता केवल सत्य और नैतिकता पर आधारित है। गाँधीजी का विभिन्न धर्मों को मानने वालों पर समान रूप से महत्व देते थे। मध्यकालीन भारत में दारा शिकोह की पुस्तक 'मज्मउल बबरैन'' में दिखाया गया है कि हिन्दू और मुसलमान दोनों धर्म एक ही ईश्वर तक पहुँचने के लिए दो अलग–अलग मार्ग है।[21] सूफीवाद और तौहिद के जिज्ञासु दारा ने सभी हिन्दू और मुसलमान संतो से सदैव संपर्क रखा। 'रिसाला ए हकनुमा' में सूफीवाद का दार्शनिक विवेचन है। 'अक्सीर ए आजम' नामक उसके कविता संग्रह से उसकी

सर्वेश्वरवादी प्रवृति का बोध होता है। दारा कृत उपनिषदों का अनुवाद दो विश्वासपथों – इस्लाम और वेदांत के एकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान है।[22]

इस प्रकार उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि महात्मा गाँधी का हिन्दी साहित्य का योगदान अमूल्य है। उन्होंने हिन्दी के माध्यम से समस्त भारतीय को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया था। यही कारण है कि हिन्दी साहित्य और साहित्यकार उनके अधिक निकट आ गए और उन्होंने अपनी कथा, कविता, उपन्यास, नाटक आदि विधाओं में गाँधी के आदर्शों, विश्वासों एवं दर्शन को प्रसंगानुसार चित्रित किया है। मध्ययुगीन संत कवियों एवं विद्वानों की धार्मिक तथा सामाजिक क्षेत्र में की गई सेवाएँ महत्वपूर्ण है। इन संतों ने हिन्दी साहित्य में अनेक रचनाएँ की तथा हिन्दी साहित्य को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन संतों के आध्यात्मिक तथा सामाजिक विचारों में विभिन्नताएँ भी थीं, किन्तु उनके उद्देश्यों की समानताएँ स्पष्ट है। सभी समाज की विषमताओं के प्रति जागरूक थे। वे विभिन्न सम्प्रदायों तथा जातियों में समन्वय के लिए सचेष्ट थे। इनकी भक्ति मूलक रचनाएँ साहित्य की ऐसी निधि है जो आज भी प्रेरणा की स्रोत है।

## संदर्भ सूची

1. चन्द्र सतीश, *मध्यकालीन भारत*, ओरियंट ब्लैकस्वॉन, नई दिल्ली, 2015, पृ.–367
2. शुक्ल रामचंद्र, *हिन्दी साहित्य का इतिहास*, प्रकाशन संस्थान, नई दिल्ली, 2016, पृ. 100
3. चन्द्र सतीश, पूर्वोद्धृत, पृ. 368
4. द्विवेदी हजारी प्रसाद, *हिन्दी साहित्य की भूमिका*, हिन्दी–ग्रन्थ–रत्नाकर कार्यालय, बम्बई, 1963, पृ. 78
5. हरीशचंद्र वर्मा, *मध्यकालीन भारत*, हिंदी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय, दिल्ली, पृ. 486
6. वही, पृ. 487
7. वही, पृ. 489
8. रशीद अब्दुल, *सोसाइटी एण्ड कल्चर इन मेडिवल इण्डिया*, के0एल0 मुकोपाध्याय, कलकत्ता, 1969, पृ. 248
9. वर्मा हरीशचंद्र, पूर्वोद्धृत, पृ. 600
10. वही, पृ0 601
11. चौबे झारखण्डे, *मध्ययुगीन भारतीय समाज एवं संस्कृति उत्तर प्रदेश*, हिन्दी संस्थान, लखनऊ, 2005, पृ. 339
12. वही, पृ. 340
13. वही, पृ. 342

14. चन्द्र सतीश, पूर्वोद्धृत, पृ. 267
15. निजामी के0ए0, *दि लाइफ एण्ड टाइम ऑफ शेख फरीदुद्दीन*, जायेद प्रेस, दिल्ली, 1955, पृ. 126
16. जायसवाल अखिलेश, *मध्यकालीन भारत का इतिहास*, प्रयाग पुस्तक भवन इलाहाबाद, 1992, पृ0 177
17. वही, पृ0 178
18. वर्मा हरीशचन्द्र, पूर्वोद्धृत, पृ0 490
19. वही, पृ0 491
20. वही, पृ0 492
21. श्रीवास्तव ए0एल0, *मेडिवल इण्डियन कल्चर, शिवलाल अग्रवाल एण्ड को0*, आगरा, 1964, पृ0 128
22. जायसवाल अखिलेश, पूर्वोद्धृत, पृ0 182

# गाँधी दर्शन एवं महिला सशक्तिकरण

अशोक कुमार महतो*

महात्मा गाँधी विश्व इतिहास के उन महापुरूषों में से है, जिन्हें युग पुरूष की संज्ञा दी जाती है। भारतीय इतिहास का वह काल–खण्ड जिसमें भारतीय समाज एवं राजनीति में गाँधीजी सक्रिय रहे उसे गाँधी युग के नाम से जाना जाता है। गाँधी जी एक विशाल व्यक्तित्व के स्वामी थे और भारतीय राजनीति, धर्म, समाज एवं अर्थव्यवस्था के प्रति उनका अपना चिन्तन एवं दर्शन था। महिलाएँ किसी भी समाज का महत्वपूर्ण एवं सबसे संवेदनशील भाग होती हैं। महिलाओं के बारे में गाँधी जी के अपने विचार एवं दर्शन थे।

महात्मा गाँधी–स्त्री पुरूष के समानता के बहुत बड़े हिमायती थे। वे कहते थे कि स्त्रियों के अधिकारों के सवाल पर मैं किसी तरह का समझौता नहीं कर सकता। मेरी राय में उनपर ऐसा कोई कानूनी प्रतिबंध नहीं लगाया जाना चाहिए, जो पुरूषों पर न लगाया गया हो। पुत्रों और कन्याओं में किसी तरह का भेद नहीं होना चाहिए उनके साथ पूरी समानता का व्यवहार होना चाहिए।[1] गाँधी जी का अहिंसा पर दृढ़ विश्वास था और वे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में स्त्री–पुरूषों समानता की बात करते थे, चाहे वह क्षेत्र सामाजिक, आर्थिक क्षेत्र हो अथवा राजनीतिक उनके विचार से किसी भी क्षेत्र में असमानता अंततः शोषण को जन्म देता है और यह भी एक तरह का हिंसा ही है। गाँधी जी कभी स्त्री पुरूष में भेद नहीं करते थे। उनके आश्रम के सिद्धान्त एवं व्यवहार में यह परीलक्षित होता था और वहाँ सभी के साथ समानता का व्यवहार होता था। उनके अनुसार प्राचीन काल में जीवन के हर क्षेत्र में स्त्री–पुरुष समान थे यहाँ तक कि बौद्धिक और धार्मिक क्षेत्र में भी। उसे अर्धांगिनी और सहधर्मिनी कहा जाता था परन्तु दुर्भाग्य से बाद के काल में महिलाओं से बहुत सारे अधिकार एवं सुविधाएँ छीन ली गई और वे दीन–हीन अवस्था में चली गई।[2]

गाँधी जी स्त्री शिक्षा के बहुत बड़े पैरोकार थे। वे मानते थे कि स्त्रियों को भी शिक्षा का उतना ही अधिकार है, जितना कि पुरूषों को, हलांकि वह स्त्री एवं पुरूष को उसके आवश्यकता के अनुरूप शिक्षा देने की बात करते थे। शिक्षा के द्वारा ही महिलाएँ अपने वर्तमान जीवन की समस्याओं को समझ कर उनका समाधान कर सकती हैं तथा आपना सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक नैतिक तथा आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। गाँधी जी नारी शिक्षा का भरपूर समर्थन करते हुए कहते थे कि जैसे–जैसे वे शिक्षित होती जाएँगी वे दिखाई देने वाली

*यू0जी0सी0 सीनियर रिसर्च फेलो, विश्वविद्यालय इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची।

असमानताओं के प्रति अधिक जागरूक और संवेदनशील होती जाएगी। इस समय वे स्वभाविक रूप से उसका प्रतिकर करने लगेगी। गाँधी जी नारी अधिकारों के प्रति भी बहुत मुखर रहे वे पैतृक सम्पत्ति में बेटियों को बेटों के बराबर अधिकार देने की बात करते थे। उनके अनुसार महिलाओं को भी हर वह कानूनी अधिकार प्राप्त होनी चाहिए, जो पुरूषों को प्राप्त है, वे महिलाओं को पुरूषों का इच्छा पूर्ति का एक खिलौना मात्र नहीं समझते थे। बल्कि हर क्षेत्र में पुरूष के साथ बराबर का भागीदार समझते थे।[3] गाँधी जी स्त्रियों के अधिकार के संबंध में कहते हैं कि मैं इस बात का समर्थन करूँगा कि स्त्री जाति पर से सभी कानूनी निर्योग्यताएँ हटा देनी चाहिए।[4]

विवाह के संबंध में गाँधी जी का विचार था कि यह जीवन की एक स्वभाविक घटना है और उसे किसी भी तरह कुत्सित मानना गलत है। आदर्श यह है कि विवाह को एक पवित्र संस्कार समझा जाए और तद्अनुसार विवाहित अवस्था में संयम का पालन किया जाए।[5] गाँधी जी बाल–विवाह के सख्त खिलाफ थे क्योंकि उनके अनुसार बाल–विवाह के बाद शायद ही कभी लड़की स्कूल जा पाती थी और शिक्षा के अभाव में उसे जीवन में बहुत सारे समस्याओं का सामना करना पड़ता था। न तो वे घर परिवार को संभाल सकती थी न ही अपने बच्चों का ही लालन–पालन सही तरीके से कर सकती थी। अतः इससे परिवार में कई अन्य तरह की समस्याएँ उत्पन्न होती थी। ऐसी परिस्थिति में अगर कोई स्त्री विधवा हो जाए जो उसका जीवन नर्क के समान हो जाता था। एक बाल विधवा जिसने विवाह को ठीक से समझा भी नहीं और न ही कभी ठीक से दांपत्य सुख का ही भोग किया वह समाज में एक विधवा के रूप में अपना जीवन जी रही है। इसे शाश्वत वैधव्य कहा जा सकता है। जो समाज पर एक कलंक के समान है। समाज जबरन उस बाल–विधवा को वैधव्य के सारे दोष और दुःख का भागीदार बना देती थी। उसे अशुभ समझा जाता था इस कारण वह किसी शुभ कार्य में न तो खुद भाग ले सकती थी और न ही कहीं आ–जा सकती थी। उसे सामाजिक तिरस्कार शारीरिक मानसिक शोषण की जो यातना सहनी पड़ती थी वह अवर्णनीय है। गाँधी जी ऐसे विधवाओं को जो बहुत ही कम उम्र में विधवा हो गई हैं उसे विधवा मानते ही नहीं थे। ऐसे विधवा स्त्रियाँ जो कम उम्र में ही विधवा हो गई हो जिनका कोई संतान नहीं हो और जो एकदम युवा हो ऐसी स्त्रियों का पुनर्विवाह कराना गाँधी जी साहस और पुण्य का कार्य मानते थे। वे कहते थे कि अगर हम शुद्ध हैं और हमें हिन्दु धर्म की रक्षा करनी है तो हमें शाश्वत वैधव्य के जहर से हिन्दू समाज को बचाना होगा।

वे विधवाओं के पुनर्विवाह पर लगाये जाने वाले सभी सामाजिक, धार्मिक प्रतिबंधों के खिलाफ थे ऐसी महिलाएँ जिनकी कोई संतान नहीं है, उनका पुनर्विवाह होना चाहिए। ऐसी विधवा महिलाएँ जिनके संतान है उन्हें आने पहले प्रेम के प्रति एवं अपने बच्चों के प्रति इमानदार रहना चाहिए। परन्तु वे मानते थे कि यही शर्त बराबर मात्रा में एक आदमी के लिए भी लागू होता है। अगर कोई व्यक्ति विधुर हो गया हो जिसके संतान है, तो उसे भी अपने संतान एवं मृत पत्नी के प्रति ईमान्दार रहना चाहिए। अगर कोई विधवा अकेली नहीं रहना चाहती तो उसे पुनर्विवाह का अधिकार है

और समाज को ऐसे विवाहों को निकृष्ट दृष्टि से नहीं देखनी चाहिए।[6]

गाँधी जी विवाह में होने वाले भारी फिजुलखर्जी और दिखावा के भी खिलाफ थे, वे चाहते थे कि विवाह साधारण विवाह समारोह के माध्यम से होना चाहिए बहुत से साधारण विवाह समारोह गाँधी जी के आश्रम में सम्पन्न हुए जो आश्रम के साधारण प्रार्थना के माध्यय से सम्पन्न कराये गए। नव दम्पत्ति को आर्शिवाद देने के साथ ही उसे भगवत गीता की एक प्रति भेंट करते थे तथा उसके, उदाहरणों को समझा कर साधारण और दिखावा रहित जीवन–जीने के लिए प्रेरित करते थे। गाँधी जी के प्रभाव में आकर कई अमीर लोग भी अपने बच्चों का विवाह गाँधी आश्रम में साधारण विवाह समारोहों के माध्यम से कराते थे।

गाँधी जी दहेज प्रथा के भी सख्त खिलाफ थे बहुत से निम्न और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए यह किसी दुःस्वप्न से कम नहीं होता था। वे अपने घर में पुत्र होने पर खुशी मनाते थे तथा पुत्री होने पर शोक प्रकट करते थे। वे कहते थे कि मुझे इस बात की कोई कारण दिखाई नहीं देता है कि पुत्र एवं पुत्री में व्यक्तिगत विभेद किया जाए तथा एक के लिए खुशी मनाई जाए वहीं दूसरे के लिए मातम। दोनों ही भगवान के उपहार हैं जीने का दोनों को ही बराबर अधिकार है और इस संसार को आगे बढ़ाने के लिए दोनों ही आवश्यक है।[7]

गाँधी जी पर्दा प्रथा के भी खिलाफ थे। यह न केवल महिलाओं के स्वतंत्र घुमने–फिरने को प्रभावित करता था, बल्कि समाज के लिए जरूरी कार्यों को करने की उनकी क्षमता को भी प्रभावित करता था। पर्दा प्रथा, समाज में महिलाओं के स्वतंत्रता एवं उनके विकास को विपरीत रूप से प्रभावित करता है। महिला की पवित्रता कोई ऐसी चीज नहीं है, जिसे हम पर्दे की दीवार खड़ी करके उसकी रक्षा कर सकते हैं उसकी पवित्रता उसकी अपनी अंतःमन से आनी चाहिए। और स्त्री को अपनी पवित्रता की रक्षा स्वयं करने में सक्षम होना चाहिए। पर्दा न केवल स्त्री की स्वतंत्रता को कम करता है, बल्कि हमारी सामाजिक संकीर्णता और हमारी कमजोरियों को भी इंगित करता है। हम अपने समाज में महिलाओं के साथ कैसा व्यवहार कर रहे हैं अपने संकीर्ण सोंच एवं अपनी कमजोरियों को छुपाने के लिए स्त्रियों को पर्दे में छुपा रहे हैं।[8]

विवाह स्त्री–पुरूष के बीच एक सामाजिक संबंध है तथा यह विवाह–सूत्र में बंधे हुए दोनों साथियों को एक–दूसरे के साथ शारीरिक संबंध का अधिकार देता है। परन्तु इस अधिकार की एक मर्यादा है। इस अधिकार का उपयोग तभी हो जब दोनों साथी इस संबंध की इच्छा रखते हों। एक साथी दूसरे की अनिच्छा होते हुए भी इस संबंध की माँग करें ऐसा अधिकार विवाह नहीं देता है। जब दोनों में से कोई एक साथी नैतिक अथवा किसी अन्य कारण से दूसरे की ऐसी इच्छा का पालन करने में असमर्थ हो तब क्या करना चाहिए। यह एक अलग प्रश्न है। परन्तु व्यक्तिगत तौर पर यदि तलाक ही इस सवाल का एक मात्र उपाय हो तो गाँधी जी का मानना था कि अपनी नैतिक प्रगति को रोकने के बजाय तलाक श्रेष्यकर है। बशर्ते कि संयम का कारण नैतिक ही हो।

गाँधी जी विवाहित अवस्था को भी जीवन के दूसरे हिस्सों की तरह साधना की ही अवस्था

मानते थे। जीवन कर्त्तव्य पालन है और एक लगातार चलने वाली परीक्षा है। विवाहित जीवन का लक्ष्य दोनों साथियों का कल्याण साधना है। यहाँ इस जीवन में और इस जीवन के बाद भी। यह संस्था मानव जाति के हित के लिए हैं। दोनों में से कोई एक साथी विवाह के अनुशासन को तोड़े तो दूसरे को विवाह संबंध भंग करने का अधिकार हो जाता है। यहाँ विवाह संबंध का भंग नैतिक है, शारीरिक नहीं, लेकिन इसमें तलाक की बात नहीं है। स्त्री या पुरूष अपने साथी से अलग हो जाएगा। लेकिन उसी उद्देश्य की पूर्ती के लिए जिसके लिए वे विवाह सूत्र में बंधे थे। हिन्दु धर्म स्त्री पुरूष दोनों को दूसरे के समकक्ष मानता है। कोई किसी से न तो कम है, न ज्यादा। बेशक न जाने कब से स्त्री को छोटी और पुरूष को बड़ मानने वाला भिन्न रिवाज चल पड़ा है, जो भी हो एक स्त्री के लिए जब उसका विवाह संबंध दुःखद हो जाए उसका शारीरिक मानसिक शोषण हो तथा उसे अपने प्राण एवं दैहिक सुरक्षा पर खतरा महशूस हो तो विवाह संबंध को विच्छेद करने का अधिकार स्त्री के पास होना चाहिए।[9]

वैश्यावृत्ति के बारे में गाँधी जी का विचार था कि वैश्यावृत्ति दुनियाँ में हमेशा से ही है यह सही है परन्तु आज की तरह वह कभी शहरी जीवन का अभिन्न अंग रही होगी। इसमें मुझे शंका है। जो भी हो एक समय ऐसा जरूर आना चाहिए और आएगा जब मानव जाति इस अभिशाप के खिलाफ उठ खड़ी होगी और जिस तरह उसने दूसरे अनेक बुरे रिवाजों को भले ही वह कितने भी पुराने क्यों न हो मिटा दिया है। उसी तरह वैश्यावृत्ति को भी भूतकाल की चीज बना देगी।[10]

गाँधी जी ने भारतीय स्वाधीनता संघर्ष में भाग लेने के लिए महिलाओं का आह्वान करते हुए कहा कि भारतीय महिलाएँ स्वराज हासिल करने में पुरूषों से ज्यादा भागीदारी निभा सकती हैं। इस शांतिपूर्ण संघर्ष में वे पुरूषों से मीलों आगे रहेंगी भगवान ने उन्हें अहिंसा की शक्ति पुरूषों से कहीं अधिक दिया है। वे अहिंसा के प्राकृतिक संदेश वाहक है। यदि सिर्फ भारत की महिलाएँ जाग जाएँ तो कोई भी देश को स्वतंत्र करने से नहीं रोक सकता। ऐसा नहीं था कि गाँधी जी के भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में आने से पहले भारतीय महिलाएँ भारत के राजनीति क्षितिज पर उपस्थित नहीं थी इनसे पहले भी भारतीय महिलाएँ भारत के राजनीति में भाग लेती थी। कांग्रेस की स्थापना के कुछ काल बाद ही कांग्रेस के चौथे अधिवेशन में 1889 में दस महिलाओं ने भाग लिया था जिनमें स्वर्णकुमारी देवी, कादंबिनी गांगुली जो कलकत्ता विश्वविद्यालय की पहली महिला ग्रेजुएट थी तथा पंडित रमाबाई सरस्वती आदि प्रमुख थी। परन्तु गाँधी जी के अपील ने भारतीय स्वाधीनता संघर्ष में महिलाओं की वृहत भागीदारी को सुनिश्चित किया।[11]

संघर्ष की गाँधीवादी रणनीति जिसमें सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह तथा रचनात्मक कार्यक्रम का महत्वपूर्ण स्थान था, ने भारत के स्वाधीनता संघर्ष में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित किया। सविनय अवज्ञा आन्दोलन के दौरान गाँधी जी ने महिलाओं को इसमें विशेष रूप से अग्रगामी भूमिका निभाने के लिए कहा था। गाँधी जी ने एक बार कहा था ''महिलाओं को कमजोर कहना उनका अपमान है। यह पुरूषों का महिलाओं के प्रति अन्याय है।'' और 1930

में भारत की महिलाओं ने विशेष रूप से यह दिखा दिया कि वे शक्ति और सामर्थ्य में किसी से कम नहीं है। जो महिलाएँ अकेले कभी अपनी देहरी से बाहर नहीं निकली थी। जो पर्दे में रहती थी वे युवा माताएँ और विधवाएँ और विवाहित लड़कियाँ अक्सर सवेरे से शाम तक शराब की दुकानों के सामने तथा विदेशी कपड़ों के दुकानों और नशीले पदार्थों के दुकानों के आगे धरना दिए नजर आती थी। उस समय यह दृश्य बहुत सामान्य था। वे चुपचाप लेकिन दृढ़तापूर्वक लोगों से (ग्राहकों से) आग्रह करती थी कि वे अपना दृष्टिकोण बदलें।

बहादुरी का अहिंसक तरीका एक ऐसी चीज थी जिसकी तरफ जैसे–जैसे नमक सत्याग्रह आगे बढ़ता गया तथा अधिक शक्तिशाली रूप धारण करता गया, लोगों का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित हुआ। 21 मई को सरोजिनी नायडू गाँधी जी के पुत्र मणिलाल 2000 कार्यकर्त्ताओं को साथ लेकर उस घेरे के तरफ दृढता पूर्वक बढ़े जो धरासना नमक कारखाने की रक्षा के लिए बनाया गया था। जैसे ही वे नजदीक पहुँचे वैसे ही लौहे की झूठ वाली लाठी लेकर पुलिस आगे बढ़ी और निहत्थे सत्याग्रहियों पर तब तक लाठी बरसाती रही जब तक कि घायल होकर वे जमीन पर गिर नहीं पड़े। घायलों को वहाँ से हटाने का काम उनके अन्य साथियों ने किया और उनकी जगह दूसरा जत्था आगे बढ़ा। उनके साथ भी वही हुआ और यही क्रम आगे तक चलता रहा। इस तरह जत्थे के बाद जत्था आगे बढ़ता रहा और 11 बजे दोपहर तक 320 लोग घायल हो चुके थे। तथा दो लोग अपने प्राण गवाँ चुके थे। अमरीकी पत्रकार मिलर ने इसका ब्यौरा देते हुए लिखा ''बीसेक देशों में समाचार भेजने के अपने कार्यकाल के 18 वर्षों के दौरान मैंने असंख्य नागरिक विद्रोह देखे हैं, दंगे गली–कुचों में मारकाट और विद्रोह देखे है, लेकिन धरासना जैसे भयानक दृश्य मैंने कभी नहीं देखा है।'' उसके ब्यौरे में भारतीय राष्ट्रवाद की खुशबू हैं। जिसे कई देशों तक उसने पहुँचाया था तथा उसके द्वारा सत्याग्राहियों के शौर्य प्रदर्शन के विवरण ने अत्यंत प्रभावशाली तरीके से स्पष्ट किया कि अहिंसात्मक प्रतिरोध कोई कायरों का काम नहीं है।[12]

गाँधी जी के नेतृत्व में भारत का स्वाधीनता संघर्ष चलता रहा। महिलाओं ने गाँधी जी के रचनात्मक कार्यक्रमों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान भी महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई अरूण आसफ अली और सुचेता कृपलानी ने भूमिगत कार्रवाईयों के संगठन का काफी काम किया और उषा मेहता उस छोटे से समूह की महत्वपूर्ण सदस्या थी जो कांग्रेस रेडिया चलाती थी। जब आजाद हिंद फौज का गठन हुआ तो उसमे रानी झाँसी रेजीमेंट के नाम से स्त्री सैनिकों का भी एक दल बनाया गया। अंततः अनेक उतार–चढ़ाव के बाद 1947 ई0 को भारत आजाद हुआ।[13]

गाँधी जी ने महिलाओं का उद्वार एवं नारी सशक्तिकरण के लिए जितना कार्य किया शायद ही किसी और राजनीतिक सामाजिक नेता ने किया गाँधी जी न केवल एक समाज वैज्ञानिक थे बल्कि वे सामाजिक तकनीक में भी दक्ष थे उनके द्वारा चलाये गए रचनात्मक कार्यों से समाज का बहुमुखी विकास का रास्ता प्रशस्त हुआ। यह सत्याग्रह का ही एक विस्तृत आयाम था। सत्याग्रह

ने महिलाओं की भागीदारी एवं उनके आत्म विश्वास दोनों को बढ़ाया। रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से वे गाँधी जी के अहिंसक संघर्ष की रणनीति से सीधे तौर पर जुड़ गए। इससे वे सामाजिक बंधनों एवं पर्दा से निकल कर अपने अधिकारों हेतु संघर्ष के रास्ते पर आ गए।

गाँधीजी ने समाज में महिलाओं से जुड़े हर समस्या को छुआ और उसका अपने अनुभव ज्ञान एवं विवेक के आधार पर समाधान करने का प्रयास किया उन्होंने महिलाओं से जुड़े हर मुद्दे को छुआ चाहे वह बाल–विवाह का मुद्दा हो, विधवा–विवाह का मुद्दा हो, शादी, तलाक या फिर सामाजिक आर्थिक कोई भी मुद्दा हो वे महिलाओं को हर मामले में पुरूषों के बराबर समझते थे। स्वाधीनता संघर्ष में उन्हें भागीदार बनाना, उन्हें अपने अधिकारों एवं कर्त्तव्यों के प्रति अधिक जिम्मेदार एवं जवाबदेह बनाया। स्वतंत्रता के बाद भारतीय नारी को भारत के राष्ट्रीय जीवन में समान अवसर तथा अधिकार दिया गया। तथा इस मामले में पुरूषों के द्वारा कोई विरोध नहीं हुआ। यूरोप एवं विश्व के अन्य भागों में होने वाले महिला आंदोलनों की तरह भारतीय महिलाओं की अपने अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए अलग से कोई आन्दोलन नहीं करना पडा।[14]

स्त्री पुरूष एक दूसरे के पूरक है–

**नारी की निंदा मत करो, नारी नर की खान**
**नारी से नर होत है, ध्रुव प्रहलाद समान।**[15]

## संदर्भ सूची


1. गाँधी, महात्मा, ***मेरे सपनो का भारत,*** नवजीवन ट्रस्ट, अहमदाबाद, 2010, पृ0 190
2. कृपलानी, जे0बी0, ***गाँधी हिज लाइफ एण्ड थॉट***, पब्लिकेशन डिविजन, गर्वन्मेट ऑफ इंडिया, 1970, पृ0 392–93
3. कृपलानी, जे0बी0, पूर्वोद्धृत, पृ0 397
4. सम्पूर्ण गाँधी, वाड्.मय, खण्ड 42, पृ0 5–6
5. गाँधी, महात्मा, पूर्वोद्धृत, पृ0 191
6. कृपलानी, जे0बी0, पूर्वोद्धृत, पृ0 939–94
7. वही, पृ0 394
8. वही, पृ0 394
9. गाँधी, महात्मा, पूर्वोद्धृत, पृ0 193
10. वही, पृ0 194
11. बसु, अपर्णा, ***विमेन इन सत्याग्रह,*** पब्लिकेशन डिविजन, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, पृ0 12
12. चंद्र बिपिन, ***भारत का स्वतंत्रता संघर्ष***, हिन्दी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, 2003, पृ0 215–16
13. वही, पृ0 373–376
14. गाँधी, महात्मा, पूर्वोद्धृत, पृ0 397
15. गुप्त, गंगा प्रसाद, ***गाँधी वाणी,*** विभाकर मुद्रणालय, इलाहाबाद, पृ0 47

# गॉधी दर्शन : महिलाओं के संदर्भ में

**स्मिता तिग्गा***

पुरातन भारतीय समाज में समय–समय पर कोई ना–कोई एक व्यक्ति या संस्था खड़ी होती रही है जो समाज में आयी गिरावट को पुनः नए सिरे से समय की जरूरत के अनुसार परिवर्त्तित कर मूल सिद्धांत को पुनस्थापित करती रही है। तभी तो हमारी सनातन वैदिक दृष्टि आज तक कायम है। भारतीय जीवन दृष्टि के मूल सिद्धांतों में एक है स्त्री–पुरुष की बराबरी। इसे समझाने के लिए शिव और पार्वती के अर्धनारीश्वर परिकल्पना को दर्शाया गया अर्थात् दोनों जीवन के हर क्षेत्र में एक दूसरे के पूरक हैं। एक के बिना दूसरे की परिकल्पना नहीं की जा सकती। ''समाज में वर्तमान कुव्यवस्थाओं में बदलाव लाने के लिए समय–समय पर आए चिंतकों, विचारको और समाज सुधारकों ने अपने इतिहास से ही परिवर्तन के सूत्र उठाए। इसलिए तो अंधकार युग से समाज को निकालना हो या पुनर्जागरण काल में जागशति लाना सुधारकों ने महिलाओं के जीवन में परिवर्तन की ही बात सोची''।[1] ''अंधकार युग में रूढ़ियों में जकड़ी महिलाओं के बंधन तोड़े गए तो पुनर्जागरण काल में बदलाव के बीज डालें। ''सती प्रथा, विधवाओं की प्रति दुर्व्यवहार, विधवा विवाह, बहुपत्नी प्रथा, बाल विवाह, संपति अधिकारों का निषेध, स्त्री शिक्षा,'' आदि मुद्दों को लेकर राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, महादेव गोविंद रानाडे, महात्मा गॉधी, ज्योतिबा फुले, स्वामी दयानंद, स्वामी विवेकानंद, श्रीमती एनी बेसेंट आदि समाज सुधारकों ने महिलाओं की स्थिति में सुधार के प्रयत्न किए''।[2]

महिलाओं के प्रति गाँधी जी के सकारात्मक दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण पहलु यह है कि वे महिलाओं को पुरुषों के मुकाबले अधीक सुदृढ़ और सह्रदय मानते थे स वे नारी को अबला कहने के भी सख्त खिलाफ थे। उनकी यह धारणा उनके आचरण लेखों तथा व्याख्यानों में अनेक बार प्रकट हुए। इस सन्दर्भ में महात्मा गाँधी का यह उदाहरण जानने योग्य है। उन्हें अबला पुकारना महिलाओं की आन्तरिक शक्ति को दुत्कारना है यदि हम इतिहास पर नजर डाले तो हमें उनकी वीरता की कई मिसाले मिलेंगी। यदि महिलाएं देश की गरिमा बढानें का संकल्प कर ले तो कुछ ही महीनों में वे अपनी अध्यात्मिक अनुभूति के बल पर देश का रुख बदल सकती है। समान्यतः महात्मा गाँधी को धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक मामलों में परंपरावादी तथा अनुदार माना जाता है किन्तु जहाँ तक हिन्दू समाज में महिलाओं की स्थिति का प्रश्न है, गाँधी जी ने

---

*शोधार्थी, इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची

जो दृष्टि बीसवी सताब्दी के पूर्वार्ध में न केवल अपने भीतर विकसित किये, बल्कि उसे अपने आचरण में उतारा, वह इक्कीसवी सताब्दी के इस चरण में भी काफी क्रान्तिकारी लग सकती है। कभी–कभी यह बात काफी आश्चर्य भरी लगती है कि अन्य अनेक सामाजिक मामलों में परंपरावादी रीति–नीति का समर्थन करने वाले गाँधी जी महिलाओं से जुड़े प्रश्नों पर इतनी गहरी उदारवादी और समतावादी दृष्टि कैसे अपना पाए? परंतु उनका आचरण तथा उनके लेख, भाषण, पत्र–पत्रिकाएँ, पुस्तकें आदि इस तथ्य के जीवंत प्रमाण है कि वे नारी को पुरुष से किसी भी बात से कम नहीं आंकते थे और सहिष्णुता जैसे मामलों में तो औरतों को पुरुषों से अधिक समर्थ और सक्षम मानते थे। "गाँधी जी ने महिलाओं को आहिंसा का सार रूप बतलाया है क्योंकि महिलाओं में प्रेम और बलिदान करने की शक्ति होती है। गाँधी जी का कहना था कि नारी जो प्रेम अपने शिशु को देती है यदि वह प्रेम सारे संसार को दे दे तो वह इस युद्धग्रस्त संसार को शांति का पाठ पढ़ा सकती है और एक माता, एक संगनी तथा मौन नेता के रूप में पुरुष के निकट सामान्य स्थान प्राप्त कर सकती है ।"[3] जाहिर है भावात्मक स्तर पर सम्मान और समानता के समर्थन भर से महिलाओं को समाज में वास्विक बराबरी नहीं दिलाई जा सकती। इस सम्बन्ध में गाँधी जी का स्पष्ट मत था कि औरतों का शैक्षणिक स्तर सुधारकर आर्थिक रूप में आत्मनिर्भर बनाना समान्यतः बहुत जरुरी है। उस दौर में ही गाँधी जी ने महिला समानता के लिए आर्थिक स्वालम्बन की आवश्यकता को पहचान लिया साथ ही वे समझे कि "खादी उनके आर्थिक कार्यक्रम का प्रतीक[4] होगा''। उनके खादी आन्दोलन का एक उद्देश्य देश की गरीब जनता, विशेषकर महिलाओं को, जो की सामाजिक बंधनों के कारण घर से बहार जाकर काम–धंधे नहीं कर पाती थी, उन्हें घर पर चरखा या तकली चलाकर कुछ धन अर्जित करने का साधन उपलब्ध करना था । खादी उद्योग के माध्यम से गांवों, कस्बों व शहरों की लाखों निर्धन महिलाओं को देश भक्ति की अनुभूति के साथ–साथ रोजगार भी मिल सके। गाँधी जी महिलाओं के सामाजिक उत्थान के लिए भी बहुत चिंतित थे महिलाओं के जीवन को प्रभावित करने वाली सामाजिक कुरीतियों के बारे में उनके मन में काफी कड़वाहट थी वे मानते थे कि बाल विवाह, पर्दाप्रथा, सतीप्रथा और विद्वाह विवाह निषेध जैसे कुरीतियों के कारण ही उन्नति नहीं कर पाती और शोषण अन्याय तथा अत्याचार झेलने को विवस होती है।

"गांधीजी महिलाओं के पुनरुत्थान के बहुत बड़े हिमायती थे। उनके चरखा, नशाबंदी, ग्रामोत्थान तथा हरिजनों और महिलाओं के उत्थान के कार्यक्रमों ने राजनीतिक दासता के विरुद्ध संघर्ष के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया। इस संघर्ष में उन्होंने महिलाओं को पुरुषों के बराबर का हिस्सेदार बनाया। किसी भी रूढ़ीवादी समाज में महिलाओं के उद्धार का काम कोई सरल नहीं हुआ करता। महात्मा गांधी ने बाल विवाह दहेज प्रथा तथा विधवाओं के प्रति होने वाले क्रूर अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाई"।[5] ''नारी की दयनीय स्थिति गांधी जी को बुरी तरह खली। उन्होंने देखा कि नारी में आत्म बलिदान की त्याग की सहिष्णुता की कष्ट–सहन की क्षमता थी, परंतु पुरुषों ने उसे दासी बना कर उसकी उपेक्षा और अवहेलना की हद कर दी।

साहस, शूरता और वीरता की तो बात ही क्या बेचारी आत्मरक्षा में भी समर्थ नहीं थी। उनका मानना था कि नारी पर ऐसा कोई कानूनी प्रतिबंध नहीं लगाया जाना चाहिए जो पुरुषों पर ना लगाया हो। लड़का और लड़की में कोई भेद नहीं होना चाहिए। उनके अनुसार जब तक नारी इस सोचनीय स्थिति में पड़ी रहेगी तब तक ना तो नारी का उद्धार होगा और ना कल्याण होगा न नर का न तो सारे समाज की स्थिति सुधरेगी ना देश ना राष्ट्र की''।[6]

गांधीजी स्त्रियों के अधिकार के बारे में **संपूर्ण गॉधी पाड़्मय खण्ड 42 में** लिखते हैं कि ''पुरुष नारी जाति पर जो अत्याचार कर रहे हैं उन्हें देख देख कर व्यग्र होने के लिए मेरा लड़की होना आवश्यक नहीं है अत्याचारों की सूची में विरासत संबंधी कानून को मैं सबसे आखिरी दर्जे की चीज मानता हूं। शारदा गिल जिस बुराई को दूर करने का प्रयत्न करता है वह विरासत संबंधी कानून से व्यंजित होने वाली बुराई से कहीं अधिक भयंकर और गंभीर है लेकिन स्त्रियों के अधिकार के बारे में जरा भी झांकने को तैयार नहीं हूँ। मेरी राय में स्त्री पर ऐसी किसी कानूनी निर्योग्यता का बोझ नहीं होना चाहिए जिससे पुरुष मुक्त है मैं लड़के लड़की के प्रति हर तरह से भेदभाव रहित समान व्यवहार करना चाहूँगा। जैसे–जैसे स्त्री जाति को शिक्षा द्वारा अपनी शक्ति का ज्ञान होता जाएगा वैसे–वैसे उसके साथ जो असमान व्यवहार आज किया जाता है उसका वह स्वभावतः अधिकाधिक उग्र विरोध करेगी। यद्यपि मैं इस बात का हमेशा समर्थन करूंगा कि स्त्री जाति पर से सभी कानूनी निर्योग्यताएं हटा दी जानी चाहिए। मैं यह भी चाहूँगा कि भारत की पढ़ी–लिखी सुरक्षित बहनें इस व्याधि के मूल कारण को मिटाने के लिए प्रयत्न करें। स्त्री त्याग और तपस्या की साक्षात मूर्ति है और सार्वजनिक जीवन में उसके प्रवेश में उसमें पवित्रता आनी चाहिए। युगों से चली आ रही पुरानी बुराइयों को खोज निकालना और उन्हें नष्ट करना जागरूक स्त्रियों का ही विशेषाधिकार होना चाहिए''।[7]

''स्त्रियों की दुरावस्था का प्रमुख कारण उनमें व्याप्त अज्ञान तथा शिक्षा का अभाव था। इसकी जड़े पर्दा प्रथा थी जो महिलाओं को घर की चार दीवारी के अंदर बांधे रखती थी। गांधीजी इसे बढ़ा लचर तर्क मानते थे कि पर्दा स्त्रियों की चारित्रिक पवित्रता बनाये रखने में सहायक है''।[8] पर्दा प्रथा महिलाओं के विकास तथा उनके द्वारा उपयोगी सामाजिक कार्य को करने से उन्हें वंचित करता था। पर्दे की कुप्रथा पर अपने विचार रखते हुए वे लिखते हैं कि ''कोई बात प्राचीन है इसलिए वह अच्छी है ऐसा मानना बहुत गलत है। यदि प्राचीन सब अच्छा ही होता तो पाप कम प्राचीन नहीं है। परंतु चाहे जितना भी प्राचीन हो पाप त्याज्य ही रहेगा। उसी तरह पर्दा कितना ही प्राचीन हो आज बुद्धि उसको कबुल नहीं कर सकती। आज पर्दा प्रथा जिस हालत में है वर्तमान उसका समर्थन करना असंभव है''।[9] आगे वे कहते हैं ''सच्ची बात तो यह है कि पर्दा कोई वाह्य वस्तु नहीं है वह एक आंतरिक वस्तु है। बाह्य पर्दा करने वाली कितनी ही स्त्रियां निर्लज्ज पाई जाती है। जो बाह्य रूप से पर्दा नहीं करती, परंतु जिस ने आंतरिक लज्जा कभी नहीं छोड़ी है वह स्त्री पूजनीय है। ऐसी स्त्रियां आज जगत में मौजूद है। जड़ता के वशीभूत

होकर हम सभी प्राचीन कुप्रथाओं का समर्थन करने को तत्पर हो जाते हैं। हमारी यह जड़ता हमारी उन्नति को रोकती है। यही जड़ता स्वराज्य की दिशा में हमारे प्रगति में रूकावट डालती है''।[10] गांधी जी ने समाज और देश को रसातल धरातल में पहुंचाने वाले बाल विवाह मानने से इनकार किया साथ ही इसका विरोध भी किए। बाल विवाह के समर्थन में **'यंग इंडिया'** के एक पाठक द्वारा लिखे गए पत्र का जवाब देते हुए गांधी जी ने लिखा है कि ''लड़कियों के बाल विवाह की कम उम्र के विवाह की नहीं, क्योंकि इसमें तो 25 वर्ष के पूर्व किया गया हर विवाह आता है। आज्ञा देने वाले ग्रंथ भी प्रामाणिक पाए जाए, तो हमें चाहिए कि हम प्रत्यक्ष अनुभव और वैज्ञानिक ज्ञान को दृष्टि में रखकर उनका त्याग कर दें। मैं लेखक के इस कथन की सचाई पर सन्देह प्रकट करता हूं कि लड़कियों के बाल विवाह की प्रथा हिंदू समाज में सर्वत्र प्रचलित है। अगर यह बात सच है कि लाखों बालिकाएं बचपन में ही विवाहित हो जाती है यानी पत्नियों की तरह रहने लगती है तो मुझे बहुत दुख होगा। यदि हिंदू समाज में लाखों कन्याएं 11 वर्ष की अवस्था में पति समागम करती होती तो हिंदू जाति कभी की नष्ट हो गई होती''।

गांधी जी ने विधवा विवाह के रास्ते में आने वाली सामाजिक तथा धार्मिक बाधाओं को दूर करने का प्रयास किया। महात्मा गांधी उन व्यस्क विधवाओं के पक्ष में नहीं थे जिनके बाल बच्चे थे। इसके साथ वे यह भी चाहते थे कि वयस्क विधुर भी पुनर्विवाह न करें। इन्होंने बाल विधवाओं की समस्या पर अपना ध्यान केंद्रित किया। इन्हें वे ''दैमित मानवता'' का जीता जागता प्रतीक कहते थे। उनके विचार में केवल उसी विवाह को पवित्र कहा जा सकता है जिसमें विवाह के समय कन्या पूर्ण विकसित हो। उन्होंने कहा कि ''मुझे बाल विवाह से घोर घृणा है। बाल विधवा को देखकर मैं कांप उठता हूं और उस समय क्रोध से अभिभूत हो जाता हूं जब कोई व्यक्ति पत्नी की मृत्यु होती ही सर्वदा उदासीन भाव से दूसरा विवाह कर लेता है। मुझे उन माता–पिताओं पर क्षोभ होता है जो उन्हें केवल किसी कमाऊ व्यक्ति से विवाह कर देने के लिए पालते हैं। लड़की के विधवा हो जाने पर माता–पिताओं को उसका पुनर्विवाह कर अपने पाप का प्रायश्चित करना चाहिए''।[11] ''विधवा विवाह के विषय में गांधी जी के दृष्टिकोण को इस रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है कि गांधीजी स्वयं आवश्यक रूप से विधवाओं के विवाह के समर्थक नहीं थे। उनका संघर्ष उस व्यवस्था के विरुद्ध था जिसमें बाल विधवाओं का जन्म होता था जिन्हें वे हिंदू धर्म का कलंक मानते थे। वस्तुतः उनका संघर्ष विधवाओं के पुनर्विवाह के प्रति अभिप्रेय ना होकर बाल विवाह के उन्मूलन के प्रति केंद्रित था''।[12]

''महात्मा गांधी ने महिलाओं के प्रति अविश्वास की भावना तथा उनमें अविश्वसनीयता के सामाजिक बुराईयों के विरोध में महिलाओं को आगे आने के लिए ललकारा। उन्होंने महिला सुधार कार्यक्रम में दहेज प्रथा का भी विरोध किया दहेज प्रथा में भारत के मध्यम वर्गीय तथा कम आय वाले परिवारों को नारकीय जीवन जीने के लिए विवश कर दिया था। परिवार में कन्या का जन्म विपत्ति के रूप में माना जाता था जबकि लड़के का जन्म उल्लास के वातावरण में मनाया जाता

था। पुत्रियों के जन्म पर दहेज के कारण व्यय अधिक होने के कारण माता पिता पुत्री के जन्म को उचित नहीं मानते थे''।[13]

अनुच्छेद 14 ''राज्य भारत के राज्य क्षेत्र में किसी व्यक्ति को विधि के समक्ष समता से या विधियों के समान संरक्षण से वंचित नहीं करेगा''। अतः इस अनुच्छेद के द्वारा कानून के सामने समानता और कानून द्वारा समानता की घोषणा की गई है चाहे वाह नारी हो या पुरुष''।[14] ''गांधीजी एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहते थे जिसकी नींव न्याय समानता व शांति पर आधारित हो इस महती उद्देश्य की प्राप्ति हेतु यह परमावश्यकता थी कि समाज के दो आधारभूत अंगों पुरुषों व स्त्री के बीच समानता के सभी अंग सुनिश्चित व सुनिर्धारित हो। गांधीजी केवल ऐसे विचार प्रकट करके ही नहीं रह गए। उन्होंने उसे अमलीजामा देने का निश्चय किया''।[15]

गांधी जी की स्वराज की सबसे महत्वपूर्ण व्याख्याओं में से एक का संबंध महिला व महिला मुक्ति से है। वेश्यावृत्ति को ''एक सामाजिक बीमारी'' बताते हुए उन्होंने जोर देते हुए कहां की यदि कोई इन महिलाओं की सहायता के लिए आगे नहीं आता तो इन्हें खुद परिवर्तन का वाहक बनना चाहिए तथा पुरुषों के हाथों अपने शोषण के खिलाफ संघर्ष करना चाहिए। इसी प्रकार देवदासी प्रथा के खिलाफ अपना रोष प्रकट करते हुए उन्होंने इस प्रथा को नैतिक ''कोढ़'' तथा ''ईश्वर की अपमानना'' के रूप में चिन्हित किया''।[16]

तलाक प्रथा को सामाजिक बुराई मानते हुए गांधी जी कहते हैं ''जो स्त्री नरम मिजाज की है और विरोध नहीं कर सकती या विरोध करने को तैयार भी नहीं होती, तलाक की सुविधा अन्यायी पति से उसका कोई बचाव नहीं करती। इस तरह की ज्यादतियों का इलाज कानून नहीं, बल्कि स्त्रियों की सच्ची शिक्षा है और पतियों की तरफ से होने वाले इस तरह के अमानुविक बर्ताव के खिलाफ लोकमत तैयार करना है। इसलिए पत्नी चाहे तो विवाह बंधन तोड़े बिना पति के घर से अलग रह सकती है और यह समझ सकती है कि मेरा विवाह ही नहीं हुआ। अलबत्ता, हिंदू पत्नी को तलाक तो नहीं मिल सकता, मगर दो और कानूनी उपाय है। एक है मामूली मारपीट के अपराध में पति को सजा दिलाना और दूसरा है उससे जीविका का खर्च वसूल करना। अनुभव मुझे बताता है कि सब मामलों में नहीं तो ज्यादातर यह इलाज बिल्कुल बेकार है। इससे सदाचारिणी स्त्री को कोई राहत नहीं मिलती और पति के सुधार का सवाल असंभव नहीं, तो कठिन जरूर बन जाता है। क्योंकि अंत में तो समाज का और उससे भी ज्यादा पत्नी का लक्ष्य पति का सुधार करना ही होना चाहिए''।[17]

निःसंदेह भारतीय समाज में महिलाओं से संबंधित सभी समस्याओं पर गांधी जी ने अपने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उनके समाधान के मार्ग सुझाए। बाल विवाह, पर्दा प्रथा, विधवाओं की स्थिति, दहेज तथा स्त्री–पुरुष भेदभाव, तलाक आदि सामाजिक कुरीतियों का मुख्य कारण वे स्त्रियों की अशिक्षा तथा रूढ़ीवादी समाज को मानते थे तथा इन्हें दूर करने के लिए स्त्रियों की शिक्षा तथा सामाजिक रुढिता को जागरूक करने पर जोर देते थे। संक्षेप में गांधीजी भारतीय

समाज में महिलाओं की खराब स्थिति से चिंतित रहें तथा उनके उत्थान के लिए प्रयास करते रहे। यद्यपि इन कुप्रथाओं के उन्मूलन के लिए कोई संगठित आन्दोलन नहीं चलाए किन्तु विभिन्न मंचो पर अपने व्याख्यनों और लेखों के माध्यम से वे इन सामाजिक कुरीतिओं पर कठोर प्रहार करते रह। गांधीवाद केवल कोरा दर्शन नहीं वरन् व्यवहारिक भी है। उन्होंने अपने सिद्धांतों को स्वंय अपने जीवन में लागू कर उन्हें व्यवहारिक रूप प्रदान किया।

## संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. जरनल : सिन्हा मृदुला :— ***साहित्य अमृत,*** *प्रकाशन*, मुद्रक तथा स्वत्वाधिकारी श्यामसुन्दर द्वारा, नई दिल्ली, 2020, पृष्ठ —19
2. गुप्त विश्व प्रकास, गुप्त राजेंद्र प्रकाश, गुप्त मोहिनी : ***महात्मा गाँधी (1869—1948) भाग 6 — आधुनिक भारत के शिल्पी*** : राधा पब्लिकेशन्स नई दिल्ली, 2006, पृष्ठ —184
3. जैन पी० सी०, रुस्तगी अशोक : ***आधुनिक भारतीय सामाजिक एंवम राजनीतिक चिन्तन*** :— राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2005 पृष्ठ — 339
4. ग्रोवर बी० एल० "आधुनिक भारत का इतिहास" एस० चन्द एण्ड कंपनी लि० राम नगर, नई दिल्ली, 1999 पृष्ठ दृ 333—334
5. वर्मा ताराचन्द (सं) :— ***गाँधी जी और शिक्षा,*** चिन्मय प्रकाशन, जयपुर, 1969, पृष्ठ — 68—69
6. भट्ट कृष्ण दत्त :— ***गाँधी जीवन सूत्र,*** गाँधी शांति प्रतिष्ठान, नई दिल्ली, 1984, पृष्ठ — 141
7. सम्पूर्ण गाँधी पाङ्मय :— ***खण्ड 42, सुचना एंव प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार,*** नई दिल्ली, 1971, पृष्ठ — 5—6
8. जैन प्रतिभा : पूर्वोद्धृत पृष्ठ — 91
9. सम्पूर्ण गाँधी पाङ्मय :— खण्ड 41, पूर्वोद्धृत, पृष्ठ — 90
10. उपरोक्त, पृष्ठ — 90
11. झा राकेश कुमार :— ***गाँधी चिन्तन में सर्वोदय,*** पोईन्टर पब्लिशर्स, जयपुर, 1995, पृष्ठ — 125
12. उपरोक्त पृष्ठ — 125
13. लता मंजु :— ***"अनुसूचित जाति में महिला उत्पीड़न,"*** प्रकाशन — अर्जुन पब्लिशिंग हॉउस नई दिल्ली, 2004 पृष्ठ — 98
14. शर्मा संगीता, शर्मा राकेश कुमार : ***महिला विकास एंव राजकीय योजनाएं,*** रितु पब्लिकेशन्स, जयपुर, 2005, पृष्ठ — 40
15. भट्ट कृष्ण दत्त :— पूर्वोद्धृत, पृष्ठ — 142
16. जौली सुरजीत कौर :— ***गाँधी एक अध्ययन,*** कन्सैप्ट पब्लिशिंग कंपनी, नई दिल्ली, 2007 पृष्ठ — 291
17. प्रभु आर० के० (संग्राहक) :— ***समाज में स्त्री का स्थान और कार्य,*** नव जीवन प्रकाशन अहमदाबाद, 1959, पृष्ठ — 28

# महात्मा गांधी और धर्मदर्शन

**रिया पाण्डेय***

'धर्म' शब्द धृ धातु से बना है, जिसका अर्थ है बनाये रखना अथवा धारण करना। यह मानवदण्ड है जो विश्व को धारण करता है। वेदों में धार्मिक विधियों का उल्लेख है, छांदोग्य उपनिषद् में धर्म को तीन शाखाओं का उल्लेख है। तैतिरीय उपनिषद् हमें धर्म के अनुसार आचरण करने को कहते हैं तब उसका अभिप्राय जीवन के उस सौपान के कर्त्तव्यों के पालन से होता है जिसमें हम विद्यमान हैं। इस अर्थ में धर्म शब्द का प्रयोग भागवद गीता और मनुस्मृति दोनों में हुआ है। ऋग्वेद में भी धर्म शब्द का प्रयोग किया गया है। पूर्व मीमांसाकार ऋषि जैमिनी ने प्रेरित करने वाली क्रियाओं को धर्म कहा है, इन्हीं नियमों के कारण मनुष्य और समाज की उन्नति सम्भव है। धर्म की परिभाषा महाभारत में अत्यंत स्पष्ट और पूर्ण रूप से दी गई है। धारण करने के कारण इसका नाम धर्म है, धर्म के द्वारा ही प्रजाएँ स्थिर है, इसलिए धारण करने वाले नियमों का ही नाम धर्म हे। वैशेशिक सूत्रों में धर्म का परिभाषा करते हुए कहा गया है कि जिससे आनन्द और परमानन्द की प्राप्ति हो वो धर्म है। इस प्रकार यह कह सकते हैं कि धर्म ज्ञान, भावना और कर्म तीनों पहलुओं पर प्रकाश डालते हैं।

गांधी जी ने धर्म को सरल रूप में सर्वसाधारण के सामने रखने की चेष्टा की है। गांधी जी की प्रवृत्तियों का मूल स्रोत धर्म है। राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक जीवन में भी महात्मा गांधी जी ने धर्म का प्रयोग किया। धर्म के साथ बाह्य तत्व मिलकर धर्म के सच्चे अर्थ को प्रभावित करता है। गांधी जी ने धर्म के बाह्य आडंबरों को परित्याग कर उसके सार तत्व को समझने पर बल दिया है। गांधी जी ने धर्म का आधार नैतिकता को माना है। गांधी जी का ऐसा विचार है कि जो धर्म नैतिकता से विरक्त और व्यवहारिकता से परे है, उसे धर्म की उपाधि नहीं दी जा सकती, धार्मिक मनुष्य के प्रत्येक कर्म का उसका कर्म होता है, धर्म का अर्थ ईश्वर के साथ बंधन है। इस प्रकार गांधी दर्शन का केन्द्रबिन्दु धर्म–विचार है। धर्म चरमसत्ता का अनुभव है जो किसी भी धर्म विज्ञान से ज्यादा विस्तृत है।

गांधी जी ने कहा है मनुष्य बिना धर्म का ठीक वैसा है जैसे पेड़ बिना जड़ का। अतः धर्म के आधार पर ही जीवन रूपी इमारत खड़ी की जा सकती है। इसी प्रकार गांधी जी आग कहते हैं मनुष्य धर्म के बिना नहीं रह सकता। कुछ नास्तिकवादि कहते हैं कि उन्हें धर्म से कोई सम्बन्ध

---

*रिसर्च स्कॉलर, इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची।

नहीं है। गांधी जी के अनुसार यह ठीक उसी प्रकार की बात हुई जैसे कोई मनुष्य यह कहे कि सांस तो लेता है किन्तु उसकी नाक नहीं है। इस प्रकार गांधी जी धर्म के समर्थक थे। गांधी जी के विचारधारा अर्थात् उनके दर्शन पर विभिन्न धार्मिक ग्रंथों का प्रभाव भी देखा जा सकता है।

## गांधीजी और भगवद् गीता

एक भारतीय और वैष्णव धर्मपरायण परिवार की पृष्ठभूमि के कारण गांधीजी गीता से अत्यंत प्रभावित थे। गांधी जी के मानसिक विकास में भगवद् गीता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। गांधी जी भागवद्गीता को माँ कहकर सम्बोधित करते थे। यंग इंडिया में उन्होंने उल्लेख किया है कि जब निराशा मुझे घेर लेती है तब मैं भागवद् गीता की ओर देखता हूँ और मुझे कोई न कोई श्लोक ऐसा मिल जाता है जो मुझे संतोष प्रदान करता है। व्यक्तिगत, सामाजिक और राजनीतिक समस्याओं के समाधान के लिए भी गांधीजी ने गीता से ही प्रेरणा ली है। वे कहते हैं– मेरा जीवन संकटों एवं दुःखों से परिपूर्ण रहा है, किन्तु मेरे जीवन पर उनका किंचित भी प्रभाव नहीं हुआ तो उसका कारण श्रीमद् भागवद् गीता है। गांधी जी ने ''अनासक्ति योग'' का प्रकाशन भी कराया था। उनका अहिंसा का सिद्धांत गीता की ही देन है। गांधी जी के अनुसार अन्याय सहन करना अहिंसा नहीं हिंसा है। अत्याचारों का साहस पूर्वक प्रतिकार करना ही अहिंसा है। वे श्रीमद् भागवद्गीता को शिक्षाएँ हैं। गांधी जी के विचारानुसार गीता से निष्काम भाव से हथियार उठाने की प्रेरणा मिलती है और युद्ध निष्काम भाव से नहीं लड़ा जा सकता है। इस प्रकार गीता द्वारा हिंसा की शिक्षा वास्तव में अहिंसा की शिक्षा है। गीता के दूसरे अध्याय में प्रतिपादित स्थितप्रज्ञ की अवधारणा से वे न केवल प्रभावित थे, अपितु उसे आजीवन अपने में उतारने का प्रयास करते रहे। गांधी जी जिस ''सर्व धर्म समभाव'' की स्थापना के लिए प्रयत्नशील रहे वह अवधारणा भागवद् गीता की देन है। गांधी जी की अधिकांश शिक्षा गीता पर आधारित थी, उन्होंने इसे एक आध्यात्मिक संदर्भ ग्रंथ माना है। उनके दैनिक क्रिया–कलापों में भी गीता का स्पष्ट प्रभाव मिलता है, वे अपने कर्त्तव्य पथ से कभी नहीं भटके। गीता में वर्णित सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, संयम, सदाचार जैसे मूल्यों को सर्वोपरि मानते हुए इन्हें अपने जीवन में आदर्श रूप में प्रस्तुत किया। यह सत्य है कि सर्वप्रथम गांधीजी ने 1889 में अंग्रेजी भाषा में गीता का अनुवाद पढ़ा था। यह अनुवाद 'सर एडविन आरनाल्ड' ने किया था। इससे प्रभावित होकर गांधी जी ने गीता पर अनेक टीकाएँ और अन्य पुस्तकें लिखी। इस प्रकार गांधी जी ने गीता के द्वारा सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया। उनके अनुसार गीता एक निर्दोषपूर्ण आचार संहिता है।[2]

## गांधीजी और वैदिक धर्म

गांधी जी के विचारधारा का आधार सत्य और अहिंसा है और वैदिक परम्परा प्रारम्भ से ही अहिंसा का शिक्षा देती है। उपनिषदों में भी अहिंसा का उल्लेख है। गांधीजी का मानना था कि

विश्व का अस्तित्व ''सर्वे भवन्तु सुखिनः'' एवं ईशवास्यमिदम् सर्वम्—जगन्या जगत के सिद्धांत पर कायम रहे। गांधी जी उपनिशद् के इस मंत्र से बहुत प्रभावित थे और इसे वे सार्वभौम मानवीय मूल्यों की अभिव्यक्ति का तथा ऋषियों के वाणि का अनोखा वरदान समझते थे। गांधीजी अहिंसा का अर्थ केवल शारीरिक क्षति पहुँचाने से नहीं लेते थे, वे अहिंसा के अर्थ में प्रेम को भी लेते थे। पतंजलि के योगसूत्र में यह अर्थ स्पष्ट है—अहिंसा प्रतिष्ठायां तत्सविधौ वैरत्यागः। इसका अर्थ है — अहिंसा के प्रतिष्ठित होने से समस्त बैर—भाव समाप्त हो जाते हैं।

## गांधीजी और बौद्ध-जैन परम्परा

बौद्ध परमपरा में अहिंसा और सत्य का प्रमुख स्थान प्रदत्त है। बुद्ध ने सदैव क्रोध को प्रेम से और अशुभ को शुभ से जीतने की प्रेरणा दी है। बुद्ध सदैव दान और दया से पूर्णता प्राप्त करने की सलाह देते थे। बुद्ध की कहानियाँ गांधीजी के आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

अपरिग्रह और अहिंसा के विचार जैन धर्म में सर्वोत्कृष्ट रूप में मिलता है। अपनी आत्मकथा में गांधी जी ने जैन धर्म के महत्ता को स्वीकार किया है। जैन धर्म में प्रतिपादित अनेकावाद का सिद्धांत ही था जिसके प्रभाव से गांधी जी अपने विरोधी के दृष्टिकोण को भी महत्ता प्रदान करते रहे। इसी प्रकार जैन दर्शन के व अपरिग्रह ने भी गांधी जी पर विशेष प्रभाव छोड़ी है।[3]

## गांधीजी और बाइबिल

गांधी जी जीवनपर्यन्त सादा जीवन उच्च विचार को अपने माध्यम से परिभाषित करते रहें। इसी क्रम में उन्होंने बाइबिल के शिक्षाओं ने भी प्रभावित किया। दक्षिण अफ्रीका के प्रवास के दौरान गांधी जी रिवरेन्स जोसेफ डाक से मिले और उनसे ईसाई धर्म के सिद्धांतों का ज्ञान प्राप्त किया। इसके पूर्व उन्होंने 1889 में इंग्लैंड में बाइबिल का अध्ययन किया था। वे ''समरन ऑफ दि मांउन्ट'' व'' 'न्यू टेस्टामेंट' से भी प्रभावित थे। बाइविल के जो शिक्षा दर्शन में मिलती है वे है अपने शत्रु से भी प्रेम करो, जो तुम्हें बददुआएँ दे उन्हें भी आशीश दो, जो तुम से घृणा करे तुम उन्हें प्रेम दो, समस्त जीवों से प्रेम करो। बाइबिल के इस प्रभाव के कारण गांधी जी ने कहा था—मुझे मारने वाले का क्षमा कर दिया जाए। अपने दक्षिण अफ्रीका के प्रवास के दौरान गांधी जी हमलावरों के विरूद्ध पुलिस कार्यवाई नहीं होने दी और उसे झमा कर दिया। अपने दक्षिण अफ्रीकी जेल प्रवास में गांधी जी ने जनरल स्मट्स के लिए चमड़े के जूते तैयार किए जिन्होंने गांधी जी को जेल भेजा था। बाइबिल का एक उपदेश जो गांधी जी को प्रभावित करता है यह कथन है कि—''यदि कोई दाहिने गाल पर थप्पड़ मारे तो उसे रोको नहीं, वरन् उसकी ओर अपना बाँया गाल कर दो।'' गांधी जी के मन की अप्रतिकार की भावना उनकी युक्ति ने पोषित किया उनका यह विश्वास था कि विरोधियों को अप्रतिकार की भावना से ही पराजित किया जा सकता

है। सारांशतः गांधी जी ईसा मसीह के सेवाभाव, अहिंसा, प्रेम, त्याग और बलिदान को अपने धर्म दर्शन में समाहित किया।[4]

## गांधीजी और इस्लाम धर्म

गांधी जी सभी धर्मों को समान समझते थे। इसी कारण से वे एक हिन्दू योगी और मुसलमान फकीर को समान समझते थे। वे मोहम्मद हज़रत अली, इमाम हुसैन एवं इमाम हसन से प्रभावित थे। गांधी जी इस्लाम धर्म को 'रिलीजन ऑफ पीस' (शांति का धर्म) कहते थे। गांधी जी के अनुसार इस्लाम का मुख्य देन विश्व बंधुत्व की शिक्षा है। यह सिद्धांत गांधी जी ने कुरानशरीफ भी हिंसा के स्थान पर अहिंसा को मान्यता देती है। विशेषतः अशुभ की समाप्ति हेतु गांधी जी ने अमीर अली की पुस्तक 'द स्प्रिट ऑफ इस्लाम' से प्रभावित थे। 1924 में यंग इंडिया में गांधी जी लिखते हैं कि 'पैगम्बर' ने तो उन व्यक्तियों से भी संधि की जो उनसे भिन्न विचार रखते हैं।

## गांधीजी के धर्म के आधार

गांधी जी के लिए धर्म कोई विशेष धर्म नहीं था। उनके लिए धर्म का अर्थ नैतिक प्रतिज्ञाओं की श्रेष्ठता को मान्यता देना था। धार्मिक जीवन का वास्तविक अर्थ है, इन प्रतिज्ञाओं को समर्पित रूपेण अनुशरण करना। धर्म का अर्थ सत्य तथा न्याय की नैतिक प्रतिज्ञाओं की ओर उत्तरोत्तर बढ़ना। उन्होंने एक बार कहा था मैं किसी धर्म, ऐसे सिद्धांत को नहीं मानता जो युक्तिसंगत अथवा जिसका नैतिकता से टकराब ना हो गांधी जी के लिए ईश्वर को कई दृष्टिकोण से परिभाषित किया जा सकता है। गांधी जी के अनुसार धर्म वैयक्तिक धरातल पर ईश्वर, से साक्षात्कार है। 1925 ई0 में गांधी जी ने यंग इंडिया में लिखा है–''ईश्वर अपरिभाषेय है हम उन्हें अनुभव करते हैं, किन्तु जानते नहीं। मेरे लिए ईश्वर सत् है, प्रेम है, नैतिकता है, अनय है ईश्वर ही अंतरात्मा का है। वह उनके लिए व्यक्तिपरक है जो उसका सहारा चाहते हैं। केवल वहीं है हम नहीं हैं। वह सर्वज्ञ हैं, सर्वशक्तिमान हैं, प्रत्येक जगह विद्यमान हैं, वह शुभ और अशुभ के भेद हमें जानने की शक्ति देता है।''[5]

गांधी जी के अनुसार ईश्वर का ज्ञान द्विस्तरीय है। प्रथम स्तर श्रद्धा का है और द्वितीय स्तर अनुभव का है। अनुभव श्रद्धा से उत्पन्न होता है। गांधी जी श्रद्धा को छठवीं इन्द्रियाँ मानते हैं। वे कहते हैं कि श्रद्धा छठवीं इन्द्रियाँ है जो उन विषयों से संबंधित कार्य करती है जो तर्कबुद्धि से परे हैं। गांधी जी 'यंग इण्डिया' में लिखते हैं श्रद्धा हमारे अंदर स्थित ईश्वर की चेतना है। गांधी जी इन्द्रियों एवं बुद्धि को ज्ञान प्राप्ति को एक साधन मानते हैं, जो साध्य की प्राप्ति में सहायक हैं।

## प्रार्थना की उपयोगिता

प्रार्थना का अर्थ है – धर्मभाव और आदरपूर्वक ईश्वर की वंदना करना। गांधी जी कहते हैं कि दिन का काम प्रार्थना से शुरू करना, उसमें इतना आत्ममग्न होना चाहिए कि वह शाम तक बना रहे। दिन का अंत भी प्रार्थना के साथ करना चाहिए ताकि रात शांतिपूर्वक स्वप्न और दुस्वप्नों से मुक्त रहे। प्रार्थना के स्वरूप का चिंता नहीं करना चाहिए। स्वरूप जैसा भी हो केवल यह ध्यान में रखना चाहिए, मन इधर उधन ना भटके। प्रार्थना के लिए नम्रता होना अति आवश्यक है। गांधी जी कहते हैं जब तक तुम अपने आप को शून्य नहीं बना दोगे तब तक तुम्हें ईश्वर की प्रार्थना का अर्थ मालूम नहीं होगा। यह तुममें समझने लायक नम्रता होनी चाहिए कि तुम्हारा महानता और जबरदस्त बुद्धि के बावजूद तुम विश्व के एक बिन्दु के समान हो। जीवन की बातों के लिए बौद्धिक कल्पना काफी नहीं होता। बुद्धि के लिए अन्य आध्यात्मिक कल्पना ही ऐसी चीज है जो मुनष्य को संतोष दे सकती है। गांधी जी कहते हैं कि ईश्वर मनुष्य, जड़ चेतन सभी पदार्थ में है। प्रार्थना का अर्थ है कि मैं अपने भीतर वाले ईश्वर को पुकारता हूँ। वे पुनः कहते हैं प्रार्थना धर्म की आत्मा और उसका सार है। इसलिए प्रार्थना मानक जीवन का मर्म होना चाहिए, क्योकि कोई व्यक्ति धर्म के बिना जी नहीं सकता। प्रार्थना जैसे धर्म का सबसे मालिक अंग है वैसे ही मानव जीवन का है। प्रार्थना या तो याचना के रूप में होता है या व्यापक अर्थ में ईश्वर में मन लगाना। गांधी जी के अनुसार प्रार्थना केवल मंत्र जाप नहीं होना चाहिए, प्रार्थना शब्दों के बिना हृदय से होना चाहिए जिस प्रकार भूखा व्यक्ति भोजन पाने पर मजा लेता है उसी तरह प्रार्थना से आत्मा को आनंद आता है। प्रार्थना से ही भीतर शांति मिलती है।[6]

प्रार्थना आत्मा की ध्वनि है, प्रार्थना को गांधी जी ने आत्मा का सुधारक कहा है। इसके बिना आत्मा का हनन होता है। ईश्वर की चर्चा करना उसके निमिध कार्य करना, उसको अर्पण करके सब कार्य करना, सब प्रार्थना में ही आता है। प्रार्थना जितना किया जाए उतना ही अच्छा है। गांधी जी कहते हैं प्रार्थना के लिए हम जितना समय दे सके उतना ही अच्छा है। यहाँ तक कि अंत में हम प्रार्थनामय बन जाय। प्रार्थना करने से हृदय और बुद्धि के सामने सदैव सद्विचार तथा सद्भावनाएँ रहती है जिनसे मनुष्य गलतियाँ करने से बचा रहता है, प्रार्थना न करने वालों को कभी अपनी गलतियों से बचने का मार्ग पहले से नहीं सुझता हो और न वह कभी अपनी गलतियों को मानता है। गांधी जी ने प्रार्थना के बारे में कहा है प्रार्थना अपनी कमजोरी और गलतियों को कबूलना है। वे पुनः कहते हैं कि प्रार्थना अपने हृदय को टटोलना है, अपनी नम्रता को स्मरण करना है। प्रार्थना का अर्थ है कि हम ईश्वर को अपने में देखना चाहते हैं। प्रार्थना ईश्वर से कुछ मांगना तथा ईश्वर से तादम्यता स्थापित करना है या ईश्वर से मिलने की आत्मा की अत्यंत भावुक चीख है। गांधी जी के अनुसार सच्ची प्रार्थना वो है, जो बुद्धि संगत और निश्चित है।[7]

गांधी जी प्रार्थना की उपयोगिता पर जोर देकर कहते हैं कि हमारा जन्म अपने मानव–बंधुओं की सेवा के लिए हुआ है। यह काम हम अच्छी तरह नहीं कर सकते जब तक हम पूर्ण रूप से जागृत ना हो। मनुष्य के हृदय में अंधकार और प्रकाश की शक्तियों का सतत संग्राम होता रहता है। अतः जिसके पास प्रार्थना का आधार नहीं होता, वह अवश्य ही अंधकार की शक्तियों का शिकार हो जाता है। प्रार्थना करने वाला मनुष्य अपने मन में शांति का अनुभव करेगा और संसार के साथ उसका संबंध शांति का होगा।[8]

## गांधी जी के धर्म का राजनीति आधार

गांधी जी ने राजनीति को एक आध्यात्मिक रूप दिया, उन्होंने कभी भी धर्म को राजनीति से पृथक नहीं किया। उन्होंने वास्तव में राजनीति तथा धर्म का संश्लेषण प्रस्तुत करने का सफल प्रयत्न किया था। उन्होंने जीवन के आध्यात्मिक तथा धार्मिक दृष्टि पर सभी सामाजिक तथा राजनीतिक विचारों को सुना था। उनके विचारों में धर्महीन राजनीति मृत्यु का ऐसा पिंजरा है जो आत्मा की हत्या कर देता है। अपने राजनीति गुरू गोखले के अनुसार वह राजनीति को मात्र समय बिताने का साधन नहीं मानते थे। जिस धर्म को गांधी की राजनीति का आधार बनाना चाहते थे, उसकी संकल्पना को किसी धर्म विज्ञान के कट्टर विचार को सम्बद्ध नहीं किया जा सकता। वह सामाजिक संरचना की ऐसी धार्मिक सफाई चाहते थे जिसके परिणामस्वरूप वे सभी भ्रांतियों और रिवाज को साफ कर सके, जिन्होंने सच्चे धर्म के आधार पर अधिकार किया हुआ था। प्लेटो तथा काष्ट की भांति ही गांधी जी भी सामाजिक तथा राजनीतिक जीवन में नैतिकता को प्राथमिकता देते थे। उनके मतानुसार आध्यात्मिक शक्ति राष्ट्रमण्डल तथा राज्यों के सुनिश्चित नियमों से बड़ी है। इस प्रकार वह परमात्मा के प्रति सम्पूर्ण रूप से मिल जाने के विचार पर बल देते थे जिसका अर्थ यह था कि मनुष्य ईश्वर के प्रति अपनी आस्था को राजनीति और सामाजिक विचारों में आस्थाओं की अपेक्षा प्रथम स्थान दे। गांधी जी के चिंतनधाराओं ने ही असहयोग और सत्याग्रह को जन्म दिया, यही उनकी हिंसक क्रांति रक्तहीन विप्लव और हिंसाहीन युद्ध का मूर्त रूप है। उनकी अहिंसा प्राचीन काल से संतो और महापुरूषों की अहिंसा मात्र नहीं है, उनकी अहिंसा शब्द प्रतीक के रूप में उच्चस्तरीय होती थी। वह मानते थे जगत जो अनैतिक है वह अहिंसा है। गांधी जी ने अपने राजनीति में भी मुख्य रूप से अहिंसा को एक आधार बनाया था जो धार्मिक चेतना का ही स्वरूप माना जा सकता है।

## गांधी जी और धर्मनिरपेक्षता

गांधी जी का जन्म एक वैष्णव परिवार में हुआ था। जन्म से वे एक हिन्दू धर्म के थे तथा हिन्दू धर्म के प्रति उनमें श्रद्धा भी विद्यमान थी, परन्तु इसका अर्थ यह नहीं कि वह एक कट्टर हिन्दू थे। वे सभी धर्मों के अन्तर्निहित अच्छाइयों में विश्वास करते थे। वे विशेषतः मानव

कल्याण के लिए सभी धर्मों में निहित उत्तम विचारों का पालन करते थे। वह किसी विशेष धर्म के पक्षतापूर्ण रवैया अपनाने के विरूद्ध थे। वह राज्य द्वारा विशेष धर्म को रखने के लिए विवश करने के विरोधी थे, उन्होंने इस बात का समर्थन किया–''प्रत्येक व्यक्ति को धर्म के उस रूप का अनुसरण करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए, जिसमें उसकी आस्था को बिना किसी राजकीय हस्तक्षेप के वे किसी राजकीय धर्म का समर्थन नहीं करत थे। उन्होंने कहा मैं एक राजकीय धर्म में विश्वास नहीं रखता, चाहे सारे राष्ट्र का एक ही धर्म क्यों न हो'' राजकीय हस्तक्षेप शायद सभी दशाओं में अरूचिकर रहे। गांधी जी विशेषकर धर्म को व्यक्ति निर्णय का विषय मानते थे। इस प्रकार कहा जा सकता है कि धर्मपरायणता इनकी धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा को विमुख नहीं करता है।

## संदर्भ सूची


1. डॉ0 राजानन्द, ***गांधी दर्शन और शिक्षा***, सूर्य प्रकाशन मन्दिर, बीकानेर 1963, पृ0–33–35
2. रोमां रोला, ***महात्मा गांधी जीवन और दर्शन***, लोकभारती प्रकाशन, 2008
3. कृष्णा कुमार रलू, ***समग्र गांधी दर्शन***, पोइटर पब्लिकेशन, 2009, पृ0–40–43
4. डॉ0 अखिलेश प्रसाद दूबे, ***गांधी दर्शन की रूपरेखा***, नॉदर्न बूक सेंटर, 2003, पृ0–10–20
5. ***यंग इंडिया***, 17 मार्च, 1927
6. रिचर्ड एल0 जॉनसन, ***गांधी एक्सपेरिमेंट विथ टूथ*** : एसेंशिएल राइटिंग बाइ एंड एबाउट महात्मा गांधी, लिंगटन ब्रुक, 2006, पृ0–200
7. एम0 के0 गांधी, ***हिन्द स्वराज***, सर्व सेवा संग प्रकाशन, 2014 पृ0–42
8. महात्मा गांधी, ***द भागवत गीत अकॉर्डिंग टू गांधी***, नॉर्थ अटलांटिक प्रकाशन, 2010, पृ0–205

# Gandhian Philosophy and the Property Rights of Tribal Women in Jharkhand

**Anupriya***

The interest in gender studies has undoubtedly gained a worldwide popularity amidst historical research since the last few decades. These studies are "grounded in the idea that the lives of women and girls should not be determined solely by gender, that women and girls should be able to exercise a modicum of choice in their lives, and that they should be entitled to dignity of the person."[1] The present scenario of our nation reveals a bleak picture of the rights and privileges enjoyed by the women of tribal communities. This reflects, how, even after more than 70 years of independence, following a long trajectory of social changes, the deeply embedded customary laws rather than the statuary laws govern the position of women of tribal women in both the public and private domain. These customary laws dominated by the masculinist knowledge exclusively, in many ways, restrict the social, political and economic freedom of women which consequently reduces the status of women to a mere subordinate one.

The historical facts reveal that large scale movements for women emancipation evolved during the colonial period in India.As the "economic and political forces reconfigured themselves to contribute towards the emergence of a new economy, the cultural milieu also experienced the need for alignment with the aspirations of an emerging nation."[2] Mahatma Gandhi, often considered as one of the greatest champion of human rights, is largely credited for bringing up the women's question openly into the public sphere. The "deep-rooted patriarchal notions came to be strongly contested within and outside legislature, in street demonstrations, public meetings and also in the press."[3] This noble soul tried to liberate women by breaking the age old shackles in different ways but "failed to come to terms with the fact that oppression is not a moral condition but a social and historical experience relating to production relations."[4] For Gandhi, the

* NET-JRF, Ph.D Research Scholar, PG Department of History, Ranchi University

upliftment of the status of women was possible through a good education and by eradication of social evils like child marriage, sati and dowry etc. which exploit women and reduces thern dignity.[5] However, he advocated these changes without destroying the institutional framework of kinship which would thereby uphold the "purity" and "honour" of women and maintain the symbiotic relationship between the public sphere and the private sphere. While enfranchising the crippled position of women rooted in the patriarchal Indian social system, Gandhi kept silence on the economic independence of women and thus, the conventional realm of inequality remained unresolved to a large extent.

धर्म ही स्वतन्त्रता तथा सामाजिक एकता का सामंजस्य करेगा। अहिंसा, स्ततंत्रता तथा सामाजिक एकता के लिए आवश्यक हैं। यह धर्म से ही सम्भव हैं। राज्य अहिंसात्मक नहीं होता। धर्म के बिना राज्य सम्भव नहीं हैं। राज्य तो दण्ड को अनिवार्य मानता हैं धर्म आन्तिरक परिवर्तन और सुधार करेगा। इसलिए धर्म अनिवार्य हैं। राज्य की आवश्यकता नहीं हैं। धर्म ही राज्य में एकता कायम कर सकता हैं।[11]

गाँधीजी की सबसे बड़ी खासियत यह था कि उन्होंने कठिन धार्मिक नियमों का पालन करते हुए राजनीतिक जीवन को एक नई दिशा दी। राजनीति में रहकर भी उन्होंने अपना संत तत्व कभी नहीं छोड़ा, जबकि आजकल के संत धार्मिक मठो रहकर भी राजनीति करने लगे। अतएव गाधी का नीति–धर्म एक विश्व व्यवस्था का आधार बन सकता हैं। इसलिए गाँधी को युग पुरुष माना जाता हैं।

# सन्दर्भ सूची

1. जैन, पुखराज, प्रतिनिधि राजनीतिक विचारक, साहित्य भवन पब्लिकेशन आगरा, पृ0 सं0–333
2. खुराना, के0 एल0, राजनीति विज्ञान, साहित्य भवन पब्लिकेशन, पृ0 सं0 189
3. वशिष्ट विजय प्रतियोगिता दर्पण (जून 2014), पृ0 सं0–64
4. त्रिपाठी शम्भूरल, *धर्म और समाज*, विवेक प्रेस कानपुर, पृ0 सं0–124
5. खुराना के0 एल0, राजनीतिक विज्ञान, साहित्य भवन पब्लिकेशन, पृ0 सं0–190
6. राय, गाँधीजी, राजनीति विज्ञान, आरती भवन पब्लिकेशन एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, पृ0सं0–401, 402
7. कुमार. विनय, Journal of Gandian Studies, (नवम्बर, 2018), पृ0 सं0–21,23
8. https://m_hindi.webdunia.com as 29.02.2020
9. मिश्र, हृदय नारायण, समाज दर्शन सैद्धान्तिक एवं समस्यात्मक विवेचना, पृष्ठ सं0–175,177

# महिलाओं के उत्थान में गांधीजी के विचार

**गीता कुमारी***

महात्मा गांधी पूरी निष्ठा से स्वीकार करते थे कि समाज के पुनर्गठन में महिलाओं को सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। महिलाओं की स्थिति के बारे में गांधीजी अपने समय की सोच से काफी आगे थे। उस समय भारत पर शासन कर रही विदेशी सत्ता भी यकीन नहीं करती थी, कि महिला पुरुषों के बराबर सहयोगी बन पाएगी। गांधीजी समाज में फैले पर्दा–प्रथा, दहेज–प्रथा, वेश्यावृत्ति, देवदासी प्रथा जैसी कुरीतियों के खिलाफ थे, जो महिलाओं के स्वावलंबी विकास में बाधक थे। महात्मा गांधी ने न केवल महिलाओं के इन सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया, बल्कि महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी में भी लाने का प्रयास किया, जो भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देखने को मिलती है। अपने रचनात्मक कार्यक्रमों के द्वारा महिलाओं में जागृति पैदा कर उन्हें सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान किये।[1]

गांधीजी का मानना था कि जिस रुढ़ि और कानून के बनाने में स्त्री का कोई हाथ नहीं था और जिसके लिए सिर्फ पुरुष ही जिम्मेदार है, उस कानून और रुढ़ि के जुल्मों ने स्त्री को लगातार कुचला है। इसलिए गांधी जी कहते हैं अहिंसा की नींव पर रचे गए जीवन की योजना में जितना और जैसा अधिकार पुरुष को अपने भविष्य की रचना का है, उतना और वैसा ही अधिकार स्त्री को भी अपना भविष्य तय करने का है।[2]

गांधीजी ने महिला अधिकारों के मामले में खुद को हठधर्मी घोषित किया हुआ था, क्योंकि वे सामाजिक न्याय को हासिल करने के लिए महिलाओं की समानता को स्वीकार किया जाना बेहद जरुरी मानते थे। बहुत कम लोगों ने उस मूलभूत असमानता और अन्याय के बारे में सोचा, जिसका महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रुप से सामना करना पड़ता था। उस समय न तो महिला को पुरुष का समान साथी माना जाता था और न ही महिला को एक व्यक्ति के तौर पर पहचाना जाता था। गांधीजी अपनी संवेदनशीलता और गहन जानकारी के कारण बाकियों से अलग नजर आते हैं। गांधीजी ने वर्ष 1921 ई० में यंग इंडिया के अपने एक लेख में कहा था – पुरुष द्वारा खुद बनायी गई बुराईयों में से कोई भी इतनी अपयशजनक,

*शोध छात्रा, स्नातकोत्तर इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची

पाश्विक और अप्रिय नहीं है, जितनी की मानवता के आधे हिस्से यानि महिला के साथ किया गया दुर्व्यवहार है। हालांकि महिला कमजोर लिंग नहीं है। गांधीजी ने नारी शिक्षा का भरपूर समर्थन करते हुए कहा कि जैसे–जैसे महिलाएँ शिक्षित होती जाएँगी, वे दिखाई देने वाली असमानताओं के प्रति अधिक जागरुक और संवेदनशील होती जाएँगी। गांधी जी ने खुद अपनी जिंदगी में कभी भी 'स्त्री शक्ति' को कमतर नहीं समझा। भारत में महिलाओं को समान राजनीतिक अधिकार देने के पीछे गांधीजी के उपदेशों और महिलाओं की क्षमता और समानता के प्रति उनके भरोसे ने उत्प्रेरक की भूमिका निभायी है। गांधीजी के नेतृत्व में चलाए गए स्वाधीनता आंदोलन में महिलाओं की व्यापक भागीदारी का तत्कालीन सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ने की बात सर्वविदित है और ऐतिहासिक रुप से भी इस तथ्य को स्वीकार किया जाता है। जब ब्रिटिश सरकार ने भारतीय महिलाओं को समान मताधिकार देने की मांग को अस्वीकार कर दिया था, तब सन् 1931 ई० में महात्मा गांधी के ही मार्गदर्शन पर कांग्रेस के कराँची अधिवेशन में लिंग के आधार पर किसी तरह के विभेद के बगैर महिलाओं को भी समान मताधिकार देने का प्रस्ताव पारित किया गया था। देश की आजादी के बाद भी इस भावना को बराकरार रखा गया और भारत के संविधान में भी महिलाओं को राजनीतिक, आर्थिक और कानूनी रुप से समानता प्रदान की गयी।[3]

गांधीजी स्त्रियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के साथ–साथ रोजगार में भी आगे लाने के पक्षधर थे। ताकि वे अपने जीवन के सभी निर्णय स्वतंत्रता पूर्वक ले सकें। उनका मानना था कि– माँ–बाप अगर लड़कों की तरह लड़कियों को भी ऐसी शिक्षा दें कि वे स्वतंत्र होकर अपनी जीविका कमा सकें तो उन्हें लड़कियों के लिए वर ढूढने की चिंता नहीं करनी पड़ेगी।[4] गांधीजी ने दहेज प्रथा के प्रचलन पर भी क्षोभ प्रकट किया तथा उन्होंने उसे कुप्रथा बताया। गांधी जी का मानना था कि ''पैसे के लालच में किया गया विवाह, विवाह नहीं है, एक जघन्य अपराध है।[5] इसलिए यह प्रथा नष्ट होनी चाहिए। विवाह लड़के–लड़की के माता–पिताओं द्वारा पैसे ले–देकर किया हुआ सौदा नहीं होना चाहिए। गांधीजी का कहना था कि कोई भी ऐसा युवक जो दहेज को विवाह की शर्त बताता है, अपनी शिक्षा को कलंकित करता है, अपने देश को कलंकित करता है और नारी जाति का अपमान करता है।[6]

गांधीजी ने स्त्री जीवन के उन सभी पक्षों को अपने विचार और कार्य का आधार बनाया जिसमें स्त्री का शोषण हो रहा था। विधवाओं पर हो रहे अत्याचारों पर भी गांधी जी की दृष्टि गई। उनका विचार था कि अगर हम हिन्दू धर्म को बचाना चाहते हैं तो जबरदस्ती के वैधत्य का यह जहर निकाल ही डालना चाहिए।[7]

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में गांधी जी की 'सत्याग्रह की रणनीति' का महत्वपूर्ण स्थान था।

सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह एवं सविनय अवज्ञा के माध्यम से गांधीजी ने राष्ट्रीय आंदोलन का संचालन किया था।[8] गांधी जी ने स्वराज्य आंदोलन के कार्यक्रमों के द्वारा सार्वजनिक सेवा के लिए महिलाओं को घर से बाहर निकाला तथा सामाजिक कुरीतियों से सावधान कर उनके सद्गुणों को व्यापक बनाने और आर्थिक स्वालम्बन साहस एवं उत्तरदायित्व के साथ उन्हें ऊँचा उठाने का प्रयास किया।[9] गांधी जी ने स्वराज्य की कल्पना में राजनीतिक स्वाधीनता के साथ–साथ सामाजिक उत्थान एवं आध्यात्मिक उत्थान को आवश्यक समझा। उनके भाषण से प्रभावित होकर भारतीय महिलाओं ने गांधीजी के साथ राजनीतिक जीवन में भाग लेना शुरू किया। गांधी जी का विचार था कि स्वराज्य की विजय में भारत की स्त्रियों का उतना ही अधिकार होना चाहिए जितना पुरूषों का।[10]

गांधी जी के भारतीय राजनीतिक रंगमंच में आने से पहले एक महान आयरिश महिला श्रीमती ऐनी बेसेन्ट जिन्होंने भारत को अपना घर और स्वयं को भारतीय महिला कहा था 1913 ई० में राजनीतिक क्षेत्र में एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में आई, और 1917 में कलकत्ता अधिवेशन में काँग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्षा बनीं।[11]

गांधी जी का व्यक्तित्व चुंबकीय था। उनके प्रभाव में आकर वे धार्मिक–पारिवारिक बंधन जो स्त्रियों को बंदी बनाए हुए थे स्त्रियाँ उनसे ऊपर उठने लगीं। गांधी जी तो मनोवैज्ञानिक भी थे। वे स्त्री के स्वभाव, चरित्र व्यवहार और आस्था से परिचित थे। उन्होंने कभी महिलाओं से नहीं कहा कि वे परिवार और अपने धर्म को त्यागकर स्वतंत्रता आंदोलन में उनके साथ आएं। उन्हें दक्षिण अफ्रीका का अनुभव था कि कैसे गिरमिटिया आंदोलन में स्त्रियों ने खुलकर भाग लिया था। जेल की यातनाएँ सहीं थी। इस अनुभव को उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में प्रयोग किया। उनकी स्नेहमयी और ओजस्वी वाणी ने महिलाओं को काफी प्रभावित किया। लता सिंह लिखती हैं, गांधी जी आंदोलन में महिलाओं की भागीदारी अनिवार्य बताते थें और साथ ही उन्हें यह कहकर प्रेरित करते थे कि देवियों और वीरांगनाओं की तरह आंदोलन में उनकी अपनी अहम भूमिका है, तथा उनमें इस भूमिका को निभाने की शक्ति और हिम्मत भी है। उन्होंने महिलाओं को विश्वास दिलाया कि आंदोलन को उनके महत्वपूर्ण योगदान की जरूरत है। वे कहते थें महिलाएँ जब सत्याग्रह आदोलन में शामिल होंगीं तभी पुरूष भी आंदोलन में पुरा योगदान दे पायेंगे।[12]

सन् 1920–22 में असहयोग आंदोलन में गांधीजी ने अपने लेख के माध्यम से सारे राष्ट्र की महिलाओं का आह्वान किया कि वे आगे बढ़कर आंदोलन में भाग लें और इसे सफल बनायें।[13] हजारों के संख्या में गांधीजी के सहयोग में महिलाएँ घरों से बाहर निकल आईं, और आंदोलन को आगे बढ़ाया। घर–घर खादी और चरखे का प्रचार किया गया।[14] बंगाल में बसंती देवी और

उर्मिला देवी ने खद्दर बेचने और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के लिए व्यापक वातावरण बनाया।[15] 12 मार्च 1930 को गांधीजी ने दाण्डी यात्रा प्रारंभ किया इस आंदोलन के समय गांधीजी ने खुले शब्दों में महिलाओं को स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। हजारों महिलाएँ इस स्वतंत्रता संग्राम में कुद पड़ी। कमलादेवी चटोपाध्याय गांधीजी के अहिंसक आंदोलन से जुड़ी महत्वपूर्ण महिला थी। उन्होंने नमक सत्याग्रह के दिन कुछ स्वयं सेवकों के साथ बम्बई स्टॉक एक्सचेंज जाकर वहाँ के लोगों को नमक की छोटी–छोटी पुड़िया बेचकर आजादी की लड़ाई के लिए चंदा एकत्रित किया।[16]

महात्मा गांधी ने ''करो या मरो के नारा के साथ 1942 के ''भारत छोड़ो आंदोलन'' का भी श्री गणेश किया। गांधीजी के सत्त प्रयासों का ही परिणाम था कि भारत छोड़ो आंदोलन में विभिन्न प्रांतों से महिलाएँ शरीक हुईं। जिसमें बड़ी संख्या में छात्राएँ और प्रौढ़ महिलाओं की भागीदारी थी। पंजाब से बीबी अमर कौर, पुष्पा गुजराल, लाहौर से सीता देवी, अमृतसर की भागवती जैसी अनेक आंदोलनकारी महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।[17] इस बार महिलाओं की गतिविधियाँ, जुलूसों और धरनों तक ही सीमित न थीं। जगह–जगह प्रशिक्षण कैम्प खुल गये थे, जहां महिलाओं और लड़कियों को घायलों की सेवा होम नर्सिंग का प्रशिक्षण देने के साथ आत्मरक्षा के लिए लाठी चलाने, गुप्त कार्रवाईयों का संचालन करने और भूमिगत रहकर आंदोलन में भाग लेने का प्रशिक्षण भी दिया जाता था।

श्रीमती अरूणा आसफ अली, ने 9 अगस्त 1942 को बम्बई में पुलिस के बन्दोबस्त को भेदकर झंडा फहरा दिया। इस प्रकार भारत की आजादी की लड़ाई में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।[18]

## निष्कर्ष

उपर्युक्त विवरणों के आधार पर हम यह कह सकते हैं कि गांधी जी एक सच्चे राष्ट्र सेवक थे सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अस्वाद अस्तेय, अपरिग्रह, अभय नम्रता आदि मानवीय गुणों को धारण कर वे महात्मा कहलाये। गांधी जी के प्रभाव से हजारों महिलाएँ धार्मिक अंधविश्वासों, सामाजिक कुरितियों से बाहर निकलीं और बाद के समय में भारतीय स्वाधीनता आंदोलनों में कुद पड़ी तथा देश को स्वतंत्र कराने में अपनी आधी भागीदारी अदा की। गांधी जी ने भारतीय महिलाओं को घर के दायरे से बाहर निकालकर देश के व्यापक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने का अवसर दिया।

अतः भारत के इतिहास में महिलाओं को सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक जीवन में आगे बढ़ाने और एक आदरणीय स्थान दिलाने में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# संदर्भ ग्रंथ सूची


1. मिश्र, अनिल दत्त, *गांधी एक अध्ययन*, प्रकाशक—डार्लिंग किंडरस्ले प्रा०लि०, नई दिल्ली—110017, पृ०सं०— 218
2. गांधी, महात्मा, *मेरे सपनों का भारत*, बुराड़ी, दिल्ली राजा पैकेट बुक्स, 2013, पृ०सं०—174
3. मिश्र, अनिल दत्त, पूर्वाद्धृत, पृ०सं०—224, 225
4. *हरिजन*, 23 मई, 1936
5. वही।
6. *यंग इंडिया*, 12 जून, 1928
7. *यंग इंडिया*, 5 अगस्त, 1926
8. कुमार, प्रभात, *स्वतंत्रता संग्राम और गांधी का सत्याग्रह,* दिल्ली विश्वविद्यालय, हिन्दी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय 1994, पृ०—26
9. वही, पृ०सं०—30
10. गांधी, मोहनदास करमचंद,*यंग इण्डिया,* नवजीवन प्रेस, अहमदाबाद, 15—12—1921
11. व्होरा, आषारानी, महिलाएँ और स्वराज्य नई दिल्ली प्रकाशन एवं सूचना विभाग 1988, पृ०—114
12. सिंह, वी.एन., सिंह, जनमेजय, *नारीवाद,* रावत पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2012, पृ—297—298
13. राय, कौलेश्वर, *भारत का स्वतंत्रता संग्राम,* किताब महल नई दिल्ली, 1985, पृ०—116—17
14. जैन, पुखराज, *भारत में स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास,* साहित्य भवन आगरा, पृ०—142
15. व्होरा, आशारानी, पूर्वउद्धृत, पृ०— 148
16. शरण, कुमार देवेन्द्र, *भारतीय इतिहास में नारी,* क्लासिकल पब्लिशिंग कंपनी, दिल्ली, 2007, पृ०—27
17. वहीं, पृ०— 29
18. नाथ, धर्मेन्द्र, *अगस्त क्रांति और दिल्ली,* स्वतंत्रता सेनानी परिचय समिति, दिल्ली, 1993, पृ०—53.

# महात्मा गाँधी का आर्थिक चिंतन

**आलोक कुमार***

किसी भी देश की उन्नति और विकास इस बात पर निर्भर करता हैं कि वह देश आर्थिक दृष्टि से कितनी प्रगति कर रहा है तथा औद्योगिक दृष्टि से कितना विकास कर रहा है। आज भारतवर्ष का कौन सा नागरिक है, जो महात्मा गांधी के नाम तथा राष्ट्र निर्माण में उनके कार्यकलाप से भली, भाँति अवगत नहीं है। महात्मा गांधी उच्च कोटि के चिंतक थे। उनके बारे में विश्वविख्यात वैज्ञानिक अलबर्ट आइन्सटाइन का यह मत है कि, "हम बड़े भाग्यशाली है और हमें कृतज्ञ होना चाहिए कि ईश्वर ने हमे ऐसा प्रकाशमन समकालीन पुरूष दिया है, वह भावी पीढ़ियों के लिए भी प्रकाश स्तंभ का काम देगा।"

गाँधीजी के आर्थिक विचारों में मानवता सर्वोपरि स्थान ग्रहण करती है। सकल घरेलू उत्पाद तथा विकास संबंधी अन्य सूचकांक तभी तक मायने रखते है जब तक उनसे जन,कल्याण का लक्ष्य पूरा हो सके। गांधीजी एक राष्ट्र, एक युवा, एक नागरिक, एक किसान, एक छात्र को शून्यता की वरीयता से अवगत कराते है जिसका एकमात्र आदर्श राष्ट्र का निर्माण करना है।

## ग्राम विकास को प्राथमिकता –

महात्मा गांधी भारतवर्ष को आत्मनिर्भर देखना चाहते थे। उन्होंने माना था कि भारत उसके शहरों में नहीं बसता, बल्कि उनके 7 लाख गाँवों में बसता है।[1] इसलिए उनका दृष्टिकोण था कि भारत को विकास–मार्ग पर ले जाने के लिए 'ग्राम–विकास' प्राथमिक आवश्यकता है। गांधीजी का विचार था कि 'सभी गांवों का सर्वेक्षण कराया जाएगा और उन चीजों की सूची तैयार कराई जाएगी जो कम से कम या किसी तरह की सहायता के बिना स्थानीय रूप से तैयार की जा सकती है और जो या तो गाँवों की इस्तेमाल में आ जाएगी या जिन्हे बाहर बेचा जा सकेगा। उदाहरण के लिए कोल्हू से पेरा गया तेल और खली, कोल्हू से पेरा गया जलाने का तेल, हाथ से कूटे चावल, ताड़ गुड़, शहद, खिलौने, चटाईयां, हाथ से बना कागज, साबुन आदि। इस प्रकार यदि पर्याप्त ध्यान दिया जाए तो ऐसे कुटीर उद्योग जो गांवों में निष्प्राण हो चुके हैं या निष्प्राण होने की प्रक्रिया में है। उसमें नवजीवन

*यू0जी0सी0, जुनियर रिसर्च फेलो, स्नातकोत्तर इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, रांची,

का संचार हो सकेगा तथा उनकी स्वयं अपने और भारत के शहरों और कस्बों के उपयोग के लिए आवश्यकता की अधिकांश वस्तुओं के निर्माण की अनंत संभावनाओं का पता चल सकेगी।[2]'

गांधी जी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सर्वोपरि स्थान दिया था। उनकी दृष्टि में इस अर्थव्यवस्था का आधार था, 'ग्रामीण जीवन का उत्थान'। उनका कहना था ''कताई ओर बुनाई के पुनरूद्धार से भारत के आर्थिक और नैतिक पुनरूजीवन में सबसे बड़ा योगदान होगा। हमारे लाखों ग्रामवासियों के पास कृषि के पूरक के रूप में कोई छोटा–मोटा उद्योग होना आवश्यक है। वर्षों पहले कताई एक कुटीर उद्योग था और यदि हमे लोगों को भुखमरी से बचाना है तो हमे अपने घरों में फिर से कताई की शुरूआत करनी चाहिए और हर गांव के पास फिर से अपना बुनकर होना चाहिए।''[3]

गाँधीजी के अनुसार, हरऐक गांव के लिए आदर्श यही है कि वह खुद अपने लिए काटे और बुने जैसे कि आज अधिकतर गांव अपनी जरूरत का अनाज खुद पैदा कर लेते हैं। हर गांव के लिए अपनी जरूरत का पूरा अनाज खुद पैदा करने के वनिस्पत अपने लिए अपने लिए कातना और बुनना ज्यादा आसान है। हर गांव काफी कपास इकट्ठी कर सकता है और बिना किसी कठिनाई के काट और बुन सकता है।[8] जब हम गांवो के लिए सहानुभूति से सोचने लगेंगे और गांवो की बनी चीजें हमें पसंद आने लगेगी, तो पश्चिम की नकल के रूप में यंत्रों की बनी चीजें हमें नहीं जायेगी और हम जैसी राष्ट्रीय अभिरूचि का विकास करेंगे, जो गरीबी, भुखमरी ओर आलस्य या बेकारी ये मुक्त नये हिन्दुस्तान के आदर्श के साथ मेल खाली होगी।[9]

गामोद्योगो का यदि लोप हो गया, तो भारत के 7 लाख गांवो का सर्वनाश ही समझिये।[4]

यंत्रों से काम लेना उसी अवस्था में अच्छा होता है, जब किसी निर्धारित काम को पूरा करने के लिए आदमी बहुत ही कम हो या नपे–तुले हैं। पर यह बात हिन्दुस्तान में तो है नहीं। यहां काम के लिए जितने आदमी चाहिए, उनसे कही अधिक बेकार पड़े हुए हैं। इसलिए उद्योगों के यंत्रीकरण से यहां की बेकारी बढ़ेगी। हमारे यहां सवाल यह नहीं है कि हमारे गांवों में जो लाखो–करोड़ो आदमी पड़े है उन्हें परिश्रम की चक्की से निकालकर किस तरह छुट्टी दिलाई जाय, बल्कि यह है कि उन्हे साल में जो कुछ महीनों का समय यों ही बैठे–बैठे आलस में बिताना पढ़ता है उसका उपयोग कैसे किया जाय। कुछ लोगों को गांधी की यह बात शायद विचित्र लगेगी, पर दरअसल बात यह है कि प्रत्येक मिल सामान्यतः आज गांवो की जनता के लिए त्रास बन रही है। उनकी रोजी पर ये मायाविनी मिले छापा मार रही हैं। गांधी जी बारीकी से आंकड़े एकत्र नहीं किये थे, पर इतना तो वे कह ही सकते थे कि गांवो में बैठकर कम–से–कम दस मजदूर जितना काम करते थे उतना ही काम मिल का एक मजदूर करता था। इसे यों भी कह सकते हैं कि दस आदमियों की रोजी छीनकर, यह एक आदमी गांव में जिनता कमाता था उससे

कहीं अधिक कमा रहा था। इस तरह कताई और बुनाई की मिलों ने गांवो के लोगों की जीविका का एक बड़ा भारी साधन छीन लिया।[5]

गाँधीजी का कहना था कि अगर गांवो का नाश होता है तो भारत का भी नाश हो जायेगा। उस हालत में भारत, भारत नहीं रहेगा। दुनिया को उसे जो संदेश देना है उस संदेह को वह खो देगा।[6]

## न्यासिता ( ट्रस्टीशिप ) का सिद्धांत

गांधीजी शिक्षा से अर्थशास्त्री नहीं थे, किन्तु इस विषय में भी उनका चिंतन क्रांतिकारी है। उन्होंने कहा था कि अपनी जरूरत से अधिक संग्रह करने का अर्थ है,'चोरी'। उनके मतानुसार अर्थशास्त्र एक नैतिक विज्ञान है– 'इंसान की कमाई का मकसद केवल सांसारिक सुख पाना ही नहीं, बल्कि अपना नैतिक और आत्मिक विकास करना है।' इसीलिए उन्होंने त्यागमय उपभोग की बात का समर्थन किया था। गांधी जी का ट्रस्टीशिप का सिद्धांत निजी स्वामित्व को हटाने की वकालत करता है। इस स्वामित्व से असमानताएं और झगड़े बढ़ते है, राज्य स्वामित्व से व्यक्ति की पहल करने की क्षमता का ह्रास होता है। इसलिए उन्होंने सामाजिक स्वामित्व का समर्थन किया है,"फर्ज कीजिए कि विरासत में या उद्योग व्यवसाय द्वारा मुझे प्रचुर संपति मिल गई, यह अब सम्पति मेरी नहीं है, बल्कि मेरा तो उस पर इतना ही अधिकार है कि जिस तरह दूसरे लाखों आदमी गुजर करते हैं, उसी तरह मैं भी अपना गुजर भर करूँ। मेरी शेष संपति पर राष्ट्र का अधिकार है।"[10]

गांधी जी ने कहा कि, 'कोई दूसरा सिद्धांत अहिंसा के साथ मेल नहीं खाता है।'[11] पूंजीपतियों और जमींदारों को अपने कार्यकर्ताओं के ट्रस्टी के रूप में कार्य करना चाहिए। गांधीजी ने ट्रस्टीशिप का एक सरल, व्यवहारिक सूत्र मंजूर किया था। इस सूत्र के अनुसार "न्यासिता समाज की वर्तमान पूंजीवादी व्यवस्था को समतावादी व्यवस्था में रूपांतरिक करने का एक साधन है। यह निजी स्वामित्व के किसी अधिकार को नहीं मानती, सिवाय उसके जिसकी अनुमति समाज अपने कल्याण के लिए दे– न्यूनतम और अधिकतम आयों के बीच जो अंतर हो वह युक्तिसंगत और न्यायोचित होना चाहिए, उत्पादन का स्वरूप सामाजिक आवश्यकता द्वारा निर्धारित होगा, व्यक्तिगत सनक या लोभ द्वारा नहीं।"[12]

विशेषकर साम्यवादी रूस के पतन के पश्चात् पूंजीवाद बुराईयों पर कोई नियंत्रण नहीं लग पा रहा है, ऐसे में गांधीजी का ट्रस्टीशिप के सिद्धांत की प्रासंगिकता बढ़ जाती है।

जब तक धनवानों और लाखों–करोंड़ो भूखे लोग के बीच की खाई नहीं पटती तब तक अहिंसक किस्म की सरकार की स्थापना करना नितांत असंभव है। नयी दिल्ली के आलीशान भवनों और उसके पास ही मजदूरों की टूटी–फूटी झोपड़ियों का अंतर, स्वतंत्र भारत में एक दिन भी नहीं चल सकता, जिसमें देश के गरीब लोगों के हाथों में भी उतनी ही शक्ति होगी

जितनी की सर्वाधिक धनी लोगों के हाथों में।[13] अगर धनवानों ने अपनी धन–दौलत और उससे प्राप्त शक्ति का स्वेच्छा से त्याग न किया और आम जनता को उसके हित के लिए उसमें साझीदार न बनाया तो निश्चित रूप से एक दिन हिंसक और रक्तरंजित क्रांति हो जाएगी।[14] गांधीजी का विश्वास है कि हाथ की कताई ओर बुनाई के पुनरूद्धार से भारत के आर्थिक और नैतिक पुनरूज्जीवन में सबसे बड़ा योगदान होगा। हमारे लाखों ग्रामवासियों के पास कृषि के पूरक के रूप में कोई सादा, सा उद्योग होना आवश्यक है।[15] चरखे के विषय में गांधी जी ने बहुत ही जोरदार शब्दों में कहा था– "चरखा बहुसंख्यक लोगों की आशा का प्रतिनिधित्व करता है। चरखा गांवों की कृषि का पूरक है, उनकी प्रतिष्ठा का प्रतीक है, वह विधाओं का मित्र और कृषकों को आलस्य से दूर रखने का साधन है।" बम्बई के उद्योगपतियों की एक योजना में यह विचार व्यक्त किया गया था कि खादी एक झक्कीपन की विचारधारा नहीं है बल्कि एक आत्मनिर्भर विचारधारा है। यह योजना बड़े–बड़े उद्योगपतियों के नाम से संबंधित थी। इस योजना ने उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन कुटीर उद्योगों के माध्यम से करने पर जोर दिया।[16]

अनुचित तरीके से ग्रहण किये गये धन के बारे में गांधीजी ने कहा था कि 'इस बात का निर्णय कौन करेगा कि यह न्यायपूर्वक कमाया हुआ है और वह अन्यायपूर्वक? इसका निर्णय तो केवल अन्तर्यामी ईश्वर ही कर सकता है या फिर धनिकों ओर निर्धनों के द्वारा नियत किये योग्य विशेषज्ञ इसका निर्णय कर सकते हैं। पर अगर तुम यह कहते हो कि सभी तरह की मिल्कियत और धन–दौलत का रखना चोरी है, तो फिर सभी को अपनी–अपनी संपति का त्याग कर देना चाहिए। क्या हमने यह त्याग किया है? यह आशा रखकर कि दूसरे हमारा अनुसरण करेगें हम खुद संपति परित्याग का आरंभ कर दें। उन लोगों के लिए जिनका यह विश्वास है कि उनकी खुद की संपति अन्याय–अर्जित है, इसके सिवा दूसरा कोई मार्ग ही नहीं।'[17]

आर्थिक समानता की जड़ में धनिक का ट्रस्टीशिप निहित है। इस आदर्श के अनुसार अमीरों को अपने पास एक कौड़ी भी ज्यादा रखने का अधिकार नहीं है। इसमें आर्थिक विषमता समाप्त करने का प्रयत्न बलपूर्वक हिंसा के आधार पर नहीं अपितु विचार–परिवर्तन और हृदय–परिवर्तन के आधार पर किया जाता है।[18] सबसे अधिक महत्व ट्रस्टीशिप के पक्ष में जनमत तैयार करने का है। यह संपति और व्यक्तिगत स्वामित्व के मूल में ही प्रहार है। गांधी समाज को एक परिवार के रूप में देखते हैं। परिवार में प्रत्येक व्यक्ति की क्षमता एक समान नहीं रहती। अतः प्रत्येक व्यक्ति एक समान उत्पादन नहीं कर सकता। परंतु जो कुछ भी वह उत्पादन करता है उसका उपयोग समस्त परिवार करता है। ठीक उसी प्रकार समाज में भी शक्ति की विषमता के कारण उत्पादन की विषमता होगी। इसलिए ट्रस्टीशिप की आवश्यकता अधिक हो जाती है।

यदि ट्रस्टी ट्रस्ट के कारोबार में गफलत करे तो राज्य को अधिकार होगा कि ट्रस्ट संपति उसके अधिकार से ले ले। इस दृष्टि से यदि पूंजीपति ट्रस्टीशिप के आदर्श की अवहेलना करता पाया जाये और जनता की ओर से स्वतंत्र प्रयत्न अपर्याप्त हो तो राज्य भिन्न–भिन्न प्रकार की पूँजीवादी प्रभावों को समाप्त कर देगा और मजदूरों के प्रतिनिधियों के साथ अनिवार्य केन्द्रित उत्पादन का स्वामित्व और प्रबंध ग्रहण करें।[19]

## बुनियादी शिक्षा योजना गांधी के आर्थिक दर्शक का अभिन्न अंग

इस तालीम की मंशा यह है कि गांव के बच्चों को सुधार–संवार कर उन्हें गांव का आदर्श, बाशिन्दा बनाया जाय। इसकी योजना खासकर उन्हीं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इस योजना की असल प्रेरणा भी गांवों से ही मिली है। जो कांग्रेसजन स्वराज की इमारत को बिल्कुल उसकी नींव या बुनियाद से चुनना चाहते हैं, वे देश के बच्चों की उपेक्षा कर ही नहीं सकते। बुनियादी शिक्षा हिन्दुस्तान के तमाम बच्चों को फिर वे गांव के रहने वाले हों या शहरों के, हिन्दुस्तान के सभी श्रेष्ठ और स्थायी तत्वों के साथ जोड़ देती है। यह तालीम बालक के मन और शरीर दोनों का विकास करती है, बालक को अपने वतन के साथ जोड़े रखती है, उसे अपने और देश के भविष्य का गौरवपूर्ण चित्र दिखाती है, और उस चित्र में देखे हुए भविष्य के हिन्दुस्तान का निर्माण करने में बालक या बालिकाएं अपने स्कूल जाने के दिन से ही हाथ बंटाने लगे, इसका इंतजाम करती है।[20]

बुनियादी शिक्षा का उद्देश्य दस्तकारी के माध्यम से बालकों का शरीरिक, बौद्धिक और नैतिक विकास करना है। लेकिन मैं मानता हूँ कि कोई भी पद्धति, जो शैक्षणिक दृष्टि से सही हो ओर जो अच्छी तरह चलायी जाय, आर्थिक दृष्टि से सही हो और जो अच्छी तरह चलायी जाय, आर्थिक दृष्टि से भी उपयुक्त सिद्ध होगी। उदाहरण के लिए बच्चों को मिट्टी के खिलौने बनाना भी सिखा सकते हैं, जो बाद में तोड़कर फेंक दिये जाते हैं। इससे भी उनकी बुद्धि का विकास तो होगा, लेकिन इसमें इस महत्वपूर्ण नैतिक सिद्धांत की उपेक्षा होती है कि मनुष्य के श्रम और साध–सामग्री का अपव्यय कदापि न होना चाहिए। उनका अनुत्पाद उपयोग कभी नहीं करना चाहिए। अपने जीवन के प्रत्येक क्षण का सदुपयोग ही होना चाहिए, इस सिद्धांत के पालन का आग्रह नागरिकता के गुण का विकास करने वाली सवोत्तम शिक्षा है, साथ ही इससे बुनियादी तालीम स्वावलम्बी भी बनाती है।[21]

हमारे जैसे गरीब देश में हाथ की तालीम जारी करने से दो लक्ष्य सिद्ध होंगे। उससे हमाारे बालकों की शिक्षा का खर्च निकल आयेगा और वे ऐसा धंधा सीख लेंगे, जिसका अगर वे चाहे तो उत्तर–जीवन में अपनी जीविका के लिए सहारा ले सकते हैं। इस पद्धति से हमारे बालक आत्म–निर्भर अवश्य हो जायेंगे। राष्ट्र को कोई चीज इतना कमजोर नहीं बनायेगी, जितना यह बात कि हम श्रम का तिरस्कार करना सीखें।[22]

गांधी जी ने अपने देश वासियों के सम्मुख शिक्षा का जो कार्यक्रम रखा था वह संक्षेप में इस प्रकार है– सारे देश में सात से चौदह वर्ष के बालक,बालिकाओं के लिए सामान्य शिक्षा अनिवार्य हो और उसका आधार मातृभाषा हो। सारी शिक्षा का माध्यम कुछ चुने हुए हस्तशिल्प हो। इस प्रकार सैद्धांतिक शिक्षा और रचनात्मक कार्य परस्पर घनिष्ठता पूर्वक संबद्ध हो जायेंगे। बच्चों को सहकारी क्रिया–कलापों ओर नैसर्गिक अनुशासन के द्वारा सामाजिक समुदाय के रूप में रहना सिखलाया जाय और उन्हें विद्यालय से बाहर, वयस्क लोगों की सामाजिक सेवा के अवसर भी दिये जाए। गांधीजी ने सीधे सादे शब्दों में कहा था– "अपने जीवन का हर क्षण उपयोगी कामों में लगाने का सिद्धांत ही अच्छे नागरिक की शिक्षा का आदर्श होना चाहिए, केवल पुस्तकों का ज्ञान अर्जित करना नहीं।"[23]

गांधी ने हिन्द स्वराज्य में पाश्चात्य सभ्यता की खुलकर निदां की हैं। यह एक प्रारंभिक पुस्तक है, जिसमें गांधी के उन महत्वपूर्ण और शक्तिशाली विचारों के बीज मिलते हैं जो बाद में विकसित हुए। हिन्द स्वराज्य में हमें साधन और साध्य, अहिंसा, सत्याग्रह, सामाजिक सुधार, सभ्यता के अर्थ आदि विषयों पर चर्चा की शुरूआत मिलती है, चाहे वह अपरिष्कृत ही हो। इस पुस्तक में उनके मंजे हुए विचार नहीं है पर उन विचारों या संकल्पनाओं के आरंभिक स्वरूप को देखा जा सकता हैं। इस पुस्तक में किसी विचार ने अंतिम रूप नहीं लिया है।[24]

गांधी शिक्षा को स्वावलंबी बनाना चाहते थे। उसे निःशुल्क और अनिवार्य बनाने में आर्थिक बाधा न उपस्थित हो। उसका परिणाम यह होगा कि शिक्षा गरीब से गरीब ग्रामवासियों को भी उपलब्ध हो सकेगी। शिक्षा को सार्वजनिक और स्वावलंबी बनाने के लिए उसे ग्रामोद्योग से जोड़ना आवश्यक है। इससे ग्रामोद्योग की तकनीक में सुधार होगा और उनका विकास होगा। उन्होंने इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए यह विचार व्यक्त किया। इस प्रकार कताई और बुनाई जैसे ग्रामोद्योगों द्वारा प्राथमिक शिक्षा देने की योजना में उनकी कल्पना यह थी कि वह ऐसी शांति सामाजिक क्रांति की अग्रदूत बने, जिसमें अत्यंत दूरगामी परिणाम भरे हुए थे। इससे नगर और ग्राम के संबंधों का एक स्वराज्यप्रद और नैतिक आधार प्राप्त होगा और समाज की मौजूदा अरक्षित अवस्था और वर्गों के परस्पर विषाक्त संबंधी कुछ बड़ी से बड़ी बुराईयों को दूर करने में बड़ी सहायता मिलेगी।[25]

गांधी जी के अनुसार भारत गांवों का देश है, इसलिए शिक्षा को भी ग्रामीण आवश्यकताओं के अनुरूप होना चाहिए। छात्रों को उनके पैतृक व्यवसाय में अधिक क्षमता प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करनी चाहिए ताकि शिक्षित युवक नौकरी की खोज में शहरों की दौड़ न लगाये। शारीरिक श्रम की महता कायम करने के लिए प्रत्येक छात्र को कुछ न कुछ कृषि कार्य में स्वयं भाग लेना चाहिए। शारीरिक श्रम के बिना स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रह सकता, यह भावना छात्रों में पैदा करनी चाहिए। शिक्षा के बारे में उनकी योजना का मूल विचार यह था कि शिक्षा निःशुल्क होनी चाहिए। इसका खर्च अपने आप निकलना चाहिए।[26]

उन्होंने लिखा था कि स्कूल अपना खर्च पूरा करे अगर अपने चारों ओर के वातावरण के अनुसार बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा दी जाय तो वे स्कूल में अपने ऊपर होने वाले खर्च को ही नहीं पूरा कर सकेंगे बल्कि आगे चलकर वे अपनी जिंदगी में भी इसका उपयोग कर सकेंगे।[27]

गांधी जी चाहते थे कि प्राथमिक शिक्षा में दस्तकारी की शिक्षा अवश्य देनी चाहिए। उनका मत है कि इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली से मस्तिष्क और आत्मा का उच्चतम विकास संभव है। इस प्रकार गांधी जी ने शिक्षा के प्रारंभिक अवस्था में रचना और सर्जना पर बल दिया, प्रारंभिक शिक्षा के द्वारा भी कुछ न कुछ उत्पादन की क्षमता का विकास बच्चे में होना ही चाहिए।[28]

गांधी जी का विश्वास था कि व्यावहारिक कृषि शिक्षा देने से बेकारी की समस्या हल होगी और युवाशक्ति का उपयोग रचनात्मक और उत्पादक कार्यों में विश्वास जगेगा और तत्कालीन शिक्षा प्रणाली द्वारा केवल नौकरी की तलाश में बेकार घूमने वाले नवयुवकों को अपने आप काम मिल जायेगा। गांधी जी ने इस पर अपना विश्वास व्यक्त करते हुए कहा था, ''जो राज्य बेकारों के लिए कार्य की व्यवस्था नहीं कर सकता वह किसी काम का नहीं है। छोटे–छोटे उद्योगों की व्यवस्था करने मात्र से बेकारी की समस्या हल नहीं हो सकती। तो बेकार व्यक्तियों में से प्रत्येक के लिए कार्य की व्यवस्था करूँगा और उन्हें धन नहीं तो भोजन अवश्य दूँगा। जब हमारे देश में तीस करोड़ जीवित मशीने हैं तब हमारे लिए काम का अभाव नहीं है काम करने से कोई दास नहीं बन जाता।''[29]

गांधी जी अपनी शिक्षा पद्धति में समानता के पोषक थे। शिक्षा गरीब–धनी सबको समान रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। शिक्षित युवकों में छोटे–बड़े की भावना पैदा न हो। उन्होंने इसके संबंध में लिखा था, मैं शिक्षा के स्वर में समता लाना चाहता हूँ। शताब्दियों से श्रमिक वर्ग निम्न स्तर के रूप से उपेक्षित और बहिष्कृत रहा है। वे शुद्ध समझे जाते रहे और शब्द घटिया स्तर का द्योतक हो गया है। मैं बुनकर के पुत्र, किसान के पुत्र और अध्यापक के पुत्र के बीच भोदभाव का स्थान देना नहीं चाहता।[30]

गांधी जी का आर्थिक चिंतन आज भी सार्थक एवं अनुकरणीय है। उनके चिंतन के आधार पर अनेक समस्याओं के समाधान उपस्थित किए जा सकते हैं। गांधीजी ने सदैव लोगों के जीवन स्तर को उठाने के साथ ही उनके नैतिक स्तर को ऊंचा उठाने पर भी बल दिया। उनहोंने हमे निरंतर रूप से चेताया कि सिर्फ ऊंचे भवन खड़े करने, बड़ी–बड़ी फैक्ट्रीयां लगाने और आर्थिक समृद्धि के लिए धन में बढ़ोतरी से ही राष्ट्र महान नहीं बन जाते है। यद्यपि ये सब व्यक्ति के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने के लिए आवश्यक है, परंतु एक देश वास्तव में महान और सम्मान का पात्र तब बनता है जब उसके नागरिक मस्तिष्क और हृदय के उत्कृष्ट गुणों को अपनाए। हमें यह बात कहने में कोई आपत्ति नहीं है कि भारत की आर्थिक एवं औद्योगिक व्यवस्था को लेकर गांधीजी का जो जीवन–दर्शन देशवासियों को उपलब्ध हुआ है, वह सदैव उपयोगी रहेगा।

# संदर्भ सूची


1. प्रभु, आर0 के0, यू0 आर0 राव, ***महात्मा गांधी के विचार,*** नेशनल बुक ट्रस्ट, दिल्ली, 1994, पृष्ठ 347
2. वही, पृष्ठ 354
3. वही,पृष्ठ 392
4. गांधी, महात्मा, ***मेरे सपनों का भारत,*** राजपाल एण्ड सन्स, दिल्ली, 2008, पृष्ठ 88
5. वही, पृष्ठ 89
6. वही, पृष्ठ 90
7. गांधी, महात्मा, ***हिन्द स्वराज्य,*** नवजीवन प्रकाश मंदिर, अहमदाबाद, पृष्ठ 76
8. ***यंग इंडिया,*** नवजीवन पब्लिशिंग हाउस, अहमदाबाद, 11.08.1921, पृष्ठ 3
9. गांधीजी, ***पंचायत राज***, संग्राहक आर0 के0 प्रभु, नवजीवन प्रकाश्न मंदिर, अहमदाबाद, पृष्ठ 29
10. ***संपूर्ण गांधी वांड्मय,*** प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सकरकार, नई दिल्ली, 69 : 218–219
11. ***संपूर्ण गांधी वांड्मय,*** प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सकरकार, नई दिल्ली, पृष्ठ– 17: 28
12. ***हरिजन,*** नवजीवन पब्लिशिंग हाउस, अहमदाबाद, 25.10.1952
13. ***प्रभु, आर0 के0, यू0 आर0 राव,*** पूर्वोद्धृत, पृष्ठ 246
14. गांधी महात्मा, ***कॉन्स्ट्रक्टिव प्रोग्राम : इट्स मीनिंग एंड प्लेस,*** नवजीवन पब्लिशिंग हाउस, अहमदाबाद, 1941, पृष्ठ 20–21
15. ***यंग इंडिया,*** नवजीवन पब्लिशिंग हाउस, अहमदाबाद, 21.07.1920, पृष्ठ 4
16. पंत, सुजा, ***'भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में ग्रामोद्योग– गांधीवादी दृष्टिकोण,*** खादी, ग्रामोद्योग', वर्ष 28, अंक–चतुर्थ, जनवरी, 1982, पृष्ठ 208–09
17. खेर, व्ही० बी०, ***'आर्थिक और औद्योगिक जीवन– उसकी समस्यायें और हल'*** (भाग–1), नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, 1961, पृष्ठ 194
18. लाल, प्यारे : ***टुवर्डस न्यू होरिजन्स,*** नवजीवन पब्लिशिंग हाउस, अहमदाबाद, 1959, पृष्ठ 90–91
19. धवन, जी. एन., ***द पोलिटिकल फिलॉसफी ऑफ महात्मा गांधी,*** नवजीवन पब्लिशिंग हाउस, अहमदाबाद, 1957, पृष्ठ 355
20. ***रचनात्मक कार्यक्रम,*** नवजीवन पब्लिशिंग हाउस, अहमदाबाद, 1958, पृष्ठ 28–29
21. गांधी, महात्मा, पूर्वोद्धृत, पृष्ठ 159–160
22. वही, पृष्ठ 160
23. वही, पृष्ठ 75

24. सेठी, जयदेव : ***गांधी की प्रासंगिकता,*** राधा कृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, 1979, पृष्ठ 23
25. ***सर्वोदय***, संपादक भारतन कुमारप्पा, नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, 1958, पृष्ठ 157
26. ***यंग इंडिया,*** नवजीवन पब्लिशिंग हाउस, अहमदाबाद, 1.09.1921
27. ***यंग इंडिया,*** नवजीवन पब्लिशिंग हाउस, अहमदाबाद, 11.07.1929
28. ***हरिजन*** , नवजीवन पब्लिशिंग हाउस, अहमदाबाद, 31.03.1937
29. महात्मा : (खण्ड–4) जुलाई 1952 का संस्करण, नवजीवन पब्लिशिंग हाउस, अहमदाबाद, पृष्ठ 240
30. महात्माः (खण्ड–4) जुलाई 1952 का संस्करण, नवजीवन पब्लिशिंग हाउस, अहमदाबाद, पृष्ठ 244–45

# Empowerment of Women Through Gandhi's Education on the importance of khadi

**Dr. Priya***

The Non Co-operation Movement's constructive programmes included Gandhi's education on self reliance. During the movement, he exhorted women to adopt Khadi as he foresow Khadi as a tool to associate women with the Movement and emancipate them from the boring domestic chores through providing engagement and increasing their income and enabling them to contribute in the family income and make them an active participative member of the family.

Gandhi's educated women were to stand on their feet economically by spinning yarns and weaving through which they could earn money and contribute in the family income. He believed that the Movement could not be pushed forward if half of the population was left unassociated with any nation-building programme. That is why Mahatma Gandhi eulogised importance of Khadi, which could give employment and through employment a self reliant economically self respecting womenhood could stand on its feet and contribute in the freedom movement.

Mahatma Gandhi started the Non-Co-operation movement in champaran to end the Nilhas' oppression on the ryots. A number of causes are attributed for starting the movement and in the same way both elite and illiterate farmers, and students studying in lower classes started noting down the woes of the farmers and thus he got them involved in the Movement. The Non-Co-operation Movement had manifold ramifications, when we discuss the nature and impact of the Movement. One of the important aspect of this Movement was the economic contribution to Indian economy in the form of Swadeshi Andolan which ultimately succeeded in making the British Raj

---

* Assistant Professor, mahila Teachers' Training College, Bariatu, Ranchi M.A. (History) D.U., M.A. in Ed. NOU, M. Sc. (Education), University of Glasgow, U.K., Ph.D. V.K.S.U.

irrelevant after fighting two world wars and losing its position as producer. In the initial years of the 20th century, the main motive of the British Raj was to sell its products in the Indian market. we know that the first and the second world wars were mainly fought on this perilous issues, which compelled the British Government to allow Indians to produce their most needed articles, which they (the british) were incapable of producing themselves because of the shutting down of their industries in Britain under compelling situation of drawing workers from factories for fighting war on the bigger arenas.

Curzon's Act of Partition of Bengal aimed at splitting growing nascent Bengali, nay rather Indian nationalism in Bengal evoked stiff protest and backfired. Surendra Nath Benerjea gave a clarion call to boycot British goods and use products produced in the country. Unpteen Bengali nationalists like Aurobindo Ghosh and his followers supported this move but after abrogation of the partitiion, the movement became weak and list momentum.

When Gandhi started the Non-Co-Operation Movement in champaran in September, 1921-22, once again Swadeshi Movement gained relevance on Gandhi's call. Apart from the political nature of the Movement, one of the seminal role of it was very much constructive because of Gandhi's emphasis on Swadeshi. 'Swadeshi' meant the products produced in 'Swasesh' in the home country contrary to factories abroad. lts implications were large-boycotting the British proucts and British institutions.

The most important British product in indian market at the time was British cloth which had been promoted after consistently gagging the Indian cotton industries in the 18th & 19th centuries.[1] The anti partition movement operators like Surendra Nath Banerjea and Aurbindo Ghosh realised that economic jolt needed to be exerted against the British conspiracy to halt the initial growth of Indian nationalism. Hence they advocated for Swadeshi Andolan during the anti-partition movement of Bengal.

Since time immemorial spinning and its related work was mostly done by women of rural areas. When British goods began to be boycotted,

Khadi cloths also began to be proudly donned by both poor and rich, literates and illiterates symbolizing Gandhi's epitome. Now women from both poor as well as well to do families felt proud to spin yarn in their homes and weavers, mostly Muslims, started weaving cloth. Contributions of rural women to the family earning increased, which definitely enhanced their position in the family. Women also began to think that in this way they were participating in the freedom ovement on the call of Mahatma Gandhi. Village women after finishing their domestic chores used to assemble at a place and spin yarn singing patriotic songs eulogising Gandhi, Jawaharlal Nehru etc. and this system continued even after independence till 1950s. Very prominantly the Harijan mentions "The Indian National Movement under Gandhi's aegis opened and eleborated the public sphere for female involvement not only through such constructive work as a progpogation of Charkha, a spinning wheel, but also through assigning to them the role to act as moral guardians to society."[2] It is true that women did not participate masively during the Non-Cooperation Movement but Gandhi's call for Swadeshi worked. Even illiterate farmers and women understood Gandhi's efforts for emancipation of the country from the British Raj and for them khadi was one of the tools through which they could fight the British empire. In this pious act, Women's particiiation increased manifold among both upper castes and subaltram castes. If spinning helped in earning, Khadi industry also encouraged them to part a part of their income and in lieu of that they got saris, dhotis, chadars etc. whose use symbolized Gandhi's self reliance and was in consonance of his preachings.

While discussing women to adopt Khadi, Madhu kishwar observed. "This apparently appears to put some brake on the larger participation of women in all as aspects of mundane life but really Gandhi kept on harping on women's real sphere of activity being the home even while actively creating condition which could help her break the shackles of domesticity."[3]

The association of Women with the freedom movement through Gandhi's Khadi was tremendous. Khadi became a symbol for economic independence of the country from the British rule. A report was prepared

by the British Government in 1930-31 for presentation to the British Parliament, which states ".....Women held public meetings, organized picketing of shops serving foreign school and articles, sold Khadi and actively participated in the National Movement on Gandhi's call. They breavely faced the baton of the police and even went behind the bars."[4] khadi definitely instilled a sense of self confidence and empowered them in not only decision making of the family but also instilled patrieism to fight against the British oppresion.[5]

It further narrates "....thousands of them, many belonging to good family and high educational attainments, suddenly emerged from seclusion of their homes in order to join Congress demonstrations and assist in picketing. Their very presence in the freedom movements made the task of the police quite unpleasant."[6]

Thus we fined salutary impact of Gandhi's exhortation on adoption of khadi through which women's self-reliance on economic front could be possible. The ultimate result was their participation in family decision making and gradual increasing participation in the freedom movement.

## Reference

1. (a) Bolts, William, ***Consideration on Indian Affairs***, Published in 1972, London
   (b) Hamilton, C.J., ***The Trade Relations Between England and India (1600-1806) Delhi***, Reprint 1977, London, pp 255-56.
   (c) Milburn, ***Oriental commerce***, Nahu Pren, London, 1846, Vol. II, P. 234
   (d) Macgregor, ***Commercial Tarrifs***, Black, Pany & Coglany, 1813 p. 480.
2. ***Harijan***, 24 February 1940, ***Colected work of Mahatma Gandhi***, Ahmedabad, 1982, Vol. LXXI, PP-207-08.
3. Kishwar, Madhu, ***Gandhi and Womens Role in the struggle for Swaraj***, OUP, 2009, PP-254-255
4. *Government of India Official Report 1930-31,* ***A statement prepared for presentation in the British Parliament****, Calcutta-1932, P. 73*
5. Ibid
6. Ibid

# Gandhi Ji on Women & Empowerment

**Dr. Mritunjay Kumar***

*"One of the most enduring clichés about India is that it is a country of contradictions. Like all clichés, this one too has a grain of truth in it. At the heart of the contradiction stand Indian women: for it is true to say that they are among the most oppressed in the world, and it is equally true to say that they are among the most liberated, the most articulate and perhaps even the most free. Can these two realities be simultaneously true?"*[1]

The empowerment of a person or group of people is the process of giving them power and status in a particular situation. This means control over material assets, intellectual resources and ideology. It involves power to, power with and power within. Some define empowerment as a process of awareness, of capacity building leading to greater participation, effective decision-making power and control leading to transformative action. This involves ability to get what one wants and to influence others. With reference to women the power relation that has to be involved includes their lives at multiple levels, family, community, market and the state. Importantly it involves at the psychological level women's ability to assert them and this is constructed by the 'gender roles' assigned to her especially in a cultural sphere which resists change in India[2].

Women's empowerment is a new phrase in the vocabulary of gender literature. The phrase is used in two broad senses i.e. general and specific. In a general sense, it refers to empowering women to be self-dependent by providing them access to all the freedoms and opportunities, which they were denied in the past only because of their being 'women'. In a specific sense, women empowerment refers to enhancing their position in the power structure of the society[3].

---

* Assistant Professor, Department of History, YogodaSatsanga Mahavidyalaya, Ranchi.

The word women empowerment essentially means that the women have the power or capacity to regulate their day- to- day lives in the social, political and economic terms -a power which enables them to move from the periphery to the centre stage[4].

The questions surrounding women's empowerment the condition and position of women have now become critical to the human rights based approaches to development. The Cairo conference in 1994 organized by UN on Population and Development called attention to women's empowerment as a central focus and UNDP developed the Gender Empowerment measure (GEM) which focuses on the three variables that reflect women's participation in society – political power or decision-making, education and health.[5]

Over the past decade, gender equality and women's empowerment have been explicitly recognized as key not only to the health of nations, but also to social and economic development. The promotion of gender equality and empowering of women is one of the eight Millennium Development Goals (MDG) to which India is a signatory[6].

The pairing of the two concepts of women's empowerment and gender equality into one MDG implicitly recognizes that gender equality and women's empowerment are two sides of the same coin: progress toward gender equality requires women's empowerment and women's empowerment requires increases in gender equality as shown[7].

According to Gandhi Ji, God only knows who invented the word *abala* for the women of India. To call them *abala* is to condemn the inherent strength of women, in my view it is an insult to them. If we pursue the history of the *Rajput, Mughal* or *Mahabharata* period of our country we shall come across marvelous instances of bravery shown by women. They not only exhibited their bravery through arms, but by building up their moral courage they developed immense strength. If women resolve to bring glory to the nation, within a few months they can totally change the face of the country because the spiritual background of an Aryan woman is totally different from that of the women of other countries[8].

Gandhi Ji included woman in his discussion of 'human being'. He held that woman is a companion of man gifted with equal mental and moral potential. Gandhi brought Indian women out of their homes and made them participate in social and political activities. He knew that if we have to empower women then we should treat them equally. However, his view about empowerment lie within the traditional patriarchal framework.

He advocated that, a woman has an equal right of freedom and liberty. But, she is entitled to a supreme place in her own 'domain' or sphere of activity as man is in 'his'. Women's domain is her home and man's the outside world. Gandhi said that both boys and girls should be educated, but it is only the primary education for the two sexes that can have much in common. As far as the higher education is concerned, important differences would exist. "As nature has made men and women different, it is necessary to maintain a difference between the educations of the two. True, they are equals in life, but their functions differ. It is woman's right to rule the home. Man is master outside it. Man is the earner, woman saves and spends.... She is her children's educator and hence, mother to the Nation"[9].

Gandhi strongly criticized the socio-cultural customs and rituals that had held women in a subordinate position for centuries. Taking a critical and rational approach, Gandhi said, while "it is good to swim in the waters of tradition but to sink in them is suicide[10]."Gandhi called himself an *'orthodox Hindu'* but one who desired to rid Hinduism of its defects and restores it to its pristine glory. According to him, the *Smritis* which do not give a woman her due place should not be taken as the word of God. In fact, scriptures that have no moral value or are contrary to the fundamentals of religion and morality should be revised. Gandhi strongly felt that the evils of child marriage, dowry, *purdah*, the restrictions on widows and other such practices have to be eradicated. "The largest part of our effort in promoting the regeneration of women should be directed towards removing those blemishes which are represented in our *shastras*as the necessary and ingrained characteristics of women,"[11] He

rejected the idea that the *purdah* is a means of saving women from men's evil eye; the only means is men's own purity of character.

Gandhi believed that the evil practice of dowry should be completely eradicated from the Hindu social order. He called marriages involving dowry 'marriage by purchase'. He strongly believed that in marriages where wives and daughters-in-law are 'purchased' cannot blossom into any harmonious relationship. Gandhi, in 1929, astounded his contemporary society by saying that "if I had a girl under my charge, I would rather keep her a maiden all her life than give her away to one who expected a single pie for taking her for his wife."[12] Gandhi strongly opposed child marriage and when the Children's Protection Act was brought up, Gandhi supported it whole-heartedly. He said that the issue was not just rising the marriageable age for girls from 14 to 16, but rather not forcing marriage on any individual without their prior consent. Thus Gandhi put emphasis on the consent of the people entering matrimony. This is particularity significant since we find that even today consent of the girl, quite often of boys is not considered important before family decision.

By participating in political struggles, Gandhi thought that the women would be gradually able to liberate themselves from *purdah* and such social taboos. The entry of women in the *satyagraha* struggle gave the movement a new momentum. The women in India came out of *purdah* and actively participated in the non-violent struggle. They manufactured contraband salt, picketed foreign cloth shops and liquor shops and even tried to wean both the seller and the customer from these. Gandhi chose women for this job because he believed that women had an inherent capacity for non-violence. He felt that the non-cooperation movement of 1921 had partially failed because men had been entrusted with picketing and violence had crept in. Women's involvement in non-cooperation movement helped them in finding a new dignity in public life; a new place in the national mainstream.

Gandhi emphasized upon the economic independence of everyone – both men, as well as, women. Gandhi believed that economic freedom would play a vital role in the empowerment of women. He consistently

inspired and motivated women for spinning yarn and weaving cloth. Once addressing women at Nadiad, in 1919, Gandhi suggested that rather than spending so much time in temples, women should spin for few hours every day. Telling the beads in temples undoubtedly is *dharma* but real *bhakti*, Gandhi felt consisted in serving the motherland.

Gandhi believed that the success of the *Swadheshi* movement was possible only if women spun yarn and weave cloth in large numbers. Spinning yarn would not only enable the women to be economically independent, but would also add to the resources of middle class, sometimes even the sole source of subsistence for lower class families. Gandhi remarked that the wages payable to women for an hour's spinning should be the same as are paid to men and we know that equal wages for equal work is an important aspect of feminist thought. He remarked, "The times have changed when man was regarded as woman's master. That we do not admit this is a different matter. God has made man and woman one complete whole. One must not lord over the other. An endeavor is being made to establish this truth through Khadi."[13]

Birth control by contraceptives no doubt, regulates to a certain extent, the number of newcomers and enables persons of moderate means to keep the wolf from the door. But the moral harm it does to the individual and society is incalculable. For one thing, the outlook upon life of those to satisfy the sexual appetite for the sake of it is wholly changed. Marriage ceases to be a sacrament for them[14].

Since Gandhi believed that women had more self-restraint, the responsibility of restraint was handed over to women. "Women should have to resist their husbands. If contraceptives are resorted to, frightful results will follow. Men and women will be living for sex alone. They will become soft-brained, unhinged, in fact mental and moral wrecks."[15]Gandhi thus placed an 'extra responsibility' on women to bring the entire situation of overpopulation under control. Women, Gandhi strongly believed, have to learn the art of resistance so that they "learn to say 'no' to their husbands when they approach them carnally."[16]

Undoubtedly, Gandhi's ideas on marriage, sex and celibacy welcomes controversy. He took a decision to practice sexual abstinence in 1910 apparently without consulting his wife. Gandhi regarded female sexuality not as intense and powerful as the male. He expected woman to be more virtuous and disciplined than man and thereby he considered her, as Bhikhu Parekh rightly comments, "too sacred for sexual love".[17] He could only see her as a mother, sister, daughter, or a dutiful and sexually disinterested wife. Gandhi, therefore, granted her moral superiority at the expense of her sexuality and sensuality.

Secondly, Gandhi's views on 'simple life full of hardships' were enforced on Ba. However, she support Gandhi Ji on every moment. Her contribution to Gandhi ji's success and mass appeal is not adequately recognized, though she awakened the simple rural women of India through her own toil and sufferings and her own example. It was Ba's active as well as supportive participation in all Gandhian activities that ensured that Gandhi's master plan of non- violent *satyagraha* could be realized.

However, Gandhi's action, in bringing women dignity in social life, in breaking down some of the prejudices against their participation in social and political life, in promoting an atmosphere of sympathetic awareness of their issues, goes far beyond his own views and pronouncements of women's role and place in society. This was a great advancement for Indian women, which was accepted in our constitution, and they are able to get some part of their dues. But, still we have go through a long path to get real fruit of empowerment.

## Reference

1. ButaliaUrvashy, *The women's movement in India: Action and reflection,* published August 1997, www.twnside.org.sg/title/india1-cn.htm
2. **Chandra Dr. Rakesh,** Women empowerment in India- Milestones & Challenges, http://www.empowerpoor.org/downloads/ women% 20empowerment.pdf, p.2
3. Bhuyan Dasarthi, *Empowerment of Indian Women: A Challenge of 21st Century*, Orissa Review, January, 2006, Bhubaneshwar, 2006, p. 60.

4. Ibid, p. 60.
5. Chandra Rakesh, Op. cit, p. 3.
6. A report on Gender Equality and Women's empowerment in India, National Family Health Survey (NFHS-3) India, 2005-06, By ministry of Health and Family Welfare, Government of India, p.4.
7. Ibid, p.4.
8. CWMG, Vol. LXXXVII, p. 293-94
9. Gujarati, *Mahatma GandhiniVicharsrishti*, CWMG, Vol. xiv, pp.31-36.
10. Kishwar Madhu, *Gandhi on Women,* Economic and Political Weekly, Vol. 20, No. 41 (Oct. 12, 1985), Stable URL: http://www.jstor.org/stable/4374920, p. 1756.
11. CWMG, Vol. XIV, pp. 202-209.
12. Young India, 14-2-1929.
13. CWMG, Vol. LXXXVII, pp. 325-26.
14. "Birth Control-2", *Harijan*, 21-3-1936.
15. *The Amrit Bazar Patrika*, 12-1-35.
16. *Mrs. Margaret Sanger in Asia*, November, 1936, pp. 698-702.
17. Bhikhu Parekh, *Colonialism, Tradition and Reform: An Analysis of Gandhi's Political Discourse*, Sage Publications, New Delhi 1999, pp. 202-203.

# महात्मा गाँधी : खादी समन्यवक के साथ महिलाएँ

**डॉ. मिनी विश्वकर्मा***

महात्मा गाँधी का नाम भारतीय इतिहास में उनके योगदान और अमूल्य विचारधाराओं के लिए अमर है। 1920 ई. में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की बागडोर पूर्णतः गाँधीजी के हाथों में आने के बाद उन्होंने मौन रूप से भारतीयों की स्थिति को मजबूती प्रदान करने के लिए खादी का नारा दिया जो कि उस समय भारतीय जनता की एकता, आर्थिक स्वतंत्रता और समानता का प्रतीक थी। पर उनके इस अहिंसात्मक युद्ध का मोर्चा महिलाओं ने बखूबी संभाला। खासकर बिहार की महिलाओं ने खादी एवं चरखा के विकास में खुद को भूलकर अपने को इसमें समर्पित कर दिया। सत्य और अहिंसा गाँधीजी का अस्त्र था, तो चरखा उसका मूर्तस्वरूप। गाँधीजी ने बताया कि सूत कातने का कार्य धीरे–धीरे और शाँति से होनेवाला है और चूँकि स्त्रियाँ त्याग और अहिंसा की मूर्त्ति हैं तो कताई कार्यों में उनकी विशेषता रहेगी।[1] इस नए अस्त्र ने हजारों महिलाओं को अहिंसात्मक युद्ध के मैदान में खींच लाया और लाखों महिलाओं ने अपने घरों में चरखा चलाकर संपूर्ण देश में अहिंसात्मक युद्ध के वातावरण का निर्माण किया।[2] जवाहरलाल नेहरू के अनुसार, 'खादी हिंदुस्तान की आजादी की पोशाक है।'[3] कपास बोना, कपास चुनना, उसे झाड़कर साफ करना, ओटना, रूई पींजना, पूनी बनाना, सूत कातना, सूत को माड़ लगाना, सूत रंगना, उसका ताना भरना और बाना तैयार करना, सूत बुनना और कपड़ा धोनाकृकृ ये सभी कार्य खादी उत्पादन में सम्मिलित हैं और रंगसाजी को छोड़कर बाकी के बिना काम नहीं चल सकता। ये सारे कार्य गाँवों में अच्छी तरह से हो सकते हैं। गाँधीजी का मानना था कि वैसे लोग, जिनके हाथ–पैर सही सलामत हैं, उन्हें दान देना अपना और उनका दोनों का पतन है। उन्हें किसी तरह के काम की जरूरत है और वह हाथ कमाई, जो करोड़ों को काम देगा। जहाँ गरीबों के लिए शुद्ध और सक्रिय प्रेम है वहाँ ईश्वर भी है, इसलिए चरखे पर मैं जो सूत निकालता हूँ उसके एक–एक धागे में मुझे ईश्वर दिखलाई देता है।[4] बरसों पहले कताई एक गृह उद्योग था और करोड़ों को भूख से बचाना है तो उन्हें इस योग्य बनाना होगा कि वे अपने घरों में फिर से कताई जारी करें और हर गाँव को अपना बुनकर मिल जाए।[5] चरखा दुनिया के धन का अधिक समानतापूर्ण बंटवारा करता है।[6] इसलिए चरखा केवल निरूपयोगी नहीं है बल्कि वह ऐसी आवश्यक चीज है जो हर घर में होनी चाहिए। वह राष्ट्र की समृद्धि और उसकी आजादी का चिन्ह है।[7]

---

* शिक्षिका इग्नू, मारवाड़ी कॉलेज राँची

चरखा एवं खादी का इतिहास ग्रामीण महिलाओं के जीवन से जुड़ा है। बापू के आह्वान पर उन्होंने स्वेच्छा से खादी को अपनाया। उन्होंने महिलाओं से खादी खरीदने की अपील की और बताया कि ऐसा कर वे कैसे गरीब बहनों की मदद तथा प्रोत्साहित करेंगी।[8] उन्होंने त्याग की भावना के साथ भी खादी पहनने की अपील की।[9] उन्होंने शास्त्रों का हवाला देते हुए बताया कि प्राचीनकाल में भारतीय महिलाएँ इतना सूत कातती थीं कि वे विदेश जाते थे। अतः पुरानी कला को जागृत करने की जरूरत है। 1919 ई. में अमृतसर काँगेस ने पहली बार 'हाथ कताई और हाथ बुनाई द्वारा निर्मित कपड़ा ही पूर्ण स्वदेशी है' प्रस्ताव स्वीकृत किया।[10] बिहार के लिए लक्ष्य था 88000।[11] 6 अप्रैल 1921 से सत्याग्रह सप्ताह मनाया गया और बिहार में बहुत चरखा बैठाया गया।[12] सरकारी दमन के बावजूद स्वदेशी वस्त्र कार्यक्रम को बिहार में बल मिला और राज्य के 11 जिले में 48 भंडार खोले गए। 1921 के अक्टूबर और नवम्बर में सरला देवी ने छोटानागपुर के विभिन्न जिलों का भ्रमण कर खद्दर और चरखा का प्रचार किया तथा शीर्ष के नेताओं ने इस संदेश को सुदूर गाँवों तक पहुँचाया।[13] 5–6 अक्टूबर 1921 ई. को बिहार के छात्रों का एक सम्मेलन सरला देवी की अध्यक्षता में हजारीबाग में हुआ था जिसमें स्कूल–कॉलेज का परित्याग करने, प्रिंस ऑफ वेल्स के भारत आगमन के समारोहों का बहिष्कार[14] के अलावा खादी संबंधी दो प्रस्ताव भी पारित हुए।

1921 ई. में सरला देवी छोटानागपुर के विभिन्न जिलों में खादी तथा चरखा का प्रचार करती रहीं।[15] वे मुंगेर, जमुई तथा झरिया गईं और महिला जनसभाओं को संबोधित कर खादी का प्रचार किया। सीतामढ़ी में श्रीमती रामतनुक देवी खद्दर के प्रचार कार्य में लगी थीं।[16] 15 जनवरी 1922 को मुजफ्फरपुर में शफी मंजील और श्रीमती लीला सिंह ने खद्दर और चरखा अपनाने की अपील की।[17] 8 जनवरी को श्रीमती शफी और शारदा कुमारी देवी ने मुजफ्फरपुर के हिंदू और मुस्लिम महिलाओं के बीच खादी का प्रचार किया। साथ ही, बड़े घरानों की औरतों को कताई सिखाई तथा चरखा एवं खद्दर बेचा।[18] श्रीमती शफी 7 मई 1922 को गायघाट तथा विलासपुर गईं। महिलाओं ने इनकी सभाओं में बहुत सारे मूल्यवान गहने दिये और बिहारी महिलाओं ने खादी और चरखा को उत्साहपूर्वक अपनाया। 1920–21 में विंध्यवासिनी देवी, भगवती देवी, प्रियंवदा देवी, सावित्री देवी खादी धारण करने लगीं तथा खादी कार्यकर्त्ता के रूप में तैयार हो रही थीं।[19] प्रत्येक सूत कातनेवाली को महीना 60 रूपया की आय हो जाती थी। इससे निःसहाय विधवाओं को आजीविका का साधन मिल जाता था।[20] खादी को लेकर जो सफलता उत्तर बिहार में मिली वह दक्षिण बिहार में कष्टमय हुई।[21] अखिल भारतीय चरखा संघ की बिहार शाखा पटना से 1925 में मुजफ्फरपुर और 1932 में वहाँ से मधुबनी गयी।[22] वहाँ चरखा संघ का अपना भवन बनवाया गया।[23] मधुबनी में महिलाएँ काफी संख्या में सूत कातने लगीं। खासकर विधवा ब्राह्मण स्त्रियों के लिए वह आजीविका का साधन बन गया। 1925 ई. में गाँधीजी ने बिहार यात्रा के दौरान कहा कि 'खादी के सुनिश्चित विकास' का दृश्य देखने को मिलता था। वहाँ कताई का सहयोग केंद्र

कम कर रहा था।[24] जमशेदपुर में महिलाओं ने सभा आयोजित कर काफी अच्छी धनराशि, जिसमें कुछ आभूषण थे, गाँधीजी को समर्पित किया। राँची सभा में भी महिलाओं ने अपने आभूषण उतारकर दे दिया जिसमें कुछ काफी कीमती थे।[25] देवघर में महिला सभा के पश्चात् खड़गडेहा से आभूषण और मधुपुर, गिरिडीह, अररिया, फारबिसगंज, बिशुनपुर, पूर्णिया और हाजीपुर से अच्छी धनराशि प्राप्त हुई।[26] पर्दा प्रथा को दूर करने में खादी के काम और विशेषकर चरखे ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।[27] महिलाओं में खादी शिक्षा के उद्देश्य से 1929 में बिहार महिला विद्यापीठ, मझौलिया (दरभंगा) की स्थापना रामनन्दन मिश्र और उनकी पत्नी राजकिशोरी देवी ने की।[28] बिहार में महिलाओं ने चरखा के संदर्भ में पूरजोर प्रचार किया। 5 अगस्त 1930 को गया में स्थानीय सरकारी अधिकारियों और नगरपालिका द्वारा अनेक बाधाएँ डालने के बावजूद सभाएँ की गयीं।[29] श्रीमती मीराबेन बिहार में चरखा के व्यवहार के लिए यात्रा कर रही थीं।[30] महिलाओं के प्रयत्न से चरखा अभियान को बल मिल रहा था। यहाँ लगभग 2500 रूपये का सूत तैयार किया गया और 104 मन सूत खरीदा गया।[31] देवघर में खादी उत्पादन के लिए खादी बोर्ड की स्थापना हेतु महिला सभा की भी स्थापना हुई जिसमें 100 महिलाएँ सदस्य बनीं।[32] श्रीमती हसन इमाम ने भी मुजफ्फरपुर में महिलाओं की एक समिति का गठन किया जिसका काम चरखा प्रचार और काँगेस के अन्य कार्यक्रमों को बढ़ाना था।[33] श्रीमती हसन इमाम को उनके अभूतपूर्व कार्यों के लिए काँगेस कार्यकारिणी समिति ने 1 अगस्त 1930 को बंबई में उनकी सराहना की थी।[34] श्रीमती जानकी देवी कमलाबाई अपनी दोनों पुत्रियों के साथ,[35] श्रीमती रामतनुक देवी, श्रीमती रामसुरत देवी, श्रीमती चंद्रावती देवी,[36] श्रीमती सरस्वती देवी, श्रीमती रामस्वरूप देवी[37] ने घूम–घूमकर चरखा, खादी और काँग्रेस का प्रचार कार्य किया।

इसप्रकार हम कह सकते हैं कि गाँधीजी के खादी और चरखा मुहिम को एक मुकाम तक पहुँचाने में बिहार की महिलाओं का योगदान अभूतपूर्व और अतुलनीय था। उनहोंने पर्दा प्रथा और वैधव्यता के कलंक को पीछे छोड़ते हुए न केवल सशरीर बल्कि आभूषण और धनराशि से सहयोग कर अपने देश की स्थिरता और अहिंसात्मक युद्ध में काफी अहम योगदान दिया।

## संदर्भ-सूची

1. *हरिजन,* 2.12.1939।
2. सहाय शिवपूजन, *बिहार की महिलाएँ,* राजेन्द्र अभिनंदन ग्रंथ, पटना, 1962, पृ. सं. 203।
3. गाँधी महात्मा, *मेरे सपनों का भारत,* नवजीवन ट्रस्ट, अहमदाबाद, 2008, पृ. सं. 91।
4. *यंग इंडिया,* 20.5.1926।
5. *यंग इंडिया,* 21.7.1920।
6. गाँधी महात्मा, *मेरे सपनों का भारत,* पूर्वद्धृत, पृ. सं. 99।
7. वही।

8. *यंग इंडिया*, 10.2.1927।
9. तेंदुलकर दीनानाथ गोपाल, *वीद गाँधीजी इन सीलोन*, दिल्ली, 1969, पृ. सं. 145–147।
10. झा दिगम्बर, *बिहार का खादी आंदोलन और विकास*, प्रथम संस्करण, पटना, 1971, पृ. सं. 21।
11. वमफोर्ड पी. सी., *द नन कॉपरेशन एंड खिलाफत आंदोलन इन बिहार और उड़ीसा*, गर्वनमेंट ऑफ बिहार एंड उड़ीसा, ब्रिटिश लाइब्रेरी : एशियन एंड अफ्रीकन स्टडीज, 1925, पृ. सं. 27।
12. प्रसादराजेन्द्र, *महात्मा गाँधी एंड बिहार*, दिल्ली, 1947, पृ. सं. 47।
13. तेंदुलकर दीनानाथ गोपाल, *वीद गाँधीजी इन सीलोन*, पूर्वोद्धृत, पृ. सं. 69–70।
14. सहाय शिवपूजन, *बिहार की महिलाएँ*, पूर्वोद्धृत, पृ. सं. 311।
15. दत्ता के. के., *हिस्ट्री ऑव द फ्रीडम मूवमेंट इन बिहार*, खंड –1, गर्वनमेंट ऑव बिहार, 1957, पृ. सं. 394।
16. *सर्चलाइट*, 14.2.1921।
17. *सर्चलाइट*, 22.1.1922।
18. *सर्चलाइट*, 10.2.1923।
19. सहाय शिवपूजन, पूर्वोद्धृत, पृ. सं. 334–335।
20. दत्ता के. के., *बिहार के स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास*, खंड – 1, बिहार हिंदी ग्रंथ अकादमी, 1974, पृ. सं. 418।
21. झा दिगम्बर, पूर्वोद्धृत, पृ. सं. 57।
22. जाजू श्रीकृष्णदास , *चरखा संघ का इतिहास;*उदय से विलय तकद्ध, अखिल भारत सर्व सेवा संघ प्रकाशन, काशी, पृ. सं. 157।
23. प्रसाद राजेन्द्र, *आत्मकथा*, नई दिल्ली, 1957, पृ. सं. 266।
24. सहाय शिवपूजन, पूर्वोद्धृत, पृ. सं. 312।
25. देसाई महादेव, *गाँधीजी इन इंडियन विलेजेज*, 1927, पृ. सं. 260।
26. दत्ता के. के., *बिहार के स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास*, खंड – 1, पूर्वोद्धृत, पृ. सं. 491।
27. झा दिगम्बर, *बिहार का खादी आंदोलन और विकास*, पूर्वोद्धृत, पृ. सं. 58–59।
28. सहाय शिवपूजन, पूर्वोद्धृत, पृ. सं. 375।
29. *बिहार प्रांतीय काँग्रेस कमिटी की साप्ताहिक रिपोर्ट*, 13 अगस्त 1930।
30. दत्ता के. के., *बिहार के स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास*, खंड – 2, पूर्वोद्धृत, पृ. सं. 110।
31. *बिहार प्रांतीय काँग्रेस कमिटी की साप्ताहिक रिपोर्ट*, 26 सितंबर 1930।
32. दत्ता के. के., *बिहार के स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास*, खंड – 2, पूर्वोद्धृत, पृ. सं. 124–125।
33. *बिहार प्रांतीय काँग्रेस कमिटी की साप्ताहिक रिपोर्ट*, 15 अगस्त 1930 के साप्ताहांत रिपोर्ट।
34. *वार्षिक भारतीय पंजी*, खंड – 2, 1930, पृ. सं. 437।
35. *सर्चलाइट*, 23.11.1930, पृ. सं. 5।
36. *सर्चलाइट*, 12.04.1931, पृ. सं. 5।
37. *सर्चलाइट*, 21.04.1931, पृ. सं. 8।

# गाँधी जी के अस्पृश्यता आंदोलन में बिहारी महिलायें

**डॉ॰ संगीता कुमारी गुप्ता***

अस्पृश्यता एक ऐसी सोच है जो पूरे समाज को खोखला कर सकती है और गाँधीजी हिंदू धर्म में फैले इस मानसिकता को अभिशाप समझते थे। उनका मानना था कि ''अगर हिंदू धर्म इस अस्पृश्यता को नहीं त्यागेगा तो बाईस करोड़ हिन्दुओं के साथ–साथ संपूर्ण हिन्दुस्तान का नाश निश्चित हैं।''[1] गाँधीजी की राय थी की ''यदि हम सब शास्त्रों को मिला कर पढ़े तो इस बुराई का कहीं कोई समर्थन नहीं है।''[2] अछुतों का उद्धार करने के लिए गाँधीजी ने जिस नीति का अनुसरण किया वह राजनीतिक या कानूनी नहीं थी बल्कि वह उनकी अध्यात्मिक उच्चता, सहृदयता और उपनिषदों में वर्णित सम दृष्टि से प्रेरित थी। गाँधीजी किसी भी कार्य को ऊँच नीच की भावना से न देखकर सारे मनुष्य को समान दृष्टि से देखते थे। उनका कहना था कि यदि अस्पृश्यों को अस्पृश्य इसलिए माना जाता है कि वे जानवरों को मारते हैं और मांस, रक्त, हड्डियां और मैला छुते हैं तब तो हर एक नर्स और डाक्टर को भी अस्पृश्य माना जाना चाहिए। कसाईखाने शराब की दुकाने और वेश्यालयों को भी समाज से अलग रखना चाहिए पर ऐसा नहीं है।[3] उनका मानना था कि अस्पृश्यता का अंत तभी हो सकता है जब हिन्दू अपनी आत्मा को शुद्ध करने का संकल्प करें। अस्पृश्यता के प्रति स्वर्णो का यह परम कर्तव्य है।[4] गाँधीजी ने कहा था कि ''मेरी केवल अंग्रेजी दासता से मुक्ति में कोई रूचि नहीं है। मैंने देश को सभी प्रकार की गुलामी से मुक्त करने का संकल्प लिया है। स्वराज आंदोलन वास्तव में मेरे लिए किए आत्मशुद्धि का आंदोलन है।[5] वे अपने हरिजन उद्धार कार्यक्रम जहाँ कहीं जाते थे, रूकते हरिजन बस्ती में ही थे। 1927 के बिहार दौरे पर महिलाओं ने हरिजन फंड में दान दिया था। 1927 ई. के ही उनके गोपालगंज दौरे के दौरान महेन्द्र सिंह की विवाहिता बड़ी पुत्री श्रीमती रामसंवरी देवी और बड़ी बहु ने अपने बहुमूल्य गहने दानस्वरूप दे दिये।[6] हरिजन सेवक संघ हाजीपुर का कार्य सराहनीय था जिसमें महिला कार्यकर्त्ता भी भाग लेती थीं। बैलकुंडा, बैकुंठपुर, दीहति, चक्रभोज, हाजीपुर में हरिजन स्कूल खोले गए जिसमें 128 हरिजन लड़कियाँ पढ़ती थीं।[7] 1934 के गाँधीजी के हरिजनोद्धार कार्यक्रम के तहत बिहार दौरे में कई महिलाओं ने भाग लिया था जिनमें श्रीमती भगवती देवी, श्रीमती किसुनी देवी तथा श्रीमती प्रभावती देवी

---

*इतिहास विभाग, बी॰एन॰ कॉलेज, पटना विश्वविद्यालय पटना।

पुमुख थीं।[8] हजारीबाग जिले को श्रीमती सरस्वती देवी ने संभाल रखा था। उन्होंने हरिजनों के लिए स्कूल खोला था जिसमें 120 हरिजन लड़के पढ़ते थे और उन्हें किताब और सिलेट निःशुल्क मिलती थी।[9] 11 जुलाई को सेठ जमुनालाल बजाज द्वारा मारवाड़ी रिलिफ सोसाइटी द्वारा ''हरिजनपुरी'' का उद्‌घाटन किया गया जिसमें राजेन्द्र प्रसाद, श्रीमती प्रभावती देवी आदि उपस्थित थे । इसके लिए अमीर–गरीब सभी महिलाओं ने दान दिया।

राजेन्द्र प्रसाद की बड़ी बहन श्रीमती भगवती देवी महात्मा गाँधी के संपर्क में आने के बाद अस्पृश्यता के भाव को पाप समझने लगी।[10] श्रीमती विंध्यवासिनी देवी ने उत्तरप्रदेश में आर्यसमाज के संपर्क में आने के बाद अंधविश्वास और रूढ़िवादिता को ठुकरा दिया।[11] श्रीमती रामदुलारी सिन्हा बचपन से ही अछूतों के लिए उद्धार कार्यक्रम में भाग लेते आयी थीं। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अपने लड़ाकू पिता के साथ भाग लेती थी।[12] और विवाह पश्चात् पति ठाकुर युगल किशोर सिंह के प्रोत्साहन से इस आंदोलन में भागीदार बनी रहीं।[13] इनके मायके और ससुराल से समाज सुधार, पर्दा विरोध, स्त्री शिक्षा एवं अछूत उद्धार आदि आंदोलनों को बड़ा बल मिला।[14]

अस्पृश्यता आंदोलन में श्रीमती सरस्वती देवी सबौर (भागलपुर) का नाम कभी भुलाया नहीं जा सकता है। अपने रचनात्मक कार्यक्रमों के अतिरिक्त सोते–जागते इस आंदोलन से जुड़ी रहीं। वे हरिजनों और पिछड़ों के प्रति सिर्फ सहानुभूति ही नहीं रखती थी अपितु अपनी लगन से उनकी सच्ची सेवा के लिए तत्पर रहती थीं।[15] श्रीमती सावित्री देवी का इस कार्यक्रम से जुड़ना पैतृक विरासत था। उनके पिता नंदकिशोर लाल 20वीं शताब्दी के पहले दशक में भी छुआछुत को नहीं मानते थे। श्रीमती सावित्री देवी हरिजन सेवा संघ के माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़ी रहीं।[16] भागलपुर की श्रीमती शारदा देवी द्वारा अस्पृश्यता आंदोलन के लिए किया गया कार्य काफी प्रशंसनीय है। विक्रमपुर के दुर्गास्थान में सत्यनारायण भगवान की पूजा कर हरिजनों को आमंत्रित किया। कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं के साथ हरिजनों के साथ बैठकर खाने पर समाज द्वारा उनकी काफी अवहेलना भी हुई। श्रीमती सुंदरी देवी ने एक स्कूल खोला जिसमें अधिकांशतः हरिजन लड़कियों को रखा।[17] श्रीमती भवानी मेहरोत्रा (मुजफ्फरपुर) ने जुलाई 1936 में कांग्रेस में शामिल होकर महिलाओं, बच्चों का उत्थान, पर्दा, छुआ–छुत, रूढ़िवादिता आदि के लिए संघर्षरत रहीं। चंद्रावती देवी का योगदान भी सराहनीय है। वे हरिजनों के मुहल्लों में जाकर उन्हें अच्छी शिक्षा देती थीं, उन्हें कपड़े बाँटती थीं, उनके बीमार बच्चों को अस्पताल पहुँचाती थीं, उनके बच्चों को नहलाने के साथ–साथ उनके घरों को भी साफ करती थीं। इन कार्यों को करने के लिए उन्हें हरिजन सेवक समाज से मदद मिलती थी। फलस्वरूप 1944 के बाद से संघ में रहकर स्वतंत्रतापूर्वक अस्पृश्यता निवारण के लिए कार्य करने लगीं।

प्रियंवदा नन्दक्यूलियर तथा उनकी बहन श्रीमती करूणावती वर्मा के घर में अछूत प्रथा का

पूर्ण बहिष्कार था।[18] श्रीमती प्रियंवदा नन्दक्यूलियर हरिजन सेवक संघ के बिहार शाखा के सचिव श्री नगीना बाबू से सहयोग करके हरिजन बच्चों को खिलाने–पिलाने का कार्य करती थीं। छात्रवृत्तियाँ देने के साथ ही हरिजन सेवा कोष में दान भी देती थीं। गया की श्रीमती राजकुमारी देवी 1936 में अपने पति का अनुसरण करते हुए पर्दा प्रथा तोड़कर घर से बाहर आयीं और छुआछुत छोड़कर कांग्रेस आश्रम में एक पासवान कार्यकर्त्ता के हाथ का खाना खाने लगीं।[19] श्रीमती रामतनुक देवी (सीतामढ़ी) ने गाँधीजी के साथ हरिजन आंदोलन में जी–जान से कार्य किया।[20] गाँधीजी के अस्पृश्यता आंदोलन का असर बिहारी महिलओं पर ऐसा प्रभाव पड़ा कि दरभंगा की एक देहाती अनपढ़ ब्राह्मणी ने पुण्य समझकर हरिजनों के लिए कुँआ खुदवाया। बलाही की ब्राह्मणी श्रीमती देवकी बाई चरखा की कमाई से पुण्य का कार्य करना चाहती थीं। अतः भंडार के लोगों ने हरिजन उद्धार कार्यक्रम के संदर्भ में समझाया तत्पश्चात् उन्होंने भी हरिजनों के लिए कुँआ खुदवाकर यज्ञ करवाया।[21]

इस प्रकार हम पाते हैं कि गाँधीजी द्वारा आयोजित देश के लिए कार्यक्रमों में बिहार की महिलओं ने हर कदम पर साथ दिया। वे गाँधीजी के रचनात्मक कार्यों के साथ–साथ देशहित में होने वाले आंदोलनों में भी कंधे–से–कंधा मिलाकर काम किया। इस दौरान समाज द्वारा होने वाली आलोचना और अवहेलना को उन्होंने दरकिनार कर गाँधीजी की विचारधारा में खुद को रंगा और सदैव उनके साथ उनके हर कदम पर खड़ी रही।

## संदर्भ-सूची


1. गाँधी, बाड्मय ग्रंथ 26 / 521, भाषण दिनांक 12 / 04 / 1925
2. गाँधी महात्मा, *मेरे सपनों का भारत,* नवजीवन ट्रस्ट, अहमदाबाद, नवीन संस्करण, 2008, पृ.–212
3. *यंग इंडिया* – 25 / 05 / 1921
4. *यंग इंडिया* – 11 / 07 / 1929
5. बोस निर्मल कुमार, *सेलेक्शंस फ्रॉम गाँधी*, नवजीवन मुद्रालय, अहमदाबाद, 1960, पृ.–118
6. उमानाथ, *महान सेवक महेन्द्र सिंह*, 1985, पृ.–12
7. *द इंडियन नेशन*, 11 / 04 / 1934
8. *द इंडियन नेशन*, 06 / 04 / 1934
9. *द इंडियन नेशन*, 11 / 04 / 1934
10. सहाय शिवपूजन, *बिहार की महिलाएँ*, राजेन्द्र अभिनंदन ग्रंथ, पटना, 1962, पृ.– 335
11. सहाय शिवपूजन, *बिहार की महिलाएँ*, राजेन्द्र अभिनंदन ग्रंथ, पटना, 1962, पृ.– 343
12. उमानाथ, *महान सेवाक महेन्द्र सिंह*, पूर्वोद्धृत, पृ.–6
13. *कांग्रेस के सौ साल और सीतामढ़ी जिला या रीगावाल*, 1985, पृ.–21

14. सहाय शिवपूजन, *बिहार की महिलाएँ*, पूर्वोद्धृत, पृ॰—363
15. सहाय शिवपूजन, *बिहार की महिलाएँ*, पूर्वोद्धृत, पृ॰—367
16. सहाय शिवपूजन, *बिहार की महिलाएँ*, पूर्वोद्धृत, पृ॰—348
17. *सुंदरी देवी का जीवन परिचय*
18. *श्यामा रंजन से व्यक्तिगत* साक्षात्कार
19. *श्यामा रंजन से व्यक्तिगत* साक्षात्कार
20. *ठाकुर राजकिशोर*, रामतनुक देवी की जीवन झाँकी
21. सहाय शिवपूजन, *बिहार की महिलाएँ*, पूर्वोद्धृत, पृ॰—204

# गाँधी आगमन के पश्चात् बिहारी महिलाओं में शिक्षा का अलख

**डॉ. बिनीता कुमारी साहु***

भारतीय समाज विश्व में एक ऐसा समाज है जहाँ स्त्रियों की स्थिति युगानुसार परिवर्त्तित होती रही है। पुरूषों की तुलना में उन्हें निम्न स्थान ही प्राप्त हुआ जिसका प्रमुख कारण अशिक्षा, राजनीतिक अस्थिरता और सामाजिक संकीर्णता थी। वैदिक युग में हिंदु महिलाओं का शिक्षा, धर्म, व्यक्तित्व और सामाजिक व्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण योगदान था। वह स्वतंत्रतापूर्वक शिक्षा ग्रहण और स्वच्छंतापूर्वक विचरण करती थीं। वह पति के साथ मिलकर घर के याज्ञिक कार्य संपन्न करती थी। शिक्षित कन्या की प्राप्ति के लिए विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया जाता था।[1] उस युग के जो स्त्री–पुरूष शिक्षित थे, वे विवाह योग्य उत्तम समझे जाते थे।[2] किंतु धीरे–धीरे वैदिक कर्मकांड की जटिलता बढ़ती गई और याज्ञिक कार्यों में शुद्धता और पवित्रता के नाम पर बाह्याडंबर बढ़ता गया। कन्या, पत्नी और माता जैसी स्थितियों में वे क्रमशः पिता, पति और पुत्र द्वारा नियंत्रित और संरक्षित मानी गयी।[3] मध्ययुग आते–आते महिलाओं को पर्दे में रहने के लिए मजबूर किया गया। पर्दे की होड़ साम्राज्य के उच्च घरानों में थी।[4] निम्नवर्ग की महिलाएँ इस मामले में स्वतंत्र थीं। बाल–विवाह का प्रचलन था और विधवाओं को कष्टमय जीवन जीने को मजबूर किया जाता था तथा उन्हें घृणा की दृष्टि से देखा जाता था।[5] ब्रिटिशकाल में भी भारतीय समाज में छुआछुत, अस्पृश्यता, उच्च–नीच, बाल–हत्या, सती प्रथा, जौहर प्रथा एवं विधवा जीवन जैसी अमानवीय कुरीतियाँ व्याप्त थीं। राजा राममोहन राय के प्रयासों के फलस्वरूप गवर्नर जनरल लार्ड विलियम वेंटिक ने दिसम्बर 1829 में धारा 17 द्वारा विधवाओं को जलाने को अवैध घोषित कर दिया। एनी बेसेंट ने थियोसोफिकल सोसायटी द्वारा महिला जागरण का कार्य शुरू किया। फिर भी, महिलाएँ पर्दा की ही वस्तु बनीं रहीं।[6] 19वीं सदी के अंत तक केवल समझदार एवं शिक्षित परिवारों की महिलाओं की स्थिति में कुछ सुधार हो रहा था और महिलाओं के प्रति सामाजिक तथा शैक्षणिक मान्यताओं में परिवर्त्तन की प्रक्रिया चल रही थी।[7]

20वीं सदी में गाँधीजी के भारतीय राजनीति में प्रवेश ने बिहार की महिलाओं के अंदर आशा की एक नई संचार की अनुभूति हुई क्योंकि गाँधीजी ने स्वराज्य आंदोलन के कार्यक्रमों द्वारा सार्वजनिक सेवा के लिए महिलाओं को घर से बाहर लाने एवं सामाजिक तथा रूढ़िवादी कुरीतियों से सावधान कर उसके सद्गुणों को व्याप्त बनाने और आर्थिक स्वावलंबन, साहस एवं उत्तरदायित्व

*शिक्षिका, केंद्रीय विद्यालय, नामकुम, मो. 9431572340

के साथ जीवन स्तर ऊँचा उठाने का प्रयास किया, जिससे महिलाओं में हीनता की भावना समाप्त हो सके और वे पुरूषों के साथ कंधे–से–कंधा मिलाकर अंग्रेजी हुकूमत में जकड़ी भारत–माता को गुलामी की जंजीरों से मुक्त करा सकें। गाँधीजी का मानना था कि अहिंसा के सर्वोत्तम रूप का प्रदर्शन महिला ही कर सकती हैं क्योंकि वह किसी भी हालत में हिंसक नहीं बन सकती।[8] महात्मा गाँधी अपने सत्याग्रह में कस्तूरबा गाँधी को सदैव साथ रखते थे क्योंकि उनका विश्वास था कि यदि हम अहिंसक समाज का निर्माण और दुनिया में शाँति की स्थापना चाहते हैं तो नेतृत्व महिलाओं को अपने हाथों में लेना चाहिए।[9] गाँधीजी का कहना था कि जैसे पशु सुलभ साहस में महिला से आगे हैं वैसे ही आत्मत्याग के साहस में महिला पुरूष से कहीं बढ़कर है।[10] गाँधीवादी आंदोलन के दौरान देश की महिलाओं के साथ ही बिहारी महिलाओं ने भी शिक्षा की आवश्यकता महसूस की। महिलाओं की शिक्षा के प्रति गाँधीजी ने अपना विचार व्यक्त किया है कि 'शिक्षा पुरूषों की तरह महिलाओं के लिए भी जरूरी है। लेकिन दोनों के लिए शिक्षा का ढंग एक ही जैसा हो सो बात नहीं। बाहरी कार्यों में पुरूष का दर्जा ऊँजा है और इसलिए यह ठीक ही है कि उसे उन कार्यों की ज्यादा जानकारी होनी चाहिए। दूसरी तरफ घरेलू जीवन पूरी तरह महिला का ही क्षेत्र है और इसीलिए घर के मामलों में, बच्चों के पालन–पोषण और शिक्षण के बारे में महिला को ज्यादा ज्ञान होना चाहिए।'[11] गाँधीजी महिला शिक्षा में अंग्रजी को आवश्यक नहीं मानते थे। उनका मानना था कि महिलाओं की पाठशाला में अंग्रेजी शिक्षा जारी करने से तो हमारी गुलामी की उम्र और बढ़ेगी। 'ग्राम सेवा' को ही उन्होंने सच्ची शिक्षा की संज्ञा दी थी। गाँधीजी ने सर्वप्रथम शिक्षा देनेवाले पढ़े–लिखे लोगों की मनोवृति परिवर्त्तन पर बल दिया था तथा कहा था कि हिंदुस्तान में जो मुट्ठी भर पढ़ी–लिखी महिलाएँ हैं उन्हें अपनी पश्चिमी सिंहासन से नीचे उतरकर हिंदुस्तानी मैदान में आना होगा।[12] पश्चिमी सभ्यता का विरोध करते हुए उन्होंने कहा था कि 'भारतीय स्त्रियों को भारतीय प्रतिमा और भारतीय वातावरण के अनुकूल तरीके ही इस्तेमाल करना चाहिए। उनका काम अपने 'वातावरण को शुद्ध रखने का, पुरूषों की उग्रता को नियंत्रित करने का और उन्हें बल पहुँचाने का होना चाहिए। उन्हें हमारी संस्कृति की अच्छी बातों की रक्षा करनी चाहिए और उसके दुर्गुणों को दूर करना चाहिए। यह काम सीताओं, द्रौपदियों, सावित्रियों और दम्यंतियों का है, न कि पुरूषों की नकल करनेवाली यह झूठी शिष्टता दिखानेवाली महिलाओं का।'[13] महिलाओं की शिक्षा के मामले में बापू ने उनके समक्ष आसान कार्यक्रम रखा था – लिखने–पढ़ने का मुहावरा रखो, अक्षर सुधारो, उच्चारण शुद्ध करो, हिसाब हल करो। इसके लिए जोड़, घटाव, गुणा और भागा तक कर गणित आना चाहिए।[14] ग्रामसेवा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा था – 'ग्राम सेवा ही सच्ची शिक्षा है। यह शिक्षा लिखने, पढ़ने और हिसाब की नहीं बल्कि देहातियों के मन में इस बात का ज्ञान पैदा कर देने की है कि ऐसा सच्चा जीवन जो मनुष्य को विचारशील प्राणी बना दे, शोभापूर्वक कैसे किया जा सकता है।'[15] वे कहते थे कि 'हमें धीरे–धीरे किसान, जुलाहे, मंत्री और ग्वाला भी बनाना है।'[16] इस प्रकार गाँधीजी

सामान्य पढ़ाई, उद्योग ज्ञान तथा 'आत्मवत सर्वभूतेषू' की दृष्टि को महिला शिक्षा का एक आवश्यक अंग समझते थे। उन्होंने महिलाओं को समझाते हुए कहा था कि अच्छी तालीम तो हृदय की है। अगर उसमें शुद्ध प्रेम प्रगट हो तो बाकी सबकुछ अपने आप आ जाता है।[17] शिक्षा का अर्थ अक्षर ज्ञान है इस वहम को मिटाकर शिक्षा का अर्थ चरित्र निर्माण और जीवन की दृष्टि से आवश्यक कौशल है। गाँधीजी के इस कथन का महिला समाज पर अत्यधिक प्रभाव पड़ा। पढ़ाई–लिखाई के क्षेत्र में विकास के अतिरिक्त महिलाओं ने अहिंसा का अस्त्र लेकर खादी आंदोलन में उत्साह तथा पवित्रतापूर्वक काम किया। बिहार के महिला शिक्षा प्रसार में बिहारी विदुषियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। श्रीमती कमल कामिनी देवी बिहार की प्रथम एम. ए. थी। शिक्षा जगत में प्राचार्य रोमिला नंदी, प्राचार्य शकुंतला शर्मा, शारदा वेदालकर, डॉ. श्रीमती गीतालाल, प्रो. संपति आर्याणी, प्रो. रत्ना कुमारी शर्मा, प्रो. शाँति उपाध्याय, श्रीमती कलावती त्रिपाठी, श्रीमती यमुना वर्मा, सुश्री आयशा अहमद, श्रीमती विद्या देवी ने महत्वपूर्ण सेवाएँ देकर अपना नाम अमर कर लिया। राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में श्रीमती लक्ष्मी मेनन, तारकेश्वरी सिन्हा, रामदुलारी सिन्हा, श्रीमती रामप्यारी देवी, सरस्वती देवी, विंध्सवासिनी देवी, सुश्री लीलावती सिन्हा, स्वर्णलता प्रसाद, विद्यावती गुप्त, सुश्री नीलिमा बसु, उमा सिन्हा के नाम प्रशंसनीय हैं।[18]

इस प्रकार हम पाते हैं कि महात्मा गाँधी ने अपने सोच से घर की चाहरदीवारी में पर्दे की पीछे छिपी औरतों को बाहर निकालकर शिक्षा के साथ–साथ देश के प्रति उनके अहिंसात्मक अस्त्र का उपयोग करवाकर उन्हें भारतीय इतिहास के मानसपटल पर एक सम्माननीय दर्जा प्रदान कर उनके जीवनस्तर और उनके समाज में मान को बढ़ाया।

## संदर्भ-सूची


1. ***वृहदारण्यक उपनिषद***, 6.4.17।
2. ***अथर्ववेद***, 11.5.18।
3. ***मनुस्मृति***, 9.3, पञ्चमोडध्याय, अनुवादक – उर्मिला रूस्तगी, जे. पी. पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, 2005,पृ. सं. 165।
4. अल्तेकर ए. एस., ***दी पोजीशन ऑफ वीमेन इन हिंदु सिविलाइजेशन***, मोतीलाल बनारसी दास, दिल्ली, तृतीय संस्करण, नई दिल्ली, 1962, पृ. सं. 175।
5. सहाय शिवपूजन, ***बिहार की महिलाएँ***, राजेन्द्र अभिनंदन ग्रंथ, पटना, 1962, पृ. सं. 235।
6. मुंषी के. एम., ***गाँधीजी और भारत का नारी समाज***, नवम्बर 1970, पृ. सं. 358।
7. सहाय गुप्त सुशीला, ***गाँधीजी का नारी दर्शन***, म. च. स. पत्रिका, रजत जयंती अंक, पृ. सं. 110।
8. ***यंग इंडिया***, 10.1.1920।
9. किरण ऊषा, ***बापू और बिहार की महिलाएँ***, म. च. स. प., 1966–67, पृ. सं. 44।

10. ***हरिजन***, 5.11.1938।

11. ***बंबई, भगिनी समाज के वार्षिक सम्मेलन में दिये गए भाषण से***, 20.2.1918।

12. ***यंग इंडिया***, 23.5.1929।

13. ***यंग इंडिया***, 17.10.1929।

14. कालेलकर काका, ***बहनों के बापू,*** बापू के पत्र – 1, आश्रम की बहनों का संस्करण, नई दिल्ली, 1950, पृ. सं. 30।

15. ***हरिजन***, 16.11.1935।

16. कालेलकर काका, ***बहनों के बापू,*** बापू के पत्र – 1, आश्रम की बहनों का संस्करण, पूर्वद्धृत, पृ. सं. 34।

17. वही, पृ. सं. 83–84।

18. कुमारी ममताा, ***गाँधीजी के रचनात्मक कार्यक्रमों में बिहारी महिलाओं की भूमिका*** (1917–1947, शोध प्रबंध, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा, 2014, पृ. सं. 14–15।

# गाँधी दर्शन एवं महिला

**नीलम रानी***

गाँधीजी महिलाओं के पुनरूत्थान के बहुत बड़े हिमायती थे। उनके चरखा नशाबन्दी, ग्रामोत्थान, तथा हरिजनों और महिलाओं के उत्थान के कार्यक्रमों ने राजनीतिक दासता के विरूद्ध संघर्ष के लिये एक मजबूत आधार तैयार किया। इस संघर्ष में उन्होंने महिलाओं को पुरूषों को बराबर का हिस्सेदार बनाया। किसी भी रूढ़िवादी समाज में महिलाओं के उद्धार का काम कोई सरल नहीं हुआ करता। महात्मा गाँधी ने बाल–विवाह, दहेज–प्रथा तथा विधवाओं के प्रति होने वाले क्रूर अन्याय के विरूद्ध आवाज उठाई।[2]

गाँधीजी के विचारों का स्त्रोत रामचरितमानस है। तुलसीदास की मान्यताएँ गाँधीजी के जीवन–दर्शन में स्पष्टतः दिखती हैं। तुलसीदास, जिन्होंने पुरूष और स्त्री के समान अधिकार और कर्त्तव्य के अनुपस्थित होने को समाज की सबसे क्रूर स्थिति स्वीकार किया। इस प्रकार यह कहना अतिशयोक्तिपूर्ण नहीं होगा कि गाँधीजी के लिए तुलसीदास ने एक ऐसे भावभूमि की प्रस्तावना कर रखी थी जिसका सूत्र पाकर गाँधीजी ने स्त्री–पुरुष समान अधिकार, मर्यादा, आर्थिक स्वाधीनता, अपनी शक्ति को पहचानने की कोशिश आदि सरोकारो को भारतीय समाज के सामने केवल प्रस्तुत ही नहीं किया बल्कि उसके उपाय भी जनमानस के समक्ष प्रस्तुत किये।[3]

गाँधी दर्शन में महिलाओं पर चिंतन एक प्रमुख आयाम है। गाँधीजी ने अपने विचारों से और नेतृत्त्व से उस समय भारतीय महिलाओं को प्रभावित किया, जब वे समाज में अपनी सहायक भूमिका में ही सिमटी हुई थी। उन्होंने भारतीय समाज में स्त्रियों की दयनीय दशा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन समस्त बुराईयों का विरोध किया, जो स्त्रियों के विकास में बाधक थी। उनका महिलाओं की आत्मशक्ति में अटूट विश्वास था और वे समानता के आधार पर महिलाओं को सामाजिक अधिकार देना चाहते थे। महिलाओं के संबंध में गाँधीजी के विचार गाँधी दर्शन का एक महत्त्वपूर्ण भाग माना जा सकता है।

## स्त्री-शिक्षा और गाँधी विचार

गाँधीजी का विचार था कि महिलाओं को अपने प्राकृतिक अधिकारों का उपयोग करने

*शोधार्थी, स्नातकोत्तर इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची।

और उनका विस्तार करने के लिए शिक्षा एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अतः इस भूमिका को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए उनका मानना था कि स्त्रियों को भी पुरूषों के समकक्ष शिक्षा–सुविधाएँ मिलनी चाहिए और जहाँ आवश्यक हो वहाँ उन्हें विशेष सुविधाएँ भी दी जानी चाहिए।[4] गाँधीजी का कहना था कि एक आदमी को पढ़ाओगे तो एक व्यक्ति शिक्षित होगा किंतु एक स्त्री को पढ़ाओगे तो पूरा परिवार शिक्षित होगा। स्त्री, जब शिक्षित होगी तभी घर–परिवार और समाज में अपने सही स्थान को पहचान सकेगी। शिक्षा, स्त्री के सोये हुए आत्मविश्वास को जगाएगी जिससे वह अपने बच्चों का उचित पालन–पोषण करनें में सक्षम हो सकेंगी।[5]

गाँधीजी के अनुसार स्त्री–शिक्षा की योजना बनाते समय इस बुनियादी सत्य को ध्यान में रखना चाहिए कि किसी विवाहित जोड़ी की बाह्य प्रवृत्तियों में पुरूष अधिक सर्वोपरि है और इसलिए यह उचित है कि उसे उन बातों का अधिक ज्ञान होना चाहिए। दूसरी तरफ, घरेलू जीवन सर्वथा स्त्री का क्षेत्र है और इसलिए घरेलू मामलों का, बच्चों के लालन–पालन और शिक्षा का स्त्रियों को अधिक ज्ञान होना चाहिये। बात यह नहीं है, कि ज्ञान के कुछ विभागों का द्वार किसी के लिये बंद कर दिया जाय, किंतु यदि शिक्षा क्रम का निर्माण इन बुनियादी सिद्धांतों के आधार पर नहीं किया जायेगा, तो स्त्री और पुरूष के संपूर्ण जीवन का विकास नहीं किया जा सकता।

गाँधीजी शिक्षा के माध्यम से महिला–मुक्ति में विश्वास रखते थे। स्त्री–शिक्षा को उन्होंने नया आयाम दिया। गाँधीजी के विचारों को ध्यान में रखते हुए यह उपाय किया जा सकता है कि उन स्कूलों और कॉलेजों में जहाँ महिलाओं की संख्या अधिक हो वहाँ व्यावसायिक शिक्षा से जुड़े ऐसे पाठ्यक्रम अवश्य शुरू किये जाने चाहिए जो खासतौर से लड़कियों और महिलाओं के लिये तैयार किये गये हो। ताकि उस शिक्षा के द्वारा स्त्रियाँ अपनी जीविका भी चला सके। इससे देश अगली चुनौतियों का सामना कर सकेगा।

इसके साथ–साथ गाँधीजी ने इस बात पर भी बल दिया कि यदि नारी शिक्षित होगी तो वह बाल–विवाह, वेश्यावृत्ति, दहेज–प्रथा, तलाक, स्त्री–पुरूष असमानता जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरूद्ध आवाज उठाने तथा इनका सामना करने लिए आत्मबल रख पाएगी। और उसके लिए नारी–शिक्षा का स्वरूप ऐसा होना चाहिए जो उसकी मानसिकता में क्रांति लाकर उसके समक्ष ज्ञान ने नए क्षितिज खोल दे।

## स्त्री-अधिकार एवं गाँधी चिंतन

गाँधीजी एक ऐसे समाज के निर्माण का स्वप्न देखते थे जिसमें न्याय, समानता एवं शांति भारतीय समाज की मुख्य धरोहर है। और उनका मानना था कि भारत में न्याय, समानता एवं शांति तब तक स्थापित नहीं हो सकती जब तक स्त्रियों को भी अपने अधिकार और कर्त्तव्यों का

ज्ञान नहीं हो। महिला अधिकारों के विषय में उनके विचार एवं योगदान इनमें से एक है।

महिलाओं से संबंधित मुद्दों को उठानेवाले गाँधीजी पहले व्यक्ति नहीं थे। उनसे पहले अनेक समाज–सुधारकों ने समाज में स्त्रियों की स्थिति सुधारने के प्रयत्न किए। गाँधीजी के पदार्पण से पहले महिलाओं के प्रति समाज–सुधारकों का रवैया सहानुभूतिपूर्ण एवं संरक्षणात्मक था। भारतीय राजनीति में गाँधीजी के पदार्पण के साथ महिलाओं के विषय में एक नए नजरिये की शुरूआत हुई।[6]

गाँधीजी ने जेल में रहने के दौरान 1922 ई० में एक 'बालपोथी' लिखी। उस पोथी की धारणा यह रही है कि बालक जो कुछ सीखें उसपर अमल करे। इसमें कहा गया है कि लड़के को घर के काम इसलिए नहीं करने हैं कि वे स्त्रियों की मदद करें बल्कि इसलिए करें क्योंकि ये उनकी भी उतनी ही जिम्मेदारी है, जितनी किसी स्त्री की है।

यंग इडिया के 21 जुलाई 1921 के संस्करण में गाँधीजी ने लिखा था कि –'यदि मैं स्त्री के रूप में जन्म लिया होता तो पुरूषों के इस दावे के खिलाफ विरोध कर देता कि स्त्री उसका मन बहलाने के लिए ही पैदा हुई है।' गाँधीजी के अनुसार पुरूषों ने स्त्री को अपनी कठपुतली के रूप में इस्तेमाल किया है। निस्संदेह इसके लिए पुरूष जिम्मेदार है किंतु स्त्रियों को यह स्वयं निर्धारित करना होगा कि वह किस प्रकार रहना चाहती है। उनका मानना था कि यदि स्त्रियों को विश्व में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभानी है, तो उन्हें पुरूषों को आकर्षित एवं खुश करने के लिए सजना–सँवरना बंद कर देना चाहिए और आभूषणों से दूर रहना चाहिए।[7]

'हरिजन' के 2 मई 1936 के संस्करण में पेज नं०–93 में गाँधीजी ने बड़े ही साफ शब्दों में कहा था कि मेरा दृढ़ मत है कि इस देश की सही शिक्षा यही होगी कि स्त्री को अपने पति से भी 'न' कहने की कला सिखाई जाए। कठपुतली बनकर रहना उसके कर्त्तव्य का अंग नहीं है। उसके अपने अधिकार और अपने कर्त्तव्य हैं। अमिताभ बच्चन की फिल्म 'पिंक' में जब यह समझाया गया कि 'नो' का मतलब 'नो' होता है, तो कई लोगो को यह बात नई लगी। किंतु गाँधीजी के विचारों से अवगत होने के बाद यह पता चलता है कि उन्होंने यह बात वर्षों पहले कह दी थी।

गाँधीजी के अनुसार पारिवारिक संपत्ति में बेटा और बेटी दोनों का हक एकसमान होना चाहिए। उसी प्रकार, पति की आमदनी को पति–पत्नी की सामूहिक संपत्ति समझी जानी चाहिए क्योंकि इस आमदनी के अर्जन में स्त्री का भी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से योगदान रहता है। भारतीय समाज में विवाह के समय कन्यादान में कन्या का दान किये जाने की प्रथा की भी गाँधीजी ने कड़ी अलोचना की है।[8]

वर्तमान समय में यह निसंकोच रूप से कहा जा सकता है कि महिला–अधिकारों के संबंध में आज जो अनुकूल वातावरण हमें दिखाई दे रहा है, उसकी नींव गाँधीजी सरीखे

महानुभावों ने बहुत पहले रख दी थी। उनका मानना था कि सत्य एवं अहिंसा की नींव पर निर्मित नवीन विश्व–व्यवस्था की योजना में जितना और जैसा अधिकार पुरूष को अपने भविष्य की रचना का है, उतना और वैसा ही अधिकार स्त्री को भी अपना भविष्य तय करने का है। गाँधीजी ने स्त्री और पुरूष की बराबरी के जो मायने तब पेश किया था, वह आज भी मौजूद है।

महिलाओं के अधिकारों के बारे में संवेदनशील होने के बावजूद गाँधीजी ने महिलाओं की समस्याओं को राजनीतिक मंच प्रदान नहीं किया। कोई संगठन नहीं बनाया। किंतु गाँधीजी ने महिला सशक्तिकरण के लिए जो प्रयास किए, उनका महत्त्व कभी कम नहीं हो सकता है। उन्होंने भारत में महिलाओं को एक नई दिशा दिखाई। हमें उसी दिशा में चलते हुए बदलते समय में उनके विचारों को अपनाना एवं समझना होगा। हम गाँधीजी के इन विचारों के आधार पर महिलाओं के अधिकारों की रक्षा कर पाने में सक्षम होंगे।

## महिला सशक्तिकरण में गाँधीजी की भूमिका

महिला सशक्तिकरण के विकास के लिए इतने सजग, सक्रिय एवं व्यापक रूप से उपाय पहले कभी नहीं हुए है जितने बीसवीं शताब्दी में हुए। हमारी संस्कृति की सदा से ही विशेषता रही है कि वह पुरूष–प्रधान समाज रही। भारत में महिला सशक्तिकरण के लिये विशेष प्रयास किये जा रहें है लेकिन इन सबके बावजूद महिलाएँ सबसे अधिक उपेक्षा की शिकार हैं और भय के साये में है। हमारे समाज में कोई सबसे अधिक हतास हुआ है तो वे स्त्री ही हैं और इस वजह से हमारा अधः पतन भी हुआ है।

गाँधीजी जैसे प्रगतिशील प्रखर दार्शनिक भी स्वयं को इस नारी चिंतन से अलग नहीं रख पाए। और उन्होंने भी नारी से संबंधित विभिन्न आयामों पर अपना व्यापक दृष्टिकोण प्रकट किया। गाँधी विचारधारा में नारी की स्थिति पर जो भी विचार प्रकट किये गए हैं, उसका मूल बिंदु नारी के प्राचीन परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखकर उसकी वर्तमान समस्याओं का हल प्रस्तुत करना है। गाँधीजी ने न केवल अपने सिद्धांतो के संदर्भ में नारी को उपर उठाना चाहा वरन् उनकी दुर्दशा से उन्हें मुक्ति दिलाकर पुरूषों की भाँति समानता तथा स्वतंत्रता की वकालत की।[९]

महिलाओं के प्रति गाँधीजी के सकारात्मक दृष्टिकोण का एक महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि वे महिलाओं को पुरूषों के मुकाबले अधिक सुदृढ़ और सहृदय मानते थे। वे नारी को अबला कहने के भी सख्त खिलाफ थे। गाँधीजी लिखते हैं कि–स्त्रियों को अबला पुकारना उनकी आंतरिक शक्ति को दुत्कारना है। यदि हम इतिहास के पन्नों को पलटकर देखें तो उनकी वीरता की कई मिसालें मिलेंगी। यदि महिलाएँ, देश की गरिमा बढ़ाने का संकल्प कर लें तो कुछ ही महीनों में अपनी आध्यात्मिक अनुभूति के बल पर देश का रूप बदल सकती हैं।

**आर्थिक स्वतंत्रता** को गाँधीजी महिला सशक्तिकरण के लिए सबसे आवश्यक मानते थे। उनका मानना था कि स्त्रियों का शैक्षिक स्तर सुधारकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है। उस दौर में ही गाँधीजी ने महिला सशक्तिकरण के लिए आर्थिक स्वावलंबन की आवश्यकता को पहचान लिया था। इसके लिए उन्होंने चरखे को माध्यम बनाया। वे चाहते थे कि घर–घर में चरखा पहुँचे और महिलाएँ बड़ी संख्या में चरखे पर सूत–कताई का काम करके धन अर्जित करें। गाँधीजी ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर कई गरीब महिलाओं को चरखा चलाने का प्रशिक्षण भी दिया।

आज भी महिलाओं का एक वर्ग परावलंबी है। उसे घर के पुरूषों के सामने हाथ फैलाने पड़ते हैं। इसी कारण गाँधीजी ने आजादी से पूर्व ही महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। खादी उद्योग के माध्यम से गाँवों, कस्बों एवं शहरों की लाखों निर्धन महिलाओं को देशभक्ति की अनुभूति के साथ–साथ रोजगार मिला और उनके जीवन में खुशहाली भी आई।[10]

## महिलाओं को गाँधीजी ने स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ा

बीसवीं सदी के आरंभ के साथ भारतीय समाज में नारी जागरूकता का बिगुल बज चुका था। इसका सीधा प्रभाव आजादी की लड़ाई में महिला योगदान के रूप में दिखाई दिया। भारत की आजादी की लड़ाई का वर्णन अधूरा रह जाएगा यदि इसमें पुरुष, समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़नेवाले नारी समाज का जिक्र न किया जाये। महिलायें आज राष्ट्र निर्माण के कार्य में बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहीं हैं किंतु एक समय उनकी स्थिति अत्यंत दयनीय थी और कोई कल्पना भी नहीं करता था कि वे भी स्वतंत्र रूप से काम कर सकती हैं। ऐसे में महात्मा गाँधी ने उन्हें आजादी के आंदोलन से जोड़ा तथा सार्वजनिक जीवन में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की।[11]

असहयोग आंदोलन के दौरान सरोजनी नायडू के नेतृत्त्व में राष्ट्रीय स्त्री–संघ की स्थापना की गई थी। बंगाल में उर्मिला देवी तथा बसंती देवी के नेतृत्त्व में महिलाओं के एक समूह ने खादी वस्त्रों की बिक्री कर सरकार की अवज्ञा की। ललिता घोष नामक महिला ने साइमन कमीशन के विरोध में महिलाओं की एक रैली का आयोजन किया। सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। धरसना नामक स्थल पर जब अब्बास तैय्यबजी की गिरफ्तारी हो गई, तो आंदोलन का नेतृत्त्व सरोजनी नायडू ने संभाला। 1942 ई० के भारत छोड़ो आंदोलन में गाँधीजी की गिरफ्तारी के बाद उनकी पत्नी कस्तूरबा ने आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। इंदिरा गाँधी ने इस आंदोलन के दौरान वानरी सेना का गठन किया था।

गाँधीजी समूची मानव–जाति का सम्मान करते थे, किंतु महिलाओं के लिए उनके हृदय में समान और सशक्त हो। गाँधीजी ने इसी धारणा को केंद्र में रखकर महिला सशक्तिकरण की प्रस्तावना को सामने रखा। उनके विचार आज भी प्रासंगिक है, क्योंकि आज भी भारतीय समाज में वे समस्याएँ मौजूद हैं।

गाँधीजी ने आजादी की लड़ाई के साथ–साथ सामाजिक परिवर्त्तन की भी लड़ाई लड़ी थी। उनका कहना था कि जब तक अन्याय पर आधारित सामाजिक, आर्थिक व्यवस्था में बदलाव नहीं होता तब तक राजनीतिक आजादी भी प्रभावहीन रहेगी। आज जब हम 21 वीं शताब्दी की चुनौतियों का सामना कर रहें हैं, उस समय महिलाओं के उत्थान पर विशेष ध्यान दिये जाने की जरूरत है क्योंकि दुनिया की यह आधी आबादी आज भी उपेक्षित है। अतः वर्तमान संदर्भ में यह अत्यंत आवश्यक है कि गाँधीजी के आदर्शों पर चलते हुए हम सभी देश की आधी आबादी की पूर्ण मुक्ति के लिए पूरी तरह समर्पित हों।

## संदर्भ-सूची


1. दीप्ती वर्मा, ***भारतीय महिलाओं के उत्थान में गाँधी दर्शन का योगदान–छत्तीसगढ़ के विशेश संदर्भ में (1920–1948ई०)*** (अप्रकाशित शोध–प्रबंध), पं० रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.), 2012, पृ०–1–3
2. रणधीर सिंह, ***महिला उत्थान के संदर्भ में गाँधीजी के विचार,*** जर्नल ऑफ एडवांसेस एंड स्कॉलर्ली रिसर्चेस इन एलाइड एजुकेशन, वाल्यूम–6, ईसू–12, अक्टूबर 2013, आई एस एस एन–2230–7540, पृ०–1
3. रामविलास शर्मा, ***परंपरा का मूल्यांकन, तुलसी साहित्य के सामंत–विरोधी मूल्य,*** राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2004, पृ०–81
4. सरोज कुमार गुप्ता, ***भारतीय नारी, कल आज और कल,*** प्रकाषन संस्थान, नई दिल्ली, 2012, पृ०–209–212
5. एम. के. गाँधी, आर. के. प्रभु (संकलनकर्त्ता), ***इंडिया ऑफ माई ड्रीम्स,*** नवजीवन मुद्राणालय, अहमदाबाद, 1947, पृ०–206–208
6. एम. के. गाँधी, ***सेल्फ–रेस्ट्रेंट वी. सेल्फ–इंडलजेन्स,*** नवजीवन प्रकाशन, अहमदाबाद, 1947, पृ०–11–13
7. महात्मा गाँधी, ***यंग इंडिया 1919–1922,*** पब्लिशर ट्रिप्लिकेन, मद्रास, 1924, पृ०–748–750
8. कृष्णा कृपलानी (सं०), ***ऑल मेन आर ब्रदर्स,*** नवजीवन मुद्राणालय, अहमदाबाद, 1960, पृ०–182–183
9. मुकुलभाई कलारथी (सं०), गुरदयाल मल्लिक(अनु०), ***बा एंड बापू,*** नवजीवन पब्लिशिंग हाऊस, अहमदाबाद, 1960, पृ०–6–7

10. महात्मा गाँधी, काशीनाथ त्रिवेदी,(अनु०), ***सत्य के प्रयोग अथवा आत्मकथा,*** नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, 1982, पृ०—527—528
11. बी. एल. ग्रोवर, ***आधुनिक भारत का इतिहास,*** एस. चन्द एंड कंपनी प्रा. लिमिटेड, नई दिल्ली, 2015, पृ०—320—321
12. बिपिन चन्द्र, ***भारत का स्वतंत्रता संघर्ष,*** हिंदी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, 2013, पृ०—256—257
13. अनुराग द्विवेदी, ***महिला सशक्तिकरण—मिथक और वास्तविकता,*** राज पब्लिकेशन, मेरठ, 2015, पृ०—179—182

# गाँधी दर्शनः खादी एवं महिला स्वरोजगार

रेखा कुमारी*

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के दर्शन में खादी एक दर्शन है। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने चरखा चलाकर और सुत कातकर स्वाधीनता की जंग के साथ ही स्वावलंबन की जंग भी जीती। आज भी खादी के रूप में महात्मा गाँधी का संदेश हमारे बीच मौजूद है। बदलते परिवेश में भी खादी की धाक बढ़ती ही जा रही है। गाँधी जी ने कहा था कि खादी एक विचार है, खादी एक संदेश है, खादी एक दर्शन है। इसी दर्शन के दम पर आज खादी के जरिये रोजगार के साधन बढ़ रहे हैं। खादी लघु उद्योग से झारखण्ड जैसे ग्रामीण इलाकों में बेरोजगार महिलाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध हो सके हैं।[1]

ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी परम्परागत कौशल को बढ़ावा देने और उनके विकास की बेहतर सम्भवनाएँ मौजूद है। सरकार खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, कॉयर बोर्ड और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना आदि के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों और कस्बों में कृषि और ग्रामीण उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न नीतियों और कार्यक्रमों को लागू कर रही है। MSME मंत्रालय ने खादी की बिक्री को 26 हजार करोड़ रूपये से बढ़ाकर 1 लाख करोड़ रूपये तक करने और प्रत्येक संसदीय क्षेत्रों में महिलाओं को काफी संख्या में रोजगार के अवसर प्रदान कर सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ने का लक्ष्य तय किया है।[2]

गाँधी जी ने खादी के संदर्भ में कहा था ''खादी के अवधारणा और भी बड़े उद्धेश्य के साथ विकसित की गई थी और वह है अपने गाँवों को भूख से मुक्त करना'' इस युक्ति ने गाँधी जी का ग्रामीण जीवन को बेहतर बनाने में खादी के योगदान का उनका सपना झलकता है।[3]

खादीवृत्ति का अर्थ है जीवन के लिए जरूरी चीजों की उत्पत्ति और उनके बटँवारे का भी केन्द्रीकरण इसलिए अबतक जो सिद्धांत बना है वो यह है कि हर एक गाँव को अपनी जरूरत की सब चीजें खुद पैदा कर लेना चाहिए और शहर की जरूरतों को पूरा करने के लिए कुछ अधिक उत्पादित्त करनी चाहिए।[4]

वास्तव में खादी एवं **सोलर चरखा** महिलाओं के लिए रोजगार के बेहतर साधन हैं। खादी की कताई के लिए लकड़ी के सोलर चरखा और कपास के अलावा मानवश्रम की भी आवश्यकता होती है, जो आमतौर पर गाँवों में ही मिल जाता है।[5]

*पी०एच०डी शोधार्थी, इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुर्नजीवित करने के लिए गाँधी जी ने खादी और ग्रामोद्योग की शुरूआत भारतीय स्वाधीनता संग्राम के एक अभिन्न हिस्से के तौर पर की जो गाँधी दर्शन का परिचय देता है।

झारखण्ड में रेशम विकास कार्यक्रम, सूत विकास की दिशा में तमाम राज्य भले आगे निकल गए हो– लेकिन झारखण्ड में इसका अपना अलग इतिहास रहा है। झारक्राफ्ट की ओर से सबसे पहले खरसावां में इस मशीन का इस्तेमाल किया गया। वहाँ की महिलाओं ने इसका सफलतापूर्वक संचालन कर साबित कर दिया किया कि यह मशीन उनकी किस्मत को बदल सकती है।[6]

केन्द्र सरकार की ओर से खादी उद्योग को महिला रोजगार से जोड़ने की लगातार योजनाएँ बनाई जा रही है, अधिक से अधिक ग्रामीण महिलाओं की इसमें सहभागिता हो सकें। इसके लिए राज्य सरकार से भी अपील की गई है। खादी एक ऐसा उद्योग है जहाँ पुरूष और महिला की समान सहभागिता है। इस उद्योग का सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि इसमें स्पीनिंग मुख्यतः महिलाओं द्वारा होती है जबकि बुनाई पुरूषों द्वारा की जाती है। इसी आधार पर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को अधिक से अधिक जोड़ने की योजना है।[7]

गाँधी जी मानते थे कि स्किल या गुणवता बढ़ाने के पीछे अगर निजी कमाई बढ़ाना ही एक मात्र ध्येय होगा तो वह शोषण और शोषक ही पैदा करेगा। स्किल डेवलपमेंट से आमदनी बढ़े तो गाँधी जी को कोई हर्ज नहीं, निजी आमदनी बढ़ाने के लिए स्किल डेवलपमेंट किया जाए तो वे उसके खतरों को पहचानते थे।

1920 के दशक में भारत में हाथ से बने खादी वस्त्रों की शुरूआत हुई तो यह विचारधारा के रूप में आगे बढ़ने लगी। उस समय खादी को हाथ से तैयार किया जाता था। तमाम भारतीय महिला पुरूष खादी के साथ जुड़कर जीविकोपार्जन करने लगे। जब दक्षिण अफ्रीका से लौटे उस समय देश के बुनकरों का जीवन स्तर सुधारने की जरूरत महसूस की गई। खादी अभियान के जरिए महात्मा गाँधी ने महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ने की योजना बनाई और इसे विस्तारित किया जा रहा है। चंपारण से प्रभावित महात्मा गाँधी ने खादी को धारण किया। बिहार के चंपारण जिले में सत्याग्रह शुरू होने से पहले ही महात्मा गाँधी वहाँ पहुँच गए। बताया जाता है कि प्रार्थना सभा में जुटने वाली महिलाओं की बड़ी हीन दशा थी। उनके पास पहनने तक के पर्याप्त कपड़े नहीं थे इस बात से गाँधी जी को बहुत आघात पहुंचा। गांधीजी ने महिलाओं से बात की तो पता चला कि उनके पास पहनने के लिए सिर्फ एक सेट कपड़ा ही है। कई लोगों के पास तो फटी साड़ियाँ थी। उन्होनें तय किया महिलाओं को इस बात के लिए जागरूक करेंगें कि वे अपने हाथ से बनाई साड़ी पहन सके। इसके बाद से ही गांधी जी ने सूत कातने और खादी पहनने की बात को प्राथमिकता देने लगे।

गांधी जी ने स्वतंत्रता आंदोलन को सहयोग देने के लिए पुरूषों और महिलाओं को प्रतिदिन खादी के लिए सूत कातने में समय बिताने के लिए कहा।[10]

झारखण्ड भी इससे अछूता नहीं रहा स्वतंत्रता आंदोलन एवं महात्मा गांधी के प्रभाव के कारण राजनीतिक व सामाजिक सशक्तिकरण 1947 ई० के मध्य भारत की स्वतंत्रता संघर्ष एवं महत्वपूर्ण घटना थी। गांधी के आगमन के बाद स्वतंत्रता संघर्ष में क्रांतिकारी आयाम जुड़े। गांधीजी ने झारखण्ड में आदिवासियों एवं हरिजनों जैसे उपेक्षित समुदायों को मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया। इसके लिए उन्होनें शिक्षा एवं कुटीर उद्योगों के माध्यम से बड़े पैमाने पर सामाजिक आन्दोलन चलाया।

इसका परिणाम आदिवासी महिलाओं के लिए बहुत ही सकारात्मक हुआ वे राष्ट्र की मुख्य धारा से जुड़ी। उनकी समस्या राष्ट्र की समस्या के साथ एकीकृत हुई। उनकी समस्याओं को राष्ट्रीय रणनीति में केन्द्रीय स्थान मिला। उनमें एक ही साथ राजनीतिक व सामाजिक चेतना का जागरण हुआ।[11]

इसका विशिष्ट उदाहरण ताना भगत आंदोलन है वैसे ताना भगत के आंदोलन के बहुत पहले ही आदिवासी महिलाओं ने अंग्रेजों के विरूद्ध अपनी वीरता का परिचय दिया।[12]

1914 में प्रारंभ हुए ताना भगत आंदोलन में आदिवासी महिलाओं की भूमिका और सामाजिक आंदोलन में उनके विशिष्ट रूप को देखा जा सकता है। ताना भगत आंदोलन गांधीजी के स्वदेशी आंदोलन से प्रेरित था। राजनीतिक स्वतंत्रता के अतिरिक्त अपने सामाजिक समस्याओं से मुक्ति का भी लक्ष्य इस आंदोलन में शामिल था। उल्लेखनीय है कि इस आंदोलन में महिलाएँ भी सक्रिय थी। जतरा भगत की मृत्य के बाद उसकी पत्नी देवमानी (बंधानी) ने ताना भगत आंदोलन को एक नई दिशा दी।[13]

उसने इस आंदोलने को गुमला के बाहर हजारीबाग एवं रांची में प्रसारित किया ˙ इस प्रकार स्वतंत्रता संघर्ष में आदिवासी महिलाओं में नई चेतना विकसित की और इन्हें राजनीतिक एवं सामाजिक रूप से जागश्त एवं सशक्त किया। निश्चय ही आदिवासी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिहाज से भारत का स्वतंत्रता संघर्ष एक प्रभावशाली पड़ाव साबित हुआ वे अपने परंपरागत छवि से निकलकर सड़कों पर आ गई और अपनी समस्याओं के समाधान के साथ–साथ राष्ट्रीय मांगों की पूर्ति के लिए संघर्ष करने लगी। आदिवासी महिला सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण स्वरूप था।

इसी समय जब बिहार का आदिवासी समुदाय अंग्रेजों और उनके दलालों द्वारा शोषित हो रहा था उनका धन, धरती एवं धर्म खतरे में था तब समस्त आदिवासी संगठनों ने मिलकर 1938 में एक आदिवासी महासभा का गठन किया। समस्त आदिवासी शोषण एवं अन्याय के खिलाफ 1922 जनवरी 1939 को रांची में एक विराट प्रदर्शन एवं सम्मेलन का आयोजन किया। इस महासभा में चार हजार महिलाएँ उपस्थित थी जिसका नेतृत्व कमाण्डर कुमारी ए तिग्गा कर रही थी। हर मुहल्ले से एक कैप्टन थी उसकी सहायता कैप्टन कुमारी कोमला तिर्की कर रही थी।

20 जनवरी 1939 को रांची के बड़ा तालाब के नजदीक आदिवासी स्वर्ण भवन सभा स्थल को सजाने में महिलाओं ने अपनी सम्पूर्ण आदिवासी कलो को प्रस्तुत कर दिया था। विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक आन्दोलन से उन्हें सकारात्मक रूप से प्रभावित एवं प्रेरित किया। वे पारंपरिक जीवन–निर्वाह पद्यति से अलग होकर नये तरीके से जीवकोपार्जन के लिए प्ररित हुई। उनके सशक्तिकरण के प्रयास आज पहले की अपेक्षा अधिक तीव्र है।[14]

जिस खादी को महात्मा गांधी ने स्वदेशी को प्रतीक मानते हुए स्वराज का आधार स्तंभ बनाया था उस खादी ने बीते 100 बरसों में कई रंग देखे। दिनोदिन उसकी लोकप्रियता बढ़ती गई। आज खादी अंतर्राष्ट्रीय मंच पर डिजाइनर स्वरूप में अपनी घटा बिखेर रही है। एक जमाना वह भी था जब खादी वस्त्रों को गांव का पहनावा माना गया लेकिन इसका प्रभाव धीरे धीरे बढ़ता ही गया। भारत के संतुलित आर्थिक विकास में खादी ग्रामोद्योग का बहुत बड़ा योगदान है।

केन्द्र सरकार की तैयारी है कि देश मे बड़े पैमाने पर सोलर उर्जा चालित चरखे चलाए जाए यह चरखे खासतौर से महिलाओं के लिए है। इससे न तो पर्यावरण प्रदूषण होगा और न ही महिलाओं को अधिक श्रम लगाना पड़ेगा और उनकी आय मे भी बढ़ोत्तरी होगी। इससे गांवों का संतुलित आर्थिक विकास होगा, लोगों का गांवों से शहरों की तरफ पलायन भी रूकेगा।[15]

इस प्रकार भारतीय समाज के संदर्भ में गांधी चिंतन भारत के स्वतंत्रता संग्राम को राष्ट्रीय और सामाजिक जागरण के सहज अवसर की भांति जानकर गांधीजी ने भारत के सामाजिक जीवन की न्यूनताओं और दुर्बलताओं के बारे में देश के भीतर एवं खुली बहस उत्पन्न करने का प्रयत्न अपने विविध लेखों, भाषणों आदि के माध्यम से किया था।[16]

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुर्नजीवित करने के लिए गांधीजी ने खादी और ग्रामोद्योग की शुरूआत भारतीय स्वाधीनता संग्राम के एक अधिक हिस्से के तौर पर की।[17]

गांवों के लघु एवं कुटीर डद्योग ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं। वास्तव में खादी और ग्रामोद्योग आयोग गांधीजी की इसी विचारधारा की उत्पति है।[18]

जिस प्रकार गांधी जी ने नैतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से सर्व धर्म सद्भाव को बहुत महत्वपूर्ण माना है उसी प्रकार उन्होनें सामाजिक तथा आर्थिक दृष्टि से शारीरिक श्रम को भी विशेष महत्व दिया है। गांधी जी का विचार है कि यदि सभी व्यक्ति शारीरिक श्रम द्वारा जीविकोत्पार्जन करने लगे तो अस्वस्थता, भोजन की कमी पारस्परिक संघर्ष, शोषण आदि सामाजिक समस्याओं का सरलतापूर्वक समाधान हो सकता है। इसी कारण उन्होनें चरखे को शारीरिक श्रम का प्रतीक माना और यह कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कातना, बुनना, खेती करना, लकड़ी या लोहे की वस्तुएँ बनाना आदि कार्यो से संबंधित किसी न किसी प्रकार का शरीरिक श्रम अवश्य करना चाहिए।[19]

गांधी जी ने सामाजिक तथा आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, नैतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से भी शारीरिक श्रम को विशेष महत्व दिया है। इसी कारण चरखे को आर्थिक उन्नति के साधन के साथ–साथ आध्यात्मिकता का प्रतीक मानते हुए उन्होनें कहा है कि किसी प्रकार के शारीरिक श्रम के बिना मानवता तथा ईश्वर की सच्ची सेवा अंसभव है। इस प्रकार शारीरिक श्रम द्वारा हमें र्निधनों के साथ और उनके माध्यम से सम्पूर्ण मानव–जाति के साथ अपना तादात्मय स्थापित करना चाहिए। मैं ईश्वर की इससे अधिक अच्छी पूजा की कल्पना नहीं कर सकता कि मुझे उसके नाक पर गरीबों के लिये वैसा ही शारीरिक श्रम करना चाहिए जैसे वे करते हैं।[20]

गांधी जी ट्रस्टी शिव के आदेश को प्रगतिशील समाज के लिए अनिवार्य मानते थे। इसलिए उनका कहना था ''ट्रस्टीशिप इज द लाइफ ब्लड ऑव ए प्रोग्रेसिव सोसाइटी'' स्पष्ट है कि समाज में व्याप्त आर्थिक असमानता को हटाने के लिए गांधी ने वही तरीका अपनाया जो उन्होनें अस्पश्श्यता को हटाने के लिए अपनाया था।

गांधी जी का लक्ष्य समाज में एक ऐसी व्यवस्था को कायम करना था जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को अपने उत्थान का समाज अवसर एवं सुविधाएँ प्राप्त हो। ऐसे समाज को गांधी ने सर्वोदय समाज का नाम दिया।

यह प्रक्रिया ने धार्मिक है और न राजनीतिक। वह मुख्य रूप से एक सांस्कृतिक प्रक्रिया है। जिसका केन्द्रहै मानवीय अनुभूति और उसकी परिधि में है। मानवीय व्यवहार। देश की आजादी तभी सार्थक हो सकती है जब वह देश के हर व्यक्ति की संपति हो। ''समाज में तनाव विशेष और हिंसा का मुख्य कारण व्यक्ति का आंतरिक एवं बाह्य शोषण है। जब समाज में व्यक्ति का शोषण रूक जायेगा तब समाज स्वयमेव सर्वोदयी बनने की दिशा में अग्रसर होगा।[21]

अपने आर्थिक विचारें की व्याख्या करते हुए उन्होनें कहा है खद्दर का अर्थशास्त्र साधारण अर्थशास्त्र से बिल्कुल भिन्न है। पिछला तो मानवीय तथ्यों की कुछ कद्र ही नहीं करता जबकि पहला मानवीय स्थितियों की चिंता करता है। तथा खादी चेतना का अर्थ है पश्थ्वी के प्रत्येक मानव के प्रति बंधुत्व भाव इसका अर्थ है। ऐसी वस्तु का परित्याग जिससे हमारे साथियों को क्षति पहुँचा सकती है।[22]

गांधी के अनुसार वे मूल्य हैं – सत्य, अहिंसा, समानता, न्याय, भ्रातत्व और व्यक्तिगत स्वतंत्रता।

स्वदेशी भी एक महत्वपूर्ण सिंद्धात है जिसे गांधी ने देशवासियों को अनुप्रेरित किया। वास्तव में चरखा और खादी स्वदेशी के सिंद्धांतो के ही कार्यान्वित रूप है। गांधी ने लोगों से कहा कि वे इंगलैण्ड की मीलों से बनकर आने वाला कपड़ा न पहनें इसका उद्धेश्य इंगलैण्ड की आर्थिक स्थिति को आधात पहुँचाना था। और साथ ही लोगों की नैतिकता को शुद्व कर उनमें स्वाभिमान तथा स्वावलम्बितता के भाव जागृत करना था।[23]

20वीं सदी के प्रथम दशक में संथाल परगना में स्वदेशी आंदोलनों को बल मिला। स्वतंत्रता आंदोलन के आदि पुरूषों ने गांधी जी के आंदोलन का मार्ग प्रशस्त किया। भारतीय स्वतंत्रता

आंदोलन को वास्तविक गति महात्मा गांधी ने ही दी और उनके आंदोलन की प्रतिध्वनि छोटानागपुर में भी सुनाई पड़ी।

पहली बार गांधी जी 4 जून 1917 ई० को रांची आये वे मोतिहारी से चलकर रांची बिहार के लेफ्टिनेंट गर्वनर एडर्वड गेट से मिलने पहुँचे और श्याम कृष्ण सहाय के यहाँ ठहरे। इस तरह 1917 ई० में गांधी जी 21 दिनों तक छोटानागपुर में रहें। उनके साथ कस्तुरबा, रामदास, और देवदास गांधी भी थे। उनका सादा जीवन भोजन एवं साधारण वस्त्र झारखण्ड के लोगों ने उसी समय अपनी आंखों से देखा और अत्यधिक प्रभावित हुए। 1920 ई० में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का विशेष अधिवेशन कलकत्ता में हुआ। झारखण्ड के अनेक लोग इस अधिवेशन में शामिल हुए। उन्होनें गांधीजी से साक्षात्कार किया और उसने आग्रह किया कि वे झारखण्ड को आजाद घोषित कर दें। महात्मा गांधी ने केवल एक पंक्ति का उत्तर दिया। ''कपास बोओ चरखा चलाओ, कपड़ा बुनो छोटानागपुर आजाद हो जाएगा।'' लंकाशायर मैनचेस्टर मीलों के विदेशी कपड़ो की होली जलाई गई। लोगों ने खद्दर धारण का व्रत लिया और चरखे चलाने लगे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह हुई कि गांधी जी का टाना भगतों से सम्पर्क हुआ। वैष्णो टाना भगत दल के दल गांधी जी के शिष्य बनते गए। खादी बुनना, पहनना, पैस दो पैसा जो उनके पास था उनके गांधी बाबा को समर्पित करना उनका धर्म बन गया। असहयोग आंदोलन के क्रम में इन लोगों ने ब्रिटीश सरकार को टैक्स देना बंद कर दिया। फलस्वरूप उनकी जमीन जब्त की गई। स्वयं गांधी जी ने स्वीकार किया था कि उनके सारे शिष्यों में टाना भगत सर्वोत्कृष्ट थे।

8—9 जून 1932 को कांग्रेसी कार्यकर्त्ताओं की बैठक में आदिवासियों तथा महिलाओं सहित तीन हजार लोग सभा में उपस्थित हुए। सविनय अवज्ञा आंदोलन में हजारीबाग के संथालों का महत्वर्पूण योगदान रहा। गोमिया थाना के बोरो गेरा ग्राम का बंगम मांझी उनका नेतृत्व कर रहा था। उसने टाना भगतों की तरह स्वच्छता, मद्यनिषेद्य और खादी पर जोर दिया।[24]

गांधी जी के रचनात्मक कार्यक्रम पर स्त्रियों की उन्नति उनके इस कार्यक्रम का महत्वपूर्ण अंग था। गांधी जी नारी के लिए इस आत्महीनता की भावना से मुक्त होना बहुत आवश्यक मानते हैं इसीकारण उन्होनें नारी के उन महान गुणों की ओर विशेष रूप से उनका ध्यान आकृष्ट किया है जो उनके विचार में स्वभवतः उसमे पाये जाते हैं। इन गुणों में स्नेह, करूणा, सहनशीलता, कष्टहिष्णुता आदि का गाधी जी विशेष रूप से उल्लेख किया है। जो उनके अनुसार नारी के स्वभाव का अभिन्न अंग बन चुके है।

आर्थिक अर्थव्यवस्था का उद्धेश्य स्वावलंबी समाज का निर्माण करना है। यह स्वावलंबी गाँवों से जिला, जिला से प्रांत और प्रांत से देश की ओर बढ़ता जाएगा। गांधी जी यह दृढ़ निश्चय था कि भारत सात लाख गांवों में बसता है। अतः इन गांवों को पहले विकसित किया जाए। भारत के गांवों में लोगों में जो कला व कारीगरी के गुण है को उन्नत बनाया जाए। गांधी जी स्वदेशी

वस्तु का उपयोग पर बल देते थे। गांधी जी के दर्शन में आर्थिक प्रगति के अंतर्गत समाज में सभी वर्ग एवं महिलाओं के जीवन व मूल आवश्यकताओं पर जोर देते थे।[25]

गांधी जी चरखे के साथ अन्य ग्रामोद्योग के हिमायती थे। आज देश को स्वदेशी उद्योग एवं वस्तुओं के निर्माण की आवश्यकता है जिससे गरीबी और बेरोजगारी से मुक्ति मिल सकती है। गांधीवादी मार्ग पर चलकर देश अपने संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए एक शोषणहीन अर्थव्यवस्था का निर्माण कर सकता है। गांधीजी का यह दर्शन समकालीन भारतीयों की प्रतिष्ठा के लिए अतिवाश्यक था और देश की आर्थिक सुरक्षा के लिए आज भी आवश्यक है। अतः खादी वस्त्र नहीं विचार है, खादी और ग्रामोद्योग 21 वीं सदी के लिए बहुत ही प्रासंगिक है।

## संदर्भ सूची


1. यादव चन्द्रभान – महात्मा गाँधी और खादी, कुरूक्षेत्र, कमरा नं० – 655, प्रकाशन विभाग और सूचना और प्रसारण मंत्रालय, नई दिल्ली, अक्टूबर 2015, पृष्ट संख्या – 10
2. संगीता – महिलाओं को रोजगार उपलब्ध करा रहा सोलर चरखा, कुरूक्षेत्र, कुरूक्षेत्र, कमरा नं० – 655, प्रकाशन विभाग और सूचना और प्रसारण मंत्रालय, नई दिल्ली, अक्टूबर 2015? पृष्ट संख्या – 6 ( खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की ओर से जारी रिर्पोट )
3. सेतिया सुभाष – ग्रामीण रोजगार और स्वदेशी की प्रतीक खादी, कुरुक्षेत्र, कुरुक्षेत्र, कमरा नं० – 655, प्रकाशन विभाग और सूचना और प्रसारण मंत्रालय, नई दिल्ली, अक्टूबर 2015, पृष्ट संख्या – 61
4. गांधी – रचनात्मक कार्यक्रम, नवजीवन प्रकाश मंदिर, अहमदाबाद, 1946 पृष्ट संख्या – 20
5. सक्सेना ऋषभ कृष्ण, खादी में रोजगार की संभावना, कुरूक्षेत्र, कुरूक्षेत्र, कमरा नं० – 655, प्रकाशन विभाग और सूचना और प्रसारण मंत्रालय, नई दिल्ली, अक्टूबर 2015, पृष्ट संख्या – 6
6. संगीता – पूर्वोद्धृत , पृष्ट संख्या – 27
7. वही – पूर्वोद्धृत , पृष्ट संख्या – 28
8. कुमार प्रशांत – कौशल विकास का गांधी मार्ग, प्रकाशन विभाग दिल्ली योजना, अक्टूबर 2015, पृष्ट संख्या – 42
9. वही – पूर्वोद्धृत, पृष्ट संख्या – 42
10. यादव चन्द्रभान – पूर्वोद्धृत, पृष्ट संख्या – 11
11. सिन्हा सुषमा – बिहार में जनजातीय महिलाओं को सशक्तिकरण, 1900–2000, जानकी प्रकाशन 2012, पृष्ट संख्या – 48
12. सरकारसुमित – आधुनिक भारत, प्रकाशक – राजकमल, दिल्ली, 1982 पृष्ट संख्या – 240
13. शशिएस०एस०– द ट्राइबल विमेन ऑफ इण्डिया, संदीप प्रकाशन, नई दिल्ली, 1978, पृष्ट संख्या – 78
14. वही – पूर्वोद्धृत , पृष्ट संख्या – 82

15. यादव चन्द्रभान – पूर्वोद्धृत, पृष्ट संख्या – 12,

16. प्रकाश चैतन्य – भारतीय समाज के संदर्भ में गांधी चिंतन, ुरूक्षेत्र, कमरा नं० – 655, प्रकाशन विभाग और सूचना और प्रसारण मंत्रालय, नई दिल्ली, अक्टूबर 2015, पृष्ट संख्या – 35

17. पाल सुभाष चंद्र – स्वावलंबन की ओर बढ़ता कदम, ुरूक्षेत्र, कमरा नं० – 655, प्रकाशन विभाग और सूचना और प्रसारण मंत्रालय, नई दिल्ली, अक्टूबर 2015, पृष्ट संख्या – 47

18. शर्मा वेद प्रकाश – महात्मा गांधी का नैतिक दर्शन , प्रकाशक – इन्दु प्रकाशन, 1979, पृष्ट संख्या – 102 , 103

19. गुप्ता द्वारका प्रसाद – महात्मा गांधी और अस्पृश्यता, प्रकाशक – ज्ञान भारती, 1998, पृष्ट संख्या – 62, , 66, 68

20. वीरोत्तम बी० –झारखण्ड : इतिहास एवं सांस्कृति, प्रकाशक – बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, 2006, पृष्ट संख्या – 357, 358 और 359

21. वर्मा वेद प्रकाश : पूर्वोद्धृत पृष्ट संख्या 170

22. वही – पूर्वोद्धृत, पृष्ट संख्या – 171

23. माथुर श्री प्रेम नारायण – गांधी ग्रन्थ, प्रकाशक – राम नारायण लाल, 1946, पृष्ट सख्या – 43

24. प्रसादमहादेव – महात्मा गांधी एवं समाज दर्शन , प्रकाशक – हरियाणा हिन्दी ग्रंथ अकादमी, चण्डीगढ़ , 1973, पृष्ट संख्या – 206 एवं 207

25. नाथवाणी चंद्रिका – वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में गांधी एवं जे.के. मेहता के विचारों की उपादेयता। प्रकाशक – अध्ययन पब्लिर्श एण्ड डिस्ट्रब्यटर्स, 2013, पृष्ट संख्या – 17, 20

# महात्मा गाँधी की दर्शनवादी विचारधारा

**मनीषा कुमारी***

महात्मा गाँधी 20 वीं शताब्दी के महान व्यक्तित्व में से एक हैं। भारत को अंग्रेजों से आजाद कराने में उनकी अहम भूमिका रही है। उनके व्यक्तित्व पर अनेक दार्शनिकों का प्रभाव पड़ा हैं। उन्हीं दार्शनिक विचारों का प्रयोग उन्होंने दक्षिण अफ्रीका और भारत के लोगों को अपने अधिकार दिलाने और देश की स्वतंत्रता में किया। उनके व्यक्तित्व पर टॉलसटॉय, रूसो, प्लेटो, रस्किन, मैजिनी जैसे दार्शनिकों का बहुत अधिक प्रभाव पड़ा। उनकी विचारधारा विभिन्न देशों की सभ्यता, भारत में हिन्दू धर्म, वर्ण व्यवस्था जैसे सामाजिक व्यवस्थाओं के साथ–साथ गोरक्षा, समाज में कार्यरत विभिन्न श्रेणी के लोगों के लिए अहिंसा, स्वराज, अंग्रेजों से विद्रोहों की नीति जैसे पक्षों पर स्पष्ट रूप से दृष्टिगत होता है। उन्होंने अपनी गुणों के कारण भारत के लोगों के बीच एकता स्थापित करने की कोशिश की। उन्होंने समाज के विभिन्न आयु के लोगों और विभिन्न वर्गो के लोगों की मस्तिष्क पर अपनी गहरी छाप छोड़ी है। उनके इन्हीं व्यक्तिगत प्रतिभा और दार्शनिक विचारधारा के कारण भारत अपनी स्वतंत्रता की ओर अग्रसर हो पाया। उनके व्यक्तिगत गुणों के कारण ही उनको लोग आज भी स्मरण करते है।

महात्मा गाँधी जिन्हें राष्ट्रपिता या बापू कहते है, भारतीय राजनैतिक मंच पर 1919 से 1948 तक इस प्रकार छाए रहे कि इस युग को भारतीय इतिहास का गांधी युग कहा जाता है।[1] शांति और अहिंसा के दूत के रूप में महात्मा गांधी का संदेश पूरे विश्व के लिए है और उससे मानव जाति भी प्रभावित हुई है। 1891 में इंग्लैंड से बैरिस्टरी पास करने के बाद उन्होंने राजकोट और बम्बई में वकालत प्रारंभ कर दी। इसी बीच 1893 में उन्हें दक्षिण अफ्रीका की एक व्यापारिक कम्पनी से निमन्त्रण मिला।[2] निमंत्रण मिलने पर उन्होंने दक्षिण अफ्रिका जाना स्वीकार किया। 1890–91 में सारे दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों की स्थिति बहुत दयनीय थी। 1890–91 में सारे दक्षिण अफ्रीका में डेढ़ लाख भारतीय रहते थे, जिनका एक बड़ा भाग नेटाल में था।[3] इतने विदेशियों के इकट्ठा हो जाने से वहाँ के गोरे निवासियों में सभी विदेशियों के प्रति एक प्रकार का जातिगत क्रोध और उदासीनता भर गयी थी। इसी से सरकार अनेक उपाय करने लगी ताकि विदेशियों को अपमानित किया जा सके। सरकार ऐसे उपाए कर रही थी जिससे अब कोई

*शोधार्थी विश्वविद्यालय इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची

एशियावासी स्थायी रूप से बसने के लिए देश के अंदर न आ सके या अभी जो लोग देश में अनेक वर्षों तक रह रहे थे, उन्हें वापस जाना पड़े।[4]

इन सभी परिस्थितियों को देख और समझकर उन्होंने वहाँ की सरकार कि विरूद्ध विरोध करने का निष्चय किया। इसके लिए उन्होंने नटाल भारतीय कांग्रेस बनाई जिसके कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ा।[5] उन्होंने एशियाटिक अधिनियम और ट्रांसवाल देशान्तर वास अधिनियम के विरूद्ध भी विरोध प्रकट किया और इसके लिए अपना अहिंसात्मक सविनय अवज्ञा आंदोलन प्रारम्भ किया।[6] इतने प्रयासों के बाद अंततः दक्षिणी अफ्रीका की सरकार को अपना निर्णय बदलना पड़ा और उन्होंने 1914 में भारतीयों के विरूद्ध अधिकतर कानून रद्द कर दिए।[7]

प्रारंभिक समय में जब गांधीजी दक्षिण अफ्रीका गए तो उन्हें भी अपमानित होना पड़ा। यहां पर उन्हें अनेक भयानक अनुभवों का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड में रहते हुए जिन्होंने इज्जत पाया था और इतने दिनों से जो भी यूरोपवासियों को मित्र ही समझते आये थे, उन्हें अब एक के बाद एक हीनतापूर्ण अपमान सहना पड़ा।[8]

इस तरह उन्होंने 1893 से 1914 तक दक्षिण अफ्रीका में रहकर भारतीयों के लिए अनेक कदम उठायें। 1914 में भारत लौटने पर उन्होंने प्रारंभ में ब्रिटिशों का समर्थन किया लेकिन बाद में वे ब्रिटिश विरोधी कार्य करने लगे।

महात्मा गांधी के मानवता के लिए किये गये कार्य के पीछे उनपर अनेक विचारों और लोगों का प्रभाव पड़ा। उनकी विचारधारा दो स्तरों पर देखी जा सकती है– एक ओर उनकी ध्यान धारणा जो मूलतः धर्मभावना प्रसूत थी दूसरी उनका मन समाज सुधार में लगा हुआ था। वास्तव में वह स्वभाव से धार्मिक ही थे, लाचारी में उन्हें राजनीतिज्ञ बनना पड़ा। हिंदू धर्म में उनका गहरा विश्वास था, लेकिन उनका वह विश्वास न तो ग्रंथ–कीट पंडितों की तरह था, न उन विचारशक्ति रहित भक्तों की तरह जो आँखे मूँदकर हर किंवदंती पर विश्वास कर लेते है।[9] उनकी धर्मचेतना उन्हीं के विवेक और तर्कों से एक साथ नियंत्रित होती थी। वे कहते थे– ''धर्म को लेकर मैं शोर गुल नहीं मचाना चाहता। मुझसे यह भी नहीं हो सकता कि पवित्र नामवाला होने के कारण मैं किसी पाप को क्षमा कर दूँ। मैं किसी को तब तक अपने साथ नहीं घसीटूँगा, जब तक वह अपने ही तर्कों से मेरी बात न मान ले। मैं पुराने से पुराने शास्त्र की पवित्रता को भी अस्वीकार करने को तैयार हूँ, अगर वह मेरे से ग्रहण– योग्य प्रमाणित न हो।''[10]

हिन्दू धर्म के बारे में उनका मानना था कि '' मैं यह नहीं मानता कि वेद पवित्रतम ग्रंथ है। मुझे लगता है कि बाइबल, कुरान और जिन्दावेस्ता भी समान रूप से पवित्रता–प्रेरित हैं। हिंदू धर्म चरमपंथियों के लिए नहीं है–उसमें संसार के सभी महान् धार्मिक पुरूषों की पूजा का स्थान है। उसका कहना है कि सभी लोग अपने धर्म के अनुसार ईश्वर की पूजा करें। इसी से अन्य सभी धर्मों के साथ उसका संबंध कलह का नहीं मेल का है।''[11] आधुनिक काल तक आते–आते हिन्दू

धर्म में जो भी कुरीतियाँ उत्पन्न हो चुकी थी, उसकी भी गांधी जी निंदा करते थे। उनका कहना था कि ''अपनी पत्नी के प्रति मेरा जो मनोभाव है, मैं केवल उसी के द्वारा हिंदू धर्म के बारे में अपनी धारणा की सबसे अच्छी व्याख्या कर सकता हूँ। वह जिस तरह मेरे मन को स्पंदित करती है, संसार की किसी दूसरी स्त्री के लिए वह संभव नहीं हैं। यह नहीं कि उसमें कोई दोष या खामी नहीं है, हो सकता है कि जितना मैं देख पाता हूँ उसमें उससे ज्यादा दोष और खामियाँ हो, लेकिन मैं उसके साथ एक ऐसे बंधन में बँधा हुआ हूँ जो अक्षय है। ठीक यहीं बात हिन्दू धर्म के लिए भी कहीं जा सकती है जिसके प्रति उसकी तमाम त्रुटियों और सीमाओं के बावजूद मैं आसक्त हूँ। हिन्दू धर्म के केवल जिन दो ग्रंथों को पढ़ने का दावा मैं कर सकता हूँ, गीता और रामायण का संगीत मेरे मन को जिस तरह मुग्ध कर पाता है, उस तरह और कोई नहीं। मैं जानता हूँ कि हिंदू धर्म के महान स्थल आज कितने पापों से कलंकित हैं फिर भी सब कुछ के बावजूद, मैं उनको प्यार करता हूँ। राम से सुधारक होकर भी मैं हिन्दू धर्म के मूल विश्वासों में से एक को भी नहीं छोड़ सकता।''[12]

अपने धार्मिक विचारों को और अधिक स्पष्ट करते हुए गांधी जी ने 6 दिसम्बर, 1921 में प्रकाशिक एक लेख में लिखा था जिससे पता चलता है कि उन्हें वेद, उपनिषद्, पुराण आदि वैदिक ग्रंथों तथा अवतारों एवं पुनर्जन्म में पूर्ण विश्वास था। इसके साथ ही उन्हें गोरक्षा और मूर्तिपूजा में भी विश्वास था।[13] इसके अलावा हिन्दू धर्म में भी उनकी पूरी आस्था थी तथा उन्होंने सत्य, अहिंसा और ब्रह्मचर्य के द्वारा शास्त्रों को जानने पर बल दिया।

गाँधी जी ने हिन्दू धर्म और ईसाई धर्म को एक समान माना है। इसी विचारों के कारण उन्होंने 'एथिकल रिलीजन' नामक अपनी पुस्तक के अंत में ईसा का वचन उद्धृत किया।[14] 1920 में जब तक अंग्रेज पादरी ने उनसे पूछा कि किस ग्रन्थ ने उन्हें सबसे अधिक प्रभावित किया तो उन्होंने उत्तर दिया, 'न्यू टेस्टामेंट' ने। इससे भी बड़ी बात यह है कि उन्होंने स्वयं ही स्वीकार किया, 1893 में उन्हें सविनय अवज्ञा नीति की पहली झलक मिली थी, पर्वत के ऊपर से दिये गये ईसा के धर्मोपदेश में। इससे उस अंग्रेज पादरी को बहुत आश्चर्य हुआ। गांधी जी ने उन्हें बताया कि–''भगवद्गीता को मैं पहले से जानता था और उसका बड़ा भक्त था, लेकिन शांतिपूर्ण प्रतिरोध की नीति का मूल्य कितना हो सकता है, यह मैं 'न्यू टेस्टामेंट' पढ़ने के बाद ही जान सका। पढ़ते–पढ़ते मैं आनंद से अधीर हो उठा था। यह धारणा और भी सुदृढ़ तब हुई जब मैंने फिर भगवद्गीता पढ़ी। उसके बाद जब मैंने ट्रॉल्सटॉय की पुस्तक 'ईश्वर का राज्य तुम्हारे ही भीतर है' पढ़ी, तब तो वह धारण मन में हमेशा के लिए बद्धमूल हो गयी।''[15]

गांधी जी के दर्शन पर टॉल्सटॉय के साथ–साथ प्लेटो और रस्किन जैसे–दार्शनिकों का बहुत प्रभाव पड़ा। थोरो से उन्हें बहुत प्रेरणा मिली, मैजिनी की भी उन्होंने बहुत प्रशंसा की तथा एडवर्ड कार्पेंटर की रचनाओं का उनपर बहुत प्रभाव पड़ा। उनकी विचारधारा में यूरोप और अमेरिका के बहुत से भाव और दर्शन समाहित है।[16]

गांधी जी गोरक्षा की नीति को हिंदू धर्म के विकास के रूप में देखते थे क्योंकि उसे वह सभी मानव जगत का प्रतीक मानते थे। प्रारंभ से ही गाय के प्रति मनुष्यों का बहुत आदर और सम्मान का नजरिया रहा है। उससे मनुष्य के साथ पशुओं के 'भ्रातृत्व बन्धन' का प्रमाण मिलता है। उनका कहना था ''वह मनुष्य को उसकी सीमा से ऊपर ले जाता है, जो भी प्राणवान है, उसके साथ वह मनुष्य को एकाकार करता है।''[17]

गांधी जी वर्णाश्रम व्यवस्था पर भी अपने विचार प्रकट करते थे। उन्होंने प्रारंभ से चली आ रही वर्ण व्यवस्था को अस्वीकार नहीं किया लेकिन वे जाति को केवल चार भागों में बाँटते हैं–ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। उन्होंने इसमें ऊँच–नीच का संबंध नहीं माना बल्कि कार्य का अंतर को महत्व दिया।[18] उनका कहना था–''एक व्यक्ति ऊपर है, दूसरा नीचे, मनुष्य के संबंध में ऐसा विचार हिन्दू धर्म का विरोधी है। ईश्वर की सृष्टि की सेवा में काम आने के लिए सब का जन्म होता है–वह सेवा ब्राह्मण अपने ज्ञान के द्वारा, क्षत्रिय अपने रक्षा शक्ति के द्वारा वैश्य अपने व्यवसाय–वाणिज्य के द्वारा और शूद्र अपने शारीरिक श्रम के द्वारा करता है। इसका मतलब यह नहीं है कि ब्राह्मण शारीरिक कार्य नहीं करेगा, लेकिन स्वभावतः ज्ञान का वितरण उसके लिए अधिक शोभा–जनक होगा। मतलब यह भी नहीं है कि शूद्र ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकेगा लेकिन शारीरिक कार्यों के द्वारा वह मानव की ओर उत्तम सेवा कर सकेगा, दूसरों की वृत्ति में हाथ डालने का लोभ उसमें नहीं होना चाहिए। ज्ञान के कारण जो ब्राह्मण अपने को दूसरे से श्रेष्ठ समझता है, वह उसी कारण से नीचे गिर जाता है और सच्चा ज्ञान भी उसे नहीं प्राप्त होता। वर्णाश्राम का मूल लक्ष्य यह है कि सामाजिक शक्ति का क्षय न होने पावे और वह सार्थक रूप से सभी स्तरों में वितरित हो सके। वह स्वेच्छा से अपने ऊपर एक पवित्र प्रतिबंध लगाता है। इसी से उसकी भित्ति अधिकार पर नहीं, त्याग पर है। विश्वास के बल से, देहांतर प्राप्ति के बाद परवर्ती अनेक अस्तित्वों के बीच प्रकृति अपना संतुलन बनाये रखती है–ब्राह्मण से शुद्र और शूद्र से ब्राह्मण बनने की अवस्थन से वह गुजरता है।''[18]

महात्मा गांधी का यह मानना था कि अलग होकर भी जो अपनी–अपनी मर्यादाओं में समान है, उन चार वर्णों के साथ अस्पृश्यता की समस्या का कोई संबंध नहीं है। इस सामाजिक अन्याय के विरूद्ध गाँधी जी जीवन भर अथक प्रयास करते रहे। उन्होंने इसे हिन्दू धर्म में प्रचलित कुरीतियों में सबसे अधिक घृणित और कलंकित कार्य माना है। भारतीय समाज में व्याप्त इस कुप्रथा से वह बहुत दुखी और पीड़ित थे। अस्पृश्यता के संबंध में उन्होंने लिखा है कि ''दमित वर्ग के अपने इन भाइयों को अपना कहकर स्वीकार न करने के बदले मैं टुकड़े–टुकड़े काट डाला जाना पसंद करूंगा। मैं पुनर्जन्म नहीं चाहता, लेकिन अगर मुझे फिर जन्म लेना पड़े तो मैं अस्पृश्यों में ही जन्म लूँ, जिससे उनके अपमान का हिस्सेदार बन सकूँ, उनकी मुक्ति के लिए काम कर सकूँ।''[19]

टॉल्सटॉय के विचारों के प्रभाव के कारण ही महात्मा गांधी ने यूरोपीय सभ्यता को पसंद नहीं किया था। रूसो के समय से जो लोग सभ्यता की गतिविधियों का नियंत्रण करते रहे है, वे यूरोप के ही उदारवादी चिंतक थे। वहाँ के लोग उन्हीं विचारों के माध्यम से विदेशी अधिपतियों का अंत करने के लिए एक नया औजार तैयार किया था। वहाँ की ही भाँति गांधी जी ने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए इसी औजार का प्रयोग करना उचित समझा। उनके हिंद स्वराज में ऐसे अनेक विद्रोही ग्रंथों की सूची मिलती है, जिनमें से अधिकांश के लेखक अंग्रेज है।[20] लेकिन बाद में उन्होंने देखा कि अपनी स्वार्थसिद्धी के लिए उत्पीड़ित जातियों को ही अपना निषाना बनाया। उनके द्वारा किए गए कार्यों के कारण यूरोप के इन जातियों का सर्वनाष हो गया। 8 सितंबर, 1920 को गांधीजी ने अपनी पत्रिका में लिखा था – ''आज की यूरोपीय सभ्यता पर जिन शैतानी प्रकृति का राज है, पिछले युद्ध में उसी का परिचय मिला। विजयी पक्ष ने धर्म के नाम पर जो कुछ किया, उससे मनुष्य की नीति संबंधी सारी धारणाएँ चूर–चूर हो गयी। मिथ्या चाहे जितनी बड़ी हो, अपनी स्वार्थ के लिए इसका यथेष्ट व्यवहार करने में किसी को दुविधा नहीं हुई। सारे पापों का उद्देश्य हीन भौतिकता था। यूरोप अब क्रिश्चियन नहीं रहा, उसके लिए पूज्य है। पाप की वह पद्धति, जिसके माध्यम से धन–संपत्ति छीनी जा सकती है।''[21]

उन्होंने अंग्रेजों से भी बड़ा वास्तविक शत्रु उनकी सभ्यता को माना है। उनका मानना था कि व्यक्ति के रूप में अंग्रेज बुरे नहीं है, बल्कि वे सभी सभ्यता रोग के कीटाणुओं से आक्रांत है। इसी कारण गांधी जी अपने उन देशवासियों के विरूद्ध थे जो अंग्रेजों को भारत से भगा कर, यूरोपीय आदर्श के आधार पर भारत में एक 'सभ्य राष्ट्र' की नींव डालना चाहते थे।[22] वे कहते थे – ''यह तो बाघ को हटाकर उसके स्वभाव को कायम रखना होगा। आज जिस एकमात्र महान प्रयत्न की आवश्यकता है, वह है पाश्चात्य सभ्यता को ही बंहार फेंकने की।''[23]

गाँधी जी ने मजिस्ट्रेट, डॉक्टर और अध्यापक इन तीन श्रेणी के लोगों के प्रति भी अपना विरोधपूर्ण विचार रखा था। अध्यापकों से उनका विरोध इस संबंध में था कि उन्होंने भारतीय छात्रों को ऐसी शिक्षा दी है जिससे न केवल वे अपनी भाषा ही भूल गये है बल्कि अपनी ओर से सोचने–विचारने की क्षमता भी उन्होंने खो दी। उनके द्वारा दिये गये शिक्षा का प्रभाव ऐसा था कि बचपन से ही छात्र अपने देश से घृणा करना सीखते थे। इसके अलावा, उनकी सारी कोशिश छात्रों की बुद्धि बढ़ाने की ओर होती है – वे भूल जाते थे कि हृदय को भी उन्नत बनाना था या छात्रों के चारित्रिक गठन की ओर ध्यान देने की आवश्यकता थी। उनका मानना था कि ऐसी शिक्षा छात्रों के मन में शारीरिक श्रम करने वालों के प्रति घृणा सिखाती है।[24] मजिस्ट्रेट के भी संबंध में गांधी जी की विचारधारा थी कि उनका कार्य अनीतिपूर्ण है क्योंकि भारत की अदालते ब्रिटिश शासन को चालू रखने के पक्ष में हैं। इसी से भारतीय आपस में लड़ते–झगड़ते हैं तो अदालत खुश होगी ही, उसे सब तरह से सहारा भी देगी–सारे देश में जितने झगड़े होंगे, उसे उतना ही लाभ होगा।[25]

डॉक्टरों से प्रारंभ में गांधी जी बहुत आकर्षित हुए थे। लेकिन बाद में उन्हें डॉक्टरों के कार्यों को अधिक सम्मानजनक नहीं माना। उनका मानना था कि पाश्चात्य चिकित्सा–शास्त्र का एकमात्र लक्ष्य है, रोगी के शारीरिक कष्ट को किसी तरह कम करना, लेकिन रोग के कारण को वह बिलकुल ही दूर नहीं करता। अधिकांश रोग तरह–तरह के पापपूर्ण अभ्यासों के कारण होते है और यह भी असंभव नहीं कि यह डॉक्टरी विद्या उन्हीं अभ्यासों को बढ़ावा देने में ही प्रयत्नशील हो, ताकि मामूली से मालूमी कारण होने पर भी रोगी डॉक्टर के पास आये और डॉक्टरों का काम अधिक चल सके। इस प्रकार वह एक पूरी जाति का नैतिक मेरूदंड तोड़ने में सहायक हो रही है और अपने काले जादू की टिकिया से जाति को निर्वीय किये दे रही है।[26] यूरोपीय चिकित्सा के विरूद्ध गांधी जी का कहना था कि जरूरत पड़ने पर वह रोगी की शरीर के अंश भी काटकर फेंक सकते है, जिसे उन्होंने 'मनुष्य का जघन्यतम पापकर्म' कहा है। शरीर और मन की जो एक महान श्रृंखला है, डॉक्टरी विद्या की कृपा से लोग उसे भूल गये है। उन्होंने 'ए गाइड टु हैल्थ' नामक पुस्तिका में इस बनावटी चिकित्सा पद्धति का कड़ा विरोध प्रकट किया है।[27]

इसके अतिरिक्त गांधी जी आधुनिक मशीनों का भी विरोध करते थे। गांधी जी ने बहुत आग्रह के साथ यह चाहा था कि इस आधुनिक यांत्रिकता को भारत से बलपूर्वक हटा दिया जाये। उन्होंने यांत्रिक उपकरणों के स्थान पर पारंपरिक हल, चरखा तथा देश की प्राचीन शिक्षा–पद्धति पर जोर दिया था। कल–कारखानों के विरूद्ध उन्होंने 1921 में अपने लेख में कहा था कि ''अगर कल–कारखानों को जाना ही पड़े तो इस दुःख में मैं रोऊँगा नहीं, लेकिन फिलहाल उनके खिलाफ मेरी कोई योजना नहीं है। संपूर्ण प्रेम की रीति (जिसका व्यतिक्रम संभव नहीं है, सूक्ष्मता से खंडन करना भी संभव नहीं है), मेरी आत्मा की रीति है। लेकिन मैं जिस राजनैतिक क्रियाकलाप के पक्ष में हूँ उसके माध्यम से उस परम नीति का उपदेश नहीं देता फिरता। वह तो आरंभ से ही अपने को व्यर्थता से अभिशप्त करना होगा। पहले जनता इस रीति को स्वीकार करे, इस आशा में बैठे रहना अनुचित होगा। मैं कोई कल्पनाशील द्रष्टा नहीं हूँ। अपने को मैं केवल एक 'व्यावहारिक बुद्धि वाले आदर्शवादीं के रूप में जानता हूँ।''[28]

इस प्रकार गांधी जी का दर्शन मनुष्य के जीवन पद्धति से लेकर विश्व की सभ्यताओं के प्रमुख पक्षों पर आधारित थी। उन्होंने अपने इन्हीं विचारधारा के कारण भारत में प्रत्येक क्षेत्र में व्याप्त बुराइयों को दूर करने का प्रयास किया। इसके साथ ही महात्मा गांधी ने अपने दर्शन के बल पर ही भारत को अंग्रेजों से स्वतंत्र करने की कोशिश भी की।

## संदर्भ ग्रंथ सूची

1. रोमां रोला, *महात्मा गांधी जीवन एवं दर्शन,* लोकभारती पेपरबैक्स, 2014, पृ. 19
2. वही, पूर्वोद्धृत, पृ. 20

3. वैजनाथ जगन्नाथ मायदे (अनु0), *दक्षिण अफ्रीका का सत्याग्रह,* सस्ता साहित्य प्रकाशक मंडल, अजमेर, पृ. 35
4. वही, पूर्वोद्धृत, पृ. 36
5. प्यारेलाल, *महात्मा गांधी पूर्णहुति,* भाग 1, नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, 1965, पृ. 125
6. जान बारस, *महात्मा गांधी,* गोसाई एण्ड कम्पनी, कलकत्ता, 1949, पृ. 98
7. वैजनाथ जगन्नाथ मायदे (अनु0), पूर्वोद्धृत, पृ. 38
8. मोहनदास करमचन्द गांधी, *आत्मकथा,* नवजीवन प्रकाशन, अहमदाबाद, 1957, पृ. 187
9. बी0 पट्टाभि सीतारमैया, *महात्मा गाँधी का समाजवाद,* नारायण प्रेस, प्रयाग, 1940, पृ. 254
10. एस0 राधाकृष्णन (सं0), *महात्मा गांधी,* सर्वोदय साहित्य प्रकाशन, वाराणसी, 1969, पृ. 214
11. अमृतलाल ठाकोरदास नाणावटी (अनु0), *हिन्द स्वराज्य,* नवजीवन मुद्रणालय, अहमदाबाद, 1949, पृ. 35
12. वही, पूर्वोद्धृत, पृ. 36
13. बी0 बी0 मजूमदार एवं वी0 पी0 मजूमदार, *कांग्रेस एण्ड कांग्रेस–मैन इन द प्री गांधीयन एरा,* फर्मा के0 एल0 मुखोपाध्याय, कलकत्ता, 1967, पृ. 254
14. डी0 डी0 तेंदूलकर, *महात्मा,* भाग 1, मुम्बई, 1951, पृ. 155
15. वही, पूर्वोद्धृत, पृ. 156
16. गिरिराज शरण (सं0), *गांधी जी ने कहा था,* प्रतिमा प्रतिष्ठान, नई दिल्ली, पृ. 201
17. वही, पूर्वोद्धृत, पृ. 202
18. एच0 एल0 पा.डेय, *गांधी, नेहरू, टैगोर एवं अम्बेडकर,* प्रयाग पुस्तक भवन, इलाहाबाद, पृ. 198
19. जान बारस, पूर्वोद्धृत, पृ. 105
20. सी0 के0 सक्सेना, *भारत में स्वतंत्रता आंदोलन,* साहित्य भवन पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्युटर्स, पृ. 78
21. वही, पूर्वोद्धृत, पृ. 79
22. पट्टाभि सीतारमैया, *हिस्ट्री ऑफ इंडियन नेशनल कांग्रेस,* भाग 2, पृ. 102
23. वही, पूर्वोद्धृत, पृ. 103
24. मोहनदास करमचन्द गांधी, पूर्वोद्धृत, पृ. 200
25. रोमां रोला, पूर्वोद्धृत, पृ. 30
26. बी0 पट्टाभि सीतारमैया, पूर्वोद्धृत, पृ. 265
27. प्यारेलाल, पूर्वोद्धृत, पृ. 130
28. एस0 राधाकृष्णन (सं0), पूर्वोद्धृत, पृ. 222

# महात्मा गाँधी : राष्ट्र परिपेक्ष्य में बुनियादी शिक्षा

**विनोद कुमार लोहरा***

अंग्रेजों के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व करने वाली भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 1906 ई0 में यह प्रस्ताव रखा था कि अब सारे देश के लोग, बालक–बालिकाओं को शिक्षा के सवालको बड़े पैमाने पर उठाएं और देश की साहित्यिक, वैज्ञानिक और प्रौद्योगिक जरूरतों के अनुसार एक ऐसी राष्ट्रीयशिक्षा नीति के निर्माण के लिए एकजुट हो जो हमारी राष्ट्रीय अस्मिता की पहचान बने। राष्ट्रीय शिक्षा व्यवस्था के लिए इस आन्दोलन के सैद्धान्तिक रूप से अपने उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए कई शैक्षिक संस्थान स्थापित किए और सरकारी व्यवस्था से अलग एक राष्ट्रीय शिक्षा के दर्शन के अनुरूप कई प्रयोगों को प्रोत्साहन भी दिया गया।

ब्रिटिश शासन में जो शिक्षा भारत में लागू थी, वह सर्वांगीण नहीं था, इस प्रणाली से निकला हुआ युवक शरीर से तो भारतीय था, परन्तु मन एवं मस्तिष्क से विदेशी हो जाता था। महात्मा गाँधी इसे समझने में सफल रहे और उन्होंने सोचा कि जब तक शिक्षा को राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं बनाया जाएगा तब तक पूर्ण स्वराज की परिकल्पना पूरी नहीं होगी। अतः गाँधी जी ने तत्कालीन शिक्षा से असंतुस्ट होकर एक नवीन शिक्षा पद्धति का विकास किया।[1]

गाँधीजी का शिक्षा दर्शन अपने आप में सम्पूर्ण जीवन का आधार है। 02 अक्टूबर 1937 ई0 को गाँधीजी ने 'हरिजन' प्रत्रिका में एक लेख प्रकाशित किया था, ये ही लेख कालान्तर में बुनियादी शिक्षा योजना का आधार बना। महात्मा गाँधी ने शिक्षा संबंधी अपने विचारों को निम्नलिखित शब्दों में अभिव्यक्त किया है "राष्ट्र के रूप में हम शिक्षा में इतने पिछड़े हुए हैं कि यदि हमने शिक्षा का यह कार्यक्रम धन पर आधारित किया तो हम राष्ट्र के प्रति शिक्षा के अपने कर्त्तव्य को इस पीढ़ी में एक निश्चित समय में पूर्ण करने की आशा नहीं कर सकते हैं, अतः मैने यह प्रस्ताव करने का साहस किया है कि शिक्षा आत्मनिर्भर होनी चाहिए। शिक्षा से मेरा अभिप्राय बालक और मनुष्य में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक शक्तियों के सर्वोत्तम और सर्वांगीण विकास से है। अतः मैं बालक को शिक्षा का प्रारम्भ उसे एक उपयोगी हस्त शिल्प सिखाकर और जिस समय से वह अपनी शिक्षा आरम्भ करता है, उसी समय से उत्पादन योग्य बनाकर आरम्भ करना चाहता हूँ। यदि राज्य स्कूलों में निर्मित की जाने वाली वस्तुओं को खरीद लें तो प्रत्येक स्कूल को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।"[2]

---

*यू0जी0सी0 नेट, स्नातकोत्तर इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, रांची,

गाँधीजी की राष्ट्रीय योजनाओं में बुनियादी शिक्षा सब से अंतिम और सबसे क्रांतिकारी योजना है, गाँधीजी किसी राष्ट्र को बनाने का साधन शिक्षा ही समझते थे। वे देश की समस्याओं से भली–भांति परिचित थे, उस समय की देशों की आवश्यकताओं तथा राष्ट्र निर्माण को ध्यान में रखते हुए 1937 ई0 में वर्धा में आयोजित 'अखिल भारतीय राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन' में गाँधीजी अपने विचारों को व्यक्त किये। इने विचारों के आधार पर कालान्तर में 'नई बुनियादी शिक्षा' की योजना तैयार की गई। जो 1938 ई0 हरिपुर के राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन में 'वर्धा शिक्षा योजना या नई तालीम' के नाम से स्वीकृत किया गया। इस वर्धा योजना में जाकिर हुसैन की अध्यक्षता के अंतर्गत विभिन्न शिक्षाविदों की एक समिति गठित की गई थी, इस समिति में 9 सदस्य थे, जिसमें के.जी. सयद्दैन का नाम प्रमुख था, आर्य नायकम, विनोवा भावे, काका कलिकर, जे. सी. कुमारम्पा, किशोरीलाल, के.टी. तथा अन्य सदस्य थे। इस समिति को एक विस्तृत शिक्षा योजना और पाठ्यचर्या तैयार करने के लिए नियुक्त किया गया था, इसकी प्रथम रिर्पोट दिसम्बर 1937 ई0 में तथा अन्य अप्रैल 1938 ई0 में प्रस्तुत की गई थी। यह 'बुनियादी शिक्षा' का मौलिक दस्तावेज बना और इसे महात्मा गाँधीजी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई थी।[3]

बुनियादी शिक्षा राष्ट्रीय सभ्यता, संस्कृति, दर्शन और जीवन पर आधारित थी, साथ ही यह सामुदायिक जीवन के आधारभूत व्यवसायों जैसे– कृषि, बागवानी, कताई–बुनाई, हस्तशिल्प जैसे आधारभूत कौसल शिक्षण को पूरा करती थी, गाँधीजी ने कहा था कि शिक्षा वही है जो बालकों को आर्थिक, सामाजिक, नैतिक तथा बौद्धिक सभी प्रकार से स्वावलम्बी बनाए। गाँधीजी का विचार था कि भारत जैसे निर्धन देश में शिक्षा अनिवार्य तभी हो सकती है जबकि ऐसा उपाय निकाला जाए कि बालक स्वयं अपनी शिक्षा के खर्च हेतु धन का उपार्जन कर सके।[4]

गाँधीजी जी को बुनियादी शिक्षा को एक प्रमुख विशेषता यह है कि यह सम्पूर्ण मानव–जीवन में व्याप्त है, जन्म से लेकर मृत्यु तक मनुष्य को शिक्षा चालू रहती है। अतः गाँधीजी ने बुनियादी शिक्षा का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप से प्रस्तुत किये हैं–

(i) पूर्व – बुनियादी शिक्षा

(ii) बुनियादी शिक्षा

(iii) उत्तर बुनियादी शिक्षा

(iv) प्रौढ़ शिक्षा

पूर्व–बुनियादी शिक्षा पर गाँधी जी के विचार है कि बुनियादी शिक्षा का प्रारंभ होने से पहले बालकों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना आवश्यक है जो पूर्व–बुनियादी शिक्षा का ये ही उद्देश्य रहा है। वास्तव में यह भावी बुनियादी शिक्षा की तैयारी है। बच्चों की यह पूर्व – बुनियादी शिक्षा जितनी अच्छी होगी आगे की तैयारी भी उतनी ही सफल होगी। पूर्व–बुनियादी शिक्षा के कार्यक्रम में बच्चों का शारीरिक पोषण, तन्दुरूस्ती का देखभाल, व्यक्तिगत और सामाजिक सफाई और आरोग्य, खेल, संगीत आदि शामिल है। जो गर्भधान से सात वर्ष तक शिक्षा का क्रम है।[5]

महात्मा गांधी ने सात वर्ष से लेकर 15 वर्ष की आयु तक बुनियादी शिक्षा का काल निर्धारण किये हैं, इस समय सीमा को बुनियादी शिक्षा के लिए अनिवार्य बताया गया है जिसमें किसी हस्तशिल्प को केन्द्र बनाकर प्रत्येक कक्षा में मातृभाषा, राष्ट्रभाषा, गणित, नागरिक, चित्रकला आदि पाठ्य विषयों को शिक्षा दी जाती है।[6]

गाँधी जी ने उत्तर–बुनियादी शिक्षा का प्रारंभ पन्द्रह वर्ष के बाद निर्धारित किये है जिसमें बहुत से बालक अपने जीवन में आगे बढ़ते हुए उच्च–शिक्षा की ओर जाते है, गाँधी जी का विचार है कि उच्च–शिक्षा में भी बौद्धिक कार्य को प्रधानता दी जानी चाहिए। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को भी समाज सेवा के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। स्वदेश की धार्मिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक, आर्थिक और औद्योगिक समस्याओं को लक्ष्य में रखकर विषयों की पढ़ाई की जानी चाहिए, ये ही बुनियादी शिक्षा है।[7]

बुनियादी शिक्षा को सर्वांगीण तथा सफल बनाने के लिए गाँधी जी ने प्रौढ़ शिक्षा को आवश्यक बताए है। गांधी जी का मानना है कि बालक पर कहीं अधिक प्रभाव परिवार और समाज का पड़ता है, यदि समाज और परिवार में साक्षरता नहीं है तो स्कूल में बालक जो कुछ भी सीखते हैं वह व्यर्थ जाता है। जिससे राष्ट्र निर्माण को परिकल्पना भी अधुरी हो जाती है।[8]

गाँधी जी का मानना था कि किसी भी जनतंत्र की सफलता इस बात पर निर्भर है कि नागरिक कहां तक शिक्षित है, गाँधी जी का कहना था कि जिस तरह पानी और हवा पर सबका अधिकार है और सभी उसका समान रूप से उपयोग करते हैं, उसी तरह शिक्षा सब के लिए सुलभ होनी चाहिए। गाँधी जी के बुनियादी शिक्षा उनके स्वयं के शैक्षणिक प्रयोगों पर आधारित था, उन्होंने देश और समाज की परिस्थियों के अध्ययन के बाद अपने सिद्धांत में अनिवार्य शिक्षा, मातृभाषा का माध्यम आदि को सम्मिलित किया तथा स्वावलम्बन को प्राथमिकता दी।[9]

गाँधी जी ने बुनियादी शिक्षा में केवल ऐसे हस्तशिल्प को सम्मिलित किये है जिनमें बालक विद्यार्थी जीवन में हस्तशिल्प द्वारा इतना धन अर्जित कर सके कि वे अपनी पढ़ाई का खर्च निकाल सके और इससे देश की आर्थिक दशा भी सुधरेगी।[10]

बुनियादी शिक्षा पद्धति में बालकों में सत्य, अहिंसा, प्रेम की भावनाओं का समावेश कर सर्वोदयी, समाज का निर्माण करना चाहती है। मातृभाषा के माध्यम द्वारा साहित्य की वृद्धि करेगी एवं देश–भक्तों को जन्म देगी और विश्व–बन्धुत्व की भावनाओं के विकास में मानवता का प्रचार करेगी, इस प्रकार राष्ट्रीय प्ररिपेक्ष्य में बुनियादी शिक्षा प्रणाली सहायक होगी।[11]

बुनियादी शिक्षा प्रणाली में गाँधी जी ने भारतीय शिक्षा प्रणाली के सभी ऐतिहासिक गुणों को सम्मिलित किये है, प्राचीन काल की शिक्षा से स्वावलम्बन का सिद्धांत गुरूकूल एवं आश्रम प्रणाली से गुरू–शिष्य के मधुर संबंध को महत्व दिये हैं। साथ ही साथ गाँधी भारतीय दर्शन की प्रमुख विशेषता आध्यात्मिकता को भी महत्ता प्रदान किये हैं, इस दृष्टिकोण के अनुसार ही गाँधी जी बालकों के सामने शिक्षा का अन्तिम लक्ष्य 'आत्मसाक्षात्कार' रखते हैं, उनमें सत्य, अहिंसा, प्रेम,

सत्यं एव शिवं सुन्दरम् की भावनाओं का विकास करना चाहते हैं।[12]

बुनियादी शिक्षा में असमाजिक तत्वों को बिल्कुल स्थान नहीं दिये है जिससे की राष्ट्र निर्माण में कुरीतियों को जगह मिले। गाँधी जी समाज की समस्त कुरीतियों को दूर कर सर्वोदयी समाज की स्थापना करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त किये है जिसमें 'रामराज्य' जैसी सुख एवं शान्ति होगा, न शोषण होगा न शोषित।[13]

महात्मा गाँधी बुनियादी शिक्षा के क्षेत्र में नैतिकता पर भी बल देते है, इसी संदर्भ में उन्होंने लिखा है— "शिक्षा का मात्र और सम्पूर्ण लक्ष्य नैतिकता के प्रत्यय में संक्षिप्त किया जा सकता है।" शिक्षा का नैतिक लक्ष्य चरित्र निर्माण है। ऐसी शिक्षा बालकों में सहयोग, प्रेम, सत्य, अहिंसा, सहानुभूति जैसे गुणों का विकास कर किसी परिस्थिति आने पर स्वयं उचित—अनुचित का निर्णय लेने में सक्षम बनाती है। गाँधी जी शिक्षा को सक्रिय व सरल वातावरण में प्रदान करने में पक्षधर थे जिससे बालक अपने परिवेश को समझ उस पर नियंत्रण पाने में कुशल हो सके।[14]

महात्मा गाँधी ने वर्त्तमान शिक्षा के दोष को स्पष्ट रूप से समझ लिये थे कि यह राष्ट्र हित एवं बालक के जीवन से संबंधित नहीं है। विषय विशेष का अध्ययन करके बालक किसी विषय का ज्ञात तो हो सकता है परन्तु उसे अपने दैनिक जीवन हेतु उससे कोई व्यवहारिक सीख नहीं मिलती है। अतः बुनियादी शिक्षा में इस बात पर ध्यान दिया गया कि बालक को उसकी स्वाभाविक प्रवृति के अनुसार प्राकृतिक और व्यावहारिक वातावरण में सीखने पर ध्यान दिया जाए, इससे उसे शिक्षा के द्वारा भावी जीवन में अनुकूलन करने में सहायता मिलती है।[15]

## निष्कर्ष

महात्मा गाँधी बुनियादी शिक्षा के द्वारा अपनी शिक्षा दर्शन के आधार पर स्वराष्ट्र की व्यवस्था करना चाहते थे। गाँधी जी जानते थे कि भारत गाँवो का देश है, यहाँ की अधिकांश जनसंख्या अशिक्षित है, अतः आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक विकास के लिए बुनियादी शिक्षा का होना अनिवार्य है। गाँधी जी ने राष्ट्र परिपेक्ष्य में बुनियादी शिक्षा को भारतवर्ष में एक सामान्य शिक्षा पद्धति के रूप में रखे हैं।

## संदर्भ ग्रंथ सूची

1. देसाई ए0आर0, ***भारतीय राष्ट्रवाद को सामाजिक पृष्ठभूमि,*** मैकमिलन इंडिया प्रेस, मद्रास, 1976, पृ0 123
2. चौधरी रामखेलावन ***शिक्षा —विधियों की रूपरेखा***, हिन्द साहित्य भंडार, मंगाप्रसाद रोड, लखनऊ, जनवरी 1958, पृ0 396—397
3. मजुमदार धीरेन्द्र ***नई तालीम और समाज का नवनिर्माण,*** अखिल भारतीय सर्व—सेवा संघ प्रकाशन, वर्धा, 1954, पृ0 19

4. चौधरी रामनारायण, (अनुवादक) ***सच्ची शिक्षा*** नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, जुलाई 1940, पृ0 40
5. दुबे, मिलापचन्द्र, ***बुनियादी शिक्षा (मध्य भारत शिक्षा विभाग द्वारा स्वीकृत),*** गंगा प्रसाद एण्ड संस, आगरा 1952, पृ0 229
6. वही, पृ0 230
7. वही, पृ0 231
8. वही, पृ0 232
9. दुबे मिलापचन्द्र ***बुनियादी शिक्षालय का संगठन और व्यवस्था***, गंगा प्रसाद एण्ड संस, आगरा, अगस्त 1959, पृ0 1–3
10. रायपुरिया रामेश्वरलाल, ***ग्रामीण समाजशास्त्र,*** दत्त बन्धु प्राइवेट लिमिटेड, अजमेर, 1962, पृ0 97
11. देसााई मगनभाई, ***बुनियादी शिक्षा,*** नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, 1940, पृ0 23
12. प्रभु आर0के0 तथा रवि यू0 आर0 (संपादक) ***महात्मा गाँधी के विचार***, नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया, 1994, पृ0 379
13. गाँधी जी, ***हिन्द स्वराज,*** नवजीवन ट्रस्ट, 1949, पृ0
14. मशरूवाला किशोरलाल घ, ***गाँधी विचार दोहन,*** सस्ता साहित्य मण्डल, अजमेर, 1940, पृ0 137
15. पाठक पी.डी. – ***शिक्षा के सामन्य सिद्धांत,*** प्रकाशन – विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा 1975, पृ0 261
16. जौहरी बी.पी. – ***भारतीय शिक्षा और उसकी समस्यायें,*** प्रकाशक – विनोद पुस्तक मंदिर , हॉस्पिटल रोड, आगरा, 1964, पृ0 125

# गांधी जी का आर्थिक दर्शन झारखण्ड के संदर्भ में

**ममता कुमारी***

महात्मा गांधी की अर्थशास्त्र संबंधी मान्यता पश्चिम के क्लासिकल कहे जाने वाले अर्थशास्त्रियों से बिल्कुल भिन्न थी। गांधी जी महान नैतिक आध्यात्मिक व्यक्ति थे। उनकी दृष्टि में तो अर्थशास्त्र जीवन के सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक आदि पहलुओं से संयुक्त था। उनकी आर्थिक विचारधारा का मूलाधार उनकी नैतिक संबंधी भावना है। वे अर्थशास्त्र व नैतिकता के बीच कोई भी विभाजन रेखा नहीं खींचते थे। उनका विचार था कि वह अर्थशास्त्र जिससे किसी व्यक्ति या राष्ट्र की नैतिकता को धक्का पहुँचता है उसे सौ बार त्यागने योग्य है।

महात्मा गांधी आर्थिक क्षेत्र में देश के गांवों को कुटीर उद्योग द्वारा विकसित करना चाहते थे। वे बड़े–बड़े कल–कारखानों के विरूद्ध थे क्योंकि उनकी दृष्टि में बड़े–बड़े कारखानों के द्वारा भारत जैसी विशाल जनसंख्या को रोजी–रोटी देना संभव नहीं था इसलिए उन्होंने खादी और ग्राम उद्योग पर बहुत जोर दिया। भारत आने पर अहमदाबाद और बम्बई के मिलों में काम करने वाले मजदूरों की दशा का अध्ययन किया तथा वे इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि यहां के मिलों में काम करने वाले मजदूरों की स्थिति अच्छी नहीं है। खास कर बम्बई के मीलों में काम करने वाली महिलाओं की दशा अत्यन्त दयनीय है।[1] गांधी जी की दृष्टि में चरखा भी एक मशीन है, हथकरघा भी एक मशीन है । इन छोटी–छोटी मशीनों के द्वारा ग्रामोद्योग का विकास कर गांवो की जनता को सुखी बनाया जा सकता है। गांवों के विकास छः महीने बेकार बैठे रहते है। अधिकांश महिलाएं खाना बनाने के बाद निरर्थक समय गंवाती है। इसलिए चरखा उनकी आशा है और चरखे द्वारा बेकार लोगों को काम दिया जा सकता है। इससे लोगों मे स्वदेशी भावना विकसित होगी और इंगलैंड की मिलों में बने हुए कपड़े को त्यागने की भावना विकसित होगी, क्योंकि वे भारतीय उद्योग धंधों को समाप्त कर चुके थे। भारत उस समय विदेशी शोषण से मुक्त हो सकेगा और गांवो की गरीब जनता आत्मनिर्भर हो सकेगी।[2] गांधी जी की दृष्टि में खादी, ग्रामोद्योग सौरमण्डल का सूर्य है दूसरे शब्दों में खादी के इर्द–गिर्द ही अन्य उद्योग धन्धे पनप सकते और विकसित हो सकते हैं खादी के बिना दूसरे उद्योग धन्धे पनप नहीं सकते।[3] ग्रामोद्योगों की स्थापना में उनका मुख्य उद्देश्य यह था कि गांव के लोगों का शोषण बंद हो और गांव में

* NET/JRF Ph.D. Research scholar P.G. Dept. of History Ranchi University, Ranchi

जो बनी हुई वस्तुएं है उनका पहला उपयोग गांव में ही किया जाय और बाद में स्वयंसंवी संस्थाओं के द्वारा उसे दूसरी जगहों में बेचा जाये जिससे गांव के लोगों का शोषण नहीं हो। इसके लिए उन्होंने अखिल भारतीय स्पिनर एसोशियशन की स्थापना की।

खादी की मनोवृति का मतलब है जीवन की आवश्यक वस्तुओं के उत्पादन तथा वितरण का विकेन्द्रीकरण। इसका सूत्र यह है कि हर गांव अपनी समस्त आवश्यक चीजों को स्वयं पैदा करे तथा स्वयं ही उनकी खपत करे और इसके अतिरिक्त कुछ उत्पादन वह शहरों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए दे। भारी उद्योगों का केन्द्रीकरण तथा राष्ट्रीयकरण किया जाएगा।[4] लेकिन गांवों में चलने वाले विशाल उद्योग में उनका अंश सबसे कम होगा उनका ऐसा मानना था। गांधी जी का कहना है कि ''खादी की प्रगति के लिए हर एक भारतीय क्या कर सकता है। यह खादी आर्थिक स्वतंत्रता तथा देश में सबकी समानता के आरंभ का सूचक है। हर एक आर्थिक स्वतंत्रता तथा देश में सबकी समानता के आंरभ का सूचक है। हर एक स्त्री–पुरूष आजमा कर देख ले और तब उसे स्वयं मेरे कथन की सच्चाई का पता लग जायगा। खादी को उसके अन्दर निहित सब बातों के साथ लेना चाहिए। इसका मतलब पूर्णरूपेण स्वदेशी, मनोवृति जीवन की सभी आवश्यकताओं को भारत में प्राप्त करने का निश्चय और वह भी ग्रामीणों के श्रम तथा बुद्धि द्वारा। इसका मतलब है वर्तमान प्रणाली को उलट देना अर्थात् बजाय इसके कि भारत के आधे दर्जन शहर और ग्रेट ब्रिटेन भारत के सात लाख गांवों के शोषण तथा बरबादी पर जीवन बसर करें, भारतीय गांव आत्मनिर्भर हो जाएंगे और वे स्वेच्छा से भारतीय शहरों तथा अन्य देशों की भी सेवा करेंगें जिससे दोनों पक्षों को लाभ होगा। भारत में आर्थिक पूनर्निमाण की गांधीवादी योजना में खादी अर्थशास्त्र का मुख्य साधन हैं।''[5] गांधी जी का विश्वास है के आर्थिक संकट की समस्या हल करने के लिए अर्थात चरखा बहुत ही प्राकृतिक, सरल, सस्ता और व्यवहारिक तरीका है।

**गांधी जी एवं झारखण्ड :** भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के क्रम में महात्मा गांधी को छोटानागपुर अनेक बार आना पड़ा । 1917 में श्याम कृष्ण सहाय के द्वारा उन्हें रांची आने का निमंत्रण मिला। पहली बार गांधी जी 4 जून 1917 को रांची आये। यहीं से उन्होंने चम्पारण आन्दोलन की रूपरेखा तैयार की और उन्होंने किसानों को उनका हक प्रदान किया। 1920 ई. में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का विशेष अधिवेशन कलकत्ता में हुआ। झारखण्ड के अनेक लोग इस अधिवेशन में शामिल हुए। उन्होंने गांधी जी से साक्षात्कार किया और उनसे आग्रह किया कि वे झारखण्ड को आजाद घोषित कर दे। महात्मा गांधी जी ने केवल एक पंक्ति का उत्तर दिया ''कपास बोओ, चरखा चलाओ, कपड़ा बुनो, छोटानागपुर आजाद हो जाएगा।''[6] वे जानते थे कि झारखण्ड के लोगों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है वे स्वयं आत्मनिर्भर बनेंगे और अपने आर्थिक स्थिति को मजबुत करेंगे तो बाकि समस्या से लड़ाई लड़ सकते है। उनके अनुसार मनुष्य की दैनिक बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति का न होना उसका सर्वप्रथम अभाव है। दूसरा अभाव

मनुष्य की स्वेच्छा तथा स्वतंत्र चिंतन के मार्ग में रूकावट पड़ना है। तीसरा अभाव सामाजिक वैमनस्य है। मनुष्य के आर्थिक जीवन के विकास की ओर दृष्टिपात करने पर जहां दास प्रथा का स्वरूप सामने आता है वहां हम मानव के श्रम अर्थात शरीर और आत्मा दोनों का शोषण पाते हैं इन्हीं दोनों शोषणों से मुक्ति पाना मानव का चरम लक्ष्य है।[7] 1920–1921ई. में गांधी जी स्वयं झारखण्ड आये। उन्होंने लोगों को पुनः खादी कपड़े पहनने, चरखा चलाने तथा कपास बोने के लिए प्रेरित किये। उसी समय विदेशी कपड़ों कि होली जलाई गई। लोगों ने खद्दर धारण करने का व्रत लिया और चरखे चलाने लगे। खासकर गांधी के प्रमुख शिष्यों ताना भगतों ने खादी बुनना और पहनना आरंभ कर दिया।

कांग्रेस के 1920 ई. के कोलकात्ता अधिवेशन से लौटते हुए पलामू के केंड़ ग्राम निवासी आदिवासी नेता धनी सिंह खरवार के नेतृत्व में पलामू किला के अहाते में एक सभा के लिए निर्णय लिया गया कि जंगलों को काट कर कपास की खेती की जाने के फलस्वरूप एक ही दिन में हजारों पेड़ काट डाले गये और खेत तैयार करने के बाद धनी सिंह को ''पलामू का राजा'' घोषित किया गया।[8] डालटेनगंज में बिहार छात्र संघ का अधिवेशन सी. एफ. एंडूज की अध्यक्षता में हुआ। इसमें स्वदेशी निर्मित कपड़ों के उपयोग का भी व्रत लिया गया। साथ ही साथ पांकी एवं जपला में हुए जन सभाओं में चरखा–खद्दर स्वदेशी पर जोर दिया गया।[9]

महात्मा गांधी ने 15 सितंबर 1925 को चाईबासा का दौरा किया। वहां सप्ताहित मंडी में उनकी सभा हुई। उसके बाद गांधी जी गौशाला देखने पहुँच गए। गांधी जी ने गौशाला की पूरी अर्थव्यवस्था का अध्ययन किया और लोगों को बताया कि कैसे गौशाला को चलाया जाए, ताकि वह फायदे में रहे। इसी दौर में गांधी जी चक्रधरपुर भी गये थे। राष्ट्रीय विद्यालय को देखने गये थे उन्होंने छात्र–छात्राओं को कहा कि वे जो शिक्षा पाते हैं उसके बदले में उन्हें कुछ देना चाहिए। वे गुरू से प्राप्त विद्या का बदला सूत देकर या चरखा चला कर चुकाए। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे कताई करें और इस प्रकार विद्या प्राप्ति के बदले राष्ट्र की सेवा करे।

1927 में महात्मा गांधी का धनबाद दौरे का उद्देश्य विशेष रूप से चरखे और खादी का संदेश देना है। ''मैं यह स्वीकार करता हूँ कि स्वराज्य पाने के दृष्टि से देश में अन्य काम करने की काफी गुंजाइश है लेकिन मैंने चरखे का काम इसलिए हाथ में लिया है क्योंकि मैं जानता हूँ कि इस काम को हिंदू –मुसलमान, स्त्री–पुरूष, बाल–वृद्ध, सदृश्य–असदृश्य सभी लोगों से करने को कहा जा सकता है। चरखा एक सार्वत्रिक चीज है और इसलिए हर व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार इससे कताई का काम करना चाहिए। चरखा कातना हर भारतीय का पवित्र कर्त्तव्य है। इस सार्वत्रिक यज्ञ में मेरे हर व्यक्ति से शामिल होने की अपेक्षा की जा सकती है लेकिन यदि सब ऐसा नहीं कर सकते तो एक काम अवश्य कर सकते है। कम से कम खद्दर तो सभी पहन सकते हैं।''[10] समस्त भारत में सर्वत्र खद्दर

के काम को चलाने के लिए बहुत पूंजी खर्च करने की जरूरत है। वह पूंजी देश को ही जुटानी है। गांधी जी ने कहा कि जिस कोश के लिए मैं धन की अपील कर रहा हूं उसका नाम देशबंधु स्मारक कोश है, जो स्वर्गीय देशबंधु की पवित्र स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए शुरू किया गया है। खद्दर उनको दिल से बहुत अधिक प्यारा था। चरखा ही एक ऐसी चीज है जिसके जरिए जनसाधारण को गांवों के पुनर्निमाण के काम में लगाया जा सकता है। उनकी अंतिम इच्छा पूरा करने के लिए ही यह अखिल भारतीय देशबंधु स्मारक कोश शुरू किया गया है, जिसका उपयोग अखिल भारतीय चरखा संघ द्वारा किया जाएगा।[11] इस अखिल भारतीय देशबंधु कोश के माध्यम से दे़ा के गांव–गांव में चरखा का उपयोग कर ग्राम उद्योग को विकसित करने का प्रयास प्रारम्भ हुआ।

महात्मा गांधी झारखण्ड में जहां भी गये खादी के बारे में लोगों को समझाये। उन्होंने खादी की पूरी अर्थव्यवयस्था लोगों को समझायी थी। गांधीजी ने कहा था कि एक गज खद्दर खरीदने का अर्थ है देश के गरीब लोगों को लगभग चार आने की मदद देना है, जबकि विदेशी कपड़े पर पैसा खर्च करने का अर्थ है देश के भाइयों को कष्ट देते हुए उसी पैसे को देश से बाहर भेजना, भारतीय मिलों का कपड़ा खरीदने का अर्थ गरीबों की मदद करना नहीं है क्योंकि उसमें मुनाफे की सबसे ज्यादा भाग पूंजीपतियों को मिलता है और वह श्रमिकों को नाममात्र का थोड़ा सा ही पैसा देता है जो उनके जीवित रखने भर को काफी नहीं है। देश की गरीबी से संघर्ष करने और उसमें सफलता पाने के लिए चरखा ही एक मात्र प्रभावशाली अस्त्र है।[12] खादी के संबंध में उन्होने स्पष्ट घोषणा की थी,''स्वराज्य के समान खादी भी राष्ट्रीय जीवन के लिए उतनी ही जरूरी है जितनी की सांस लेना। जिस तरह हम स्वराज्य को छोड़ नहीं सकते इसी तरह हम खादी को भी नहीं छोड़ सकते। खादी छोड़ देने का मतलब होंगा भारत की जनता को बेच देना, भारत को आत्मा की बेच देना।[13] महात्मा गांधी ने खादी एवं चरखे के प्रचार के लिए चरखा संघ की स्थापना की थी। स्वालंबन गांधी नीति को मूलमंत्र था। इसलिए उन्होंने प्रत्येक गांव में उद्योग–धंधों के प्रचलन पर जोर दिया था।

गाँधी जी का आर्थिक दर्षन झारखण्ड के लोगों को आत्मनिर्भर बनाना था। उन्होंने झारखण्ड के विभिन्न स्थानों का दौरा किया हर जगह उन्होंने झारखण्ड वासियों से आग्रह किया कि कपास बोओ, चरखा चलाओ और कपड़ा बुनों इसे अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति होगी। उनके इस आग्रह पर झारखण्डवासियों ने इनका उपयोग करना आरंभ किया। उनके कहे बातों से लोगों में स्वदेश निर्मित कपड़ों का उपयोग करना आरंभ किया तथा विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया। छात्र–छात्राओं ने खाली समय में सुत काटे तथा चरखा चलाकर राष्ट्र सेवा की। इस तरह गाँव–गाँव में लोगों द्वारा चरखा चलाकर स्वदेश निर्मित वस्त्र निर्मित किया जाने लगा।

## संदर्भ ग्रंथ सूची


1. गांधी, एम. के., हिन्द स्वराज्य, अहमदाबाद नवजीवन पब्लिशिंग हाउस, 1938 पृ. 94
2. गांधी एम. के., कन्सट्रक्टिव प्रोग्राम; इट्स मीनिंग ऐण्ड प्लेस, अहमदाबाद, नवजीवन ट्रस्ट, 1941 पृ14
3. गांधी, एम. के., रीबिल्डिंग आवर विलेजेज, अहमदाबाद, नवजीवन ट्रस्ट, 1952 पृ34
4. सिंह, महेश प्रसाद, गांधी के सपनों का भारत, ज्ञान गंगा, दिल्ली, 2010 पृ.34
5. पी. सी. बम फोड , नन कोऑपरेशन एंड खिलाफत मुवमेंट, भारत सरकार प्रकाशन, 1925 पृ.12
6. वहीं, पृ. 13
7. वीरोतम वी., झारखण्ड : इतिहास एवं संस्कृति, विहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी पटना 2016 पृ.359
8. पी. सी. बम फोड, नन कोऑपरेशन एंड खिलाफत मुवमेंट, भारत सरकार प्रकाशन, 1925 पृ.12
9. वीरोतम वी., झारखण्ड : इतिहास एवं संस्कृति, विहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी पटना 2016 पृ.359
10. सिन्हा, कुमार अनुज, महात्मा गांधी का झारखण्ड यात्रा, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, 2019, पृ.154
11. वहीं, पृ 155
12. नेमा, जी. पी., प्रताप सिंह, गांधी जी का दर्शन, रिसर्च पब्लिकेशन, त्रिपोलिया बाजार जयपुर, पृ 184
13. गुप्त, विश्व प्रकाश, राजेन्द्र प्रकाश एवं मोहिनी आधुनिक भारत के शिल्पी, राधा पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 2006 पृ 172

# A Passive Resistance: Gandhi and Indian Diaspora

**Sagarika Naik ***

## Introduction

The magisterial work of Kingsley Davis, which prominently puts out the fact that while 30 million migrants left the shores of India between 1834 and 1937, no less than 24 million returned during the same period. It would appear then that India was as much a labour-sending as a labour-receiving region during the age of mass migration. Indian migration grew continually after 1900.[1] As the above statement stated that rather characterizes as an "interregional arena" the early twentieth century Indian Ocean world becomes embedded in a truly global economy where the large scale movements of Indian labor going around the ocean from Malay to South Africa where newly established market and the demand create a labor 'bazaar' in the world and forced it to migration.The second theme is to understand the Asian intermediary capital and migrant labor with the border structure of colonial and paracolonial capitalism. The entire intermediary structure was also vulnerable to the possibility of coming unhinged as a result of crises at the higher echelons of the capitalist architecture and the foundation of agrarian production below, as was to become dramatically apparent during the 1930s depression. [2]

Among the many ladders that the colonialists had to ride to rule over India for two centuries successfully, one was communalism. In the Indian context, it can be defined as the unconsciousness which draws on a supposed religious identity and uses this as the basis for a political and social ideology. Further, it is associated with political allegiance to a religious community and also support a programme of political action designed to further the interest of that religious community.22 Among many powerful ideas which ruled and shaped the world in the twentieth century, communalism is one such idea. Riding on the sentiments of the people of a particular religious

community, it at times becomes stronger and over riding, even upon the nationalism and patriotism causing great damage to the life and property for no any substantial reason other than whims.

## Gandhi on Communal Unity

For Gandhi, Indian Independence Movement was a struggle for establishing democracy in India for its people. It would be by non-violence, where all would have equal freedom. Indians, a common struggle for them, irrespective of their religion or race. Gandhi expressed these views in his historic speech that he delivered during the previous evening of the outbreak of the Quit India Movement on August' 8, 1942.23 Hatred should not and has not have any role in this struggle.[24]

Religious tolerance was one of the greatest and fundamental values of Gandhian principles and any use of violence to settled differences between the communities whether Hindus, Muslims, Christians, Sikhs or the Parsees was against these principles. He also condemned in strong words, the use of any compulsion by any community to prevail, or impose own religious norms on the others. In one of his writings, he had stated that both Hindus and Muslims would be voted as irreligious savage by the posterity, if they continue to make such futile attempt to impose own religious ideology on the other. Gandhi was the strongest exponent of unity among the followers of different religions. Inspite of following different norms and religious practices, however contrast to each other there must be an underline unity among them which should be eternal, not superficial. He was also against the use of any propagation and abuse by the supporters of different faiths aiming at each other. For him such practices would only be negation of the tolerance, one of the essential virtues of democracy and should be condemmed.[25]

Gandhi has tried to explain his stand on the issue of communal unity citing two examples which have always been most common contentious issues between two major communities. One is about the cow slaughter and the other one is about common religious rites and practices performed in temples and mosques. He has directly raised question on antagonism of the Hindus on Muslims slaughtering cows, while Englishmen doing so, is

not an issue for them. If they really honour cows, he suggests the Hindus to befriend with the Muslims and leave it to them to honour the cows. Along with that, Cow Protection Societies must be encouraged to protect, feed and preserve the fast disappearing pasturelands.26 As regards another most contentious issue of playing music before a mosque and an Aarti in the temple, Gandhi has suggested to be patient, considerate and accommodative to each other's sentiments. He also holds the people's leaders very convincingly responsible for quarrel among the masses. If the leaders agree and act upon the rules of maintaining communal harmony in true sense with honesty, masses will follow the line, he assured.[27]

Gandhi was convinced that the seeds of communal conflicts in India were sown by none other than the British. He suggests that as per the historical accounts given by the contemporary historians, there was communal peace and harmony among communities before the British consolidated their rule in India. If there was any kind of communal feud, it was in the major cities, villages were not affected by it, he has asserted. He was in favour of giving up voluntary partnership at the will of the community based parties which would lead to communal unity and harmony in society. This will help India to become one nation in true sense.28 But India failed to do so and his wishful thought of melting of iceberg of communal differences under the warmth of the sun of freedom, communal riotes at the advent of freedom and even after, have gone down in history as the darkest phase in otherwise communally peaceful history of last eight hundred years of India.29 Gandhi was convinced that harmony and bond among the two communities was the historical fact which was systematically destroyed by the British. A weaker Nation with its quarrelling communities would have provided a suitable and fertile ground to the foreign rule for sowing the seeds of communalism and maximizing exploitatation.

Gandhi had said in very clear term that the Hindus, being the largest community, had the biggest responsibility to trust and unite the minorities. He suggested them to go ahead and inspire the communities to come forward to unite. He argued that to bring adjustment in the social

and national life, the initiative must come from the powerful section of the society who must come forward to unite without waiting for response from the minorities and the weaker section of the society.[30]

## Gandhi, the Nationalist par Excellence

Some historians have regarded Gandhi as classical type of nationlist, and therefore an anti communlist, par excellence. For him both Hindu and Muslim communalists were anti national and anti human and he put all his indefatigable energy to combat it. He finally even 'offered his life blood as living oblation to the liquidation of communalism in the social relations of the Indian people' (A R Desai, Social Background of Indian Nationalism).31 This was the ultimate obituary paid by Desai, one of the great social historians of India.

Gandhi was very much of the view that religion is not only associated with its theological, philosophical and iconographical aspects but it also has a social aspect since religion has to be practiced by people in order to be viable. The inter relation between the religious cults and movement with social groups is very important to maintain social harmony and national integrity.32But the twentieth century saw the beginning of Asians becoming increasingly assertive, as a result of economic development, Muslims in most parts of the world in massive numbers were simultaneously turning to Islam as a source of identity, meaning, stability, legitimacy, development, power and hope. This Islamic 'fundamentalism' is commonly conceived as 'political Islam' and is considered to be only one component in the much more extensive revival of Islamic ideas, practices and rhetoric and the rededication to Islam by Muslim population. This resurgence has affected the Muslims in every country and they in their turn, rose to get their own land and national identity. The origin of 'Two Nation Theory' in India in the fourth decade of the last century was also a part of that global phenomenon.33 It was perhaps the biggest challenge of life before the Father of the Nation' which he took all alone and sacrificed his life not knowing that this was a resurgence very difficult to suppress given the then situation.

## Conclusion

This Partition brought unspeakable miseries to the people of both sides and both religions and many more affected people of both sides. But the man who was shattered most among all the political leaders was Gandhi. He was shattered because Partition was the defeat of India of His Dreams, his principles, his unfatigable efforts to avoid it and all that he launched Independence Movement for. It was because India by that time had entered into the phase when conspiracy of the colonial rulers, irrational and unnatural demand for separate nation, born out of the conspiracy, could not be countered.34 This large scale communal violence undermined and contradicted his life long commitment to non violent resistence against colonalism and imperialism.35That is why, Gandhi was thousands of kilometer away mourning, from the place of jubilation and celebration in Delhi at the advent of much awaited, much cherished Independence. When Nehru pleaded Gandhi to remain in Delhi, he said he would rather proceed the other way as he had learnt when still a child the formula, 'as in macrocosm, so in the microcosm.'36 He was even willing to risk a civil war. He wrote, 'Let British leave India to anarchy, rather than as a cock pit between two organized armies.'37 Thanks to India's diversities with many religions, languages and its ethnicities which give the outside scholars good reason to express their worry about its possible break ups.38 It has also been argued that the Muslim rulers in India in general, failed to identify themselves with others in the country, always seeing Muslims as a separate and preferred group.39Formulation of 'Two Nation Theory' was also the continuation of the evident muslim refusal to identify with other Indians. As a historical irony, it is often pointed out by scholars that while the Partition of India has provided a homeland to the Muslims of the subcontinent, a large section of Muslims left in India, remained unintegrated40except a very small minority of leaders and people like Abdul Kalam Azad and other Indian Nationalists and their supporters.Such nationalists of any community often visualise the reunion of India and Pakistan at some stage in future, as an outcome of interaction between the historical forces working in these two nations.

## References


1. Ansar Hussain khan, *The Rediscovery of India*. Orient Longman. Hyderabad. 1999. P.190.
2. Ibid.
3. Hector Bolitho, *Zinnah.* John Murray. London. 1964. Pp. 44-45.
4. Khalid bin Seyeed, *Pakistan: The Formative Phase*. Oxford Uuniversity Press. Karachi. 1978.
5. Ansar Hussain Khan,*The Rediscovery of India*. Op cit. p. 192.
6. Ibid. p. 190.
7. V. P. Menon,*The Transfer of Power*. Princeton University Press, Princeton. 1957. p. 57.
8. Mahatma Gandhi, *India of My Dreams.* Rajpal & Sons, Delhi. 2008. p. 258.
9. Ibid.
10. Ranjit Guha, *Gandhi, The Years that Changed the World*. Penguine, Gurugram. 2018.P. 827.
11. Ibid.
12. Ibid. P. 828.
13. Shashi Tharoor, *The Era of Darkness, The British Empire in India*. Aleph Book Co. New Delhi. 2016. P. 167.
14. Amartya Sen, *The Idea of Justice*. Penguin Books. New Delhi. 2009 P. Preface, xviii.
15. Shashi Tharoor. *The Era of Darkness*. Op cit. P. 168
16. Ranjit Guha. *Gandhi, The Years that Changed the World*. Op cit. P.828.
17. Sashi Tharoor, *The Era of Darkness*. Op cit.P. 167
18. Ibid. P. 168
19. Karl Marx, *The British Rule in India*, a dispatch to New York Herald. Tribune. New York. June'1853.
20. Ranjit Guha, *Gandhi*. Op cit.P. 828.
21. *50 Inspirational Speeches*. Collectable Edition. Finger Prints Classics. New Delhi. 2018. P.222
22. Romila Thapar, *History and Beyond*. Oxford University Press, New Delhi. 2002. P. 61.

23. *50 Inspirational Speeches*. Op cit. p. P. 247.
24. Ibid. P. 248.
25. Mahatma Gandhi, *India of My Dreams*. Op cit. P. 229
26. Ibid.
27. Ibid. P. 430
28. Ibid. p .231.
29. Ibid.
30. Ibid. PP. 258-59.
31. A R Desai, *Social Background of Indian Nationalism*. Sixth edition. Popular Prakashan, New Delhi. 2013. PP 326-27.
32. Romila Thapar, *Ancient Indian Social History, Some Interpretations*. Sangam Books, London. 1996. PP. 199-200.
33. Samuel P.Huntington, *The Clash of Civilizations And the Remaking of World Order*. Penguin Books. New Delhi. 1997. PP. 109-10.
34. Amartya Sen, *The Idea of Justice*. Op cit. P. Preface, xviii.
35. Ananya Vajpeyi, *Mahatma Gandhi and the Partition of India* in a lecture in the Centre for Asian Studies, K O C University, Turkey. https://www.carvanmagazine.in/essay/retreving-history .
36. Sucheta Mahajan, *Why did Gandhi Accept Partition*. October, 03, 2019 in Opinion. www.nationalheraldindia.com
37. Ibid.
38. Amartya Sen, *The Argumentative Indian*. Penguin Books. New Delhi. 2009. p. 299.
39. Ibid.
40. Ibid.

# टाना भगत, महात्मा गाँधी एवं स्वतंत्रता आन्दोलन

## (झारखण्ड के संदर्भ में एक विमर्श)

**रामगोपाल उराँव***

भारतीय स्वतंत्रता के लिए आरम्भ से ही समय—समय पर भारत के विभिन्न भागों में अंग्रेजों के विरूद्व सशस्त्र विप्लव होते रहे है। अंग्रेजी राज्य द्वारा जारी लूट तथा भारतीय किसानों, मजदूरों, कारीगरों की बर्बादी, धार्मिक, सामाजिक भेद—भाव ने जिस गति से जोर पकड़ा उसी गति से देश के विभिन्न भागों में विद्रोह की चिंगारिया झारखण्ड में भी फूटने लगी।

टाना भगत आन्दोलन जिस बुनियादों पर मुण्डाओं का बिरसा मुण्डा आन्दोलन खड़ा था उन्हीं बुनियादों पर 1914 ई0 में उराँवों के द्वारा जो आन्दोलन झारखण्ड की धरती पर शुरूआत की गई उसे ही टाना भगत आन्दोलन के नाम से जाना जाता है। टाना भगत आन्दोलन के जनक जतरा भगत थे जिनका जन्म 1888 में एक साधारण उराँव किसान परिवार में गुमला जिला के विशुनपुर प्रखण्ड के चिंगरी नवाटोली गाँव में हुआ था। उनके पिता का नाम कोडल भगत और माता का नाम लिबरी भगत और पत्नी का नाम बुधनी भगत था। महात्मा गाँधी दक्षिण अफ्रीका में सफलता हासिल करने के बाद 9 जनवरी 1915 को भारत लौटे और उन्होंने तय किया कि अब वे अपने देश को आजाद करने के लिए सत्याग्रह का प्रयोग करेंगे। गोपाल कृष्ण गोखले की सलाह पर ही वे भारत लौटे थे। गोखले ने ही सलाह दी थी कि एक वर्ष तक वे पूरे देश का भ्रमण करें। गाँधी जी ने अहिंसा को राजनीतिक क्षेत्र में सत्याग्रह के रूप में प्रयोग किया। सत्याग्रह का शाब्दिक अर्थ ''सत्य पर आग्रह''। गाँधी जी ने सत्याग्रह का प्रयोग असहयोग, सविनय अवज्ञा, उपवास, हिजरत, हड़ताल, धरना आदि रूपों में किया था। गाँधी जी स्वतंत्रता आन्दोलन के क्रम में कई बार झारखण्ड की यात्राएँ भी कीं और यहाँ के टाना भगत, आदिवासी, गैर आदिवासी से भी मिले थे और यहाँ के स्वत्रतंता आन्दोलन को बल मिला था। स्वतंत्रता के पूर्व में जनजातीय भूमि व्यवस्था बिल्कुल नष्ट कर दी गई थी जिसका प्रभाव आदिवासियों की आर्थिक जीवन के साथ—साथ सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक व्यवस्था पर भी व्यापक रूप से पड़ा। उराँवों ने देखा कि वे धार्मिक तथा आर्थिक जीवन पर असमर्थ एवं शक्तिहीन होते जा रहे है। इसाई एवं गैर आदिवासी के बीच सामाजिक एवं धार्मिक खाई उत्पन्न हो गई थी। उनके ग्राम और पड़हा व्यवस्था भी टुट रही थी। अंग्रेज अफसर, सैनिक, पादरी, जमींदार, ठेकेदार, जागीदार का शोषण एवं उत्पीड़न दिनों दिन बढ़ता ही जा रही था। अंग्रेजों के साथ युद्व में उन्हें पराजय

*शोधार्थी, स्नातकोत्तर इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची।

का सामन करना पड़ रहा था। जतरा भगत ने इस स्थिति से मुक्ति पाने का मार्ग ढुँढ़ा।1 जतरा बचपन से ही थोड़े अलग स्वभाव का था। युवा अवस्था में वह हेसराग गाँव के तुरिया भगत के यहाँ ओझामति के मंत्र सिखने जाया करता था। इसी क्रम में चिड़िया के घोसले से अण्डा निकालने के क्रम में अण्डा फूट गया। फूटे अण्डे से पक्षी के भ्रुण को नष्ट होता देख जतरा के मन में ठेस लगी, हिंसा के व्यर्थता का एहसास हुआ। जतरा जब तालाब में स्नान कर रहा था उसी समय उसे धर्मेश (सर्व शक्तिमान) के दर्शन की अनुभूति हुई। इस आत्म बोध और धर्मेश के दर्शन में उसे अपने समाज को मार्ग दर्शक बनने को प्रेरित किया।

उसी समय पलामू जिला के अन्तर्गत नेतरहाट में अंग्रेज साहबों के लिए ग्रीष्म कालीन बंगालों का निर्माण हो रहा था। इसी समय जतरा भगत ने 1914 में टाना भगत आन्दोलन की नींव डाली। दरअसल विशुनपुर प्रखण्ड नेतरहाट पहाड़ी की घाटी में ही स्थित है। इन निर्माण कार्यों में बेगारी खटने के लिए विशुनपुर प्रखण्ड के ही आदिवासी रैयतों से पशु की तरह काम लिया जा रहा था। टाना भगत आन्दोलन ने इस जबरन बेगारी को भी विरोध किया। जतरा भगत की आस्था थी कि आदिवासी, कुँडुख़ समाज की दशा तभी सुधर सकती है, जब वे ओझा मती का चक्कर छोड़ सीधे धर्मेश से तादात्म्य स्थापित करें। इसके लिए उन्होंने कुछ कर्म काण्डों का शुरूआत किया और एक निश्चित आचार संहिता तैयार की। धर्मेश की कृपा प्राप्ति के लिए स्वयं पवित्र होना आवश्यक है, इसलिए मांस भक्षण का परित्याग इसलिए आवश्यक है; क्योंकि जीव स्वयं धर्मेश की ही उत्पति हैं। पूजन एवं अर्पण से पहले स्नान आवश्यक है। पूजन में बली हड़ीया के बदले फूल, मिष्ठान और घी का दिया जलने लगा। टाना भगतों के लिए पूर्वजों की आत्मा को छोड़कर शेष सभी आत्मा दुरात्मा है। जिनका परित्याग किया जाना चाहिए। टाना भगतों ने अखड़ा में नाचना, जतरा, शिकार, धुमकुड़िया, सब का परित्याग कर दिया। ये पवत्रिता के मार्ग में बाधक थे। इसी के आग्रह के कारण रंगीन वस्त्र, आभूषण का भी परित्याग कर दिया। उन्होंने उराँव लोगों के बीच मदिरा पान ना करने, मांस न खाने, जीव हत्या नहीं करने, यज्ञोंपवित धारण करने, घर की आंगन में तुलसी चौरा स्थापित करने, भूत–प्रेत की अस्तित्व को ना मानने, गौ सेवा करने, सभी से प्रेम करने, अंग्रेजों के आदेश न मानने का उपदेश देना आरम्भ किया।[2]

यह आन्दोलन नवाटोली से निकल कर धीर–धीरे विशुनपुर, घाघरा, गुमला, रायडीह, चैनपुर, पालकोट, सिसई, लापुंग, कुडू, माण्डर तक फैल गया। जतरा भगत के अनुयायों की संख्या हजारों में पहुँच गई। तब धीरे–धीरे टाना भगत आन्दोलन का राजनीतिक स्वरूप भी ग्रहण करने लगा। अब प्रवचन में वैठ बेगारी नहीं करने, गुरूवार को हल न चलाने एवं अंग्रेजी सरकार को चौकीदारी टैक्स न देने का भी आह्वान किया जाने लगा। टाना भगत आन्दोलन के इस विद्रोह स्वर को दबाने के लिए अंग्रेज सरकार को 1916 में उनके सात अनुयायियों के साथ गिरफ्तार कर लिए गया। जतरा भगत के उत्तेजनापूर्ण विचारों के प्रसार एवं उराँव आदिवासियों को भड़काने के अपराध में ढ़ेड वर्ष की सजा दे दी गई। उन्हें राँची जिले में रखा गया। उनके दण्डित होने

के बाद भी यह आन्दोलन चलता रहा।[3] टाना भगत आन्दोलन के दूसरे गुरू खासकर बदकुरी गाँव सिसई थाना के देवमनिया भगताईन, माण्डर के शिबू भगत, घाघरा बेलगाढ़ा के बलराम भगत, विशुनपुर के भीखु भगत के नेतृत्व में आन्दोन की लोकप्रियता बढ़ती गई और राँची गुमला, लोहरदगा, पलामू और हजारीबाग जिलों के उराँव समाज में यह आन्दोलन काफी लोकप्रिय हुआ। इसका धार्मिक और राजनीतिक स्वरूप बना रहा है। जतरा भगत का सजा माफ कर बीच में ही जेल से छोड़ दिया गया, शर्त यह रखी गई कि अपने को सिद्वान्त प्रचार–प्रसार से दूर रखेंगे। लेकिन जेल से बाहर आने के दो माह के बाद ही 1917 ई0 के मध्य में उनकी मृत्यु को गई। उनके अनुयायियों का मानना है कि जेल में ही उन्हें जहर दिया गया था। आन्दोलन का राजनीतिक स्वरूप के कारण व्यवस्था से टकराव लाजमी था। टाना भगत के नेतृत्वकर्त्ता को अंग्रेज सरकार गिरफ्तार करती रहती थी। टाना भगतों की चार प्रमुख मांगे थी– स्वशासन का अधिकार, राजा महाराजा पद का अंत और पढ़हा पंचायत की पुर्नस्थापना, समता–मूलक समाज का निर्माण, भू–कर की समाप्ति, टाना भगत भूमि को धर्मेश की देन मानते थे।[4] टाना भगतों की संख्या उस समय 2 लाख 60 हजार थी।[5] कुछ भगत आन्दोलन जैसे बछी दान भगत और कबीर पंथी, हिन्दू धर्म से प्रभावित थे।[6] नेम्हा भगतों ने आदिवासियों और हिन्दू आस्थाओं व रीति–रिवाजों का मिश्रण मिलता है और वे बड़े नियम संयम से रहते हैं।[7]

टाना भगतों ने संकल्प लिया कि अंगेजी शासन के अत्याचार, जमींदारों की बेगारी, समाज में फैला अंधविश्वास एवं आदिवासी समाज में व्याप्त अनेक कुरीतियों को समाप्त करेंगे। उनके हृदय में कुँडुख़ समाज की गरीबी और कुरीति का उन्मूलन करने की प्रबल इच्छा जागृत हुई और इसके लिए उन्होंने धर्मेश की पूजा पर जोर दिया। उन्होंने सबको प्रेरित करना शुरू किया। टाना भगतों का एक समूह बना कर उन्होंने अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लिए प्रयास करना शुरू कर दिया। उन्हें ऐसा आभास हो रहा था कि तंत्र–मंत्र में जो शक्ति है वह बीमारियों को ठीक कर सकती है, तो इसके माध्यम से व्याप्त अत्याचार का नाश क्यों नहीं कर सकता?

4 जून 1917 को महात्मा गाँधी को राँची आगमन हुआ। गाँधी जी उस समय के तात्कालीन लेफिटनेंट गर्वनर सर एडवर्ड गेट से मिलने आये थे। इसी समय टाना भगतों की गाँधी जी से मुलाकात हुई और टाना भगतों के अहिंसक आन्दोलन से गाँधी बहुत प्रभावित हुए। टाना भगत इसी के बाद से गाँधी जी के प्रिय भगत तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अनुयायी हो गए। गाँधी जी और टाना भगत दोनों की विचारधारा सत्य अहिंसावादी थे। दिसम्बर 1919 ई0 में कुडू के टीकाटांड में लगभग 400 टाना भगतों की बैठक हुई। यह वही स्थान था जहाँ बीर बुधु भगत ने (1831–32) अंग्रेजों के विरोध में हिंसात्मक आन्दोलन की घोषणा की थी। टाना भगतों की ऐसी बैठक में खादी वस्त्र धारण करने, अपने हाथ घंटी रखने का निर्णय लिया गया। घर में तिरंगा झंडा लहराने की भी घोषणा की गई। 1920 से टाना भगत कांग्रेस के सदस्य बने और गाँधी जी के असहयोग आन्दोलन में सक्रिय भाग लिया।[8] टाना भगतों की बैठक 12 फरवरी 1921 ई0 में पुनः कुडू में हुई,

जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 800 टाना भगतों ने भाग लिया। इनका नेतृतव कुडू के सिद्धू भगत ने किया। टाना भगत पहली बार स्वतंत्रता आन्दोलन में शामिल हुए। यह सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक तथा राजनीतिक आन्दोलन जोर पकड़ने लगा, इससे अंग्रेज अधिकारी काफी चिंतित रहने लगे।[9] झारखण्ड के टाना सम्प्रदाय के आदिवासी राजेन्द्र बाबू के व्यक्तित्व से बहुत प्रभावित हुए थे और उनको अपना मसीहा मानते थे। टाना भगत राजेन्द्र बाबू के सम्पर्क में आने के कारण ही कांग्रेस पार्टी में आए और बाद में गाँधी जी से उनकी मित्रता हुई।

1922 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गया अधिवेशन में पंडाल बनाने के कार्य में विलम्ब के कारण गाँधी जी काफी चिंतित थे। इन टाना भगतों ने उनकी चिंता दूर की। करीब 400 टाना भगत इस काम में लग गए और पंडाल समय पर बन कर तैयार हो गया। राजेन्द्र बाबू जब भी राँची या झारखण्ड के किसी भी भाग में आते आदिवासियों के जत्थे उनसे अवश्य मिलते।[10]

टाना भगत ने जमींदारों को कर देना बन्द कर दिया और उनके खेतों की जुताई बन्द कर दी और स्थानीय जमींदार और साहुकार टाना भगतों के संभावित विद्रोह से आंतकित हो उठे और उन्होंने पुलिस में इनकी शिकायत की। पुलिस के पदाधिकारी इनके गीतों और प्रार्थनाओं को नहीं समझते थे। टाना भगतों के कर्म काण्ड को देखने भी नहीं दिया जाता था। इन्हें विद्रोही समझने लगे और इनकी सभाओं को गैर कानूनी मानने लगे। टाना भगतों की सभाओं पर प्रतिबंध लगाए गए और बहुतों को शांतिभंग करने के नाम पर कचहरीयों तक घसीटा गया यह सब अंग्रेज अधिकारी टाना भगत आन्दोलन को दबाने के लिए किया जा रहा था। टाना भगत समझने लगे कि केवल धार्मिक आवेग के बल पर आन्दोलन को लोकप्रिय नहीं बनाया जा सकता था। इसके लिए एक राजनीतिक आधार की आवश्यकता महसूश हुई। जब महात्मा गाँधी 1920–22 में असहयोग आन्दोलन चलाया तो टाना भगतों ने इस आन्दोलन में बढ़–चढ़ कर भाग लिए। टाना भगत कांग्रेस की ओर से इसलिए भी आकर्षित हुए कि वे कांग्रेस को गाँधी का पर्यायवाची मानते थे। टाना भगतों ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गया, कोलकत्ता, लाहौर में होने वाले अधिवेशन में शामिल हुए। इन स्थानों तक की लम्बी यात्राएँ पैदल की। उन्होंने चरखा को अपनाया और खादी वस्त्रों का उपयोग करने शुरू किये। उन्होंने विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार किया और तब से टाना भगतों के क्षेत्रों में ज्यादातर कांग्रेस कार्यकर्त्ता इसी समुदाय से निकलने लगे।[11]

यह एक आर्थिक और धार्मिक आन्दोलन के रूप में शुरू हुआ। टाना भगत आन्दोन भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन से जुड़कर एक राजनीतिक आन्दोलन बन गया। टाना भगत कांग्रेसियों के रूप में इनकी अलग पचहान बनी। खद्‌दरधारी गाँधी टोपी पहने, शंख एवं घंटी बजाते टाना भगतों की टोली गाँधी जी सर्वाधिक प्रिय अनुयायी थे।

वर्ष 1920 में कांग्रेस का विशेष अधिवेशन हुआ, झारखण्ड के अनेक लोग इस अधिवेशन में शामिल हुए। उन्होंने गाँधी जी से साक्षात्कार किया और उनसे आग्रह किया कि वे झारखण्ड को आजाद घोषित करें। महात्मा गाँधी केवल एक पंक्ति में उत्तर दिया ''कपास बोओ, चरखा चलाओं,

कपड़ा बुनो, छोटानागपुर आजाद हो जायेगा।'' उस समय गाँधी का असहयोग आन्दोलन सारे देश में चल रहा था। गाँधी के अह्वान पर ही झारखण्ड के लोग भी असहयोग आन्दोलन में सक्रिय हुए। इसी आन्दोलन से गाँधी जी का टाना भगतों से सम्पर्क हुआ। टाना भगत दल के दल गाँधी जी के शिष्य बनते गए। खादी बुनना, पहनना, पैसा दो पैसा, जो उनके पास था उसे गाँधी जी को समर्पित कर देना उनका धर्म बन गया। असहयोग आन्दोलन के क्रम में इन लोगों ने अंग्रेज सरकार को टैक्स देना बंद कर दिया, जिसे अंग्रेज सरकार ने उनके जमीन को निलाम कर दी। स्वयं गाँधी जी ने स्वीकार किया की टाना भगत उनके सबसे अच्छे अनुयायी थे।[12]

1923 ई0 के अप्रैल में राष्ट्रीय सप्ताह मनाया गया। राष्ट्रीय ध्वज की रक्षा के लिए जब नागपुर में झंडा सत्याग्रह हुआ तो उसमें टाना भगतों ने भारी संख्या में शामिल हुए। 1925 ई0 में गाँधी जी ने झारखण्ड का दौरा किया और आदिवासियों से सीधा सम्पर्क किया। झारखण्ड के टाना भगत गाँधी को मानने लगे थे। टाना भगत दूर दराज के गाँव से पैदल चलकर गाँधी जी का दर्शन करने आते थे। इन लोगों ने अपने समुदाय के एक प्रभावी व्यक्ति के सम्पर्क में आकर शराब, हड़िया, मांस मछली आदि का सेवन करना छोड़ दिया। और वे सामान्य जीवन जी रहे थे। ये टाना भगत खुद चरखा चलाते थे। सूत काटते थे और अपने लिए कपड़ा भी बुन लेते थे। ये लोग धर्मेश का गुणगान करते थे। गाँधी जी ने इन लोगों के साथ काफी समय बिताया था क्योंकि जो समझा जाता था उसे पर वे अमल करते थे। सामाजिक बुराईयों को बहुत पहले त्याग चुके थे और खुद वे बदलाव ला चुके थे। गाँधी जी को यह सब देखकर काफी अच्छा लगता था। टाना भगतों ने यह तय कर लिया था कि ये अंग्रेजों को जमीन का लगान नहीं देंगे। तब सरकार ने इनकी जमीन नीलाम कर दी। टाना भगतों ने अहिंसा का व्रत ले लिया था। गाँधी टोपी पहनते, हाथ मे घंटा होता था और वे आजादी का बिगुल फूँकते थे। जहाँ भी कांग्रेस का अधिवेशन होता था, ये टाना भगत कई सप्ताह पहले ही अधिवेशन स्थल के लिए चल देते थे। ये सात्विक थे और अपना खाना खुद बनाते थे। गया और रामगढ़ अधिवेशन में भी इन्होंने सहयोग किया था। टाना भगत की अन्य लोगों की तरह गाँधी जी के अह्वान पर कोष में समुचित सहयोग किया करते थे। राँची लोहरदगा के आस–पास हजारों टाना भगत गाँधी जी के कार्य को आगे बढ़ा रहे थे। माण्डर थाना क्षेत्र के करकरी गाँव के गोवा भगत, लापुंग थाना के नगर के अन्तु भगत, बुढ़मू थाना के पीरागुट्टू के भुआल भगत, कुडू थाना के चेटर गाँव के विश्वामित्र टाना सरदार, मोरो बगिया टोली के बड़का मंगरा भगत और छोटका मंगरा भगत, उचरी गाँव लोथे भगत और चोरिया गाँव के चमरा भगत, विशुनपुर के रतिया भगत, करकरी के हरविंश भगत प्रमुख थे। जिन्होंने गाँधी जी के विचारों को तेजी से फैलाया। सरकार ने इनकी जमीन भी छीन ली, लेकिन भी टाना भगतों ने हिम्मत नहीं हारा। जुलूस निकाला और संघर्ष किया। टाना भगत नमक आन्दोलन के दौरान ये जब नमक नहीं बना सके तो **नमक खाना ही** छोड़ दिया। गाँधी जी जब 1925 में राँची आये थे, उसी समय

हरिवंश टाना भगत ने भी दरभंगा हॉउस जाकर गाँधी जी का दर्शन किया था। उस समय भूखा भगत की अध्यक्षता में टाना भगतों ने गाँधी जी की अपने तौर–तरीके से वहाँ पर स्वागत किया था। उस दिन गाँधी जी साक्षात उनके सामने थे। टाना भगत अपने साथ चरखा भी ले गए थे एवं वे खादी पहने हुए थे। टाना भगतों ने सूत कातकर गाँधी जी को भेंट की थी। टाना भगत अपने साथ गाँधी जी के लिए फूटकल साग, कोयनार साग और मडुआ की रोटी भी साथ लाये थे। गाँधी जी के सामने ये सामग्री रख दी थी और उन्हें ग्रहण करने का आग्रह किया था। गाँधी जी ने उसे स्वीकार कर लिया। इसके बाद गाँधी जी को टाना भगतों ने एक थैली भेंट की थी। हरिवंश टाना भगत ने गाँधी जी का पाव छूकर काम मांगा। गाँधी जी ने उसे संगठन बनाकर काम करने का आदेश दिया था।[13]

टाना भगतों ने तय किया की वे भी इस अधिवेशन में भाग लेंगे परन्तु उन पर अंग्रेज सरकार ने पाबंदी लगा दी थी। चौकीदारी और पुलिस का पहरा लगा दिया था, ताकि टाना भगत गाँधी जी से ना मिल सकें। अंग्रेजों की इस बात की आशंका थी कि टाना भगतों के गाँधी जी के मिलने से टाना आन्दोलन और बढ़ेगा। कड़ा पहरा होने के बावजूद भी माण्डर थाना क्षेत्र के सैकड़ों टाना भगत पैदल ही कोलकता के लिए निकल पड़े। एक सप्ताह में वे कोलकत्ता पहुँचे। जो टाना भगत चलने में असमर्थ थे वे ही रेल से गए थे। जब टाना भगत अधिवेशन स्थल पर पहुँचे तो टाना भगत निराश हो गये, क्योंकि उनके पास प्रतिनिधि टिकट नहीं था और पंडाल में प्रवेश के लिए जरूरत थी। टाना भगतों के पास प्रवेश की टिकट के पैसे नहीं थे। गाँधी जी का दर्शन करने के लिए टाना भगत चाह रहे थे। उन्होंने उपाय खोज निकाला। पंडाल के बाहर ही टाना भगतों ने ''गाँधी जी की जय'', ''बन्दे मातरम्'' का जोर–जोर से नारा लगाने लगे। वे गाँधी टोपी लगा चुके थे। हाथ में चरखा भी लिए हुए थे। उन्हें भरोसा था कि गाँधी जी जब यह सुनेंगे तो जरूर आयेंगे। गाँधी जी को सूचना दी गई कि कुछ लेग गेट से नहीं हट रहे है और आपकी जय का नारा लगा रहे है। गाँधी जी गेट पर आये और टाना भगतों का अभिवादन किया। शांत रहने की अपिल की और वे मान गये। गाँधी जी ने आश्वासन दिया कि वे धैर्य रखे और वे अगर किसी कारणवश अंदर नहीं जा सके तो उनके लिए खुले मैदान में ही भाषण करेंगे। थोडी देर बात करने के बाद गाँधी जी पंडाल के अन्दर चले गये और वहाँ उनकी संख्या जानने के बाद टाना भगतों के लिए फ्री पास भेजवाएँ। इस प्रकार टाना भगतों में पंडाल के अन्दर गए और गाँधी जी का भाषण सुना और दर्शन किया, फिर वापस लौट गए।

1940 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन रामगढ़ में हुआ था और इसके अध्यक्ष मौलाना अबुल कलाम आजाद थे। इस अधिवेशन में गाँधी, राजेन्द्र प्रसाद इत्यादि आये थे। टाना भगत इस अधिवेशन में पलामू से पैदल चलकर आये थे। इसमें प्रमुख लाला भगत, सोमा भगत, विश्वामित्र भगत और कदिया भगत थे जिन्होंने गाँधी जी को चार सौ रूपये की थैली दी।[14]

इस अधिवेशन में गाँधी जी ने रचनात्मक कार्यक्रम एवं अहिंसात्मक संघर्ष पर बल दिया।

राजेन्द्र बाबू ने स्वागत भाषण किया, पंडित नेहरू ने सत्याग्रह का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जिसका अनुमोदन आचार्यकृपलानी ने किया। इसी अधिवेशन में झारखण्ड के आदिवासियों की गरीबी हालाता को देखकर आदिवासियों की सेवा करने के लिए गाँधी जी ने ठक्कर बापा को कहा। ठक्कर बापा ने इनके आदेश को मान लिया और झारखण्ड के आदिवासियों के शिक्षा, स्वास्थ्य इत्यादि का कार्य प्रारम्भ किया।

1942 में भारत छोड़ों आन्दोलन में राँची के टाना भगत लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। भाग लेने के कारण आन्दोलन का यह प्रमुख क्षेत्र बन गया। टाना भगत अनेक वर्षों से उत्साह के साथ राष्ट्रीय कार्यो में भाग लेते थे। 17 अगस्त को राँची नगर में एक बहुत बड़ी जुलूस निकाली गई। लेकिन पुलिस ने उसे तितर–बितर कर दिया, कुछ व्यक्ति गिरफ्तार भी किए गए। 18 अगस्त को विशनपुर और चैनपुर थाना के टाना भगतों ने थाना को जला दिया। पुलिस ने बल प्रयोग कर टाना भगतों को तितर–बितर कर दिया और कुछ को गिरफ्तार कर लिया। 21 अगस्त को कुछ टाना भगतों ने सोनचिपी आश्रम, जिस पर पुलिस ने ताला लगा दिया था, को तोड़ दिया।

22 अगस्त को इटकी और टांगरबसली के बीच रेल की पटरियाँ उखाड़ी गई और चरका भगत फरार हो गए। किन्तु बाद में गुमला अनुमण्डल में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। अनेक टाना भगत माण्डर हाट में जमा हुए। श्री चमार भगत और गोआ भगत ने अपने भाषणों में लोगों से आन्दोलन को आगे बढ़ाने के लिए अपील की तथा सरकारी कर्मियों से इस्तीफा देने का अनुरोध किया। पुलिस ने इन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। 24 अगस्त को 4 टाना भगत बरमो डाक घर में प्रवेश कर गए और डाक कर्मचारियों को डाक का थैला छिन लिया। पुलिस ने टाना भगतों को गिरफ्तार कर लिया। ये लोग माण्डर थाना के सोस बाजार में इश्तेहार वितरित कर रहे थे, 28 अगस्त को बरमो थाना में कुछ टाना भगत प्रवेश करने का प्रयास किए पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 26 सितम्बर को अनेक टाना भगत इरगाँव हाट में जमा हुए वे चैनपुर थाना के दरोगा और डाक बाबू को अपने पदों से त्याग पत्र देने को कह रहे थे। पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया। 2 अक्टूबर को विशनपुर थाना अन्तर्गत गढ़ाकुजाम पाठ नामक स्थान पर भी बड़ी संख्या में टाना भगत एकतीत्र हुए, वे डुमरपात डाकबंगला पर आक्रमण करना चाहते थे। इनलोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 28 नवबर को टाना भगतों ने आन्दोलन को आगे बढ़ाने के आदेश के इश्तेहार वितरित करते हुए पकड़े गये।[15]

झारखण्ड के टाना भगत आन्दोलन का भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन में अह्म योगदान रहा है। टाना भगत और गाँधी जी दोनों सत्य एवं अहिंसा को मानते थे। भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के क्रम में महात्मा गाँधी कई बार झारखण्ड पधारे, टाना भगत गाँधी से प्रभावित होकर गाँधीमय हो गये। भारत आजाद हुआ, भूमि वापस के कानून बने, किन्तु इससे इन्हें विशेष लाभ नहीं हुआ।

# संदर्भ सूची


1. पाण्डे गया, ***भारतीय जनजातीय संस्कृति***, कंसैप्ट पब्लिशिंग कंपनी, नई दिल्ली, 2007, पृष्ठ– 406।
2. ***बिहार में स्वतंत्रता आन्दोलन का इतिहास***, खण्ड– 3, पृष्ठ– 198
3. सुधीर पाल, रणेन्द्र, ***झारखण्ड इन्साइकलोपीडिया***, हुल गुलानों की प्रतिध्वनियाँ, खण्ड– 1, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2008, पृष्ठ– 141–142
4. पाण्डे गया, ***भारतीय जनजातीय संस्कृति***, कंसैप्ट पब्लिशिंग कंपनी, नई दिल्ली, 2007, पृष्ठ– 62–63।
5. अनुज भुवनेश्वर, ***झारखण्ड के शहीद***, भुवन प्रकाशन, राँची, 2001, पृष्ठ– 66
6. हरविंश, ***झारखण्ड दिसुम मुक्तिगाथा और सृजन के सपने***, राजकमल प्रकाशन, प्र0 लि0, नई दिल्ली, 2002, पृष्ठ– 48
7. सिंह सुनील कुमार, ***झारखण्ड 2003***, रीडर्स कॉर्नर, पटना, 2002, पृष्ठ– 44
8. हरविंश, ***झारखण्ड दिसुम मुक्तिगाथा और सृजन के सपने***, राजकमल प्रकाशन, प्र0 लि0, नई दिल्ली, 2002, पृष्ठ– 48
9. तिवारी, राम कुमार, ***झारखण्ड की रूपरेखा***, शिवांगन पब्लिकेशन, राँची, 2004, पृष्ठ– 244
10. दत्त बलवीर, ***कहानी झारखण्ड आन्दोलन की***, क्राउन पब्लिकेशन्स, राँची, 2005, पृष्ठ– 63
11. वीरोतम बी0, ***झारखण्ड : इतिहास एवं संस्कृति***, बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी, पटना, 2013, पृष्ठ 352
12. के0 के0 दत्त, ***फ्रीडम मुवमेंट इन बिहार***, जिल्द– 1, पृष्ठ 332
13. सिन्हा, अनुज कुमार, ***महात्मा गाँधी की झारखण्ड यात्रा***, प्रभाव प्रकाशन, दिल्ली, 2019, पृष्ठ– 46, 47, 48
14. वीरोतम बी0, ***झारखण्ड : इतिहास एवं संस्कृति***, बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी, पटना, 2013, पृष्ठ 370
15. के0 के0 दत्त, ***बिहार में स्वतंत्रता आन्दोलन का इतिहास***, खण्ड– 3 बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी, पटना, 1975, पृष्ठ– 196, 197, 198

# आदिवासी चेतना एवं महात्मा गाँधी

**गीता रानी कुजूर***

आदिवासी देश के मूल निवासी माने जाने वाले तमाम आदिम समुदायों का सामूहिक नाम है। इस संदर्भ में यह विचारणीय है कि आदिवासी पद का 'आदि' उन समुदायों के आदिम युग तक के इतिहास का द्योतक है।[1] रमणिका गुप्ता के अनुसार– विशिष्ट पर्यावरण में रहने वाले, विशिष्ट भाषा बालने वाले, विशिष्ट जीवन पद्धति तथा परम्पराओं से सजे और सदियों से जंगलों, पहाड़ों में जीवन यापन करते हुए अपने धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को संभाल कर रखने वाले मानव–समूह[2] ही आदिवासी हैं। महात्मा गाँधी ने आदिवासियों को गिरिजन (पहाड़ पर रहने वाले लोग) कह कर पुकारा है।

चेतना कुछ जीवधारियों में स्वयं के और अपने आप–पास के वातावरण के तत्वों का बोध होने, उन्हें समझने तथा उनकी बातों का मूल्यांकन करने की शक्ति का नाम है। विज्ञान के अनुसार चेतना वह अनुभूति है जो मस्तिष्क में पहुँचने वाले अभिगामी आवेगों से उत्पन्न होती है। इन आवेगों का अर्थ तुरंत अथवा बाद में लगाया जाता है। चेतना को दर्शन में स्वयंप्रकाश तत्व माना गया है।

चेतना सामाजिक वातावरण के संपर्क से विकसित होती है। वातावरण के प्रभाव से मनुष्य नैतिकता, औचित्य और व्यवहार कुशलता प्राप्त करता है। इसे चेतना का विकास कहा जाता है। विकास की चरम सीमा में चेतना निज स्वतंत्रता की अनुभूति करती है। वह सामाजिक बातों को प्रभावित कर सकती है और उनसे प्रभावित होती है।

आदिवासी चेतना की जब हम बात करते हैं तो हमें यह स्पष्ट जानना होगा कि आदिवासी चेतना क्या है? इस बात को स्पष्ट करने के लिए मैं वंदना टेटे की पुस्तक ''आदिवासी दर्शन और साहित्य'' में यह चर्चा पाती हूँ कि– ''आदिवासी साहित्य कहेंगे किसे और इसके जवाब में एक ही बात लगातार आ रही है कि जिसमें आदिवासी दर्शन होगा। जब दलित साहित्य आया था तो उस वक्त भी सवाल उठा था कि दलित साहित्य किसे कहेंगे। इसका निष्कर्ष यही था कि जिसमें दलित चेतना होगी वही दलित साहित्य होगा।''[3] अतः हम आदिवासी चेतना को ही आदिवसी दर्शन के रूप में मान सकते हैं।

आदिवासी दर्शन में श्रेष्ठ और निकृष्ट का कोई विभाजन ही नहीं रहा है।[4] आदिवासी दर्शन प्रकृतिवादी है। आदिवासी समाज, धरती, प्रकृति और सृष्टि के ज्ञात–अज्ञात निर्देश, अनुशासन

---

*यू०जी०सी० नेट, शोधार्थी, स्नातकोत्तर इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची

और विधान को सर्वोच्च स्थान देता है। उसके दर्शन में सत्य–असत्य, सुंदर–असुंदर, मनुष्य–अमनुष्य जैसी कोई अवधारणा नहीं है न ही वह मनुष्य को उसके बुद्धि–विवेक अथवा 'मनुष्यता' के कारण 'महान' मानता है। उसका दृढ़ विश्वास है कि सृष्टि में जो कुछ भी सजीव और निर्जीव है, सब समान है। न कोई बड़ा है न कोई छोटा है। न कोई दलित है न कोई ब्राह्मण। सब अर्थवान है एवं सबका अस्तित्व एक समान है। चाहे वह एक कीड़ा हो, पौधा हो, पत्थर हो या कि मनुष्य हो। वह ज्ञान, तर्क, अनुभव और भौतिकता को प्रकृति के अनुशासन की सीमा के भीतर ही स्वीकार करता है, उसके विरूद्ध नहीं। अन्वेषण, परीक्षण और ज्ञान को आदिवासी दर्शन सुविधा और उपयोगिता की दृष्टि से नहीं देखता बल्कि धरती, प्रकृति और समस्त जीवजगत के साथ सहजीवी सामंजस्य और अस्तित्वपूर्ण संगति के बतौर देखता है। मानव की सभी गतिविधियों और व्यवहारों को, समूची विकासात्मक प्रक्रिया को प्रकृति व समष्टि के विरूद्ध नहीं, बल्कि उसके पूरक के रूप में देखता है। उन सबका उपयोग वह वहीं तक करता है, जहाँ तक समष्टि के किसी भी वस्तु अथवा जीव को प्रकृति और धरती को कोई गंभीर क्षति नहीं पहुँचती हो। जीवन का क्षरण अथवा क्षय नहीं होता हो आदिवासी साहित्य इसी दर्शन को लेकर चलता है।[5]

किसी भी समाज के पास जीने का अपना दर्शन होता है। इसी तरह से हमारे जो विभिन्न आदिवासी समुदाय हैं उनमें धरती और इस सृष्टि के हर सजीव और निर्जीव को देखने का अपना–अपना एक नजरिया है। विश्वदृष्टिकोण है। पुरखों ने भी जीने का एक तरीका खोजा था धरती, नदी–पहाड़ और जंगल–जमीन की यात्रा करते हुए। चिड़ियों के साथ रहते हुए। पशुओं के साथ रहते हुए, इस देखे और अनदेखे जगत और सृष्टि के साथ रहते हुए। उन्होंने अपनी यात्रा से अच्छी तरह से समझ लिया था। जीना है तो खुद से पहले जल, जंगल और जमीन के बारे में सोचना होगा। उन परिंदों का ख्याल करना होगा जो दुनिया भर की यात्राएँ आज भी करते हैं और एक इलाके का फल–फूल धरती के किसी और हिस्से में जा कर रोपते हैं। मतलब सामूहिक और सहजीविता के विचार पर चलना। तभी उनके जीवन में नाच–गान था, संगीत था और भरपूर आनंद था। एक स्वतंत्रता थी जिसे आप किसी दायरे में नहीं बांध सकते हैं।[6]

आदिवासी चिंतकों का मानना है कि ''आदिवासी साहित्य लेखन से ज्यादा वाचन एवं मुँहामुँही परम्परा में मौजूद है।[7] आदिवासी दर्शन में प्रकृति और पुरखों के प्रति आभार का भाव निहित होता है। आदिवासी समाज 'मैं' नहीं 'हम' में विश्वास करता है। वह सामूहिकता की बात करता है, 'हम' की चिंता करता है। आदिवासी समाज में प्रकृति की महत्ता युगों से रही थी। जीवन यापन के लिये प्रकृति के उपादन ही उनके अपने थे। यथा जल, जंगल, जमीन।

आदिवासी समुदाय में उराँव एक प्रमुख जनजाति रही है जो मुण्डा एवं अन्य प्रमुख जनजाति समुदाय के साथ छोटानागपुर में निवास करती थी।

उराँव जनजाति पूर्णतया कृषि प्रधान जनजाति है।[8] जो प्राचीन काल से ही कृषि एवं वन्य उत्पादों पर आश्रित रही थी। उराँवों ने ही मुण्डा तथा अन्य जनजातियों को कृषि का उत्तम

तरीका सिखाया। उराँवों के सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से समृद्ध होने के कारण मुण्डा छोटानागपुर खास के भीतरी भागों में सिमटते चले गये। उराँव छोटे–छोटे गाँवों में बसते गये और सामाजिक–राजनीतिक प्रतिनिधि संस्था के रूप में 'परहा' की स्थापना की। ये संस्थाएँ अपने–अपने इलाकों में शासन–सम्बधी कार्य करने लगी।

आदिवासी बहुल गाँवों की विकट स्थिति का जायजा लेते हुए सामाजिक जीवन के विश्लेषक एस.एन. चौधरी कहते हैं कि आदिवासी बहुल ग्रामों में विभिन्न आंतरिक और बाह्य, शासकीय एवं गैर–शासकीय हस्ताक्षेपों के कारण रहवासियों के सामाजिक एवं आर्थिक जीवन में परिवर्तन परिलक्षित हो रहा है।[9] यह भी प्रमाण मिलता है कि औपनिवेशिक युग के पूर्व आदिवासियों की अपनी स्वतंत्र सत्ता था। जल, जंगल, जमीन और प्रकृति के संसाधनों पर उनका अधिकार था।

12 अगस्त 1765 ई. को मुगल बादशाह शाह आलम द्वितीय से ''इंगलिश कम्पनी'' को बंगाल, बिहार और उड़ीसा की दीवानी (राजस्व प्रशासन) मिली।[10] इस प्रकार छोटानागपुर के क्षेत्र में भी अंग्रेजों का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष शासन कायम हुआ और इस क्षेत्र में अंग्रेजी शासन व्यवस्था के साथ ही गैर–आदिवासियों, जागीरदार और ठेकेदार आदिवासियों का शोषण करने और उनकी जमीन लूटने लगे। उनके संसाधनों पर जबरन कब्जा किया जाने लगा। सामान्य लोग सर उठाकर चल नहीं सकते थे। बेगारी आम बात थी उन्हीं दिनों अंग्रेज गवर्नर के आरामगाह के रूप में पलामू जिले की नेतरहाट उपत्यका को विकसित किया जा रहा था। पहाड़ों पर सड़क एवं बंगलो के निर्माण में आस–पास के लोगों का उपयोग बैलों तथा खच्चरों जैसा किया जा रहा था। जमींदारों तथा पुलिस की सांठ–गांठ से आम आदमी के साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा था। तत्कालीन अंग्रेजी कानून आदिवासियों की रक्षा समुचित ढंग से करने के लिए अपर्याप्त थे तथा कचहरी के कारबार जटिल होने के साथ–साथ आदिवासी उराँव और मुण्डाओं को सुरक्षा देने के बजाय उनके शोषण को ही बढ़वा दे रहे थे।

स्वाभाविक तौर से उराँव और मुण्डा के बीच असंतोष बढ़ता गया और समय–समय पर इस खुले अत्याचार के विरूद्ध उन्होंने विद्रोह किया।[11] जिसमें तमाड़, कोल व भूमिज विद्रोह तथा सरदारी लड़ाई में उराँव आदिवासी भी मुण्डाओं के साथ लड़े थे, पर इन आंदोलनों के केन्द्र में इनकी समस्याएँ प्रमुख तौर पर कभी नहीं रही। उराँव भी उन दिनों मुण्डा पड़ोसियों की तरह अपनी जमीनें खो रहे थे।

1902–1908 में छोटानागपुर में हुए सर्वे व सेटलमेंट कार्य से भी यह साबित हुआ था कि पश्चिमी छोटानागपुर में उराँव अपनी भूइंहरी जमीन के हाथ से निकल जाने के कारण बहुत पीड़ित थे।[12] उराँवों से भी अवैध वसूलियाँ की जा रही थी। इनसे भी वैसे ही बेगारी करवायी जाती थी। ऐसे समय में उराँवों के बीच जतरा उराँव का उदय हुआ।

सुविख्यात टाना भगत आन्दोलन के जनक जतरा उराँव का जन्म 1888 ई. में गुमला जिले के विशुनपुर प्रखण्ड के गाँव चिंगरी नवाटोली में हुआ था। इनके पिता का नाम कोहरा उराँव और

माता का नाम लिवरी उराँव था। इनका बचपन तो साधारण ढंग से बीता लेकिन छोटी उम्र में ही अलग स्वभाव स्पष्ट होने लगा था।

जतरा जब किशोरावस्था में पहुँचे तो वह मति झाड़फूँक (तंत्र–मंत्र) की विद्या सीखने के लिए नजदीक के हेसराग ग्राम के तुरिया भगत के यहाँ जाने लगे। यह विद्या सीखने वह चिंगरी से हेसराग आया–जाया करते थे। इसी क्रम में एक दिन वह एक वृक्ष पर चिड़िया का अण्डा उतारने के लिए चढ़े तो वह अण्डा नीचे गिरकर फूट गया। उसमें से जो तरल पदार्थ गिरा, उसको देखकर जतरा उरॉव को लगा कि यह तो जीव हत्या है। उसी दिन से उन्होंने जीवहत्या न करने का संकल्प किया। इस प्रकार सन् 1914 के अप्रैल माह में एक दिन जब जतरा मति सीखने जा रहे थे तो हेसराग के निकट गुरदाकोना पोखरा में स्नान करने के क्रम में उन्हें आत्मज्ञान हुआ और वह पानी से जब बाहर निकले तब उनका चेहरा चमक रहा था।[13] यह भी कहा जाता है कि वह अपने गुरू से ओझा विद्या सीखकर लौट रहा था तब उसे उराँवों के सबसे बड़े देवता 'धर्मेश' (सिंगबोंगा) ने दर्शन दिया। उसने उसे ओझा विद्या सीखने की मनाही की। उसने उसे भूत–प्रेतों में यकीन न करने, केवल एक ईश्वर में यकीन करने को कहा। जतरा उराँव को यह अहसास हुआ कि वह और उसका समाज कई अंधविश्वासों व बुराईयों में फंस गया है। उनको अब 'धर्मेश' ही बाहर 'टान' सकता है अर्थात् निकाल सकता है। उसने मंत्र गाया।

''टाना, बाबा, टाना, भूतनि के टाना
टाना, बाबा, टाना, टान, टुन टाना''[14]
अर्थात् 'हे परमपिता! खींचो बाबा खींजो, भूतों से दूर हमें खींचो
हे परमपिता! खींचों बाबा खींजो, चारो तरफ भूत छिपे हैं, खींचो।'

उसने धर्मेश का आदेश चारों तरफ फैला दिया कि वे भूत–प्रेत व बलि देने की प्रथा पर यकीन न करें। उसने लोगों को मांस–मदिरा से दूर रहने का उपदेश दिया। अहिंसा का पाठ पढ़ाया। उसने यहाँ तक कहा कि खेतों में हल न चलाया जाए, इससे जानवरों को कष्ट होता है।[15] इन्होंने समझा कि यदि तंत्र–मंत्र से बड़ी–बड़ी बिमारियाँ ठीक हो सकती है, लोगों का आत्मविश्वास लौट सकता है तो क्यों न इसके माध्यम से समाज में व्याप्त अत्याचार रूपी बीमारी को भी ठीक किया जाय। अंग्रेजी राज के अत्याचार, जमींदारों द्वारा बेगारी, समाज में फैले अंधविश्वास एवं नाना प्रकार की कुरीतियों से पीड़ित आदिवासी समुदाय को सन्मार्ग दिखाने का संकल्प लेकर युवा जतरा उराँव अब जतरा भगत बन गया। इस तरह टाना भगत–ओन्दोलन की शुरूआत अप्रैल 1914 ई. में हुई। वस्तुतः टाना भगत उराँवों की ही एक शाखा है जिसने कुड़खों के मूल धर्म कुडूख धर्म को अपना लिया है। 'टाना' शब्द का अर्थ है– टानना या खींचना। टाना भगत अपनी गिरी हुई स्थिति से खिन्न थे और इसमें परिवर्तन लाना चाहते थे। उन्होंने समझा कि अपनी स्थिति सुधारने का एकमात्र तरीका था ईश्वर की आज्ञा मानना और उससे तादात्म्य स्थापित करना। ईश्वर से तादात्म्य स्थापित करने का सही मार्ग था– सभी अपवित्र वस्तुओं का परित्याग कर दिया जाए जिन्हें वे अशुद्ध समझते थे और जादू–टोना का विरोध किया।

गाँव से भूत भगाने के क्रम में, रात के अंधेरे में अकस्मात् जो एक 'हल्ला' शुरू होता था, जमींदार एवं अन्य धनी–मनी लोग भयाक्रान्त हो जाते थे। उन्हें लगता था कि उग्र आदिवासियों की यह भीड़ उनकी ओर चली आ रही थी उन्हें समझ में यह नहीं आया था कि यह भूत भगाने का कार्यक्रम था। गाँव के एक छोर से दूसरे छोर तक धनुषाकार रूप में एक मानव श्रृंखला सामने के कल्पित भूत को हाँकते हुए दूर तक खदेड़ देते थे। इनके हंगामा और शोर से जमींदार की कोठी थर्रा जाती थी। जतरा ने लोगों से कहा कि ईश्वर नहीं चाहता कि लोग जमींदारों, अन्य धर्मावलंबियों तथा गैर–आदिवासियों के यहाँ कुलियों एवं मजदूरों का काम करे। उसने घोषणा की कि ईश्वर ने उसे जनजातियों का नेतृत्व सौंपा है। उन्हें समझाने को कहा है कि वे धर्मेश की पूजा करें क्योंकि इसी से उनकी इच्छाएँ पूर्ण होगी। इस तरह उसने उन विचारों को व्यक्त किया जो आदिवासियों के मानस को काफी समय से उद्वेलित कर रहे थे।

टाना भगत आंदोलन जंगल में आग की भाँति पूरे उराँव क्षेत्र में धीरे–धीरे फैल गया। आदिवासियों ने जमींदारों तथा अन्य गैर–आदिवासियों का काम करने से इंकार कर दिया। जतरा भगत को अपने अनुययियों को श्रमिकों के रूप में कम करने से मना करने के कारण गुमला सब–डिविजनल मजिस्ट्रेट के कोर्ट में अपने सात अनुयायियों के साथ उपस्थित होना पड़ा।[16] 1916 ई. में जतरा भगत को एक वर्ष की सजा हुई और बाद में उसे इस शर्त पर छोड़ा गया कि वह अपने नये सिद्धांतों का प्रचार नहीं करेगा और शांति बनाये रखेगा। किन्तु जेल में मिली घोर प्रताड़ना के फलस्वरूप जेल से बाहर आने के दो मास के भीतर ही उसकी मृत्यु हो गयी। इस तरह जतरा भगत नेपथ्य में चला गया किन्तु उसका आन्दोलन फलता–फूलता रहा।

जतरा किसी जनजातीय विद्रोह या देश के स्वतंत्रता संग्राम से सम्बन्धित नहीं था अपितु उसकी लड़ाई उन सामाजिक कुरीतियों, भूत–प्रेत के अन्ध–विश्वासों एवं उन अत्याचारों के विरूद्ध थी जो जनजातियों का शताब्दियों से शोषण कर रहा था। बीस वर्षीय जतरा के युवा मन में उठते ये विवाद जन–समर्थन के कारण एक 'आन्दोलन' का रूप ग्रहण कर चुके थे। सामाजिक, धार्मिक तथा शोषण के विरूद्ध आर्थिक सुधार का यह तृपक्षीय आन्दोलन जितना ही उराँव जनजाति में लोकप्रिय हो रहा था उतना ही जमींदारों, ठीकेदारों एवं अंग्रेजी सरकार के लिए चिन्ता का विषय होता जा रहा था।[17]

महात्मा गाँधी, जिन्हें लोग प्यार से बापू (राष्ट्रपिता) कहते हैं, भारतीय राजनैतिक मंच पर 1919 से 1948 तक इस प्रकार छाए रहे हैं कि इस युग को भारतीय इतिहास का गाँधी युग कहा जाता है। शांति और अहिंसा के दूत गाँधी का संदेश समस्त विश्व के लिए है और उससे मानव जाति प्रभावित हुई है।[18] दक्षिण अफ्रीका से वापस आने के बाद महात्मा गाँधी जी वर्ष भर देश का दौरा किया। सबसे पहले बिहार के चम्पारन जिले के किसानों ने आकर गाँधीजी से शिकायत की कि वहाँ के अंग्रेज जमींदार उनपर बड़ा अत्याचार करते हैं। गाँधी जी स्वयं चम्पारण जाकर जाँच की और किसानों की शिकायतें सरकार के सामने रखीं।[19] महात्मा गाँधी जब 4 जून, 1917 को चम्पारण के किसान आंदोलन का नेतृत्व करने गये थे तब राँची में गवर्नर E.A. Gate से मिले

तभी राँची के लोगों से महात्मा गाँधी को विभिन्न आदिवासी समुदायों के आंदोलन की जानकारी मिली जैसे बिरसा मुण्डा के उलगुलान, 1912 में गठित ''छोटानागपुर उन्नति समाज'' के सुधारवादी माँगों, टाना भगतों के अनोखे आंदोलन और अहिंसक सत्याग्रह।

महात्मा गाँधी 1918 में जब राँची में आए उस समय के उत्साही कार्यकर्त्ताओं ने टाना भगतों को गाँधी जी से मिलवाया तो गाँधी जी को हर्ष मिश्रित आश्चर्य हुआ कि जिस प्रकार के अहिंसामय–असहयोगात्मक आन्दोलन की रूपरेखा उनके दिमाग में है, उसे इन जनजातीय टानाओं ने स्वरूप पहले से ही दे रखा है। तभी से स्वतंत्रता आन्दोलन और टाना भगत आन्दोलन अपने चारित्रिक विशेषताओं के बीच आश्चर्यजनक समानता के कारण दोनों ही एक भाव से अंग्रेजों के विरूद्ध लड़ाई में भिड़ गए।[20]

12 फरवरी 1921 को कुडू में लगभग 8000 टाना भगत एकत्रित होकर सभा किए। अब उनका अहिंसक धार्मिक, सामाजिक–सांस्कृतिक एवं स्वतंत्रता आंदोलन परवान चढ़ाने लगा था। उस समय अंग्रेज पुलिस सुपरिटेंडेंट ने अपनी रिपोर्ट में इनके आन्दोलन पर तत्काल रोक लगाने पर बल दिया था। 19 मार्च 1921 को अंग्रेज उपायुक्त ने छोटानागपुर के आयुक्त को अपनी रिपोर्ट में लिखा कि टाना भगत आंदोलन और गाँधी के आन्दोलन के मिल जाने से समस्याएँ बढ़ती जा रही हैं। जुलाई 1921 में जब कांग्रेस ने विदेशी कपड़ों के बहिष्कार करने का आह्वान किया तब टाना भगत सबसे आगे थे। दिसम्बर 1921 में गया में कांग्रेस की राष्ट्रीय बैठक हुई उसमें गाँधी जी सहित कांग्रेस के उच्चस्तरीय नेता उपस्थित थे। उसमें टाना भगतों ने भाग लिया। कुछ ने तो पैदल ही राँची से गया तक यात्रा की थी। इस बैठक में भाग लेने के बाद टाना भगत पूर्ण रूप से भारत के राष्ट्रीय स्वाधीनता आन्दोलन से जुड़ गए। ये टाना भगत रामगढ़ कांग्रेस, गया कांग्रेस में भाग लिए तथा समय–समय पर कांग्रेस ने जो भी रणनीति अंग्रेजों के विरूद्ध बनाई उसके क्रियान्वयन में टाना भगतों ने पूर्ण सहयोग किया। कांग्रेस के विदेशी कपड़ों के बहिष्कार तथा खादी कपड़ा पहनने के आह्वान स्वरूप इन लोगों ने अपने हाथों चर्खे पर सूत कातकर स्वनिर्मित खादी का उपयोग शुरू कर दिया था। सरदार पटेल के नेतृत्व में बारदोली (गुजरात) में किसानों द्वारा मालगुजारी न देने के सत्याग्रह जैसा इन टाना भगतों ने भी अंग्रेज सरकार को मालगुजारी नहीं देने का अपनी माटी में भी सफल प्रयोग किया, हालाँकि उनको इस आन्दोलन की बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। इनकी जमीनें मालगुजारी, न देने के कारण अंग्रेजों ने नीलाम कर दी तब भी इनका अहिंसक आन्दोलन जारी रहा। ये कहते थे कि गाँधी बाबा का राज होगा तभी हम अपनी जमीन वापस लेंगे। चाहे वह 1940 का रामगढ़ कांग्रेस हो या 1930 का अवज्ञा आन्दोलन हो या 1942 का भारत छोड़ो आन्दोलन हो सभी में टाना भगतों ने उत्साहपूर्वक एवं सक्रिय रूप से भाग लिया। हजारों की संख्या में जेल गए।[21]

टाना भगत आन्दोलन जो वास्तव में सुधारवादी, शुद्ध सरल, सादगी जीवन स्वावलम्बन तथा उन्नत चरित्र का द्योतक था इसके पीछे आध्यात्मिक दृष्टि रही थी। जो उराँव जनजाति के चेतना में सदियों से रही थी। जैसे– स्वच्छदंता, प्रकृति प्रेम, भूमि से लगाव, सामुहिकता, पड़हा व्यवस्था,

समानता की भावना आदि। जब अंधविश्वास, सामाजिक कुरीति, आर्थिक शोषण तथा स्वायत्तता की बात आई तो इस जनजातिय समाज में जागरूकता टाना भगत आंदोलन के रूप में प्रकट हुआ किन्तु यदि हम इस आन्दोलन के राष्ट्रीय चरित्र की बात करे तो गाँधी जी के सम्पर्क में आने के बाद ही यह आन्दोलन राष्ट्रीय पटल पर उभर कर सामने आया। राष्ट्रीय स्वतंत्रता के प्रति आकर्षण एवं चेतना गाँधी जी के सम्पर्क एवं प्रेरणा के कारण ही दिख पड़ती है।

## संदर्भ सूची :


1. मीणा, गंगा सहाय (संपा.), *आदिवासी साहित्य विमर्श,* अनामिका पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीव्यूटर्स (प्रा०) लिमिटेड, दिल्ली, 2014, पृ.19
2. गुप्ता, रमणिका, *आदिवासी कौन,* राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, 2008, पृ. 27
3. टेटे, वंदना (संपा.), *आदिवासी दर्शन और साहित्य,* विकल्प प्रकाशन, दिल्ली, 2016 पृ. 74
4. वही, पृ. 74
5. वही, पृ. 33
6. वही, पृ. 51–52
7. यादव, वीरेन्द्र सिंह, *आदिवासी विमर्श, स्वस्थ्य जनतांत्रिक मूल्यों की तलाश,* पैसेफिक पब्लिकेंशन, दिल्ली, 2012, पृ. Xiii
8. उराँव, प्रकाश चन्द्र, *उराँव,* बिहार जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, राँची, 1993, पृ. 10
9. विश्वकर्मा, विनोद ;संपा.द्ध, *हिन्दी उपन्यास और आदिवासी चिन्तन (संघर्ष, सपने और चुनौतियाँ एवं 21 वीं सदी),* अनंग प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 157
10. वीरोत्तम, बी., *झारखण्ड : इतिहास एवं संस्कृति,* बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी, पटना, पृ. 97
11. तिर्की, बोनीफास, *प्रसन्न मुख उराँव,* नवज्योति निकेतन, पटना, 1989, पृ.14
12. मीणा, केदार प्रसाद, *आदिवासी विद्रोह, विद्रोह परम्परा और साहित्यिक अभिव्यक्ति की समस्याएँ (विशेष संदर्भ–संथाल 'हूल' और हिन्दी उपन्यास),* अनुज्ञा बुक्स, दिल्ली, 2015, पृ. 120–121
13. रणेन्द्र, पाल, सुधीर, *झारखण्ड इन्साइक्लोपीडिया (खंड–1) हुलगुलानों की प्रतिध्वनियाँ,* वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2008, पृ. 216
10. जंगल गाथा, (मासिक पत्रिका) विकास भारती राँची, अंक—5, जनवरी 2019 पृ 11।
11. जे.वी. आर.एस., जिल्द XII / खंड I-II (1959), एस.पी. सिन्हा, ''द फर्स्ट बिरसाइट अपराइजिंग'' पृ. 402।
12. झारखण्ड :— इतिहास एवं संस्कृति; उपरोक्त; पृ. 348।
13. के.के. दत, हिष्ट्री आफ द फ्रीड्म मूवमेंट इन बिहार 3 भाग, जिल्द पटना 1957 पृ. 332
14. एच. एल. पाण्डेय, गाँधी, नेहरू टैगोर एवं अम्बेडकर, प्रयाग पुस्तक भवन, इलाहाबाद, पृ. 22।
15. डॉ. गिरिराज शरण, संपादक गाँधीजी ने कहा था, प्रतिभा प्रतिष्ठान, नई दिल्ली, 1948, पृ. 30।
16. झारखण्ड : इतिहास एवं संस्कृति, उपरोक्त, पृ. 359।
17. हिष्ट्री आफ द फ्रिडम मुवमेंट इन बिहार, पटना 1957 खंड 2, पृ. 13—14।
18. एन. मिश्रा, हिस्ट्री ऑफ द फ्रीडम मूवमेंट इन छोटानागपुर, पृ. 93।
19. पट्टाभि सीतारमैया, हिस्ट्री ऑफ इंडियन नेशनल कांग्रेस खंड—2 नई दिल्ली 1969, पृ. 166—167।
20. पी.एन. ओझा (सं.) छोटानागपुरः पास्ट एण्ड प्रेजेंट, राँची, 1964, पृ. 9।
21. आर. आर. दिवाकर, बिहार थ्रू द एजेज, अरियंट लॉग्मैन प्राइवेट लिमिटेड, कलकता, 1959, पृ. 670।

# असहयोग आन्दोलन और महात्मा गाँधी

**मोहित कुमार लाल***

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में महात्मा गाँधी ने जो पहला देशव्यपी प्रयोग किया उसे असहयोग आन्दोलन की संज्ञा दी गयी है। यह अखिल भारतीय जनचेतना का व्यापक प्रदर्शन था। इसने यह संदेश दिया कि अब भारतीय ब्रिटिश दासता के बंधन को काटने के लिए किसी भी सीमा तक त्याग करने हेतु तत्पर है। आम भारतीय किसान और मजदूर पुरूष और महिला यहाँ तक की बालक भी भारत माता की जय के नारों के साथ पुलिस के सामने लाठी खाने को तैयार थे। ब्रिटिश शासन का आधार पुलिस का भय था। महात्मा गाँधी ने असहयोग के माध्यम से भारतीयों के मन से इस भय को ही समाप्त कर दिया। असहयोग आन्दोलन का मुख्य उदेश्य और उपलब्धि यही थी इसने सोये हुए राष्ट्र को झकझोर का उठा दिया जो जागृति स्वतंत्रता पाने तक कायम रही। गाँधी जी के अनुसार ''देश की स्वाधीनता इसलिए जरूरी थी क्योंकि जब तक स्वायत्त राज्य के जरिए व्यक्तिगत स्वतंत्रता नहीं प्राप्त होती तब तक सत्य और अहिंसा की प्रतिष्ठा के लिए अनिवार्य परिवेश नहीं उत्पन्न किया जा सकता था।''[1]

महात्मा गाँधी का जीवन एक प्रयोग था। वे किसी निश्चित दर्शन या विचार के साथ सार्वजनिक जीवन में नहीं आये थे। उन्होंने परिस्थितियों के अनुकुल अपने शस्त्रागार में नये–नये शस्त्र जोड़े। जब वे दक्षिण अफ्रीका में अन्दोलनरत हुए तब उनका उदेश्य दक्षिण अफ्रीका में भारतीयो के न्याय दिलाना था। वहाँ भारतीयों को गिरमिटिया की संज्ञा दी जाती थी। उन्हें वहाँ समान्य नागरिक अधिकार तक नहीं थे। एक शिक्षित बैलिस्टर के लिए यह स्थिति उसके स्वाभिमान को ठेस पहुचती थी। यही कारण था कि महात्मा गाँधी वकालत छोड़कर जननायक बन गये और 22 वर्ष (1893–1915) तक दक्षिण अफ्रीका में रहे। ''दक्षिण अफ्रीका में उन्होंने वहाँ बसे भारतीयों के राष्ट्रीय सम्मान और मानव अधिकारों की रक्षा के लिए एक अभूतपूर्व आन्दोलन का नेतृत्व किया था।''[2]

9 जनवरी 1915 में महात्मा गाँधी भारत पहुँचे, इस समय तक गाँधी जी ब्रिटिश न्याय प्रणाली पर विश्वास रखते थे। प्रथम विश्वयुध में उन्होने ब्रिटिश शासन के न्यायप्रियता में आस्था रखते थे। इसी कारण उन्होंने प्रथम विश्वयुध में ब्रिटिश शासन का सर्मथन किया। सरकार ने उन्हें कैसर–ए–हिन्द'' की उपाधि देकर सम्मानित किया। महात्मा गाँधी का भ्रम ब्रिटिश न्यायप्रियता पर प्रथम विश्वयुध का अंत होते–होते टुटने लगा।

---

*सहायक प्रध्यापक सुरज सिंह मेमोरियल कॉलेज, राँची

1919 में मांटेग्यु धोषण (अगस्त 1917) के अनुरूप भारतीय स्वशासन अपेक्षा कर रहे थे, किंतु ब्रिटिश सरकार ने भारत सुरक्षा अधिनियम (रॉलैट एक्ट) का तौहफा दिया जिस अधिनियम को समान्यतः भारतीय काला कानून के रूप में पुकारते थे। इसे ना वकील, ना दलील, ना अपील की संज्ञा दी गयी थी। ''यह कानून विशेष न्यायालयों की और (राज्यद्रोहात्मक घोषित की गई सामग्री रखने मात्र पर भी) किसी को बिना मुकदमा चलाए वर्षों तक बंदी रखने की व्यवस्था के द्वारा युद्ध काल में नागरिक अधिकारों पर लगाए गए प्रतिबंधों को स्थायी बनाने का एक प्रयास था।''[3] इस अधिनियम के विरूद्व गाँधी जी ने सर्वप्रथम राष्ट्रीय स्तर पर सत्याग्रह का प्रयोग किया।[4] किंतु उस समय सूचना तंत्र के कमजोर होने के कारण 6 अप्रैल की तिथि की सूचना पंजाब तक नहीं पहुँची। पंजाब में जनहिंसा फैल गयी। महात्मा पंजाब जाना चाहते थे, किंतु उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इस समय तक भी महात्मा गाँधी असहयोगी नहीं हुए थे, उन्होंने माना था कि सत्याग्रह का आहवाहन उनकी भूल थी। इसके पश्चात् धटनाओ का क्रम इतनी तेजी से परिवर्तित हुआ कि असहयोग के विचार हेतु महात्मा विवश हो गये थे। 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग हत्याकांड हुआ हटर अयोग ने अपनी जाँच प्रतिवेदन में जनरल डायर को दोष मुक्त कर दिया और केवल 379 मृत्यु की पुष्टि की इससे ब्रिटिश न्यायप्रणली और उनकी निष्पक्षता संदिग्ध हो गयी। उन्होने भारतीय मुसलमानो के साथ भी विश्वासघात किया और ओटोमन खलिफा को अपमानित किया। सेब्र की संधि (20 अगस्त 1920) के अनुसार उसके साम्राज्य को लगभग समाप्त कर दिया गया। मक्का—मदिना जैसी पवित्र भूमि खलीफा से ले गयी। भारतीय मुसलमान ब्रिटिश वचन भंग से उद्वेलित थे। देश में आन्दोलन का वातावरण था अबतक महात्मा गाँधी चम्पारण सत्याग्रह 1917, खेड़ा सत्याग्रह 1918, और अहमदबाद सुती मिल मजदूर हड़ताल 1918 में शामिल होकर लोकप्रिय भी हो चुके थे और भारतीय जनमानस को समझने भी लगे थे। महात्मा गाँधी ने भारतीयों के जन आसंतोष को एक राजनीतिक आन्दोलन में परिणित करने का निश्चय किया। उन्होंने 1920 में असहयोग आन्दोलन का प्रस्ताव रखा। वस्तुतः खिलाफत कमिटि ने 1 अगस्त 1920 ई0 में ही असहयोग आन्दोलन प्रारंभ कर दिया था।[5] महात्मा गाँधी खिलाफत कमिटी से नजदीक से जुड़े थे। उन्होंने जामा मस्जिद से जनसभा को सम्बोधित भी किया था, महात्मा गाँधी ने यह आस्वासन भी दिया कि यदि असहयोग आन्दोलन के कार्यक्रमो का इमानदारी से अवलंबन किया जाए तब एक वर्ष में ब्रिटिश भारत से चले जाऐंगे। कांग्रेस के परपरागत नेतृत्व ने असहयोग के विचार का प्रतिरोध किया। लाला लाजपत राय, मोतीलाल नेहरू और मालवीय जैसे जननायक गाँधी जी से सहमत नहीं थे। 1920 के सितंबर माह में कांग्रेस का विशेष अधिवेशन लाला लाजपत राय के नेतृत्व में कलकत्ता में आयोजित हुआ, जिसमें असहयोग का प्रस्ताव बहुमत से पारित हो गया। आन्दोलन अगस्त 1920 से ही प्रारंभ हो चुका था।[6]

इस आन्दोलन के दो प्रकार के कार्यक्रम थें, प्रथम रचनात्मक कार्यक्रम एवं द्वितिय ध्वंसात्मक कार्यक्रम।

रचनात्म्क कार्यक्रम में तीन कार्यक्रम प्रमुख थे।

1. तिलक स्वराज फंड में एक करोड़ रूपया जमा करना,

2. 50 लाख चरखो का वितरण

3. 1 करोड़ सदस्य बनाने के लिए और सदस्यता शुल्क को इस हेतु 25 पैसा वार्षिक कर दिया गया।

यह भी निश्चित हुआ था कि कांग्रेस के संविधान में संसोधन किया जाए। संसोधन के अनुसार अब कंग्रेस का लक्ष्य शंतिपूर्ण तरीके से स्वशासन पाना था।

ध्वंसात्मक कार्यक्रमों में तीन C का बहिष्कार मुख्य कार्यक्रम था, College, Court and Councill। इसके अतिरिक्त विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार, नशीली वस्तुओं का बहिष्कार तथा स्वदेशी का उपयोग इत्यादि। मांटेग्यु चैम्सफोर्ड सुधारों के अंतगर्त कौसिल का चुनाव होने वाला था। कांग्रेस ने इसका बहिष्कार किया जिसके चलते देश भर में अतः कौसिल का चरित्र राष्ट्रीय नहीं बन सका।

देश भर के जन मानस ने इन धरणा और प्रदर्शनों में भाग लिया। इसे आन्दोलन की सबसे बड़ी विशेषता महिलाओं का आन्दोलन में शमिल होना था पहली बार घर की बहन बेटीयो ने चौखट पार की विदेशी वस्तुओं की दुकानी के बाहर धरना देने में इनका मुख्य योगदान था। विदेशी शराब की बिक्री में भारी कमी आयी। 1920–21 में आबकारी कर में 42 प्रतिशत का नुकसान हुआ विदेशी वस्तुओं की (विशेषकर कपड़ो) की होली जलाई गयी।

स्वदेशी और बहिष्कार का विचार कोई नया नहीं था 1905 में बंगाल विभाजन के विरूद्व भी यह आन्दोलन चलाया गया था। किंतु वह देश के एक विशेष क्षेत्र तक सीमित था असहयोग आन्दोलन का दायरा बहुत विशाल था। यह बंगाल से बम्बई और केरल से बलुचिस्तान तक फैला हुआ था। इस काल में अनेक प्रतिष्ठित वकिलो ने कोर्ट का बहिष्कार किया। जिनमें मोती लाल नेहरू, सी0 आर0 दास, विळल भाई पटेल, बल्लभ भाई पटेल, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद और प0 नेहरू जैसे लोग शामिल थे। लाखों छात्रों ने कॉलेज छोड़ दिया इन्हें वैक्लपिक शिक्षा देने हेतू काशी विद्यापीठ, गुजरात विद्यापीठ, बिहार विद्यापीठ और जामिया मिलिया इस्लामिया की स्थापना हुई।[7] डाॅ जाकिर हुसैन ने पहले अलिगढ़ में जामिया की स्थापना की थी कालांतर में इसे दिल्ली हस्तांतरित कर दिया गया।

यह आन्दोलन महात्मा गाँधी के नेतृत्व में अत्यंत तीव्रता से प्रारम्भ हुआ। दिसम्बर में कांगेस का वार्षिक अधिवेशन नागपुर में हुआ इसमें महात्मा गाँधी के कार्यक्रमों को स्वीकार्य का लिया गया।[8] इस समय सबसे अधिक आन्दोलन को समर्थन तिलक द्वारा स्थापित होमरूल लीग के कार्यकत्ताओं से मिला। इनमें इदुलाल यागनिक, शंकरलाल बैकर जैसे जननायक प्रमुख थे।

भारतीय उद्योगपतियों ने भी इस आन्दोलन को नैतिक सर्मथन दिया। स्वदेशी प्रचार से इन्हें भी व्यपारिक लाभ की संभावना थी। इसके अतिरिक्त गाँधी के नेतृत्व में एक नयी फौज खड़ी हुई, इनमें अली बंधु, डॉ0 एम0 ए0 अन्सारी, डॅा0 राजेन्द प्रसाद पटेल बंधु, सुभाष चंद्र बोस, पंण्डित नेहरू इत्यादि प्रमुख थे।

1921 के मार्च माह में कांग्रेस के कार्यकारिणी का विशेष सत्र विजयवाड़ा में आयोजित हुआ जिसमें आन्दोलन के प्रगति की समीक्षा की गयी। तिलक स्वराज फंड की स्थिति लक्ष्य से आगे निकल गई। किंतु चरखा केवल 10 लाख ही बंटी थी[9] जिससे खादी ग्राम उद्योग कार्यक्रम सुस्त पड़ रहा था। कांग्रेस ने आन्दोलन को अधिक लोकाप्रिय बनाने का कार्यक्रम बनाया देशभर में सभाऐं आयोजित होने लगी। स्थानीय समिति संगठित कि गयी। कांग्रेस की संगठनात्मक ठांचे को परिवर्तित किया गया वर्ष भर संगठन चलाने के लिए केन्द्र से गाँव तक कार्यकारिणी समीतियाँ बनाई गयी जन भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए प्रभाव फेरियाँ, स्थनिय संगोष्ठियाँ आयोजित हुई। खादी को राष्ट्रीय पोशाक बना दिया गया। इस संदर्भ में एक विशेष घटना का उल्लेख प्रासंगिक है। मदुरैय में जब महात्मा गाँधी खादी पहनने का आहवाह्न का रहे थे तब किसी ने कहा की खादी मंहगी है तब गाँधीजी ने कहा की कम वस्त्र पहनो उसी समय महात्मा गाँधी ने अपना कुर्ता उतार दिया और धोती आधा फाड़ दिया इसके बाद जीवन भर गाँधी ने यही वस्त्र धारण किए रखा।

दिसम्बर 1921 में कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन अहमदाबाद में हुआ यहाँ यह निश्चित हुआ कि गुजरात के बारदोली में कर नहीं देने का आन्दोलन महात्मा गाँधी समय अनुसार प्रारम्म कर सकते है। इस समय उत्तर प्रदेश में बाबा रामचन्दर के नेतृत्व में किसान आन्दोलन चल रहा था गुन्टुर (आन्ध्रप्रदेश) में कर नहीं देने का आन्दोलन प्रारम्भ हो चुका था।

इसी समय 5 फरवरी 1922 को चौरा–चोरी में एक दुःखत घटना घटी। उग्र भीड ने 22 पुलिस कर्मियाँ को जिंदा जला दिया, इससे महात्म गाँधी आहत हो गये। इससे उन्होने 12 फरवरी 1922 को आन्दोलन वापस ले लिया।[10] गाँधीजी का कहना था कि देश असहयोग आन्दोलन के लिए तैयार नहीं है, अभी जनमानस को सत्माग्रह और अहिंसा के लिए मानसिक तौर पर तैयार करने के लिए और अधिक प्रशिक्षण की आवश्यकता है। महात्मा को छोड़कर सभी राष्ट्रीय नेताओ ने गाँधी की इस कदम की अलोचना की। उनका कहना था कि एक छोटे से जनसमूह की गलती की सजा ऱाष्ट्र को नहीं दी जानी चाहिए थी। किंतु यह ध्यान देने योग्य है कि यह हिंसा की एकमात्र घटना नहीं थी। इसके पूर्व ही बम्बई में प्रिंस ऑफ वेल्स के आगमन के समय हिंसा हो चुकी थी। केरल का मोपला विद्रोह संप्रदायिक रंग ले चुका था।

इतिहासकारों ने विशेषकर वामपंथियों ने गाँधी की व्यापक आलोचन की है। उन्हें साम्राज्यवादियों का दलाल, पूँजीपतियों का एजेन्ट कहा गया। आर0 पी0 दत0 ने अपनी पुस्तक 'आज का भारत' में कहा है कि गाँधी बुर्जुवा वर्ग के नेता थे और जब उन्हें लगा की सर्वहारा

वर्ग पर नियंत्र कर लेगे तब उन्होंने आन्दोलन रोक दिया।[11] इसे संदर्भ में विपिन चन्द्र की व्याख्या अधिक तथ्यपप्ख और प्रासंगिक है कि एक वर्ष में स्वराज का वादा पूरा होता दिखाई नहीं दे रहा था, छिटपुठ हिंसा का बहना बनाकर आन्दोलन को दबया जा सकता था। अतः गाँधी जी ने आन्दोलन स्थगित कर दिया। वस्तुतः महात्मा गाँधी जन आन्दोलन के कुशल पारखी थे वे जानते थे कि जन आन्दोलन निरंतर नहीं चलाया जा सकता। उसमें ठहराव आवश्यक है जनता के त्याग की सीमा असीमित नहीं होती, इस आन्दोलन की सफलता इस तथ्य से प्रमाणित है कि जब आन्दोलनकारी जेल से छूटे तब उनके कंधे झुके हुए नहीं थे, वे उन योद्धाओ की तरह घर लौट जो युद्ध में जीत कर घर आते है।

## सदर्भ सूची


1. ताराचन्द, ***भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन का इतिहास***, तीसरा खण्ड, प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली, 1982, पृष्ठ सं0– 501
2. वही, पृष्ठ सं0– 500
3. सरकार, सुमित, ***आधुनिक भारत, राजकमल प्रकाशन***, नई दिल्ली, 2010, पृष्ठ सं0– 207
4. वही, पृष्ठ सं0– 207
5. चन्द्र विपिन, ***आधुनिक भारत का इतिहास***, ओरियंट ब्लैकस्वॉन, नई दिल्ली, 2010, पृष्ठ सं0' 287
6. चन्द्र विपिन, ***स्वतंत्रता संग्राम***, नेशनल बुक ट्रस्ट, नई दिल्ली, 1972, पृष्ठ सं0– 131
7. छाबड़ा, जी0एस0, ***आधुनिक भारतीय इतिहास***, खण्ड– 3, बैंग्लोर, 1989, पृष्ठ सं0– 16
8. चन्द्र विपिन, ***भारत का स्वतंत्रता संघर्ष***, हिन्दी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय, नई दिल्ली, 1991, पृष्ठ सं0– 156
9. वही, पृष्ठ सं0– 158
10. ग्रोवर, बी0एल0, ***आधुनिक भारतीय इतिहास***, एम0 चन्द्र पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 1994, पृष्ठ सं0– 441
11. दत्त, आर0पी0, ***आज का भारत***, टुबनर कंपनी, लंदन, पृष्ठ सं0– 115

# राष्ट्रीय आन्दोलन में गाँधी जी के दर्शन के साथ टाना भगतों का योगदान

**बिजय पिंगुवा***

राष्ट्रीय आन्दोलन में टाना भगतों की भागीदारी पुनरूत्थानवादी आन्दोलन के साथ और उसके बाद हुई। पुनरूत्थानवाद के कुछ टाना भगत समर्थक भारतीय राष्ट्रीय आन्दोन में प्रमुख रूप से शामिल थे। उनका मानना था कि ब्रिटिश शासन के अंत के साथ उनकी स्थिति में सुधार होगा। उन्हें एक चमत्कारी समर्थन की आवश्यकता थी, जो उनकी समस्याओं से मुक्ति दिला सके। ऐसे में उनके बीच महात्मा गाँधी और कांग्रेस का पदार्पण हुआ। महात्मा गाँधी टाना भगतों के बीच बहुत लोकप्रिय हो गए थे। राष्ट्रीय आन्दोलन के दौरान महात्मा गाँधी और अन्य लोगों द्वारा झारखण्ड के आदिवासी क्षेत्रों की यात्राओं ने उन्हें राष्ट्रवादी भावनाओं से प्रेरित किया। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं की अपील का अनुकूल जवाब दिया। 1920 के दशक में असहयोग आन्दोलन के बाद से राष्ट्रीय आन्दोलन में आदिवासियों की उपस्थिति स्पष्ट हो गई। उन्होंने खुद को राष्ट्रीय आन्दोल में गाँधीजी के दर्शन के साथ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा शुरू किए गए कार्यक्रमों से जोड़ा।

टाना भगतों ने असहयोग आन्दोलन से पूर्व 1914 से 1919 के बीच पुनरूत्थान आन्दोलन में स्वशासन, राजाशाही का उन्मूलन, मनुष्यों के बीच पूर्ण समानता, सभी भूमि–कर की समाप्ति और ईसाई तथा ब्रिटिशों का विरोध करना था। टानाओं का उद्देश्य आर्थिक शोषण को समाप्त करना था।[1] उपरोक्त बिन्दु भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में गाँधी दर्शन से मिलते थे। इसलिए टाना भगतों ने अपनी समस्याओं से मुक्ति पाने के लिए गाँधी जी और कांग्रेस की ओर आकर्षित हुए। टाना भगतों ने गाँधीजी के दर्शन के साथ भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में विशेष योगदान दिया।

## अहिंसा

टाना भगतों ने पुनरूद्धारवादी आन्दोलन के दौरान पशु–पक्षियों की बलि तथा मांस खाने पर पाबंदी लगाकर[2] अहिंसा का परिचय दिया था। टाना भगतों ने अहिंसा के विचार के लिए कुछ भी लाल खाने से परहेज किया, क्योंकि रक्त लाल था। असहयोग आन्दोलन के दौरान जब टाना भगतों ने सुना कि महात्मा उठे हैं और लोगों से अहिंसा का पालन करने के लिए कह रहे हैं, तो उन्हें लगा कि बकरियों का पालन–पोषण जो अंततः वध–गृह में जाएगा, अहिंसा के खिलाफ

*शोधार्थी विश्वविद्यालय इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची

था। इसिलए, अपनी बकरियों को जंगलों में छोड़ दिया। उन्होंने लाल मिर्च छोड़ दी, क्योंकि वे लाल दिखते थे। उनका मानना था कि एक चींटी में भी जीवन होता है, जैसा कि एक आदमी के पास होता है, इसलिए उसे चोट नहीं पहुँचानी चाहिए।[3] फरवरी 1921 में अहिंसा और शाकाहार के एक प्रदर्शनी में टाना भगतों ने कलकत्ता के सन्स् बाजार में कसाई के मांस को फेंक दिया।[4]

## शराबबंदी

टाना भक्तों ने प्रारंभ से ही सभी अवसरों पर मद्यपान का परित्याग कर दिया था।[5] झारखण्ड में असहयोग आन्दोलन के दौरान लोगों के बीच शराब से परहेज करने का प्रचार किया गया। राष्ट्रीय आन्दोलन में शराब विरोधी अभियान, गाँधीवाद दर्शन की प्राथमिकताओं के बीच और टाना भगतों के शुद्ध प्रयास के साथ विलय हो गया। अगस्त 1920 में, टाना भगतों ने लोहरदगा और मुरहू में शराब की दुकानों की घेरा–बंदी की।[6] जून 1930 में, झारखण्ड में सविनय अवज्ञा आन्दोलन के दौरान अड़तालीस टाना भगतों ने राँची शहर में शराब की दुकानों के सामने धरना दिया और उनमें से आठ की गिरफ्तारी हुई। इसी प्रकार, जुलाई 1930 में तेरह टानाओं ने लोहरदगा में शराब की दुकान को बन्द करने के आरोप में गिरफ्तारी किए गए।[7] भारत छोड़ो आन्दोलन (1942) के दौरान टानाओं ने शराब की दुकानों पर हमला किया।[8]

## स्वराज

गाँधीजी के लिए, लोगों के स्वराज का मतलब अपने देशवासियों के लिए पूर्ण स्वतंत्रता थी।[9] टानाओं का जमीन के प्रति बहुत लगाव था। उनके लिए 'स्वराज' शब्द का अर्थ 'किराया मुक्त भूमि' थी। टानाओं ने एक स्थायी संगठन का विकास किया। 1920 के दशक से ही, टानाओं के एक समूह का मानना था कि भूमि समस्या का एकमात्र समाधान ''धार्मिक'' है। इस 'धार्मिक पहलू' को एक स्थायी रूप देने के लिए आश्रमों की स्थापना और भजनों की रचना की गई तथा धार्मिक आयोजन किए गए। टानाओं ने जमीनें खाली कर दी और मवेशियों को सेवा सत्कार के लिए ले गये। चूँकि मवेशियों को भगवान का अवतार माना जाता था। इसलिए यह सोचा गया था कि गायों की सेवा, समय पर दैवीय हस्तक्षेप और भूमि प्रणाली को एक चमत्कार से सुधारा जाएगा। एक प्रकार का ढ़ांचागत राज्य विकसित किया गया था। टानाओं में पुजारी, प्रबंधक, क्लर्क, वकील और कांस्टेबल के कार्यालय थे। उनका जीवन 'गोरक्षिणी' और 'गौ–अस्पतालों' के ईद–गिर्द केन्द्रित था।[10] जबकि गाय कांग्रेस की एक मूल भाव थी, टानाओं ने इसके महत्व के प्रति लगाव का जो संकेत दिया, वह असहयोगकर्त्ताओं के सम्पर्क में आने के पहले से ही विद्यमान था। टानाओं के साथ 'गाय और भूमि' के रूपांकनों में इसका प्रतीक था।

टाना भगतों द्वारा गाँधीजी की कल्पना की गई थी, जो इस टाना आदर्श को संबोधित करेंगे और 'गाँधी–महाराज–का–राज' को सहशाब्दी में लाने की उम्मीद थी। स्वराज का दर्शन

अनिवार्य रूप से गाँधीजी के व्यक्तित्व से जुड़ी जुई थी। यह 'गाँधी–स्वराज' था, जिसमें इसके अलग–अलग महत्व थे, जिसे टानाओं ने हासिल करना चाहा। उन्होंने एक काल्पनिक दुनिया के अपने सपनों को चित्रित किया, जिसने एक मसीहा की परिकल्पना की, जो उन्हें एक आदर्श और नई दुनिया का आदेश देगा। फिर भी गाँधीजी की उनकी छवि अभी भी अस्पष्ट थी। पुलिस निरीक्षक, मैकडॉवेल ने बताया की कि 'लोग पूछ रहे हैं कि गाँधी कौन हैं, उन्हें (टाना भगतों) सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की अनुमति दी जाए।[11]

राष्ट्रीय आन्दोलन में ऐसी अफवाहें भी थीं कि टानाओं ने गाँधीजी को उनसे मिलने के लिए कहा था और 'गाँधी का राज' एक या दो साल में आ जाएगा। महात्मा गाँधी का राज स्थापित हो गया और अंग्रेज सरकार को भारत से बाहर कर दिया गया।[12] 1921 में, राँची के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ''टाना भगत आन्दोलन लगातार परेशानी दे रहे हैं। इन आन्दोलनकारियों द्वारा इसे असहयोग से जोड़ने के प्रभावों ने आन्दोलन को नया जीवन दिया है। महात्मा गाँधी के तहत् शुरू होने वाले 'नए राज' के निए अक्सर हवाला दिया जाता है।''[13]

फरवरी 1921 में गाँधीजी के आह्वान पर झारखण्ड में स्वराज के लिए संघर्ष को तेज करने के लिए कई आदिवासी बैठकें आयोजित की गई। इस माह के प्रथम पखवाड़े के दौरान पन्द्रह आदिवासी बैठकें आयोजित की गई। ये प्रमुख बैठकें राँची के सदर थाना क्षेत्र के जमचुआँ–मधुकम, ओरमांझी, कोकर, कुडु और सोनसोपा में आयोजित की गई थी। हजारों की तादाम में आदिवासियों ने इसमें भाग लिया। आदिवासियों के बीच टाना भगतों की भागीदारी सबसे अधिक थी।[14] इसी प्रकार, दिसम्बर 1922 के गया अधिवेशन और मार्च 1940 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन रामगढ़ में हुआ। दोनों अधिवेशनों में स्वराज के लिए संघर्ष तेज करने का आह्वान किया गया। कई टाना भगतों ने इन दोनों सत्र में बढ़–चढ़कर भाग लिया।[15]

## चरखा और खादी

जब राष्ट्रीय आन्दोलन शुरू हुआ, तो गाँधी जी ने सक्रिय रूप से जनता के उत्थान के लिए काम किया। खादी और अन्य ग्रामोद्योग जैसे प्रमुख रचनात्मक कार्यक्रम गाँधीवादी आन्दोलन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। उनका आर्थिक दर्शन, जिसमें घरेलू हस्तशिल्प में चरखा और खादी का उपयोग शामिल था, जो उत्पादन और श्रम की कम उत्पादकता के आदिम तरीकों पर आधारित था। गाँधीजी ने उन परिस्थितियों में जनता को आकर्षित किया, जब औपनिवेशिकवादी नीति के परिणामस्वरूप बेरोजगारी काफी बढ़ रही थी। 1921 में गाँधी जी ने कहा कि ''भारत भूख से मर रहा है, क्योंकि वह रोजगार से वंचित है, जो उसे भोजन दे सकता है कृकृ जो मर रहे हैं, चरखा उन लाखों लोगों के लिए अस्तितव का एक साधन हैं..... भूख भारत को चरखा की ओर धकेल रही है।''[16] अप्रैल 1922 में, गाँधीजी के आह्वान पर झारखण्ड के आदिवासियों के बीच टाना भगतों ने चरखा चलाने और खादी को अपनाने के लिए अधिक सक्रियता दिखायी।[17]

21 दिसम्बर 1922 में, अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 'गया अधिवेशन' में कांग्रेस ने अपने उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में रचनात्मक कार्यक्रम के महत्व को दोहराया।[18] सर्चलाईट अखबार के अनुसार ''छोटानागपुर के जंगलों के पिछड़े इलाके में रहने वाले आदिवासी जनजातियों के उराँव और मुण्डा वर्गों के लगभग 60 लोग कांग्रेस में शामिल होने के लिए पैदल यहाँ पहुँचे हैं। समझा जाता है कि उनके लगभग 400 परिजन 200 मील की दूरी पैदल तय करने के बाद कल यहाँ पहुँचेंगे।''[19] जबकि कुछ गुलाब तिवारी और भुका भगत के नेतृत्व में एक लॉरी से पहुँचे थे, बांकी राँची शहर में 'गाँधी महाराज की जय' के नारे लगाते हुए आगे बढ़े।[20] आदिवासियों का यह दृष्टिकोण कांग्रेस की बैठक में भाग लेने के लिए पैदल लम्बी दूरी तय करना राष्ट्रवादियों को आश्वस्त कर रहा था। यह ऐसा था जैसे आदिवासी और ग्रामीण आबादी को राष्ट्रीय आन्दोलन में एकीकृत करने की उनकी पोषित दृष्टि का एहसास हुआ हो। टाना प्रतिबद्धता प्रदर्शित करना कांग्रेस की उपलब्धि को रेखांकित करना था।

इस अधिवेशन में गाँधी जी ने टानाओं को समर्पित भक्तों के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि ''ये खाद्दर के प्रति विश्वासी हैं। पुरूषों के साथ–साथ महिलाएँ भी चरखे पर नियमित रूप से परिश्रम करती हैं। ये खुद के बुने खाद्दर पहनते हैं। उनमें से कई अपने कंधों पर चरखा लेकर मीलों चल चुके थे। मैंने सभा में सभी चार सौ लोगों को देखा, जिन्होंने मुझे संबोधित करने का सौभाग्य दिया था। उनके अपने भजन हैं जो वे गायक मंडली के साथ गाते हैं।''[21] यह विशेष रूप से खादी प्रदर्शनी में उनकी भागीदारी से विकसित हुआ था। 5 अक्टूबर, 1926 को राँची में आयोजित खादी प्रदर्यानी में बड़ी संख्या में टाना भगतों ने हिस्सा लिया।[22]

## सत्याग्रह

गाँधीजी के सत्याग्रह दर्शन में सहयोग, सविनय अवज्ञा, कर–रहित अभियान, प्रदर्शन, बहिष्कार जैसे शक्तिशाली हथियार थे, जिससे उन्होंने साम्राज्यवाद के खिलाफ संघर्ष में प्रयोग किया।

जून 1917 में गाँधीजी के राँची के प्रथम दौरे के बाद स्थिति ने गंभीर मोड़ लिया। राँची के मौलाना अबुल कलाम आजाद के नेतृत्व में रौलट विरोधी बिल आन्दोलन शहर में आयोजित किया गया।[23] इस भागीदारी से झारखण्ड में राष्ट्रीय आन्दोलन की जमीन धीरे–धीरे तैयार की गई। दिसम्बर 1919 में लगभग 400 टाना भगतों ने तुरिया और जीतू भगत के नेतृत्व में टिको टांड में एकत्रित हुए। उन्होंने चौकीदारी कर का भुगतान करना बन्द कर दिया और मकान मालिकों को यह कहते हुए किराए पर दे दिया कि सारी जमीन भगवान की हैं। यह कार्य गाँधीजी की स्वतंत्रता आह्वान में असहयोग आन्दोलन कार्यक्रम के अनुरूप था। टाना भगतों ने अपने आन्दोलन में महात्मा गाँधी को शामिल किया था। 5 नवम्बर, 1920 को कांग्रेस के नागपुर अधिवेशन में गाँधीजी ने एक वर्ष के भीतर पूर्ण स्वराज दिलाने का वादा किया। टाना भगतों को

विश्वास हो गया कि यह मसीहा उन्हें शोषण और उत्पीड़न से मुक्ति दिलायेंगे, तो टाना भगत उनके कट्टर अनुयायी बए गए।[24]

सन् 1920 में राँची को कांग्रेस के नक्शे पर जगह मिली और टाना भगतों ने कांग्रेस की राजनीतिक में जगह बनाई। नवम्बर 1920 में कलकत्ता से कांग्रेस के नेता आये, जहाँ जुलूस, हड़ताल और बैठकों के स्थल को चिन्हित किया और कांग्रेस का एक संगठनात्मक सम्पर्क सूत्र स्थापित किया गया।[25] 1920–21 ई0 में गाँधीजी झारखण्ड आए और इनका टाना भगतों से पहली बार सम्पर्क हुआ।[26] एक अफवाह फैली कि छोटानागपुर के आदिवासियों ने गाँधीजी और मौलाना आजाद को अपने जमीन पर दौरे के लिए आमंत्रित किया है।[27] चिंतित प्रशासकों ने उराँवों और असहयोगियों के बीच संबंध पर अपनी आशंका व्यक्त की ''ये सरल–मस्तिष्क वाले, अंधविश्वासी और आसानी से प्रभावित होने वाले आदिवासी को सरकार के विरोध में लाया जा सकता है और इनके द्वारा भयानक उन्माद की स्थिति पैदा की जा सकती है।[28]

31 जनवरी, 1921 में गुलाब तिवारी ने पहली बार राँची में लगभग सत्तर उराँवों की सभा को संबोधित किया। 1 फरवरी को मौलवी उस्मान, ब्रहमचारी और तिवारी ने उराँव, मुण्डा, भुईयाँ, घासी, नाई और चमारों की एक आम बैठक की। भाषणों में कहा गया कि टाना भगतों के गानों में हिंसक रूप से यूरोपीय विरोधी सुर होते हैं और वे अपने श्रोताओं के बीच काफी उत्तेजना पैदा करते हैं। पुलिस अधीक्षक, राँची ने बताया कि ''पन्द्रह बैठकें हुई और तीन अन्य योजनाएँ बनाई गई।'' आदिवासियों के बीच आन्दोलन का तेजी से विकास हुआ। 12 फरवरी को 8,000 व्यक्तियों की पहली बैठक हुई, जिसमें ज्यादातर उराँव थे। कुडु टाना भगत आन्दोलन का केन्द्र था। लगभग 200 टाना भगत नेताओं की दूसारी बैठक हुई, दोनों सभाओं को ब्रहमचारी ने हिंसक भाषा से संबोधित किया।''[29] कांग्रेस और टाना भगतों के बीच के संबंध अब बार–बार औपनिवेशिक रिकॉर्ड में दिखाई देने लगे।

असहयोग आन्दोलन के दौरान महात्मा गाँधी के दर्शन ने टाना भगतों को काफी प्रभावित किया। टानाओं ने सामर्थ्य और ताकत प्राप्त करने, राजनीतिक मुख्यधारा से जुड़ने और कांग्रेस की विचारधारा को एकीकृत करने के लिए अपने आन्दोलन को मिला दिया।[30] नेताओं ने राष्ट्रीय आन्दोलन में उराँवों को जोड़ने के लिए उनकी स्थानीय शिकायतों, भाषा, उराँव–परम्परा, वीरगाथा और उत्पत्ति के मिथकों का उपयोग किया। ब्रह्मचारी ने स्थानीय बोली में कहा कि ''उराँव देश के मूल राजा हैं, जो अब कुली बन गए हैं। यदि वे उनकी सलाह मान लेते है, तो वे फिर से राजा बन जाएँगे और सरकार आपके हिसाब से चलेगी।'' साथ ही, इन्होंने यूरोपीय वस्तुओं और सभी सरकारी नीतियों का बहिष्कार तथा सरकार से असहयोग आदि करने की सलाह दी।[31] कुछ ही समय में टाना भगत छोटानागपुर में कांग्रेस आन्दोलन का मजबूत गढ़ बन गया।

जमींदारों को किराया भुगतान से इनकार करना, विरोध का लोकप्रिय जनजातीय पहलू बन गया था। टाना भगतों ने पूरे 1921 में सरकार को किसी भी कर का भुगतान न करने के लिए आन्दोलन जारी रखा। वे 1922 के गया अधिवेशन में शामिल होने के बाद गाँधीजी के प्रति बढ़े

हुए विश्वास के साथ लौटे। उन्होंने जमींदारों के लिए काम न करने और किराए का भुगतान न करने के साथ–साथ सरकार को राजस्व देने से मना कर दिया।[32]

1928 में साइमन कमीशन की यात्रा ने झारखण्ड में राष्ट्रवादी आन्दोलन को मजबूत किया। बुण्डू, तामाड़, रनियाँ, माण्डर, कुडु, कर्रा, लोहरदगा और पलामू थानों के टाना भगतों ने साइमन कमीशन का विरोध किया। डेढ़ सौ टानाओं ने राँची में काले झंड़ों के साथ प्रदर्शन किया और ''साइमन गो बैंक'' के नारे लगाए। टानाओं और आदिवासियों ने उदारतापूर्वक लाला लाजपत मेमोरियल कोष में दान दिया। दिसम्बर 1928 में पी0सी0 मित्रा के नेतृत्व में लगभग डेढ़ सौ टाना भगतों ने कांग्रेस के सत्र में भाग लिया।[33]

26 जनवरी 1930 को राष्ट्रवादी कार्यक्रम के रूप में स्वतंत्रता दिवस मानाया गया। लगभग दो सौ पच्चीस टाना भगतों ने राँची के जुलूस में स्वराज झंडे उठाए और राष्ट्रीय बिल्ला, लगाए, जिन्होंने **''वंदे मातरम् और भारत माता की जय''** के नारे लगाए। इनमे से तीस लोगों ने कांग्रेस की एक सार्वजनिक बैठक में भाग लिया और भारत के लिए पूर्ण स्वतंत्रता का संकल्प लिया।[34] 8 अप्रैल, 1930 को हजारीबाग, पलामू और राँची जिलों के टाना भगतों ने चुटिया में एक बैठक की और चौकीदारी कर का भुगतान रोक दिया। इस बैठक के बाद खूँटी के एक जुलूस में पचहत्तर टाना भगतों ने भाग लिया।[35] जुलाई 1930 में पलामू के टाना भगतों और उराँवों ने एक बैठक में चौकीदारी कर या अन्य राजस्व का भुगतान नहीं करने का संकल्प लिया। उन्होंने खुद को कांग्रेस के स्वयंसेवकों के रूप में नामांकित किया। जून 1930 में टाना भगतों ने राँची कांग्रेस कार्यालय में आयोजित ध्वजारोहण समारोह में भाग लिया।[36]

जून 1940 में, आदिवासी आन्दोलन के इस चरण में टाना भगतों का काफी वर्चस्व था। 1940 के अंत में, राँची के टाना भगतों ने कांग्रेस का पर्चा लेकर कई ब्रिटिश विरोधी शांतिपूर्ण प्रदर्शन किए। उन्होंने गुमला अनुमण्डल में विश्व युद्ध विरोधी नारे लगाते हुए व्यक्तिगत सत्याग्रह किया। मार्च 1940 में, रामगढ़ सत्र के बाद राँची तीव्र सत्याग्रह गतिविधियों का केन्द्र बन गया। टाना भगतों ने खुद को सत्याग्रहियों के रूप में नामांकित किया और उन गतिविधियों में सक्रिय भाग लिया।[37]

9 अगस्त 1942 को राष्ट्रीय नेताओं की गिरफ्तारी पर टानाओं द्वारा राँची में हड़ताल किया गया। चार टाना भगतों ने बरमू डाकघर में जबरन डाक छीन लिया। अगस्त के आखिरी सप्ताह में डाक कर्मचारियों से मारपीट की गई। चमरा और गोवा भगत के नेतृत्व में पच्चीस टाना भगतों ने माण्डर हाट में किराए के भुगतान न करने के लिए अभियान चालाया। उन्होंने लोगों से पुलों और टेलीग्राफ लाइनों को नष्ट करने के लिए कहा। कुछ रेलवे स्टेशनों को लूटा गया और नष्ट कर दिया गया। राँची और अन्य स्थानों पर डाकघर, टेलीग्राफ और टेलीफोन लाइनें बड़े पैमाने पर क्षतिग्रस्त कर दी गई। 18 अगस्त को टाना भगतों ने बिष्णुपुर पुलिस स्टेशन को जलाया और थाना भवन के परिसर में काँग्रेस का झंडा फहराया गया। उनमें कुछ ने टेको, बेड़ो और इटकी हाट में बिना कर दिये काम किया। बदले में पुलिस ने सोनचिप्पी में टाना भगतों के आश्रम पर ताला लगा दिया और आन्दोलनकारियों को

गिरफ्तारी किया। कुछ स्थानों पर जुर्माना लगाया गया, लेकिन टानाओं का आन्दोलन जारी रहा। उन्होंने घाघरा, रायडीह, चैनपुर और अन्य स्थानों के पुलिस स्टेशनों पर आक्रमण किया। लेकिन अपने प्रमुख नेताओं की गिरफ्तारी के बाद आन्दोलन धीरे–धीरे खत्म हो गया।[38] 1942 में इक्का–दुक्का घटनाओं को छोड़कर सरकार के अभिलेख टानाओं की भागीदारी पर चुप रहे हैं।

## निष्कर्षत

टाना भगतों ने राष्ट्रीय आन्दोलर में गाँधीजी के दर्शन के साथ महत्वपूर्ण योगदान दिया था। टाना भगतों के पुनरूत्थानवादी आन्दोलन में शराबबंदी, अहिंसा, कर न चुकान की प्रथा आदि पहले से ही विद्मान थे और धार्मिक भावना से अधिक प्रेरित थे। इन्हें अपने आन्दोलन को गति देने के लिए राजनीतिक आधार की आवश्यकता थी। ऐसे में राष्ट्रीय आन्दोलन में गाँधीजी का आगमन हुआ। उनके दर्शन की समानता ने टाना भगतों को गाँधीजी और कांग्रेस के प्रति कट्टर अनुयायी बनाया। टाना भगतों को अपनी समस्याओं से निजात दिलाने के लिए जिस चमत्कारी मसीहा की कल्पना की थी, वह गाँधीजी के रूप में मिला। गाँधीजी के राष्ट्रीय आन्दोलन के आह्वान पर ये समर्पित भक्त के रूप में कांग्रेस के विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इन्होंने विदेशियों के विरूद्ध आन्दोलनात्मक कार्रवाईयों में गाँधीजी के दर्शन के अहिंसा, बहिष्कार, असहयोग आदि का भरपूर प्रयोग किया। टाना भगतों में गाँधी दर्शन का बहुत गहरा प्रभाव पड़ा। आज भी टाना भगत गाँधी टोपी, चरखा, खादी वस्त्र, राष्ट्रीय ध्वज के साथ और कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्त्ता के रूप में सादा जीवन व्यतीत करते हैं।

## संदर्भ ग्रंथ सूची


1. राघवैया वी0, ***ट्राइबल रिवोल्ट्स***, आंध्र राष्ट्र आदिम जाति सेवा संघ, 1971, पृ0–164–170
2. रॉय एस0सी0, ***उराँव रिलीजन एण्ड कस्टम्स***, द इंडस्ट्री प्रेस, कलकत्ता, 1928, पृ0– 197
3. प्रसाद राजेन्द्र, ***महात्मा गाँधी एण्ड बिहार***, हिन्द किताब, बॉम्बे, 1949, पृ0– 131
4. बिहार और उड़ीसा सरकार, राजनीतिक विभाग, विशेष खण्ड, फाइल सं0– 50, 1921
5. रॉय एस0सी0, पूर्वोद्धृत, पृ0– 197
6. अरीपरम्पिलमैथ्यू, ***स्ट्रगल फॉर स्वराज***, टी0आर0टी0सी0, चाईबासा, 2002, पृ0– 222
7. झा जे0सी0, ***'द ट्राइबल ऑफ बिहार*** एण्ड द इंडियन फ्रीडम मूवमेंट (1920–42), इन द इंडियन हिस्टोरिकल रिव्यू, वॉल्यूम, 12, न0– 1–2, 1985, पृ0– 290
8. माधुर एल0पी0, ***मूवमेंट ऑफ ट्राइबल्सट्*** ड्यूरिंग द कॉलोनियल रूल : रोल ऑफ आइडियोलॉजी, इंटर–इंडिया पब्लिकेशन, 1995, पृ0– 66
9. गाँधी एम0के0, ***यंग इंडिया***, नवजीवन पब्लिशिंग हॉउस, अहमदाबाद, 8 दिसम्बर, 1920, पृ0– 886
10. आर्चर डब्ल्यू0 जी0, पेपर्स, ***'द टाना भगत्स'***, आई0ओ0ए0, एम0,एस0एस0 यूर एफ 236 (संख्यांकित नहीं)
11. बिहार और उड़ीसा सरकार, पूर्वोद्धृत, फा0 सं0– 50, 1921

12. गैलाघेर एच0, ***'तकपारा'***, छोटानागपुर मिशन पत्र, प्रथम वर्ष, सं0– 12, दिसम्बर, 1930, पृ0– 187
13. बिहार और उड़ीसा सरकार, स्वतंत्रता आन्दोलन के कागजात, फाइल सं0– 51, 1921–23
14. सिन्हा एस0पी, ***कॉनफ्लिक्ट एण्ड टेंशन इन ट्राईबल सोसायटी***, कॉन्सेप्ट पब्लिशिंग, न्यू दिल्ली, 1993, पृ0–263–265
15. झा जे0सी0, पूर्वोद्धृत, पृ0– 294–295
16. दामोदरन के0, इंडियन थॉट : ए क्रिटिकल सर्वे, एशियन पब्लिशिंग हाउस, मद्रास, 1967, पृ0– 436
17. अरीपरम्पिल मैथ्यू, पूर्वोद्धृत, पृ0– 225
18. दत्ता के0के0, ***फ्रीड्म मुवमेंट इन बिहार*** (1857–1928), वोल्यूम– 1, गवर्नमेंट ऑफ बिहार, 1957, पृ0–434
19. ***सर्चलाइट***, 21/12/1922
20. दत्ता के0के0, पूर्वोद्धृत, पृ0– 434
21. गाँधी एम0के0, ***यंग इंडिया***, बिहार नोट्स, 3 सितम्बर, 1925, के0के दत्ता (सं0), राइटिंग्स एण्ड स्पीचेस् ऑफ महात्मगा गाँधी रेलटिंग टू बिहार (1917–1947), पटना, 1960, पृ0– 182
22. अरीपरम्पिल मैथ्यू, पूर्वोद्धृत, पृ0– 225
23. मिश्रा सुशीला, ***हिस्ट्री ऑफ फ्रीडम मूवमेंट इन छोटानागपुर*** (1885–1947), के0पी0 जयसवाल शोध संस्थान, पटना, 1990, पृ0– 13–14
24. धान आर0ओ0, ***'द प्रॉब्लम ऑफ टाना भगत्स ऑफ राँची डिस्ट्रिक्ट'*** इन बुलेटिन बिहार ट्राइबल वेलफेयर इंस्टीट्यूट, वॉल्यूम– 2, नं0– 2, राँची, 1960, पृ0– 136–138
25. बिहार और उड़ीसा सरकार, पूर्वोद्धृत, फा0 सं0– 50, 1921
26. दत्ता के0के0, पूर्वोद्धृत, पृ0– 332
27. अरीपरम्पिल मैथ्यू, पूर्वोद्धृत, पृ0– 222
28. बिहार और उड़ीसा सरकार, पूर्वोद्धृत फा0सं0– 50, 1921
29. वही
30. माधुर एल0पी0, पूर्वोद्धृत, पृ0– 66
31. बिहार और उड़ीसा सरकार, पूर्वोद्धृत फा0सं0– 50, 1921
32. झा जे0सी0, पूर्वोद्धृत, पृ0– 283–287
33. सिन्हा एम0पी0, पूर्वोद्धृत, पृ0– 267–269
34. झा जे0सी0, पूर्वोद्धृत, पृ0– 289
35. अरीपरम्पिल मैथ्यू, पूर्वोद्धृत, पृ0– 227
36. मिश्रा सुशीला, पूर्वोद्धृत, पृ0– 57–93
37. झा जे0सी0, पूर्वोद्धृत, पृ0– 294–295
38. मिश्रा सुशीला, पूर्वोद्धृत, पृ0– 35–39

# महात्मा गांधी : अस्पृश्यता उन्मूलन और दलितोत्थान

**Ajitabh Chandan ***

स्वतंत्रता की इच्छा जीवन और विशेषकर मानव जीवन का बुनियादी गुण है। परतंत्रता की जंजीरों में बंधे करोड़ों भारतीय जब स्वतंत्रता की ओर टकटकी लगाए देख रहे थे, उसी समय भारतीय राजनीतिक पटल पर महात्मा गाँधी का उदय हुआ। इस राष्ट्रऋषि ने भारतीय राजनीति की दशा और दिशा बदल दी और उसे एक नया आयाम दिया। उन्होंने भारत को न सिर्फ अंग्रेजों से मुक्ति दिलाई वरन् भारत में व्याप्त कुरीतियों से भी स्वतंत्र करवाया। अस्पृश्यता, भेद–भाव और छुआ–छूत भारत के लिए एक शाप से कम नहीं था। यह उन लाखों मनुष्यों के लिए एक अभिशाप बन गया था, जो अछूत और दलित समझे जाते थे। स्वतंत्रता और समानता तो दूर की बात है वे गरीमापूर्ण ढंग से जीवन जीने तक के अधिकारी नहीं थे। उन्हे जीवन जीने के लिए बुनियादी अधिकारों तक वंचित कर दिया गया था। समाज में उनके प्रति घृणा और हीनता की भावना इतनी गहरी थी कि उसे पाटने में कई महान विभूतियों को आजीवन संघर्ष करना पड़ा। गाँधीजी भी उनमें से एक थे। उन्होंने दलित उत्थान को धर्म से जोड़कर देखा और एक धर्मपरायण व्यक्ति की तरह आजीवन दलितोत्थान में लगे रहें।

सदियों से अस्पृश्यता भारतीय समाज का अभिन्न अंग बन गई थी। दुर्भाग्य से उसे धार्मिक व्यवस्था के अन्तर्गत भी मान लिया गया था।[1] अस्पृश्यता का दंश झेल रहे लाखों लोगों की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चली थी। गाँधी जी ने उनकी दुर्दशा का चित्रण करते हुए लिखा था कि – "समाजिक दृष्टि से हरिजनों की हैसियत वही है जो एक कोढ़ी की होती है, आर्थिक दृष्टि से वे गुलामों से बदतर जिन्दगी जी रहे हैं।[2] तत्कालीन समय में दलितों को हर प्रकार के अधिकारों से वंचित कर दिया गया था। रहने के लिए उन्हें नगर और गाँव के सबसे खराब हिस्से में जगह दी जाती थी। ऊँची जाति के डॉक्टरों और वकिलों की सुविधा उनके लिए सर्वदा दुर्लभ थी। मंदिरों में उनका प्रवेश वर्जित था। संड़क, पाठशाला, कुआं, अस्पताल और सार्वजनिक बाग बगीचों का उपभोग वे अन्य वर्गों की तरह नहीं कर सकते थे। कहीं – कहीं तो सवर्ण हिन्दू से कुछ नियत फासले पर उनका पहुँच जाना भी अपराध माना जाता था।[3] 1927 में ब्रिटेन के हाउस ऑफ कामंस में भारत सचिव लार्ड बर्कनहेड द्वारा दिए गए एक भषाण से भी पता चलता है कि करोड़ों की जनसंख्या में

---

*NET/JRF, Research Scholar, P.G. Dept. of History, Ranchi University, Ranchi

रह रहे दलितों की स्थिति दिल दहला देने वाली थी। सदियों से लगा अस्पृश्यता का कलंक उन्हें असहनीय पीड़ा प्रदान कर रहा था।[4] गाँधीजी अस्पृश्यता को हिन्दू धर्म का महान पाप मानते थे। उनके अनुसार यह हिन्दू धर्म पर लगी हुई जंग के समान है, अंत्यजो का तिरस्कार पूरी मनुष्यता का तिरस्कार है।[5] गांधी जी स्वयं भी दक्षिण अफ्रीका में नस्ल भेद का शिकार हो चुके थे। वहाँ उन्होंने इसके विरूद्ध एक लंबा सघर्ष किया था।[6] उन्हें पता था कि ये भेद–भाव कितना पीड़ादायक था। गाँधीजी अस्पृश्यता को एक कृत्रिम चीज मानते थे।[7] उनके अनुसार इसका लोगों के नैतिक और बौद्धिक विकास से कोई सबंध नहीं है, बल्कि मनुष्य का अहंकार ही उससे ऐसा कहता है कि वह अन्य लोगों से श्रेष्ठ है।[8] गाँधीजी का मनुष्य के आत्मसम्मान में बड़ा विश्वास था। उनका मानना था कि जब हम समान पैदा हुए है तो हमें समान अवसर भी प्राप्त होना चाहिए।[9] इसी कारण जाति–पाति के आधार पर अस्पृश्यता को गाँधीजी ने हिन्दुओं की वर्ण–व्यवस्था पर लगा एक काला धब्बा माना है। उन्होंने वर्ण–व्यवस्था के मौलिक रूप को तो स्वीकारा है पर उसमें आयी विकृतियों को भी अनदेखा नहीं किया है। उन्होंने कहा है कि– "वर्णाश्रम धर्म में आए इस भ्रष्टाचार को एक क्षण के लिए भी नहीं सहना चाहिए।" उनके अनुसार वर्णाश्रम और जाति का कोई मेल नहीं था। अस्पृश्यता की तुलना तो उन्होने हिन्दू उपवन में उग आए जंगली घास से की है।[10] उन्होंने कहा है कि– "वर्ण के मौलिक विचार में बड़प्पन या छुटपन जैसी कोई बात ही नहीं है, अगर हिन्दू धर्म को मैं समझता हूँ तो यहाँ सभी लोग समान है और एक है।"[11] गाँधीजी के अनुसार एक स्वस्थ प्रकार की अस्पृश्यता सभी धर्मों में पायी जाती है, वह है स्वच्छता एवं सफाई का नियम। लेकिन, भारत में आज जैसी अस्पृश्यता मानी जाती है, उसका हिन्दू शास्त्रों में कोई प्रमाण नहीं है।[12] उनके अनुसार हिन्दू धर्म जब पतन की पराकाष्ठा तक पहुँच चुका था उसी समय अस्पृश्यता जैसी गंदगी का समावेश समाज में हुआ, और तब से अब तक वह अपना प्रभाव बनाए हुए है।[13] उनकी दृष्टि में अस्पृश्यता एक सौ सिर वाला दैत्य था।[14]

गाँधीजी मानते थे जब तक यह कलंक नहीं मिटया जाता तब तक हिन्दू धर्म की रक्षा संभव नहीं है।[15] उनका विश्वास था कि अस्पृश्यता हिंदू धर्म का अंग नहीं थी, बल्कि उसके साथ चिपकर आयी हुई गंदगी थी। जिसे हर प्रयत्न से दूर करना था। इस भयंकर रोग का प्रतिकार करना वह हर हिन्दू का कत्तर्व्य मानते थे।[16] उनके अनुसार ईश्वरीय अनुग्रह और प्रकाश का दान किसी एक कोम या जाति के लिए नहीं है, वह तो बिना भोद–भाव सभी को प्राप्त है।[17] गांधी जी के संवेदनशील हृदय में इस प्रकार के विचारों का उदय कोई नई बात नहीं थी, बल्कि बल्यावस्था में ही इस असमानता के प्रति उनके हृदय में विरोधी भाव उत्पन्न हो चुके थे। इसी संदर्भ में उनके बाल्यकाल से जुड़ा एक प्रसंग है– उक्का नामक एक अस्पृश्य उनके घर शौचालय की सफाई के लिए आता था। घर के लोग गाँधीजी को उसे छूने से मना किया करते थे, मगर कभी गलती

से वे उसे छू जाते तो उन्हें स्नान करना और कपड़े बदलने होते थे। उस समय वे बड़ों की आज्ञा मानकर ऐसा कर तो लिया करते थे, पर अपने हृदय के विरोधी भाव को व्यक्त किए बिना नहीं रह पाते। वे अपनी माता से कहते कि उक्का को न छूने में कोई धर्म नहीं, उक्का को स्पर्श करने को पाप समझना गलत है।[18]

गांधी जी का दलितों के प्रति इतना गहरा लगाव था कि वे चाहते थे कि अगर उन्हें फिर से जन्म लेना पड़े तो वो किसी दलित परिवार में ही जन्म लें।[19] वे चाहते थे कि दलितों की पीड़ा को स्वयं भोगे, उनके कष्टों, क्लेशों और अपमानों में भाग ले सके और और उस दुखमय अवस्था से उन्हें उबार सकें।[20] गाँधीजी अस्पृश्यता – निवारण के लिए कितने आतुर थे, वह इस तथ्य से जाना जा सकता है कि यद्यपि धर्म उनके लिए सब कुछ था फिर भी वे यह कहते हुए नहीं थकते थे कि यदि कोई यह सिद्ध कर दे कि अस्पृश्यता हिन्दू धर्म का एक अनिवार्य अंग है, तो मैं हिन्दू धर्म त्याग दूंगा।[21]

दक्षिण अफ्रिका में रंग–भेद के खिलाफ एक लंबी लड़ाई लड़ने के बाद जनवरी 1915 में गाँधीजी स्वदेश लौटे। जनता ने उनका बहुत गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वस्तुतः दक्षिण अफ्रिका में उनके संघर्षो और सफलताओं ने भारत में पहले ही उन्हें बहुत लोकप्रिय बना दिया था।[22] भारत आने के बाद उन्होंने एक वर्ष तक पूरे भारत का भ्रमण किया और भारतीय जनता की दशा को समझा।[23] भारत गुलाम क्यों बना, इसके कारणों की खोज करते हुए उन्होंने पाया कि जाति भेद, अस्पृश्यता, समाजिक अन्याय, महिलाओं का गौण दर्जा, श्रम को नीच समझना आदि अनेक कारण थे, जिनसे हमारा समाज कमजोर बना। उन सभी कारणों के निराकरण हेतु उन्होंने विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम आजादी की लड़ाई के साथ ही चलाने का निर्णय लिया।[24] गाँधीजी ने घोषणा की कि – "अस्पृश्यता–निवारण के बिना स्वराज का कोई अर्थ नहीं है।"[25]

गाँधीजी जन्म से तो अस्पृश्य नहीं थे, परंतु अस्पृश्यों की मानसिकता और उनकी समस्याएं समझने के अपने प्रयासों में वे कई दलित नेताओं से भी आगे गए।[26] छुआछूत मिटाने का काम कितना कठिन है इसका अनुमान कई वर्ष पहले ही उन्होंने 1901 में काँग्रेस के कलकत्ता अधिवेशेन के दौरान लगा लिया था। वस्तुतः गाँधीजी ने देखा था कि कांग्रेस में आए प्रतिनिधियों में से भी काफी लोग छुआछूत मानते थे। द्राविड़ी रसोई की अलग व्यवस्था रहती थी और कोई अगर उन्हें भोजन करते देख ले तो, उनका भोजन अपवित्र हो जाता था।[27] बाद में, 1905 के अपने एक लेख में उन्होंने इंडियन ओपिनियन में लिखा कि – "मेरी नजर में तो ब्राह्मण और अछूत में कोई अंतर नहीं है, इसके दो साल बाद अस्पृश्यता पर कटाक्ष करते हुए उनहोंने इसे 'दुष्टतापूर्ण अंधविश्वास' कहा।[28] गाँधीजी को इस बात का एहसास था कि अस्पृश्यता जैसी शैतानियत धर्म के साये में ही फल–फूल रही है। गाँधी इस बात को भी भली भाँती जानते थे कि भारतीय जनता को धर्म और धार्मिक प्रतिकों के

माध्यम से ही प्रभावित किया जा सकता है। इसलिए बार–बार उनहोंने अस्पृश्यता को पाप, महापाप और ईश्वर के प्रति किए गए अपराध के रूप लोगों के सामने रखा।[29] उन्हें लगता था कि आस्थावान हिंदू मानस पाप का प्रायश्चित करने के लिए आसानी से उद्यत हो सकेगी। वैसे भी उनकी ख्याति एक महात्मा और साधु के रूप में देश के कोने–कोने तक फैल चुकी थी, और वे जो कहते थे, भारतीय समाज में सत्य माना जाने लगा था।[30] अस्पृश्यता के प्रश्न पर गाँधीजी एक साथ दो मोर्चों पर सक्रिय थे। एक ओर वो अस्पृश्यता को पाप बताकर सवर्ण हिन्दुओं में अपराधबोध जगा कर हृदय परिवर्तन करने का प्रयास कर रहे थे, तो दुसरी ओर अपने रचनात्मक कार्यों द्वारा दलितों की जीवन शैली को उपर उठाने का प्रयास कर रहें थे। असहयोग आंदोलन के रचनात्मक कार्यक्रमों अन्तर्गत अस्पृश्यता – निवारण को उन्होंने प्रमुख स्थान दिया था।[31] 1920 में कांग्रेस अधिवेशन के अवसर पर आयोजित अंत्यज परिषद् की बैठक में उन्होंने पूरी तीव्रता के साथ कहा था कि – "अस्पृश्यता पाप है, इसलिए इसे मिटना चाहिए, और इसे अंत्यजो के अन्दर से नहीं बल्कि अन्य हिन्दुओं के हृदय से मिटना चाहिए।"[32] 1920–25 में तो यह उनके राजनीतिक अभियान का प्रमुख मुद्दा ही बन गया था। अस्पृश्यता के महारोग को वे समाज और देश दोनों के लिए समान रूप से घातक मानते थे। 1924 के बेलगाम कांग्रेस के दौरान दिए गए अपने अध्यक्षीय भाषाण में उन्होंने स्पष्ट स्वरों में कहा कि – "एक और रूकावट जो स्वराज के रास्ते में खड़ा है– अस्पृश्यता है।" गाँधी जानते थे कि स्वराज के लिए हिंदुओं की एकता कितनी मायने रखती थी। उन्होंने इसी भाषण के दौरान कहा था कि हिंदू तब स्वराज का दावा नहीं कर सकते हैं जबतक की वे दलितों की इन कुप्रथाओं से आजादी सुनिश्चित नहीं कर देते।[33] गाँधीजी ने अपनी आत्मकथा में लिखा था कि यहूदियों ने जैसे अपने आप को श्रेष्ठ और ईश्वर का प्रीतिपात्र मानकर दूसरों का अपमान किया था। उसका दण्ड उन्हें कई अनुचित रीतियों से भोगना पड़ा था, वैसे ही भारत में हिन्दुओं ने अपने आप को सुसंस्कृत और आर्य मानकर और दलितों को अपने से निकृष्ट मान कर उनके प्रति जो अपराध किया है, उसके पाप का फल वो दक्षिण अफ्रीका आदि उपनिवेशों में भोग रहे हैं।[34] मनोविज्ञानी एरिक एफ एरिकसन ने अपनी पुस्तक 'गाँधीजी ट्रूथ' में गाँधी जी का आत्मकथा का मनोविश्लेषण करके कहा है कि उनकी आत्मकथा केवल अतित की विस्मृतियों का संकलन ही नहीं है वरन् लोगों को सचेत करने के साथ – साथ उनका मार्गदर्शन करने के उद्देश्य से लिखी गई है।[35] वास्तव में गाँधीजी का मुख्य उद्देश्य यह रहा होगा कि लोग अस्पृश्यता जैसी कुप्रथाओं को पाप समझ कर सदा के लिए अपने हृदय से निकाल दें। गाँधीजी अस्पृश्यता निवारण को आजादी की लड़ाई के साथ जोड़कर आजादी के लिए लड़ने वाले हर व्यक्ति को छुआछूत निवारण के लिए प्रेरित कर रहे थे।[36] उन्हें ऐसा विश्वास था अस्पृश्यता ही हिन्दुओं की एकता में मुख्य बाधा थी। वस्तुतः जब यह समाप्त हो जाएगी तो

एकिकृत हिन्दुओं के लिए स्वतंत्रता की राह आसान हो जाएगी। गाँधजी से प्रेरणा पाकर कई लोगों ने अस्पृश्यता उन्मूलन के लिए प्राणपण से कार्य किया। जिनमें अप्पा पटवर्धन, विट्ठल लक्ष्मण फड़के और साने गुरूजी आदि उल्लेखनीय है।[37] गाधीजी ने अपने व्यक्तित्व और विचारों से कईयों को प्रभावित किया, कई गाँधीवादियों ने अस्पृश्यता को पाप समझ कर इसके प्रायश्चित के लिए दलितोत्थान के कार्य में जुट गए।

1932 में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रैम्जे मैक्डोनाल्ड ने जो सामप्रदायिक पंचाट की घोषणा की थी। वह उनकी 'बाँटो और राज करो' की नीति का एक और रूप था।[38] इस नए कानून के तहत दलितों को भी अल्पसंख्यक करार दिया गया ओर उनके लिए अलग से निर्वाचन मंडल बनाने की बात की गई। 20 सितंम्बर 1932 को गाँधीजी ने अलग निर्वाचन मण्डल के मुद्दे के विरूद्ध आमरण अनशन प्रारंभ कर दिया, और अंत में पुना समझौता कराने में सफल रहे।[39] उन्होंने तर्क दिया था कि दलितों को पृथक निर्वाचन का अधिकार हिन्दू जाति का अंग–भंग और विच्छेद करने वाला तो था ही, वह दलित जातियों के लिए भी हानिकारक था।[40] उनके अनुसार सिक्ख सदैव के लिए सिक्ख रह सकते थे, मुसलमान हमेशा के लिए मुसलमान और अंग्रेज सदा के लिए अंग्रेज रह लेंगे पर क्या अछूत भी सदा के लिए अछूत रह सकते।[41] पुना समझौता के द्वारा दलितों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या 71 से बढ़ाकर 147 कर दी गई, केन्द्रीय विधानमंडल में सुरक्षित सीटों की संख्या में 18 प्रतिशत की वृद्धि की गई।[42] समझौते के बाद गाँधीजी ने कहा कि– "समझौता मेरे लिए शुद्धि के कार्य का आरंभ मात्र है, जब तक अस्पृश्यता का नामोनिशान नहीं मिट जाता तब तक आत्मा की इस वेदना का अंत नहीं होगा।"[43] अब हरिजनों का उत्थान ही गाँधीजी का मुख्य सरोकार हो गया। पूना पैक्ट से देश के सवर्णों और विशिष्ट रूप से महात्मा गाँधाी पर यह भारी उत्तरदायित्व आया कि वे देश के दलितों एवं शोषितों को यह एहसास करवाएं कि स्वर्ण हिन्दू उन्हें अपने से अलग नहीं मानते हैं और यर्थात में उनकी स्थिति सुधारना चाहते हैं।[44]

गाँधीजी की प्रेरणा से घनश्याम दास बिड़ला के सभापतित्व में दलितोत्थान के लिए एक अखिल भारतीय संगठन बनाया गया और ठककर बापा उसके मंत्री नियुक्त हुए।[45] यही संगठन आगे चलकर 'हरिजन सेवक संघ' के रूप में दलितोत्थान के कार्य को गतिशील बनाए रखा। गाँधीजी ने हरिजन कार्यकर्त्ताओं का आह्वान करते हुए उन्हें निर्देश दिया कि वे हरिजनों में सफाई और स्वास्थ विज्ञान का प्रचार करें, शौचालयों की सफाई और चमड़ा कमाने वाले कामों की पद्धति में सुधार करे, उन्हें मुर्दामांस और मादक पेयों को त्यागने के लिए तैयार करे, उनमें शिक्षा का अलख जगाएँ, बच्चों को पाठशालाएं भेजने के निए राजी करे और उनमें आपसी छूआ–छूत समाप्त करने के लिए प्रयास करें।[46] इसी संदर्भ में डॉ0 पट्टाभिसीतारमैय्या ने लिखा है कि" गाँधीजी के पवित्र तप का परिणाम यह निकला कि अस्पृश्यता निवारण के लिए सारा देश तैयार हो गया।"[47] गाँधीजी शब्दकोश से अछूत अस्पृश्य, अंत्यज आदि शब्दों

को निकाल देने के पक्ष में थे। इसलिए उन्होंने दलित वर्गों का नया नामकरण हरिजन –हरि के प्यारे जन किया।[48] उन्होंने अपनी अंग्रेजी साप्ताहिक पत्रिका 'यंग इंडिया' के नाम पर 'हरिजन' आरंभ किया, और हरिजन सेवक के नाम से उसका हिन्दी संस्करण निकाला।[49] हरिजन के माध्यम से उनहोंने अस्पृश्यता पर जमकर प्रहार किया और सवर्ण हिन्दुओं से अपिल की कि वे अस्पृश्यता उन्मूलनमें सहभागी बने, साथ ही उन्होंने इसके माध्यम से हरिजनों में भी जागृति लाने के अथक प्रयास लिए। मंदिर प्रवेश के लिए चल रहे आंदोलनों को भी उन्होंने अपना समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान किया। इनमें जो सर्वाधिक उल्लेखनिय रहे वे गुरूवायर कृष्ण मंदिर – प्रवेश आंदोलन और मंदिर – प्रवेश विधियक 1938 थे।[50] सितंबर 1933 में उनहोंने साबरमती आश्रम 'हरिजन सेवक संघ' को दान कर दिया।[51] 7 नवंबर 1933 को अस्पृश्यता उन्मूलन और दलित उत्थान के उद्देश्य से उन्होंने देशव्यापी यात्रा प्रारंभ किया। करीब 10 महिने की इस यात्रा के दौरान उन्होंने साढ़े बारह हजार मील का सफर तय किया और हरिजन फंड के लिए 8 लाख रूपये जमा किये।[52] यात्रा की लम्बाई ओर जमा पैसे से जयादा महत्वपूर्ण बात यह रही कि गाँधीजी जैसा व्यक्तित्व स्वयं पूरे देश की यात्रा करके अस्पृश्यता – निवारण पे काम कर रहे थे। उग्र सनातनियों के विरोध के बावजूद भी यात्रा अभूतपूर्व रूप से सफल रही। दलितों में नई जागृति पैदा हुई, उन्हें अपने उद्धार का भान हुआ, उनके स्वाभिमान की भावना को बल मिला और उनमें नवचेतना का संचार हुआ। यात्रा की समाप्ति पर गाँधीजी ने प्रेस को दिए एक इंटरव्यू में इसका आंकलन करते हुए कहा कि – "अस्पृश्यता अब अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है।[53] चक्रवती राजगोपालाचारी ने 'क्रांति की पूर्णाहूति' नामक अपने लेख में लिखा था कि– "अस्पृश्यता अभी मिटी नहीं है, लेकिन वास्तव में क्रांति पूरी हो गई है, अब तो केवल मलवे हटाने का काम रह गया है।[54]

सदियों से भारतीय समाज के लिए कोढ़ बन चुकी अस्पृश्यता जेसी निर्दयी और अमानवीय प्रथा के अंत के लिए गाँधीजी को एक लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी, उन्होंने भारतीय जनमानस को यकिन दिलाया कि धर्म से इसका कोई लेना–देना नहीं है, ओर अंत्यजो को अस्पृश्य समझना महापाप है, उन्होंने लोगों के सामने इसे एक भयंकर रोग की तरह रखा और सभी से अनुरोध किया इसका प्रतिकार करें। उनहोंने अस्पृश्यता को मिली हुई सदियों पुरानी लोक स्वीकृति को ध्वस्त कर दिया और इसे ईश्वर के प्रति किया गया अपराध घोषित किया। उनके सतत संघर्षों ने युगों पुरानी अस्पृश्यता की जड़े हिला दी और अंततः संविधान सभा ने 29 अप्रैल 1947 के दिन प्रस्ताव पारित करके घोषण की कि "अस्पृश्यता का अंत किया जाता है, किसी भी रूप में उसका आचरण निषिद्ध किया जाता है।" प्राचीन काल से चले आ रहे इस कुप्रथा के नाश ने निश्चित ही करोड़ों लोगों के जीवन में एक नई चेतना का संचार किया, उनके जीवन में एक नए सूर्य का उदय हुआ।

# संदर्भ सूची


1. विवेकानंद तिवारी : ***अछूत मतवाद के सच,*** संस्ता सांहित्य मंडल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2011, पृ0 सं0– 352
2. महात्मा गांधी, भगवानदास जी, देव नारायण द्विवेदी, रूद्रदेव शास्त्री, इन्दिरारमण जी शास्त्री : ***मन्दिर प्रवेश ओर अस्पृश्यता निवाकरण,*** एस0बी0 सिंह कम्पनी काशी–पुस्तक भण्डार, बनारस, 1932, पृ0 सं0– 10
3. वही, पृ0 सं0– 10
4. आर चन्द्रा, कन्हैयालाल चंचरीक : ***आधुनिक भारत का दलित आंदोलन,*** यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन, नयी दिल्ली 2003, पृ0 सं0– 202
5. महात्मा गाँधी : ***हमारा कलंक,*** सस्ता साहित्य मण्डल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2019 पृ0 सं0– 5
6. अनिल दत्त मिश्र : ***गांधी : एक अध्ययन***, पियसर्न पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 2012, पृ0 सं0–227
7. प्रताप सिंह : **गाँधीजी का दर्शन,** रिसर्च पब्लिकेशन्स, जयपुर, पृ0 सं0–155
8. सुजाता : ***गाँधी की नैतिकता,*** सर्व सेवा संघ प्रकाशन, वाराणसी, 2012, पृ0 सं0– 60
9. पी0 के0 त्यागी : ***भारतीय राजनीतिक विचारक,*** विश्वभारती पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2006, पृ0 सं0–418
10. अनिल दत्त मिश्र, पुर्वोद्धृत, पृ0 सं0– 228
11. महात्मा गांधी : हमारा कलंक, पृ0 सं0–34
12. अनिल दत्त मिश्र, पुर्वोद्धत, पृ0 सं0–228
13. विवेकानंद तिवारी, पूर्वोद्धत, पृ0 सं0–186
14. अनिल दत्त मिश्र : पुर्वोद्धत, पृ0 सं0– 227
15. विवेकानंद तिवारी : पुर्वोद्धृत, पृ0 सं0–179
16. वही, पृ0 सं0– 177
17. महात्मा गाँधी : ***हमारा कलंक***, पृ0 सं0–45
18. वही, पृ0 सं0– 19
19. महात्मा गाँधी : ***हरिजन***, सर्वोदय प्रकाशन काशी, 1948, पृ0 सं0–3
20. प्रताप सिंह, पुर्वोद्धृत, पृ0 सं0–155
21. विश्व प्रकाश गुप्त, राजेन्द्र प्रकाश गुप्त, मोहिनी गुप्तः ***आधुनिक भारत के शिल्पी,*** भाग–6, राध ाा पब्लिकेशन्स नई दिल्ली, 2006, पृ0 सं0–182
22. बिपिन चंद्र, मृदुला मुखर्जी, आदित्य मुखर्जी, के0एन0 पानिकर, सुचेता महाजन : ***भारत का स्वतंत्रता संघर्ष,*** हिन्दी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, 2009, पृ0 सं0–154
23. बिपिन चंद्र : ***आधुनिक भारत का इतिहास,*** ओरियंट ब्लैकस्वान, नई दिल्ली, 2008, पृ0 सं0–280
24. निर्मला देशपाड़े : ***गाँधी और सामाजिक समता,*** योजना, प्रकाश विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली, अक्टूबर, 2002, पृ0 सं0–4

25. प्रताप सिंह : पुर्वोद्धृत, पृ0 सं0—155
26. विवेकानंद तिवारी : पुर्वोद्धृत, पृ0 सं0—189
27. वही, पृ0 सं0— 188
28. वही, पृ0 सं0—188
29. वही, पृ0 सं0—192
38 Majumdar, R. C. &Datta, Kalikinkar.&Raychaudhuri, Hemchandra,*An Advanced History of India,*Macmillan, London, 1970, p.972.

39 Dasgupta, Sanjukta, *Adivasi and the Raj (socio-economic Transition of the Hos 1820-1932),* Op.Cit.,p. 290.

40 Mishra, Sushila, Op.Cit.,p.142.

41 Dasgupta, Sanjukta,*Adivasi and the Raj (socio-economic Transition of the Hos 1820-1932),*Op.Cit., p. 290.

42 Mishra, Sushila, Op.Cit.,p.142-143.

43 Dasgupta, Sanjukta, *Adivasi and the Raj (socio-economic Transition of the Hos 1820-1932),*Op.Cit.,p. 290.

44 Sahu, Murali,Op.Cit.,p.115.

45 Gupta, Sanjukta Das,*Adivasi and the Raj (socio-economic Transition of the Hos 1820-1932),*Op.Cit., p.333.

46 Bates, Crispin, Op.Cit.,p. 237.

47 Shukla, P.K, Op.Cit., p.490.

48 Mishra,Sushila, Op.Cit.,p.147.

49 Sahu, Murali, Op.Cit.,p.116.

50 Report on Political events in Bihar for the first half of May, 1939, Political (special) Proceeding, Proceeding No. 18-5/1939, National Archive India, New Delhi.

51 KolhanRakshaSangh is an adivasi political organization that declared that Kolhan was a sovereign state independent from India and that the Independence Day of Kolhan would be celebrated on 2 December 1982, see *Adivasi and the Raj (socio-economic Transition of the Hos 1820-1932),*Op.Cit., p.306.

# राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की झारखण्ड यात्रा एवं जनचेतना ( 1917–1942 )

**डॉ0 आभा खलखो***

भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के इतिहास में झारखण्ड की भूमिका महत्वपूर्ण है। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के विभिन्न चरणों में हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी कई बार झारखण्ड आए और यहाँ के लोगों को प्रोत्साहित करके राष्ट्रीय आन्दोलन को आगे बढ़ाया। गाँधी जी दक्षिण अफ्रिका से भारत लौटकर कांग्रेस में प्रवेश किए और राष्ट्रीय आन्दोलन का नेतृत्व संभाला। उन्होंने अहिंसात्मक तरीके से सत्याग्रह आन्दोलन द्वारा ब्रिटिश सरकार का विरोध करने का संदेश दिया। राष्ट्रीय आन्दोलन के विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान महात्मा गाँधी कई बार झारखण्ड के विभिन्न जिलों का दौरा किए थे।

ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन को आगे बढ़ाने के लिए महात्मा गाँधी कई बार झारखण्ड आए। महात्मा गाँधी के झारखण्ड आने से यहाँ के लोगों में रूचि बढ़ी और उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन में भाग लेना शुरू किया। 1917 ई0 में राँची के श्याम कृष्ण सहाय लंदन में थे। वहीं से उन्होंने गाँधी जी को राँची आने का निमंत्रण दिया। 4 जून 1917 ई0 को महात्मा गाँधी पहली बार राँची आए। वे मोतीहारी से राँची आए और बिहार के ले0 गर्वनर एडवर्ड गेट से मिलने पहुँचे और श्याम कृष्ण सहाय के यहाँ ठहरे। महात्मा गाँधी ने राँची में रहकर चम्पारण आन्दोलन की रूपरेखा तैयार की। यहाँ कई बैठकों के आद 3 अक्टूबर 1917 ई0 को अपनी रिपोर्ट पर गाँधी जी ने हस्ताक्षर किए, सरकार को चुनौती दी और उसी दिन राँची से चम्पारण के लिए रवाना हो गए। इस तरह 1917 ई0 में गाँधी जी 21 दिनों तक झारखण्ड में रहे। उनके साथ कस्तूरबा गाँधी, रामदास और देवदास गाँधी भी थे। उनका सादा जीवन, सादा भोजन एवं साधारण वस्त्र झारखण्ड के लोगों ने अपनी आँखों से देखा और अत्यधिक प्रभावित हुए। झारखण्ड के लोगों ने महात्मा गाँधी का समर्थन करते हुए रॉलैक्ट एक्ट का विरोध भी जोरों से किया। राँची, पलामू, जमशेदपुर और चाईबासा में भी रॉलैक्ट के विरोध में प्रदर्शन हुए। उन दिनों महात्मा गाँधी के अलावा अबुल कलाम आजाद की चर्चा भी राँची में हो रही थी। तीन वर्षों तक राँची में नजरबंद रहने वाले मौलाना अबुल कलाम आजाद अप्रैल 1916 ई0 में कलकत्ता से राँची पहुँचे। तब उन्हें देखने के लिए स्टेशन पर भीड़ लग गई थी। अगस्त 1917 ई0 में अबुल कलाम आजाद ने अन्जुमन इस्लामिया राँची तथा मदरसा इस्लामिया की स्थापना की। वे 27

*एसोसिएट प्रोफेसर, इतिहास विभाग, राँची विमेन्स कॉलेज, राँची विश्वविद्यालय, राँची, झारखण्ड। E-mail: abha.15061991@gmail.com

दिसम्बर 1919 ई0 को रिहा किए गए एवं 3 जनवरी 1920 ई0 को कलकत्ता वापस लौट गए। लेकिन राँची में गाँधी जी से उनकी भेंट नहीं हो सकी।[2]

गाँधी जी के झारखण्ड आने के बाद कांग्रेस का प्रचार प्रसार यहाँ भी हुआ और सभी जिलों में कांग्रेस कमिटियाँ स्थापित हो गईं। कांग्रेस की राँची जिला कमिटी की स्थापना 1920 ई0 में हुई। 1919 ई0 में बिंदेश्वरी पाठक तथा भागवत पाण्डेय ने पलामू जिला कांग्रेस कमिटी की स्थापना की। 1920 ई0 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का विशेष अधिवेशन कलकत्ता में हुआ। झारखण्ड के अनेक लोग इस अधिवेशन में शामिल हुए। कलकत्ता में झारखण्ड के कांग्रसियों ने गाँधी जी से भेंट किया और उनसे आग्रह किया कि वे छोटानागपुर को आजाद घोषित कर दें। महात्मा गाँधी ने उन्हें उत्तर दिया "कपास बोओ, चरखा चलाओ, कपड़ा बुनो तो छोटानागपुर आजाद हो जाएगा।" उस समय बापू का असहयोग आन्दोलन सारे देश में चल रहा था। उनके आह्वन पर झारखण्ड के लोग भी असहयोग आन्दोलन में शामिल हुए।[3]

1920 ई. में गाँधी जी दूसरी बार राँची आए। राँची आकर उन्होनें भीमराव वंशीधर मोदी धर्मशाला में ठहरा। उसी धर्मशाला के सामने लंकाशायर– मैनचेस्टर कपड़ा मिलों के विदेशी कपड़ों की होली जलाई गई। लोगों ने खद्दर वस्त्र धारण करने का व्रत लिया और चरखे चलाने लगे। यहाँ सबसे महत्वपूर्ण बात हुई कि झारखण्ड के टाना भगतों से गाँधी जी की भेंट हुई। वैष्णव टाना भगत दल के सदस्य गाँधी जी के शिष्य बनते गए। ये खादी बुनना और खादी पहनना शुरू किए एक दो पैसा जो इनके पास होता था, उसे गाँधी बाबा को समर्पित कर देना इनका धर्म बन गया। असहयोग आन्दोलन के क्रम में इन लोगों ने ब्रिटिश सरकार को टैक्स देना बन्द कर दिया। फलस्वरूप इनकी जमीन जब्त की गई। स्वयं गाँधी जी ने स्वीकार किया था कि उनके सारे शिष्यों में टाना भगत सर्वोत्कृष्ट थे।[4]

महात्मा गाँधी 1925 ई0 में पुनः झारखण्ड आए और राँची में रूके। राँची असहयोग आन्दोलन का प्रमुख केन्द्र था। 1928–21 ई0 में लोहरदगा, डोरण्डा, राँची, सेन्हा, मधुकम, इटकी, घाघरा, ओरमांझी, कोकर, तमाड़, गुमला तथा बुन्डू इत्यादि स्थानों जनसभाएं हुई। इनमें गुलाब तिवारी, मौलवी उस्मान और स्वामी विश्वानन्द इत्यादि नेताओं के भाषण हुए। इन नेताओं के प्रयाास से यहाँ के आदिवासी भारी संख्या में इस आन्दोलन की ओर आकर्षित हुए और बढ़ चढ़ कर जनसभाओं में शामिल होने लगे। टाना भगतों की भागीदारी भी बड़ी संख्या में होती थी। 1925 ई0 में जब गाँधी जी राँची आए तो यहाँ के लोगों ने यथाशक्ति चंदा दिया। इसके बाद तो देश के प्रायः सभी नेता राँची आने लगे। मजरूल हक, मोती लाल नेहरू तथा स्वामी विश्वानन्द ने राँची, टाटा तथा हजारीबाग में भाषण दिया। डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद ने भी कई स्थानों में सभाएं की। असहयोग आन्दोलन के दौरान हजारीबाग में बजरंग सहाय, कृष्ण बल्लभ सहाय, सरस्वती देवी, शालिग्राम सिंह इत्यादि को जेल भेजा गया। 1925 ई0 में गाँधी जी जब राँची आए तो वे

हजारीबाग भी गए और वहाँ उनका भाषण भी हुआ। संत कोलम्बस कॉलेज के छात्रों को भी गाँधी जी ने संबोधित किया।[5]

1925 ई0 महात्मा गाँधीजी जमशेदपुर भी आए। असहयोग आन्दोलन के क्रम में सिंहभूम के चक्रधरपुर में एक राष्ट्रीय विद्यालय खुला। गोलमुरी मैदान में 5, 6, 8 और 9 फरवरी 1921 को जनसभाएं हुई। इन सभाओं को कठियावाड़ निवासी हरिशंकर व्यास जी ने संबोधित किया। 8 मार्च को गोलमुरी मैदान में पुनः सभा हुई। कृष्ण राम, जी0 सेटी तथा तेज सिंह ने संबोधित किया। 15 मार्च को जमशेदपुर में पूर्ण हड़ताल हुई। 13 मार्च को चाईबासा में एक सभा हुई जिसमें मौलाना उस्मान अली, विभूति भूषण बनर्जी तथा रामचन्द्र शाही के व्याख्यान हुए। 1924 ई0 में सिंहभूम के आदिवासियों ने हाट कर नहीं देने का आन्दोलन चलाया। रसिका मानकी, सुखलाल हो, रैन्तु मुण्डा, चरण हो, सनातन तांती, जेना हो और जय भूमिज भी पकड़े गए। 1924 ई0 के अंत तक सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटि का प्रभाव संपूर्ण जिला में फैल गया। गाँवों तथा शहरों के निवासी समान रूप से कांग्रेस के प्रति आकर्षित हुए। सी0एफ0एण्ड्रुज के आग्रह पर अगस्त 1925 ई0 में गाँधी जी जमशेदपुर आए। वे वहाँ दो दिनों तक रूके। आर0डी0 टाटा ने उनका भव्य स्वागत किया। अगले ही दिन जवाहर लाल नेहरू तथा राजेन्द्र प्रसाद भी टाटा पहुँचे। टाटा में बीस हजार से अधिक के जनसमुदाय को जिसमें अंग्रेज भी शामिल थे, गाँधी जी ने संबोधित किया। टाटा स्टील से मंडित और खादी पर मुद्रित हिन्दी में उन्हें अभिनन्दन पत्र दिया गया। स्वागत समिति के अध्यक्ष तथा टाटा कंपनी के महाप्रबंधक सी0ए0 अलेक्जेन्डर ने अभिनन्दन पत्र पढ़ा।[6] 8 अगस्त, 1925 ई0 को जमशेदपुर के इंडियन एशोसिएशन ने गाँधी जी के सम्मान में प्रीति भोज दिया। जमशेदपुर की सभा में गाँधी जी को पाँच हजार रूपये देशबन्धु स्मृतिकोष के लिए दिए गए। महिलाओं की भी एक सभा हुई, जिसमें अच्छी–खासी रकम के साथ कुछ आभूषण भी गाँधी जी को आन्दोलन चलाने के लिए दिए गए। तत्पश्चात् गाँधी जी चक्रधरपुर होते हुए चाईबासा आए। चाईबासा में लोगों को संबोधित करने के बाद वे राँची लौट गये। 1926 ई0 में जमशेदपुर की खादी प्रर्दशनी का उद्घाटन कम्पनी के उच्चस्थ अधिकारी टेम्पल ने किया। इस प्रदर्शनी में खादी की अच्छी बिक्री हुई। गाँधी जी के अतिरिक्त राजेन्द्र प्रसाद, सुभाष चन्द्र बोस, जवाहर लाल नेहरू, भी0 भी0 गिरि इत्यादि महान नेता भी बार–बार जमशेदपुर आते रहे। विशेषकर जवाहर लाल नेहरू और सुभाषचन्द्र बोस टाटा के मजदूरों में विशेष रूचि रखते थे।[7]

महात्मा गाँधी 1927 ई0 में पुनः झारखण्ड आये। 1927 ई0 वे डाल्टनगंज आये। कांग्रेस के 1920 ई0 के कलकत्ता अधिवेशन में पलामू के हीरानंद ओझा, दुर्गानन्द ओझा, विन्देश्वरी पाठक, शेख मुहम्मद हुसैन और देवनारायण मेहता आदि शामिल हुए थे। अक्टूबर 1920 ई0 में डाल्टनगंज में बिहार छात्र संघ का अधिवेशन हुआ। उस अधिवेशन में सरकार के साथ असहयोग करने का प्रस्ताव पारित हुआ। साथ ही स्वदेशी कपड़ों के उपयोग का भी व्रत लिया गया। इस

अधिवेशन के तुरन्त बाद डाल्टनगंज में राष्ट्रीय विद्यालय की स्थापना हुई, जिसके प्रधानाध्यापक बिन्देश्वरी पाठक बनाये गये।[8] 1921 ई0 में डाल्टनगंज, पांकी और उपला में हुई जनसभाओं में चरखा–खद्द्र, मद्य निषेध तथा अस्पृश्यता निवारण पर जोर दिया गया। इन सभाओं में प्रमुख वक्ता रामनाथ पाण्डेय, भागवत पाण्डेय तथा बिन्देश्वरी पाठक जैसे लोग हुआ करते थे। 1922 ई0 में जब गाँधी जी को बंदी बना लिया गया तो उसकी पलामू में तीव्र प्रतिक्रिया हुई। जनवरी 1927 ई0 में गाँधी जी डाल्टनगंज आये। वहाँ की जनसभा में कई महिलाओं ने गाँधी जी को कीमती आभूषण देकर सहयोग किया।[9]

महात्मा गाँधी 1934 ई0 में पुनः झारखण्ड आये। 1930 ई0 में सविनय अवज्ञा आन्दोलन आरंभ हुआ। इस आन्दोलन में भी झारखण्ड के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। 2 जनवरी 1930 ई0 की बैठक में प्रतिवर्ष 26 जनवरी को स्वाधीनता दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। उस निर्णय के अनुसार छोटानागपुर में भी 26 जनवरी 1930 ई0 को नगर–नगर में पूर्ण स्वाधीनता दिवस अत्यंत उत्साहपूर्वक मनाया गया। 6 अप्रैल 1930 ई0 को महात्मा गाँधी द्वारा नमक कानून तोड़ने की प्रक्रिया शुरू हुई। 13 अप्रैल को 200 लोगों ने छोटानागपूर में 50 स्थानों पर नमक बनाया। सरकार चुल्हे तोड़ती, बर्त्तन उठाकर ले जाती, नेताओं को गिरतार करती, पर नमक सत्याग्रह चलता रहा। कृष्ण बल्लभ सहाय ने हजारीबाग के खजांची तालाब के निकट नमक बनाकर नमक कानून को चुनौती दी तो उन्हें एक वर्ष की सजा मिली। उनके अतिरिक्त हजारीबाग क्षेत्र में नमक सत्याग्रह में शामिल होने वाले लोग मथुरा प्रसाद, सीताराम दुबे, राधा गोविन्द प्रसाद तथा रसस्वती देवी आदि थे। पलामू में नमक सत्याग्रह का नेतृत्व चंद्रिका प्रसाद वर्मा तथा सोनार सिंह खरवार ने किया। सविनय अवज्ञा आन्दोलन के क्रम में राँची, सिल्ली, गुमला चुटिया, कुडू, लोहरदगा तथा बेड़ो में कई सभायें हुई। 8 अप्रैल 1930 ई0 को नागरमल मोदी की अध्यक्षता में एक सभा चुटिया में हुई। इसमें पी0सी0 मिश्रा, देवकी नंदनलाल, अतुल चन्द्रघोष, क्षितिज चन्द्र बोस तथा आनन्द मोहन लाहिरी के भाषण हुए। 10 अप्रैल को खूँटी में सभा हुई।[10]

करीब 100 टाना भगतों और कांग्रेसियों ने जुलूस भी निकाला। 17 अप्रैल को सिल्ली में सभा हुई। 18 अप्रैल को कुडू में सभा हुई। 10 अप्रैल को राँची की सभा में 1000 से भी अधिक लोग शामिल हुए। 15 अप्रैल को जिला स्कूल तथा संत जोन्स स्कूल के छात्रों ने कक्षा बहिष्कार किया। 16 अप्रैल को बुण्डू में पूर्ण हड़ताल रही। 3 मई को राँची बार एशोसिएशन की बैठक में खादी में उपयोग और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का प्रस्ताव पारित हुआ। 4 मई को माण्डर के महादेव स्वर्णकार ने गिरतारी दी।[11] सरकार आन्दोलनकारियों को गिरतार कर जेल भेजने लगी। माण्डर थाना के करकट गाँव के 3 टाना भगत जेल भेजे गये। 1934 ई0 के मई में महात्मा गाँधी पुनः राँची आये और यहाँ दो दिनों तक रहे।" सिंहभूम में सविनय अवज्ञा आन्दोलन के शुरू होते ही

400 सिक्ख भी इसमें शामिल हो गये। चक्रधरपुर के कांग्रेसियों ने भी जंगल के पेड़ काटकर अपना विरोध प्रकट किया।[12]

महात्मा गाँधी 1940 ई0 में अंतिम बार झारखण्ड में राँची और रामगढ़ आये थे। 1939 ई0 में जब द्वितीय विश्वयुद्ध शुरू हुआ तब भारतवासियों की राय जाने बिना ही सरकार ने भारत को युद्ध में शामिल कर लिया। इसके विरोध में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 1939 ई0 में वर्धा की बैठक में निर्णय लिया कि कांग्रेसी मंत्रिमंडलों को इस्तीफा दे देना चाहिए और सरकार की युद्धनीति का शान्पिूर्वक ढंग से विरोध करना चाहिए। इसी पृष्ठभूमि में 1940 ई0 को व्यक्तिगत सत्याग्रह का कार्यक्रम शुरू हुआ। इस अवसर पर महात्मा गाँधी अंतिम बार राँची आये थे आम्र मरणासन्न निवारण बाबू को देखने निवारणपुर आये थे। निवारणपुर में ही एक साधारण भी सभा हुई थी, जिसमें गाँधी सेवा संघ के क्षितिज चन्द्र बसु उपस्थित थे। यह घटना 29 मार्च की थी। 1940 ई0 के मार्च महीने में 19 एवं 20 मार्च को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की 53वीं अधिवेशन हजारीबाग जिला स्थित रामगढ़ में मौलाना अबुल कलाम आजाद के सभापतित्व में हुई।[13]

इस अवसर पर रामगढ़ में चर्खा संघ के तत्वाधान में एक खादी प्रदर्शनी लगी थी। 14 मार्च को गाँधी जी ने इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। गाँधी जी भाषण भी दिये। 19 मार्च को संध्या में जब अधिवेशन शुरू हुआ तो जोरों से बारिश होने लगी, फिर भी यहाँ की जनता एकत्रित रही। राजेन्द्र बाबू ने स्वागत भाषण किया। पंडित नेहरू ने सत्याग्रह का प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसका अनुमोदन आचार्य कृपलानी ने किया। उसके बाद गाँधी जी ने भाषण दिया, जिसमें रचनात्मक कार्यक्रम एवं अहिंसात्मक संघर्ष पर बल दिया गया। रामगढ़ कांग्रेस के दौरन ही अखिल भारतीय समझौता विरोधी सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन के सभापति सुभाष चन्द्रबोस थे। इसमें पूर्ण स्वराज्य प्राप्त करने हेतु भारतीय जनता के अधिकार पर बल दिया गया। रामगढ़ कांग्रेस की एक विशेषता यह भी थी कि यहीं सुभाष चन्द्र बोस के नेतृत्व में अखिल भारतीय फारवर्ड ब्लॉक का जन्म हुआ।[14]

1942 ई0 में महातमा गाँधी ने "भारतीय छोड़ो आन्दोलन" शुरू किया। झारखण्ड में बहुत बड़े पैमाने पर यहाँ के लोग इसमें शामिल हुए। जगह–जगह पर हड़तालें हुई, जुलूस निकाले गये, और प्रदर्शन हुए।[15] सरकार ने दमनात्मक कार्रवाई के साथ–साथ कुछ प्रभावशाली लोगों को अपनी ओर मिलाने का प्रयास किया, फिर भी आन्दोलन चलता रहा। इस तरह झारखण्ड के सभी जिलों के नागरिक भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को आगे बढ़ाने में महात्मा गाँधी का सहयोग किया। झारखण्ड की जनजातियाँ भी अन्य लोगों के साथ मिलकर सरकार के प्रति अपना विरोध कई आन्दोलनों के रूप में व्यक्त करती रही तथा यहाँ के टाना भगतों ने ब्रिटिशों के खिलाफ गाँधी जी का पूर्ण समर्थन किया, जिसकी अंतिम परिणति भारतीय स्वतंत्रता के रूप में हुई।

## सहायक संदर्भ सूची


1. वीरोत्तम वी0 : *"झारखण्ड इतिहास एवं संस्कृति"* बिहार हिन्दी ग्रन्थ एकादमी, पटना, 2001, पृष्ठ–353.
2. वीरोत्तम वी0 : *वही*, पृष्ठ–354.
3. दत्त के0के0 : *"हिस्ट्र ऑफ फ्रीडम मुवमेंट इन बिहार*, पटना, 1951, पृष्ठ–332.
4. दत्त के0के0 : *वही*, पृष्ठ–332 एवं वी0 वीरोत्तम–वही, पृष्ठ–155.
5. वीरोत्तम वी0 : *पूर्वोद्धृत*, पृष्ठ–242.
6. वीरोत्तम वी0 : *वही*, पृष्ठ–358.
7. दत्त के0के0 : *पूर्वोद्धृत*, पृष्ठ–87.
8. पी0सी0 राय चौधरी : *पलामु गजेटियर*, पृष्ठ–89.
9. दत्त के0के0 : *पूर्वोद्धृत*, पृष्ठ–385.
10. एस0 मिश्रा : *"हिस्ट्री ऑफ द फीडम मूवमेंट इन छोटानागपुर"* जानकी प्रकाशन, पटना, पृष्ठ–92 एवं वी0 वीरोत्तम–*वही*, पृष्ठ–360.
11. वीरोत्तम वी0 : *पूर्वोद्धृत*, पृष्ठ–361.
12. वीरोत्तम वी0 : *वही*, पृष्ठ
13. तिवारी राम कुमार : *"झारखण्ड की रूपरेखा" शिवांगन पब्लिकेशन*, राँची 2010, पृष्ठ 216.
14. सितारमैया पट्टभि : *"हिस्ट्री ऑफ इंडियन नेशनल कांग्रेस"* खण्ड–2 नई दिल्ली, 1969, पृष्ठ–166–167 एवं वी वीरोत्तम–*वही*, पृष्ठ–366.
15. ओझा पी0एन0 : *छोटानागपुर : पास्ट एण्ड प्रेजेण्ट*, पृष्ठ–9

# टाना भगत आन्दोलन एवं महात्मा गाँधी

**पूजा कुमारी***

उन्नीसवीं शताब्दी में अनेक धार्मिक विचारों का प्रसार हुआ। कहा जाता है कि चैतन्य महाप्रभु जब बंगाल से उड़ीसा जा रहे थे, उसी समय राँची जिला के पंच परगना में वैष्णव विचारों का प्रसार हुआ। विशेषकर उराँव लोगों ने अनेक हिन्दू देवी–देवताओं की पूजा शुरू की। कुनेमहा भक्त या सादा भक्त कहे जाते हैं। इसका कारण यही हैं कि ये लोग सादा जीवन गुजारते हैं। कुछ अपने को विष्णु भक्त भी कहते हैं। ये लोग कृष्ण की पूजा करते हैं तथा माँस–मछली नहीं खाते हैं। कुछ भक्त लोग कबीरपंथी कहे जाते हैं। ये लोग एक ईश्वर को मानते हैं पर मुर्तियों की पूजा नहीं करते हैं।[1]

उन्नीसवीं शताब्दी के मध्य से भारत वर्ष में बह्म समाज, प्रार्थना समाज, आर्य समाज और बाद में रामकृष्ण मिशन जैसे कतिपय सामाजिक–धार्मिक आन्दोलन के प्रभाव स्वरूप सुधारवाद की कुछ लहर–सी आ गई। इन अन्दोलनों के लक्ष्य एवं उद्देश्य मुख्यतः धर्म सुधार, समाजिक शुद्धिकरण तथा सांस्कृतिक विकास थे। स्वभावतः इनके क्रम  में राजनीतिक चेतना का उन्मेष हुआ एवं राष्ट्रवाद के विकास में सहायता मिली। सचमुच इस काल में भारतीय समाज के विभिन्न स्तरों में जागृति  की एक लहर फैल रही थी।[2] ऐसी ही लहर छोटानागपुर में चली। सरदारी लड़ाई और बिरसा आन्दोलन की असफलता से सर्वत्र निराशा छा गई थी। अवसर का लाभ उठाकर शोषक वर्ग और प्रबल हो उठा था। भूमि–विवाद बढ़ गए थे। सामान्य लोग सर उठाकर चल नहीं सकते थे। बेगारी आम बात थी। उन्हीं दिनों अंग्रेज गवर्नर के आराम–गाह के रूप में पलामू जिले की नेतरहाट उपत्यका को विकसीत किया जा रहा था। पहाड़ों पर सड़क एवं बंगलों के निर्माण में आसपास के लोगों का उपयोग बैलों तथा खच्चरों–जैसा किया जा रहा था। जमींदारों तथा पुलिस की सांठ–गांठ से आम आदमी के साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा था। उसी काल–खंड में दैवकृपा से जतरा उराँव का उद्भव हुआ।[3]

सुविख्यात टाना भगत–आन्दोलन के जनक जतरा भगत का जन्म 1888 ई० में गुमला जिले के बिषुनपुर प्रखंड के अंतर्गत चिंगरी नावाटोली में हुआ था। इनके पिता का नाम कोहरा भगत और माता का नाम लिवरी भगत था। बुधनी भगत इनकी पत्नी थी। जतरा भगत की जन्म तिथि ठीक–ठीक ज्ञात नहीं, किन्तु आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को सामान्य

---

*शोधार्थी, इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची

मान्यता मिलने के कारण प्रत्येक वर्ष गाँधी जयन्ती के दिन हीं चिंगरी ग्राम में इनकी जयंती मनायी जाती है।[4]

ऐसा कहा जाता है कि गुरू ग्राम हेसराग के श्री तुरीया भगत से तंत्र–मंत्र की विद्या सीखने के क्रम में जतरा भगत को 1917 ई० में अचानक आत्म बोध हुआ।[5] इन्होंने समझा कि यदि तंत्र–मंत्र से बड़ी–बड़ी बीमारियाँ ठीक हो सकती हैं, लोगों का आत्मविश्वास लौट सकता है तो क्यों न इसके माध्यम से समाज में व्याप्त अत्याचार रूपी बीमारी को भी ठीक किया जाए। अंग्रेजी राज के अत्याचार, जमींदारों द्वारा बेगारी, समाज में फैले अंधविश्वास एवं नाना प्रकार की कुरीतियों से पीड़ित आदिवासी समुदाय को सन्मार्ग दिखाने का संकल्प लेकर युवा जतरा उराँव अब जतरा भगत बन गया।[6] टाना भगत आन्दोलन वास्तव में अप्रैल 1914 से शुरू हुआ। इसे शुरू में कुरूख धर्म या कुरूख का वास्तविक या मूल धर्म कहा।[7] 'टाना' शब्द का अर्थ है– टानना या खींचना। टाना भगत अपनी गिरी हुई स्थिति से खिन्न थे और इसमें परिवर्त्तन लाना चाहते थे।[8] उन्होंने समझा कि अपनी स्थिति सुधारने का एकमात्र तरीका ईश्वर की आज्ञा मानना और उससे तादात्मय स्थापित करना है। ईश्वर से तादात्मय स्थापित करने का सही मार्ग था–सभी अपवित्र वस्तुओं का परित्याग और जीवन की शुद्धता।[9] इसलिए उन्होंने उन सभी वस्तुओं को परित्याग कर दिया जिन्हें वे अशुद्ध समझते थे और जादू–टोना का विरोध किया। उनका विष्वास था कि धर्मेश (ईश्वर) बराबर देखता है कि लोग उसकी आज्ञा का पालन कर रहे हैं और उन वस्तुओं का वह विनाश करता है जो लोगों को नुकसान पहुँचाती है। ये घाघरा, गुमला, रायडीह, चैनपुर, पालकोट, सिसई, लापुंग, कुडू. तथा मांडर में केन्द्रित है। इसकी कुल संख्या प्रायः दस हजार है जो लगभग 150 परिवारों में विभक्त थे।[10] जब जतरा भगत ने आन्दोलन का शुभारंभ किया तो उस समय वे ओझा का प्रशिक्षण ले रहे थे। ऐसा विश्वास किया जाता है कि एक रात जब वह अपने पाठ के बाद घर लौट रहे थे तो उराँवों के सर्वश्रेष्ठ ईश्वर धर्मेश उनके समक्ष उपस्थित हुए तथा उसे अपना मतिभाव तथा रक्त के प्यासे प्रेतों तथा अन्य देवताओं जिन्हें बलि चढ़ानी पड़ती है, में अपने विश्वास का परित्याग करने को कहा। ईश्वर ने उसे सभी जानवरों की बलि को रोकने तथा मांसाहार व शराब पर प्रतिबन्ध लगाने तथा खेतों में हल चलाने से मना किया जिसकी वजह से गायों व बैलों पर अत्याचार किया जाता था, किन्तु लोगों को अकाल तथा गरीबी से बचाने में उसे असफल होना पड़ता था। दूसरे शब्दों में वे लोग भूमि से अपना विश्वास खोते जा रहे थे जिस पर उनका आजीविका निर्भर करता था।[11] उन्होने घोषणा की कि यह भगवान का आदेश था इसलिए उराँवों को प्रार्थना और भक्ति या भक्ति के माध्यम से अकेले भगवान को मानना चाहिए और उन्हें पूरी तरह से भूतों की पूजा छोड़ देना चाहिए। यह भगवान की आज्ञा भी थी कि वे एक तपस्वी जीवन जीएं और मांस, मादक, पेय पारंपरिक गीत और नृत्य और आभूषण दिखाना छोड़ दें।[12] उसने घोषणा की कि ईश्वर ने उसे जनजातियों का नेतृत्व सौंपा है। उन्हें

समझाने को कहा है कि वे धर्मेश की पूजा करें इसी से उनकी इच्छाएँ पूर्ण होगी। इसी तरह उसने उन विचारों को व्यक्त किया जो आदिवासियों के मानस को काफी समय से उद्वेलित कर रहे थे। उसने एक निश्चित जनजातीय धर्म स्थापित करने में लोगों की सहायता की। जतरा तथा अन्य परवर्ती जन–जातीय मसीहाओं ने उस परिकल्पना को मूर्त रूप दिया।[13]

टाना भगत–आन्दोलन के साथ एक अन्य व्यक्ति हुनमान उराँव का भी नाम जुड़ा हुआ था। इनका जन्म स्थान भी जतरा भगत का ही गाँव था। बहुत संभव है कि दोनों व्यक्ति एक ही रहे हों और एक नवीन सम्प्रदाय के बहादुर जनक के रूप में जतरा भगत का ही उपनाम हनुमान हो गया है। एक समकालीन महिला, देवमनियां जो सिसई थाना के बभुरी ग्राम की निवासी थी, इस आन्दोलन से संबद्ध थी। उसने जतरा भगत की काफी सहायता की। जतरा भगत के नाम से जुड़े भक्ति–गीत देश प्रेम की भावना से ओत–प्रोत है। इनसे विदेशी वस्तुओं के प्रति उसकी घृणा–भावना भी प्रकट होती है। धीरे–धीरे यह आन्दोलन जमींदार, मिशन तथा अंततः ब्रिटिश–विरोधी बन गया।[14] मांडर क्षेत्र में शिबु भगत ने इस आन्दोलन का प्रचार–प्रसार किया। उसके विषय में कथा है कि मृत्यु के कुछ दिनों बाद वह पुनर्जीवित हो उठा और लोगों ने समझा कि वह ईश्वर से साक्षत्कार कर लौट आया था। जिन लोगों ने शिबू भगत का अनुसरण नहीं किया, वे अरूवा भगत कहलाये क्योंकि वे केवल अरवा चावल ही खाते हैं। घाघरा क्षेत्र में बेलगेड़ा निवासी बलराम भगत ने इस आन्दोलन की बागडोर संभाली। उसने गौ–पूजन पर अधिक जोर दिया। उसने गायों–बैलों का हलों में जोतना अनुचित बतलाया। बलराम के अनुयायियों ने खेती करना छोड़ दिया और पशुपालक बन गये। वे दूध का सेवन करने लगे और अतिरिक्त दूध, घी और दही बेचने लगे। गौ–रक्षणी भगत कहे जाने वाले ये लोग मुख्यतः घाघरा एवं गुमला थानों में रहते हैं। विशुनपुर थाना के उरांवा ग्राम में भीखू भगत ने इसी आन्दोलन के अन्तर्गत विष्णुभगत–सम्प्रदाय नामक एक उपशाखा को जन्म दिया। अन्य भगत नेताओं की तरह वह भी अंग्रेज–विरोधी था। अतः सरकार ने उसे भी बन्दी बना लिया। उसने कहा कि टाना भगतों से उसका कुछ भी लेना–देना नहीं था और वह केवल विष्णु का भक्त था। किन्तु उसका आन्दोलन गुप्त रूप से चलता रहा। बृहस्पतिवार को रात बैठके हुआ करती थीं और सभी महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाते थे।[15]

धीरे–धीरे ताना भगत आन्दोलन जंगल में आग की भाँति पूरे उराँव क्षेत्र में फैल गया। आदिवासियों ने जमींदारों तथा अन्य गैर–आदिवासियों का काम करने से इन्कार कर दिया। जतरा भगत को अपने अनुयायियों को श्रमिकों के रूप में काम करने से मना करने के कारण गुमला सब–डिविजनल मजिस्ट्रेट के कोर्ट में अपने सात अनुयायियों के साथ उपस्थित होना पड़ा। जतरा भगत को एक साल की कैद की सजा दी गई परन्तु बाद में इस शर्त पर उसे रिहा कर दिया गया कि वह अपने नये मत का उपदेश नहीं देगा तथा चुप रहेगा। इस प्रकार जतरा भगत इस पृष्ठभूमि में असफल रहा, किन्तु आन्दोलन फैलता गया। राँची जिले के विभिन्न भागों

में स्थानीय नेता उभरने लगे। सामाजिक वातावरण नये विचारों तथा भावनाओं से काफी प्रभावित हो गया कि अन्दोलन को नियंत्रित करना कठिन हो गया।[16]

किन्तु जेल में मिली घोर प्रताड़ना के फलस्वरूप जेल से बाहर आने के दो मास के भीतर ही उसकी मृत्यु हो गयी।[17] कुछ ही समय में राँची जिले के लगभग सभी उराँव क्षेत्रों में विशेष रूप से लोहरदगा, सिसई, लापुंग, बेड़ो, कुडू., मांडर थाना के क्षेत्र में तानावाद का पालन हुआ।[18] यह अन्दोलन दो चरणों से हो कर गुजरा। पहले चरण में पुराने देवी देवताओं तथा रीति–रिवाजों को हटाया गया। दूसरे चरण में नये मत के विश्वासों तथा नियमों की स्थापना हुई। पहले चरण में भूत–प्रेतों पर डाइन होने का संदेह होता उन्हें मारा–पीटा जाता। इसी समय भगतों ने जमीन्दारों की भूमि पर काम करना तथा उन्हें लगान देना भी बन्द कर दिया। इस कारण जमीन्दार तथा पुलिस कर्मचारियों की बड़ी चिन्ता हुई क्योंकि इनलोगों ने ऐसी कार्रवाईयों को विद्रोह समझा। शराब बेचने वालों को यह डर पैदा हुआ कि यदि उराँव शराब पीना बन्द कर देंगे तो उनका रोजगार मारा जाएगा। भगत लोग चन्द्र बाबा तथा सूर्य बाबा के साथ–साथ जर्मन बाबा का भी आह्वान करते थे। इसका मुख्यत कारण यह था कि दूसरे महायुद्ध के समय जर्मनी सेना आरम्भ में बड़ी शक्तिशाली मानी जाती थी। इस प्रकार सरकारी कर्मचारियों ने उनकी सभाओं को बड़ी गम्भीरता पूर्वक देखा और उन पर रोक लगा दी। शान्ति भंग करने के आरोप में कुछ भगतों को गिरफ्तार भी किया।[19] उनका विश्वास था कि अपने देवताओं के अतिरिक्त जर्मनों और हिन्दुओं के देवताओं की पूजा कर वे जमीन्दारों और साहुकारों के चंगुलों से निकल सकते थे।[20]

दूसरे चरण के अन्तर्गत अनुयायियों के लिए नये विश्वास के आधार पर आचरण सम्बन्धी विशिष्ट नियम बनाये गये तथा इस प्रकार नये मत को एक विशिष्ट स्वरूप प्रदान किया गया।[21] टाना भगत हिन्दुओं और इसाईयों की तुलना में अपनी गिरी हुई स्थिति से दुःखी थे। उनका विश्वास था कि उनकी दशा तभी सुधर सकती थी तब वे ईश्वर से तादात्म्य स्थापित कर सकते। इसके लिए उन्होने कुछ कर्मकांडो को आविष्कार किया और एक निश्चित आचार संहिता तैयार की। उनका कहना था सही कर्मकांड वही हो सकता था जो ईश्वर से सही संबंध स्थापित कर सके। इसके लिए अपवित्र वस्तुओं का परित्याग कर शुद्ध जीवनयापन आवश्यक था तभी ईश्वर से संपर्क स्थापित किया जा सकता था और सारे कष्टों से मुक्ति मिल सकती थी।[22] भगत कर्मकांडों के माध्यम से धर्मेश से तादात्म्य स्थापित करता है इसलिए वह शुद्ध जीवन अपनाता और धर्मेश के प्रति समर्पित रहता है। ईश्वर की कृपा प्राप्ति के लिए पूजन से पहले स्वयं शुद्ध होना आवश्यक है। मांस–भक्षण का परित्याग इसलिए आवश्यक है कि जीव ईश्वर की देन है अतः पूजा और नैवेद्य अर्पण से पहले स्नान आवश्यक है। पूजन से पहले भोजन निशिद्ध है। पारंपरिक उराँव–व्यवस्था के अंतर्गत प्रत्येक धार्मिक समारोह में बलि, नैवेद्य और हड़िया का चढ़ाया जाना आवश्यक था लेकिन टाना भगतों ने सब बंद कर दिया। वह अपनी 'देवकुरी'

(मंदिर) में फूल–मिष्ठान्न चढ़ाने लगा और अगरबत्ती अथवा घी का दिया जलाने लगा। टाना भगत के लिए पूर्वजों की आत्मा के अतिरिक्त सभी आत्मा दुरात्मा है और इसलिए उनका परित्याग किया जाना चाहिए। वह केवल सर्वेच्च देवता धर्मेश में विश्वास करता है। वह न तो स्वयं मदिरा का सेवन करता है और न मदिरा का सेवन करने वालों के साथ बैठता है। वह स्वपाकी होता है और दूसरों के द्वारा पकाये गये अन्न से परहेज करता है। इस तरह टाना भगतों की आचारसंहिता भी उराँव भगतों की आचार संहिता से बहुत भिन्न नहीं है। रात्रि बेला में नये धर्म के इन अनुयायियों की बड़ी संख्या जगह–जगह एकत्रित होने लगी और सूर्योदय तक भूतप्रेतों के निष्कासन के अभियान चलने लगे जिससे जमींदार आतंकित हो उठे।[23] जमींदारों को लगान अदा न करने का अभियान बन गया। टाना भगतों ने खेत जोतना बन्द कर दिया। तेज स्वरों में गाए जाने वाले उनके गानों और मन्त्रों से जमींदार और साहुकार डर गए और आशंका करने लगे कि उराँव लोग कहीं उनके विरूद्ध आन्दोलन न छेड़ दें। स्थानीय जमींदार और साहुकार टाना भगतों से संभावित विद्रोह से आंतकित हो उठे और उन्होंने पुलिस से इनकी शिकायत की। पुलिस के पदाधिकारी जो न तो इनके गीतों और प्रार्थनाओं को समझते थे, और जिन्हें न तो टाना भगतों के कर्मकाण्डों को देखन ही दिया जाता था, इन्हें विद्रोही समझने लगे और उनकी सभाओं को गैर कानूनी मानने लगी। उनकी सभाओं पर प्रतिबंध लगाये गये और बहुतों को शांति भंग करने के नाम पर कचहरियों तक घसीटा गया। यह सब कुछ इस तरह होता रहा कि आन्दोलन धीरे–धीरे स्वयं शिथिल पड़ता गया क्योंकि नया धर्म भी भूमि–संबंधी अधिकारों की रक्षा में अक्षम सिद्ध हुआ। दूसरी ओर सरकार दमन का चक्र भी चलता रहा। नतीजत टाना भगत धीरे–धीरे समझने लगे कि केवल धार्मिक आवेग के बल पर आन्दोलन की न तो लोकप्रियता बनायी जा सकती थी और न इसे जीवित रखा जा सकता था। इसके लिए राजनीतिक आधार की आवश्यकता थी।[24]

अतः जब महात्मा गाँधी ने 1921 ई० में असहयोग –अन्दोलन के प्रारंभ किया तो कुडू. थाना के सिद्ध भगत के नेतृत्व में टाना भगत पहली बार स्वतंत्रता आन्दोलन में शामिल हो गये। ऐसा उन्होंने इसलिए किया कि उनकी दृष्टि में गाँधी जी, जतरा भगत अथवा बिरसा भगवान के मूल उद्देश्यों में विशेष अंतर नहीं था। टाना भगत कांग्रेस की ओर इसलिए भी आकर्षित हुए कि वे कांग्रेस को गांधी जी का पयार्यवाची मानते थे। टाना भगतों के कई दल गया, कलकत्ता, लाहौर इत्यादि में होने वाले कांग्रेस के वार्षिक अधिवेशनों में शामिल हुए। महत्वपूर्ण बात यह थी कि इन स्थानों तक की लंबी यात्रायें पाँव पैदल की।[25] उन्होनें खादी तथा गाँधी टोपी धारण थी।[26] उन्होनें चरखा को अपनाया और केवल खादी वस्त्रों का उपयोगं करने लगे। उन्होंने विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार किया। वस्तुतः उनमें से कुछ यह भी समझते थे कि गाँधी जी के रूप में जतरा भगत का पुर्नजन्म हुआ था। इस तरह एक आर्थिक और धार्मिक आन्दोलन के रूप में शुरू हुआ, टाना भगत आन्दोलन, भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन से जुड़कर एक राजनीतिक आन्दोलन बन गया।[27]

वे अपना झंडा फहराते थे, उपवास रखते थे और अलग ढंगे से अपनी राष्ट्रभक्ति व्यक्त करते थे। गाँधी जी जिस तरह कर देने से मना करके अंग्रेजों के प्रति विद्रोह को व्यक्त करते थे, वैसे ही टाना भगतों ने भी किया। यही असहयोग आन्दोलन था जिसके लिए राँची के डोरण्डा में अलग न्यायिक कचहरी की स्थापना की गई। उस समय तक छोटानागपुर में कांग्रेस की गतिविधियाँ आरंभ हो चुकी थी। राष्ट्रीयता की लहर फैल गई थी।[28] खद्दर धारी गाँधी टोपी पहने शंख एवं घंटी बजाते टाना भगतों की टोली गाँधी की को अत्यन्त प्रिय लगती थी। उन्होंने कहा था कि टाना भगत उनके सर्वाधिक प्रिय अनुयायी थे।[29] टाना भगत संप्रदाय को गाँधी जी से प्रभावित स्वतंत्रता आंदोलन का शुद्ध आदिवासी रूप कहा जाता है।

## संदर्भ ग्रंथ-सूची

1. अहमद जियाउद्दीन, *बिहार के आदिवासी*, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 1856, पृ०–170
2. दत्त कालिकिंकर, *बिहार में स्वातंन्त्र्य आन्दोलन का इतिहास, खण्ड–1*, बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, पटना, तृतीय संस्करण : फरवरी 2014, पृ०–104
3. वीरोत्तम बी०, *झारखण्ड : इतिहास एवं संस्कृति*, बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी, पटना, 2006, पृ० – 346
4. वही
5. झा भारती, *राष्ट्रीय आन्दोलन और झारखण्ड के जनजातीय संघर्ष*, सत्यम् पब्लिशिंग हाऊस, नई दिल्ली, 2010, पृ०– 126
6. वीरोत्तम बी०, पूर्वोद्धृत, पृ०–347
7. सिन्हा एस० पी०, *कनफ्लिक्ट एण्ड टेनशन इन ट्राईबल सोसाईटी*, कॉनसेप्ट कम्पनी, नई दिल्ली, 1993, पृ०– 257
8. वीरोत्तम बी०, पूर्वोद्धृत, पृ० – 347
9. झाभारती, पूर्वोद्धृत, पृ० – 127
10. वीरोत्तम बी०, पूर्वोद्धृत, पृ० –347
11. वर्मा उमेश कुमार, *बिहार का जनजातीय जीवन*, किषोर विद्या निकेतन, वाराणसी, 1991, पृ०–192
12. राजगढ़िया सुशील, *द ट्राईबल सोर्ल्डस ऑफ महात्मा गाँधी* (1920–1947), सत्यम् पब्लिशिंग हाऊस, नई दिल्ली, 2010, पृ० – 161
13. वीरोत्तम बी०, पूर्वोद्धृत, पृ० – 348
14. वही
15. झा भारती, पूर्वोद्धृत, पृ० – 131
16. वर्मा उमेश कुमार, पूर्वोद्धृत, पृ० – 193

17. वीरोत्तम बी०, पूर्वोद्धृत, पृ० – 349
18. एक्का फिलिप, एस० जे०, *ट्राईबल मूभमेन्टस् ए स्टडी इन सोशल चेंज*, ट्राईबल रिसर्च एण्ड डाक्यूमेनटेशन सेन्टर, छत्तीसगढ़, 2003, पृ०– 224
19. अहमद जियाउद्दीन, पूर्वोद्धृत, पृ० – 171
20. वीरोत्तम बी०, पूर्वोद्धृत, पृ० – 348
21. वर्मा उमेश कुमार, पूर्वोद्धृत, पृ०– 193
22. वीरोत्तम बी०, पूर्वोद्धृत, पृ० – 351
23. वही, पृ० – 352
24. झा भारती, पूर्वोद्धृत, पृ० – 133
25. वीरोत्तम बी०, पूर्वोद्धृत, पृ०–352
26. स्वतंत्रता संग्राम से जुटे हुए बिहार के कुछ ऐतिहासिक स्थल के विवरण, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग (सामान्य शाखा), बिहार सरकार,पृ० –5
27. वीरोत्तम बी०, पूर्वोद्धृत, पृ० – 353
28. धान अनुज कुमार, *ज्योत्सना मंजु, झारखण्ड*, प्रकाशन विभाग सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, 2008, पृ० – 38
29. वीरोत्तम बी०, पूर्वोद्धृत, पृ० – 353

# महात्मा गांधी और पर्यावरण आंदोलन (झारखंड के विशेष संदर्भ)

**रिया कुमारी गुप्ता***

1960 और 1970 के दशक के प्रारंभ में व्यापक बेरोजगारी, पारिस्थितिकीय क्षरण तथा अनियंत्रित निर्धनता के विरूद्ध देश में सामाजिक आंदोलनों की एक नई लहर चली। इनमें महिला आंदोलन, जनजातीय आंदोलन और पर्यावरण आंदोलन प्रमुख थे। हाल के दशकों में इतिहास के एक नवीनतम शाखा पर्यावरणीय इतिहास शोधार्थियों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इसमें एक प्रमुख विषय है, पर्यावरण आंदोलन। वर्तमान समय में विश्व भर में पर्यावरणीय समस्याएं एक चुनौती की तरह उभर रही है। आज विकास का पारिस्थितिक कीमत पर सवाल खड़े किए गए है। पिछले तीन चार दशकों में भारत में पर्यावरण आंदोलन बहुत बड़ी संख्या में हुए है।[1] ये देश की आजादी के बाद अपनाए गए आर्थिक विकास के मॉडल पर सवालिया निशान लगाते रहे है।[2] जल, जंगल और जमीन को लेकर विश्व भर में आदिवासियों द्वारा आंदोलन चलाए जा रहे है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश भर में बहुउद्देशीय बांध परियोजनाओं, स्टील प्लांट जैसे विकास कार्य में तेजी आई थी। यद्यपि औद्योगीकरण से इच्छित आर्थिक विकास तो नहीं हासिल हुए, परंतु इसने देश भर में पर्यावरण आंदोलनों की बाढ़ ला दी। महात्मा गांधी के विचारों की प्रासंगिकता इस विषय पर भी देखी जा सकती है।

पर्यावरण आंदोलन भारत में कुकुरमुत्ते की तरह तेजी से बढ़ रहे है। परंतु अभी तक कुछ ही आंदोलनों पर व्यवस्थित और वैज्ञानिक ढंग से अध्ययन किया गया है। रामचंद्र गुहा द्वारा चिपको आंदोलन पर *द अनक्वायट वुड्स : इकॉलोजिकल कंफ्लिक्ट एण्ड पीजेंट रेजिस्टेंस इन हिमालया* [3] और अमिता बविष्कर द्वारा नर्मदा बचाओ आंदोलन पर लिखी गई *इन द बेली ऑफ द रिवर* [4] जैसी पुस्तकों ने इन दो आंदोलनों को विश्व भर में पर्यावरण आंदोलन के रूप में प्रसिद्धि दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। अमिता बविष्कर ने बताया है कि किस प्रकार भारतीय राज्य द्वारा विकास की जो नीति अपनाई गई है, वह पर्यारणीय क्षति के लिए जिम्मेवार है। महात्मा गांधी को प्रारंभिक पर्यावरणविद् के रूप में देखा गया है।[5] रामचंद्र गुहा जिन्होनें पर्यावरण आंदोलनों पर बहुत अधिक अध्ययन किया है, वे मानते है कि जल, जंगल और जमीन पर अधिकार के लिए आदिवासियों के आंदोलन माओवादियों के नेतृत्व में जा रहे है।[6]

---

*शोधार्थी (यूजीसी–नेट जेआरएफ), इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय

परंतु इन अध्ययनों में झारखंड के विषय में व्यवस्थित ढंग से कुछ नहीं कहा गया है। प्रस्तुत आलेख में झारखंड में चल रहे पर्यावरण से संबंधित आंदोलनों की रणनीति गांधीवादी विचारधारा से कहाँ तक प्रेरित है, इसकी चर्चा की जाएगी। सबसे पहले भारत के दो प्रसिद्ध पर्यावरण आंदोलनों चिपको आंदोलन और नर्मदा बचाओ आंदोलन की चर्चा करते हुए भारत के पर्यावरण आंदोलन को समझने का प्रयास किया जाएगा। इसके बाद झारखंड में चल रहे दो आंदोलनों कोयलकारो आंदोलन और सिंहभूम के जंगल आंदोलन के पर्यावरणीय आयाम को स्पष्ट करते हुए यह स्पष्ट करने का प्रयास किया जाएगा कि इन आंदोलनों के दौरान भी पारिस्थितिक सुरक्षा के मुद्दे उठाए गए। प्रस्तुत आलेख का प्रमुख उद्देश्य इन दो आंदोलनों की रणनीति की चर्चा करते हुए यह देखना है कि यह गांधीवादी विचारधारा से कहाँ तक प्रभावित है। प्रस्तुत आलेख में कुछ प्रश्नों पर विचार किया गया है, जैसे, कुछ पर्यावरण आंदोलनों के विश्व स्तर पर प्रसिद्धि के क्या कारण है? ये पर्यावरण आंदोलन गांधीवादी विचारधारा से कहाँ तक प्रेरित है? झारखंड में पर्यावरण से संबंधित आंदोलन की रणनीति में गांधीवाधी विचारधारा की छाप कहाँ तक दिखती है? एवं झारखंड में हो रहे ऐसे आंदोलनों के प्रति सरकार का रवैया कैसा है?

प्रस्तुत आलेख के प्रथम भाग में राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में पर्यावरण आंदोलनों की चर्चा की गई है, दूसरे भाग में महात्मा गांधी की विकास संबंधी विचारधारा और उनकी द्वारा आंदोलन हेतु अपनाई गई रणनीति के विषय में कहा गया है और तीसरे भाग में झारखंड में पर्यावरण से संबंधित आंदोलनों के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए इन आंदोलनों में अपनाई गई रणनीति की तुलना गांधीवादी विचारधारा से की गई है।

## राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में पर्यावरण आंदोलन

भारत में नर्मदा बचाओ आंदोलन और चिपको आंदोलन को विश्व भर में पर्यावरण आंदोलन के रूप में प्रसिद्धि मिली है। चिपको आंदोलन ने देश में आजादी के बाद अपनाए गए आर्थिक विकास के मॉडल में निहित पर्यावरणीय विनाश के मुद्दे को सामने रखा। नर्मदा बचाओ आंदोलन की शुरूआत 1988–89 के दौरान हुई थी। प्रस्तावित बाँध के निर्माण से भारत के मध्य भाग में स्थित राज्यों के 245 गाँव डूब क्षेत्र में आ रहे थे। अतः प्रभावित गाँवों के करीब ढाई लाख लोगों के पुनर्वास के मुद्दे को लेकर यह आंदोलन प्रारंभ हुआ था। इस आंदोलन में इस बात पर जोर दिया गया कि ऐसी परियोजनाओं की निर्णय प्रक्रिया में स्थानीय समुदायों की भागीदारी होनी चाहिए और जल, जंगल और जमीन जैसे प्राकृतिक संसाधनों पर उनका प्रभावी नियंत्रण होनी चाहिए।

इसी प्रकार चिपको आंदोलन में गाँववासी ओक के पेड़ और रोहोडैंड्रोन के पेड़ को बचाने के लिए एक साथ आगे आए। सरकारी जंगल के ठेकेदार पेड़ों को काटने के लिए आगे आए तो गाँववासी पेड़ों से चिपक गए। इस संघर्ष ने गरीब गाँववासियों के आजीविका की

आवश्यकताओं को बेचकर राजस्व कमाने के सरकार की इच्छा के समक्ष खड़ा कर दिया। इन बिंदुओं पर यदि गौर किया जाए तो आदिवासियों की आजीविका और पर्यावरणीय ह्रास में प्रत्यक्ष संबंध दिखता है।

आंदोलनकारियों ने अपनी माँगें मुखर करने के लिए हरसंभव लोकतांत्रिक रणनीति का इस्तेमाल किया। आंदोलन ने अपनी बात न्यायपालिका से लेकर अंतर्राष्ट्रीय मंचों तक उठाई। जनता के बीच आंदोलन को लोकप्रिय करने के लिए सार्वजनिक रैलियों और सत्याग्रह जैसे तरीकों का प्रयोग किया गया। इस प्रकार ये दोनो आंदोलन काफी हद तक सरकार और जनता का ध्यान अपनी समस्याओं और सरकार की नीतियों के खामियों की ओर आकृष्ट करने में सफल रहा।

सरकार ने बाँध से प्रभावित लोगों के पुनर्वास के नाम पर इस आंदोलन का शांत करने का प्रयास किया। ऐसे आंदोलनों को तीव्र विरोध का भी सामना करना पड़ा है, इन आंदोलनों को आर्थिक विकास के विरोधी के रूप में भी देखा जा रहा है। जहाँ तक क्षतिपुर्त्ति का सवाल है, इससे यद्यपि आदिवासियों का फुसलाया जा सकता है, लेकिन पर्यावरण पर दुष्प्रभाव डालने वाले उद्योगों से होने वाली क्षति की पुर्त्ति नहीं की जा सकती है।

इन आंदोलनों ने एक तरफ विकास गतिविधियों से स्थानीय लोगों पर आई आजीविका का संकट और विस्थापन की समस्या को सामने रखा ही था, परंतु इन आंदोलनों के नेताओं इसे लोकप्रिय बनाने हेतु ऐसे विकास कार्यो से उत्पन्न हो रहे पर्यावरणीय संकट की ओर भी लोगों का ध्यान आकृष्ट कराया था। वनों के व्यवसायिक कटाई से हिमालय घाटी के क्षेत्रों मे बढ़ हो रहे भूस्खलन और बड़े बांध के पर्यावरणीय दुष्प्रभाव की तरफ पूरे विश्व का ध्यान आकृष्ट हुआ। यही कारण है कि इन दो आंदोलनों का विश्व स्तर पर पर्यावरण आंदोलन के रूप में प्रसिद्धि मिली हुई है।

## गांधीवादी विचारधारा और पर्यावरण आंदोलन

भारत में पर्यावरण आंदोलनों पर गांधी दर्शन की छाप दिखती है।[7] इस ओर कई विद्वानों ने ध्यान आकृष्ट करने का प्रयास किया है। महात्मा गांधी के जीवन और कार्य समकालीन पर्यावरणीय आंदोलनों पर विशेष प्रभाव रखता है। चिपको आंदोलन से नर्मदा बचाओ आंदोलन तक पर्यावरणीय कार्यकर्ता अहिंसक प्रतिरोध की गांधीवादी तकनीक पर बहुत अधिक निर्भर है। भारत में हो रहे पर्यावरण आंदोलन कहीं न कहीं गांधी के विचारधारा से जुड़ाव रखते ही है। चिपको आंदोलन के नेता चांदी प्रसाद भट्ट और सुंदरलाल बहुगुणा या फिर नर्मदा बचाओ आंदोलन के नेता बाबा आमटे और मेधा पाटेकर सभी गांधी के ऋण को स्वीकार करते है।[8] आज पूरे विश्व में हो रहे आंदोलनों की रणनीति गांधीवादी विचारधारा से प्रेरित है। वे सविनय अवज्ञा, हड़ताल, धरना प्रदर्शन, असहयोग, पद–यात्रा जैसे साधनों का प्रयोग कर अपनी माँगें मनवाने के प्रयास में लगे हुए है। स्थानीय लोगों के साथ–साथ गैर–सरकारी संगठन भी इस दिशा में

प्रयासरत् है। ये लोगों को जागरूक करने के साथ–साथ सरकार को भी अपनी योजनाओं को उसके पर्यावरणीय दुष्प्रभाव से संबंधित पक्ष की जाँच करने का दबाव डाल रहे है। गांधीजी की रणनीति का एक प्रमुख बिंदु था कि वे लोगों के सामाजिक–आर्थिक विकास में भी शामिल रहते थे। पर्यावरण आंदोलन के कार्यकर्ता भी आदिवासी समुदाय के विकास में शामिल रहते है।[9] नर्मदा बचाओ आंदोलन गांधी जी की शिक्षा से प्रभावित एक अहिंसक आंदोलन था।[10] अपनी माँगों को मनवाने के लिए आंदोलनकारी अमरण अनशन पर बैठ गए।[11] चिपको आंदोलन भी गांधीवादियों द्वारा ही चलाया गया है।[12]

हाल के दशकों में विश्व का ध्यान पर्यावरण समस्याओं की ओर गया है। इन समस्याओं के समाधान की ओर जब लोगों का ध्यान गया। जैन धर्म और बौद्ध धर्म के सिद्धांतों में भी प्रकृति प्रेम की झलक मिलती है। गांधीजी के विचारों को इन समस्याओं से भी जोड़कर देखा जा रहा है। गांधीजी के समर्थक यह तर्क देते है कि आधुनिक औद्योगिक सभ्यताओं मे निहित पारिस्थितिक संकट का अनुमान गांधीजी ने बहुत समय पूर्व ही लगा लिया था। सिर्फ गांधीजी ही नही रवींद्रनाथ टैगोर की कविताओं में भी प्रकृति प्रेम झलकती है। आज सरकार को पारिस्थितिक संतुलन को नुकसान पहुँचाए बिना देश का विकास सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। महात्मा गांधी द्वारा आधुनिक उद्योगों के स्थान पर लघु उद्योग और स्वावलांबी गांवों का समर्थन आज के पर्यावरण आंदोलनों के दौरान किए जा रहे माँगों से संबंधित नजर आती है।

हालांकि पर्यावरण आंदोलनों को केवल गांधीवादी आंदोलन के रूप में देखना भी गलत होगा। यद्यपि चिपको आंदोलन और नर्मदा बचाओ आंदोलन के नेता गांधीवादी विचारधारा से प्रभावित थे परंतु आज पूरे भारत में कई ऐसे आंदोलन हुए है जो खनन जैसे विकास कार्यो के फलस्वरूप स्थानीय लोगों के आजीविका पर आए संकट के साथ–साथ इनकी पारिस्थितिक पक्ष को भी सामने रख रहा है। ऐसे देखा जा रहा है कि ऐसे आंदोलनों में स्थानीय लोग विरोध के लिए परंपरागत तरीकों का प्रयोग कर रहे है।[13] वे तीर–धनुष जैसे अपने परंपरागत हथियारों की सहायता से विरोध प्रकट कर रहे है। पर्यावरण आंदोलनों की जड़ें आदिवासियों द्वारा अपने वन अधिकारों की रक्षा हेतु किए गए विरोधों में मजबूती से जमी हुई है।[14]

## झारखंड के संदर्भ में कुछ बिंदु

झारखंड के विषय में अगर देखें तो यहाँ के आदिवासियों द्वारा भी अपने क्षेत्र के पारिस्थितिक और आर्थिक शोषण के खिलाफ निरंतर आवाज उठाई है। सिंहभूम के जंगल आंदोलन में भी आदिवासियों ने चिपको आंदोलन के समान ही जंगल के व्यवसायिक कटाई का विरोध किया है।[15] विश्व बैंक के सहयोग से बिहार सरकार ने जब 1976 में सिंहभूम के वन क्षेत्रों खासकर कोल्हान, पोराहाट और सारंडा में बिहार वन विकास निगम खोला। निगम और आदिवासियों के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गई जिसने बाद में आंदोलन का रूप ले लिया।[16] हालांकि

झारखंड आंदोलन में विलय और सरकार द्वारा इस आंदोलन के दमन के लिए उठाए गए कदमों ने इस आंदोलन के स्वरूप को चिपको आंदोलन के समान अहिंसक नहीं रहने दिया। उन्होनें विरोध के लिए जिस रणनीति का इस्तेमाल किया वह चिपको आंदोलन के ठीक विपरित था।[17] इस आंदोलन का नेतृत्व बाद में नक्सलियों के हाथों में चला गया। इससे सरकार को भी ऐसे आंदोलनों को हिंसक साधनों द्वारा दबाने को मौका मिल जा रहा।

1976ई० में कोयल और कारो नदी पर बाँध बनाने की परियोजना बनी। इससे करीब 55 हजार हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि, बाँध क्षेत्र में आने वाले जंगल, पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र और आस–पास की जनजातीय बस्तियों के डूब जाने की शंकाएँ व्यक्त की गई। बाँध बन जाने से 1 लाख के लगभग पेड़ भी काटे जाते। अतः कोयलकारो जनसंगठन का निर्माण कर स्थानीय लोगों ने इसका जबरदस्त विरोध किया। कोयलकारो आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से चलाया जा रहा था। परंतु सरकार ने इसे दबाने के लिए पुलिस दमन का सहारा लिया और 2 फरवरी, 2001ई में तपकारा में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे आंदोलनकारियों पर गोली चलाई गई।[18] समकालीन परिप्रेक्ष्य में यदि देखें तो भारत में जल, जंगल और जमीन को लेकर हो रहे आंदोलन को हिंसा द्वारा दबाने के प्रयास सामने आ रहे है। जिससे ये आंदोलन उग्र स्वरूप ले ले रहे है।[19]

यह सच है कि झारखंड और पूरे भारत के आदिवासियों द्वारा अपनी आजीविका की रक्षा के लिए जो आंदोलन चलाए जा रहे हैं, वह उनके द्वारा ब्रिटिश काल से ही अपने परंपरागत अधिकारों की रक्षा के लिए किए जा रहे आंदोलनों की कड़ियों का विस्तार है। इसके लिए वे विरोध के परंपरागत विधियों का ही प्रयोग करते है। झारखंड में हो रहे पर्यावरण आंदोलनों को पहचान नहीं दिलाया जा सका है, क्योंकि इन आंदोलनों को नेतृत्व देने वाले व्यक्तियों का मुख्य उद्देश्य जल, जंगल और जमीन की समस्याओं को सुलझाना नहीं बल्कि अपना राजनीतिक स्वार्थ सिद्ध करना रहा है। वे अपने स्वार्थ खत्म होते ही इस आंदोलन को छोड़ कर चले जाते है।[20] वे आंदोलनकारियों के समाजिक–आर्थिक विकास में भी कम ही सम्मिलित रहते है। कोयलकारो आंदोलन के दौरान पुलिस शक्ति के द्वारा आंदोलन को दबाने के प्रयास किए गए तब जाकर लोगों का ध्यान इस आंदोलन की ओर आकृष्ट हुआ। राँची स्थित जेवियर्स इंस्चिट्यूट ऑफ सोशल साइंस ने इस आंदोलन की तरफ लोगों क ध्यान आकृष्ट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि पर्यावरण आंदोलनों में झारखंड जैसे पिछड़े हुए आदिवासी राज्यों में लोकप्रिय नहीं हो पा रहे है क्योंकि ऐसे राज्यों के प्राकृतिक संपदा के कीमत पर ही देश का विकास हो रहा है। पूंजीपति और उद्योगपति मीडिया को खरीद कर जनमत को गुमराह करती है। ये आंदोलन अहिंसक ढंग से ही शुरू होते है पर सरकार के दमनकारी नीतियों के कारण अपने पथ से विचलित हो जाते है और इनका विकृत स्वरूप ही जनता के सामने आ

पाता है। इनके मुद्दे तो चिपको आंदोलन और नर्मदा बचाओ आंदोलन के समान ही पारिस्थितिक सुरक्षा से जुड़ा हुआ था। प्रारंभ में इनकी रणनीति भी गांधीवादी ही थी परंतु जैसे–जैसे सरकार का दमन बढ़ता गया। यह आंदोलन जनजातीय उपद्रव मात्र प्रतीत होने लगा। सरकारी की दमनकारी नीतियों की वजह से ही लगातार यहाँ के लोगों का अहिंसक आंदोलनों से भरोसा उठता जा रहा है। सरकार का आंदोलन के प्रति रवैया और आंदोलन का नेतृत्व ऐसे दो प्रमुख कारण है जिससे ऐसे आंदोलन गांधीवादी कम और उपद्रव अधिक प्रतीत होते है।

## संदर्भ ग्रंथ सूची


1 साहू गीतोंजय, *पीपल पार्टिसिपेशन इन इन्वायरमेंटल प्रोटेक्शन : ए केस स्टडी ऑफ पंटाचेरू, इंस्टीच्यूट फॉर सोशल एण्ड इकॉनोमिक चेंज,* 2007, पृ सं– 7।

2 बंद्योपध्याय जयंत और शिवावंदना, *पॉलिटिकल इकॉनोमी ऑफ इकॉलोजी मूवमेंट*, इकॉनोमिक एण्ड पॉलिटिकल वीकली, भाग–23, सं– 24, 11 जून, 1988, पृ सं– 1225।

3 गुहा रामचंद्र, द *अनक्वायट वुड्स : इकॉलोजिकल चेंजेज एण्ड पीजेंट रेजिस्टेंट्स इन हिमलया*, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, नई दिल्ली, 1989, पृ सं – 152–179।

4 बविष्कर अमिता, *इन द बेली ऑफ द रिवर : ट्राइबल कंफ्लिक्ट ऑवर डेवलपमेंट इन द नर्मदा वैली*, नई दिल्ली, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, 2004, पृ सं –222।

5 गुहा रामचंद्र, *इन्वायरमेंटलिज्म : ए ग्लॉबल हिस्ट्री*, पेंग्विन बुक्स, नई दिल्ली, 2014, पृ सं–28–34।

6 गुहा रामचंद्र, ''आदिवासी, नक्सलाइट, एण्ड इंडियन डेमोक्रेसी'', *इकॉनोमिक एण्ड पॉलिटिकल वीकली*, भाग– 42, सं०–32, 11 अगस्त, 2007, पृ सं – 3305–3312।

7 खुशु टी एन और मूलाकट्टू जॉन एस , *महात्मा गांधी एण्ड इन्वायरमेंट : एनालाइजिंग गांधियन इन्वायरमेंटल थाउट*, द इनर्जी एण्ड रिसोर्स इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली, 1995, पृ सं – 2।

8 गुहा रामचंद्र, *महात्मा गांधी एण्ड इन्वायरमेंटल मूवमेंट इन इंडिया, अर्ने कलांद और गियार्ड पियर्सन (सं०), इन्वायरमेंटल मूवमेंट्स इन एशिया* में उपलब्ध, रूले, न्यूयॉर्क, 2013, पृ सं –65।

9 रेड्डी वी रत्ना, *''इन्वायरमेंटल मूवमेंट्स इन इंडिया : सम रिफ्लेक्शंस''*, जर्नल ऑफ इंडियन स्कूल ऑफ पॉलिटिकल इकॉनोमी, भाग–10, सं०–4 अक्टूबर–दिसंबर, 1998, पृ सं– 690।

10 डोयले टिमोदी, *इन्वायरमेंटल मूवमेंट इन मेजारिटी एण्ड मायनॉरिटी वर्ल्ड : ए ग्लॉबल प्रस्पेक्टिव*, रगर्स यूनिवर्सिटी प्रेस, लंदन, 2005, पृ सं – 121।

11 गाडगिल माधव और गुहा रामचंद्र, *भारत में पारिस्थितिकी संघर्ष और पर्यावरण आंदोलन*, महेश रंगाराजन (सं०), *भारत में पर्यावरण के मुद्दे : एक संकलन*, अनुवादक–रीता श्रीधर में उपलब्ध, पियर्सन, नई दिल्ली, 2010, पृ सं – 226।

12 हार्डिमैन डेविड, *गांधी इन हिज टाइम्स एण्ड आवर्स : द ग्लॉबल लीगेसी ऑफ हिज आइडियाज*, हर्ट एण्ड कंपनी, लंदन, 2003 पृ सं – 224।

13 शाह घनश्याम, *सोशल मूवमेंट इन इंडिया : ए रिव्यू ऑफ लिटरेचर*, सेज पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 2004, पृ सं–256।

14 लाल विनय, *''गांधी एण्ड द इकॉलोजिकल विजन ऑफ लाइफ : थिकिंग बीयोंड द डीप इकॉलोजी'', इन्वायरमेंटल इथिक्स* 22(2), जून, 2000, पृ सं –151।

15 ओमवेट गैल, *''इकॉलोजी एण्ड सोशल मूवमेंट्स'', इकॉनोमिक एण्ड पॉलिटिकल वीकली*, भाग– 19, सं– 44, 1984, पृ–1865।

16 तिलिन लुईस, *रिमैपिंग इंडिया : न्यू स्टेट एण्ड दियर पॉलिटिकल ऑरिजीन्स*, हर्स्ट एण्ड कंपनी, लंदन, 2013, पृ– 76।

17 अरिपरम्पिल मैथ्यू, *फॉरेस्ट आंदोलन इन सिंहभूम*, सचिंद्र नारायण (सं०), *झारखंड मूवमेंट : ऑरिजीन एण्ड इवॉल्यूशन*, इंटर इंडिया पब्लिकेशंस, नई दिल्ली, 1992, पृ सं – 185।

18 खल्खो प्रेम, *कंपलीमेंटरी ऑफ ह्यूमन लाइफ एण्ड अदर फॉर्म इन नेचर : ए स्टडी ऑफ ह्यूमन ऑब्लिगेशन टूवार्ड इन्वायरमेंट विद पार्टिकुलर रेफरेंस टू द उराँव इंडिजीनस कम्यूनिटी ऑफ छोटानागपुर, इंडिया*, ग्रिगोरियन प्रेस, रोम, 2007, पृ सं –232।

19 रॉय ब्रोतोती और मार्टिनेज जोएन, *''इन्वायरमेंटल जस्टिस मूवमेंट इन इंडिया* : एन एनालिसिस ऑफ द मल्टिपल मेनिफेस्टेशंस ऑफ वॉयलेंस'', इंडियन सोशायटी फॉर इकॉलोजिकल इकॉनोमिक्स, 2(1), जनवरी, 2019, दिल्ली, पृ सं – 82।

20 सुंदी ललिता, *''असर्सन ऑफ आइडेंटिटी ओवर जल, जंगल एण्ड जमीन इन सिंहभूम*, 1947–2007'', आाशा मिश्रा और चितरंजन कुमार पति (सं०), *ट्राइबल मुवमेंट इन झारखंड, 1857–2007 में उपलब्ध, कंसेप्ट पब्लिशिंग कंपनी*, नई दिल्ली, 2010 पृ०– 192।

# सत्य एवं अहिंसा संबंधी गाँधी जी का विचार एक परिचय

**ओडिल एक्का***

गाँधी जी सत्य तथा अहिंसा में विश्वास करते थे तथा धर्म उनके लिए संसार की नैतिक अनुशासन की व्यवस्था है। इसलिए उन्होंने हिंसा तथा नास्तिकता की निंदा की है। गाँधी जी ने धर्म की जीवन और समाज का आधारभूत तत्व स्वीकार किया है। उन्होंने धर्म के क्षेत्र में संसार के प्रत्येक कार्य को चाहे वे व्यक्तिगत क्षेत्र में हो या सामाजिक क्षेत्र में शामिल किया है। अपने धर्म की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि धर्म से उनका अभिप्राय किसी औपचारिक तथा रुढ़िवादी धर्म से नहीं है, बल्कि संसार के व्यवस्थित नैतिक शासन से है। गाँधी जी का धर्म सम्प्रदायवादी नहीं है अपितु उन्होंने मानवतावादी धर्म का पोषण किया जिसका चरम लक्ष्य सेवा है। गाँधी जी के धर्म के प्रमुख तत्व हैं– सत्य, प्रेम और अहिंसा।

सत्य क्या है? यह स्वभाविक प्रश्न उठता है। गाँधी जी ने ''सत्य ही ईश्वर है'' ऐसा कहा इस सत्य शब्द का प्रयोग ईश्वर या धर्म के साथ करते हुए गाँधी जी ने इसका विस्तृत अर्थ लिया है। वैसे ईश्वर के विषय में निष्कर्ष निकालते हुए उन्होंने यह भी लिखा है कि ''ईश्वर जीवन, सत्य और प्रकाश है, वह प्रेम है वह परम निःश्रेयस है।[1] यहीँ जीवन, प्रकाश और परम निःश्रेयस का प्रयोग सत्य के विशाल अर्थ की ही किया गया है। यह सत्य है क्या? इस प्रश्न को गाँधी जी ने जटिल बताया फिर भी उन्होंने अपने लिए इसका समाधान इस रूप में किया है कि ''अर्न्तवाणी का कथन है वही सत्य है।[2]'' यदि सत्य की यह कसौटी है तो यह कहा जा सकता है कि विभिन्न व्यक्तियों की अंर्तवाणी भिन्न–भिन्न हो सकती है। तो क्या सत्य भी भिन्न–भिन्न है? गाँधी जी का विचार है कि सत्य भिन्न–भिन्न नहीं है मानव बुद्धि का विकास सबका समान नहीं है एवं सबके अनुभव समान नहीं है इसलिए एक के लिए जो सत्य होगा वह दूसरे के लिए असत्य हो सकता है। अन्ततोगत्वा साधारण अनुभवी के आधार पर सत्य का विभिन्न अनुभव हो सकता है। पर यदि वैज्ञानिक प्रयोग का ढंग अपनाया जाए तो सत्य के प्रयोग के लिए कुछ प्रारंभिक औजारों की आवश्यकता पड़ेगी। इसलिए जो सत्य की खोज करना चाहते हैं उन्हें अनुशासन युक्त नैतिक व्रत का पालन करते हुए अपने प्रयोग में विकास करना चाहिए।[3] परिणाम यह होगा कि प्राथमिक तैयारियों के आधार पर जो सत्य की अनुभूति होगी उसमें द्विविधा की शंका नहीं की जा सकती।

स्पष्ट है कि अंर्तवाणी का कथन ही सत्य है और उसकी प्राप्ति ही धर्म है। इस कारण में

*शोधार्थी ''इतिहास विभाग'' राँची विश्वविद्यालय, राँची

कुछ अन्य दृढ़ताओं के विचारों का भी अवलोकन आवश्यक है। बौद्ध धर्म की मान्यता के अनुसार धर्म और सत्य एक ही हैं, धर्म सत्य के ही मार्ग का नाम है। महाभारत में सत्य धर्म प्रकाश और सुख की एक ही वस्तु बताते हुए कहा गया है कि ''यत् सत्यं स धर्मोयो धर्मः स प्रकाशो यः प्रकाशस्त–सुखमिति'' धर्म के बाह्य एवं विवादग्रस्त स्वरूप का निराकरण कर उसे सत्य की कसौटी पर नीयत किया गया है। जैन शास्त्रों में सम्यक–ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की रत्नत्रय के रूप में धर्म का सारतत्व कहा गया है। इन तीनों की अभिव्यक्ति अपने अन्दर दैवीय गुणों के विकास और पूर्णता के आभास द्वारा करना है। बुद्ध का भी यही कथन था कि अपने अंदर झांको और समझनने का प्रयास करो। वेदों और उपनिषदों का भी यही सारतत्व है कि ज्ञानीजन इन नेत्रों को अन्दर की ओर करते हैं और अपनी आत्मा को देख पाते हैं। ईसा मसीह ने कहा कि मानव की प्रतिभा ईश्वर की अभिव्यक्ति है। सभी धर्मों के द्रष्टाओं ने उस एक ही सत्य की ओर अभिप्रेरित किया। प्रकाश का आत्मदर्शन, अंर्तवाणी का अनुभव ही सत्य है, धर्म है। गाँधी जी का यह कथन कि सत्य का धर्म ही धर्म है और अर्न्तवाणी का कथन है यह स्पष्ट करता है कि उस दिव्य तत्व की अनुभूति ही धर्म है जिसका वर्णन अनादिकाल से द्रष्टागण करते आ रहे हैं। वह दिव्य तत्व ही सत्य है और इसलिए सत्य ही धर्म है। महात्मा गाँदी एक तरफ सत्य को ही धर्म की संत्रा देते हैं तथा वे दूसरी तरफ धर्म के रूप में अहिंसा की भी महत्व देते हैं, अतः विचारणीय प्रश्न है कि सत्य एवं अहिंसा में क्या संबंध है?[4]

गाँधी जी के लिए सत्य एवं अहिंसा से बढ़कर कोई भी अन्य मानवीय मूल्य नहीं है, इसलिए उन्होंने कहा कि ''मेरे पास इस जगत में सत्य एवं अहिंसा के सिवा कोई दूसरी चीज नहीं है। आप सत्य और अहिंसा की पहचान लें तो दुनियाँ में बड़ा से बड़ा काम हो सकता है।'' सत्य और अहिंसा ही गाँधी जी के लिए सब कुछ था, लेकिन इन दोनों में पारस्परिक विरोध हैसा नहीं कहा जा सकता क्योंकि सत्य की तरह ही अहिंसा भी सर्वशक्ति संपन्न एवं असीम है तथा ईश्वर का समानार्थक है। इस प्रकार स्पष्ट है कि अहिंसा को भी सत्य ही माना जाएगा, क्योंकि अहिंसा का आधार भी सत्य ही है और पूर्ण अहिंसा सत्य से भिन्न नहीं है, तथा अहिंसा के बिना सत्य का साक्षात्कार असम्भावित है। अहिंसा एवं सत्य में कोई विशेष अन्तर नहीं है। अहिंसा का शीर्ष बिन्दु सत्य है। दोनों एक दूसरे से संबंद्ध है और एक के बिना दूसरा अपूर्ण है। गाँधी जी ने स्पष्ट कहा है कि अहिंसा के बिना सत्य सत्य नहीं बल्कि असत्य है। हिंसा के साथ सत्य का संबंध नहीं हो सकता। इस प्रकार अहिंसा सत्य का प्राण है। गांधी जी ने अहिंसा को परम धर्म बतलाया है। तथा उनेहंने यह भी बतलाने का प्रयास किया है कि सत्य अगर साध्य है तो अहिंसा उसका एक मात्र साधन है। साधन यदि ठीक है तो साध्य की प्राप्ति निश्चित एवं असंदिग्ध है। अहिंसा के साधन से ही सत्य तक पहुँचा जा सकता है। अहिंसा इस रूप में परम कर्तव्य है। परम कर्तव्य ही परम धर्म है। इस प्रकार सत्य एवं अहिंसा के साथ धर्म शब्द के प्रयोग का अन्त समझा जा सकता है कि सत्य धर्म है क्योंकि वह ध्येय है एवं अहिंसा धर्म है क्योंकि वह परम कर्तव्य है।[5]

महात्मा गाँधी जन्म से एक वैष्णव थे और बाल्य काल से ही उन्हें सत्य एवं अहिंसा के बारे में बताया और सिखाया गया था जो उनके विश्वास, आचरण एवं व्यवहार में परिलक्षित होता था उन्हें एक महान जैन चिंतक राजाचंद कवि का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। विश्व के महान विचारों, विश्वासों एरं धर्मग्रंधों के अध्ययन के उपरांत गाँधी जी का अहिंसा पर विश्वास और दृढ़ हुआ। हमारे शास्त्र बताते हैं कि जिसने भी संपूर्णता में अर्थात मनसा, वाचा, कर्मणा अहिंसा व्रत का पालन किया, पूरी दुनियाँ उसके कदमों में नतमस्तक हुई तथा वह अपने आस पास के प्राकृतिक वातावरण को भी प्रभावित करता है। साँप आदि विषैले जीव भी उसे नुकशान नहीं पहुँचाते हैं। दूसरे शब्दों में अहिंसा का अर्थ है किसी भी जीवित प्राणी को मन विचार एवं कर्म से किसी प्रकार की हानि नहीं पहुँचाना। गाँधी जी का विचार है कि अहिंसा वह भावना है जहाँ शत्रु के लिए भी आपके हृदय में प्रेम हो, घृणा पर प्रेम से विजय पाया जाए। कोई अगर आपके प्रति दुर्भावना भी रखता हो तो उसे प्रेम से विजित किया जा सकता है। इसे उन्होंने साउथ अफ्रीका में सत्याग्रह के दौरान आजमाया था। उनके अनुसार अहिंसक संघर्ष में स्वयं कष्ट सहकर विरोधी का हृदय परिवर्तन का प्रयास करना होता है न कि विरोधी को कष्ट देने का प्रयास किया जाता है।[6] अहिंसा अपने सकारात्म रूप में सर्वोत्तम सेवा एवं प्रेम का भाव है। अगर आप अहिंसा के अनुगामी हैं तो अपको अपने दुश्मनी एवं विरोधियों से भी प्रेम करना चाहिए तथा यही सिद्धान्त अजनबियों के साथ भी लागू करना चाहिए। यह व्यवहारिक अहिंसा है तथा सत्य एवं निडरता इसके अभिन्न तत्व हैं। जीवन ईश्वर का सबसे बड़ा वरदान है और अहिंसा इसे अभय प्रदान करता है। अहिंसा वीरों का शस्त्र है और अपने व्यवहार में यह सर्वोच्च साहस की मांग करता है तथा गाँधी जी ने साउथ अफ्रीका में सत्याग्रह के समय इसका व्यवहारिक प्रयोग किया जहाँ हजारों की संख्या में लोग स्त्री–पुरुष और बच्चे अपने सम्मान के लिए अपने प्राणोत्सर्ग को तैयार थे, परन्तु उन्होंने अपने स्वाभिमान एवं सम्मान से समझौता करना अस्वीकर कर दिया।[7] गाँधी जी ने साऊथ अफ्रीका प्रवास के दौरान साऊथ अफ्रीका की गोरी सरकार के विरूद्ध अहिंसक सत्याग्रह का सफल प्रयोग किया। उनके सक्रिय प्रतिरोध एवं सत्याग्रह में हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं था, बल्कि इस सत्याग्रह आंदोलन के आत्मा थे प्रेम, विस्वास एवं त्याग जो इस सत्याग्रह आंदोलन की भरपूर ऊर्जा प्रदान करते थे। दूसरी ओर गाँधी जी के अहिंसात्मक प्रतिरोध आंदोलन में कायरता के लिए कोई जगह नहीं थी। गाँधी जी कहा करते थे कि अगर मुझे सिर्फ हिंसा एवं कायरता में चुनाव करना पड़े तो मैं हिंसा को चुनुंगा क्योंकि मैं शांतिपूर्ण एवं अहिंसक प्रतिरोधी साहस की सलाह देता हूँ जो प्रतिरोध करते हुए अपनी जान तक की बाजी लगा देता है और जिसमें भी यह साहस नहीं है उसे मेरी सलाह है कि वह हिंसात्मक प्रतिरोध करे और कायरतापूर्वक मरने से अच्छा है वह हिंसात्मक प्रतिरोध करते हुए मरे।[8]

''इन सब के बावजूद मेरा अहिंसा पर असीम विश्वास है तथा अहिंसा हिंसा से श्रेष्ठ है। क्षमा दण्ड से उत्तम है, क्षमा वीरों का भूषण है; परन्तु यह तभी संभव है जब उसमें दण्ड देने की क्षमता हो। यह तब निरर्थक हो जाता है जब आप असहाय हों। और मैं यह कभी नहीं चाहूँगा कि भारत

असहाय हो। मैं यह कभी नहीं चाहूँगा कि 30 करोड़ भारतीय 1 लाख अंग्रेजों के सामने लाचार हो जाएँ। मेरे अनुसार 30 करोड़ भारतीयों को 1 लाख अंग्रेजों से सशस्त्र संघर्ष की आवश्यकता नहीं पड़गी।''[9]

भारतीय स्वाधीनता संघर्ष में अहिंसा का गाँधी जी ने सिद्धान्त के तौर पर स्वीकार किया था। परन्तु उनके अधिकांश समकालीन कांग्रेसी नेताओं के लिए जिनमें चितरंजन दास, मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू, मौलाना आजाद, सरदार पटेल, नरेन्द्र देव आदि प्रमुख थे, उनके लिए अहिंसा एक नीति थी। स्वाधीनता संग्राम में कांग्रेस की राजनीतिक कार्रवाई एवं आचरण के स्तर पर अहिंसा राष्ट्रीय कांग्रेस के समग्र रणनीति का एक महत्वपूर्ण अंग थी। वस्तुतः व्यापक जनता की लामबंदी पर आधारित वर्चस्व की लड़ाई में अहिंसा भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के प्रकृति के काफी अनुकूल थी। अहिंसक संघर्ष के कारण वैसे लोग भी स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा ले सके जो हिंसक संघर्षों में इसी प्रकार भाग नहीं ले सकते थे। स्त्रियों के बारे में यह बात खासतौर पर सच है अहिंसा संगर्ष की नीति ने स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित की। संघर्ष तथा राजनीतिक व्यवहार के स्तर पर अहिंसा को अपनाने का संबंध भारत के औपनिवेशिक शासन के अध–संरक्षणवादी, अर्ध–लोकतांत्रिक चरित्र तथा ब्रिटेन की राजव्यवस्था के लोकतांत्रिक चरित्र से भी था।

परन्तु अहिंसा का सबसे बड़ा महत्व यह था कि वह संघर्ष को एक नैतिक आधार प्रदान करती थी। अहिंसक जनांदोलनों ने औपनिवेशिक अदिकारियों का पर्दापाश कर दिया क्योंकि वे जब शांतिपूर्ण सत्याग्रहियों पर हथियार का प्रयोग करते थे तो यह उजागर हो जाता था कि ब्रिटिश सत्ता का वास्तविक आधार क्या है। कानून की शांतिपूर्ण, अहिंसक, अवज्ञा करने वालों पर बल का प्रयोग नैतिक दृष्टि से उचित नहीं ठहराया जा सकता था। औपनिवेशिक शासक इन परिस्थितियों में हमेशा दुविधा की स्थिति में रहते थे। दूसरी तरफ राष्ट्रीय आंदोलन की रणनीति हमेशा जीत की ओर ले जाने वाली होती थी। ब्रिटिश राज की अर्ध लोकतांत्रिक सत्ता के पास अहिंसक और जनसमर्थन वाले शांतिपूर्ण आंदोलनों का कोई जवाब नहीं होता था तथा जब कभी वे इनका क्रूरता पूर्वक दमन करते उनके वर्चस्व का लगातार क्षय होता तथा उनकी नैतिक जमीन थोड़ी सी खिसक जाती थी।[10]

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान संघर्ष के अहिंसात्मक स्वरूप के चुनाव का संबंध इस बात से भी था कि निःशास्त्र जनता के पास और उपाय भी क्या था? औपनिवेशिक शासकों ने 1858 के बाद से ही उन्हें बड़ी चालाकी से निःशस्त्र कर दिया था तथा सशस्त्र विद्रोह को लगभग असंभव बना दिया था। राष्ट्रीय आंदोलन के नेता शुरू से ही इस बात को समझते थे कि भारतीयों के पास इतना भौतिक समृद्धि और क्षमा नहीं है कि वे ताकतवर औपनिवेशिक सत्ता के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष छेड़ सकें। फिर महत्व की चीज तो नैतिक बल और जाग्रत जनशक्ति का दबाव था और इस मामले में भारतीय कमजोर नहीं थे। यानि प्रतिष्ठा के युद्ध में अहिंसा ने भारतीयों को यह राजनीतिक शक्ति दी जिससे वे सशस्त्र औपनिवेशिक सत्ता के बराबर हो सके।[11]

गाँधी जी के सत्य एवं अहिंसा के विचार तथा इनपर उनके दृढ़ आस्था का व्यवहारिक प्रयोग साऊथ अफ्रीका प्रवास के दौरान गाँधी जीने सत्याग्रह आंदोलनों में किया तथा वहाँ से भारत वापसी के बाद भारतीय स्वाधीनता संघर्ष में गाँधी जी के अहिंसात्मक सत्याग्रह की नीति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत के राष्ट्रीय आंदोलन ने गाँधी जी के नेतृत्व में अहिंसात्मक सत्याग्रह की जो रणनीति अपनाई उसकी ब्रिटिश, फ्रेंच, रूसी, क्यूबाई और वियतनामी क्रान्तियों से तुलना करने पर विश्व इतिहास में उसकी एक महत्वपूर्ण जगह दिखाई पड़ती है। भारत एक अकेला देश है, जहाँ अर्ध लोकतांत्रिक या लोकतांत्रिक ढंग की राज्यसत्ता को विस्थापित किया जा सका। भारत का उदाहरण एक अनोखा परन्तु ठोस उदाहरण है, जिसमें राज्यसत्ता पर किसी क्रान्तिकारी आंदोलन के द्वारा एक झटके से कब्जा नहीं किया गया, बल्कि एक लंबी राजनीतिक लड़ाई के द्वारा यह लक्ष्य हासिल किया गया। लेकिन यह लड़ाई सिफ राजनीतिक नहीं थी, नैतिक एवं वैचारिक भी थी, जिसके दौरान एक लंबी अवधि में राष्ट्रवादी शक्तियों ने अपना वर्चस्व कायम किया। यही गाँधीवादी विचारधारा एवं संघर्ष की गाँधीवादी राणनीति की महत्वपूर्ण सफलता थी, जिसके दो महत्वपूर्ण सैद्धान्ति पक्ष थे– सत्य एवं अहिंसा तथा जिसका रणनीतिक पहलू था– अहिंसात्मक सत्याग्रह एवं सविनय अवज्ञा। जिसने अंततः भारतीय स्वाधीनता संघर्ष में निर्णायक भूमिका निभाई।

## संदर्भ ग्रंथ सूची

1. ***यंग इंडया –*** 11–10–1928, https;//www.gandhiheritage portal.og/ Journals-by-gandhi/young-India
2. ***यंग इंडिया*** – 31–12–1931, पूर्वोद्धृत
3. ***यंग इंडिया*** – 31–12–1931, पूर्वोद्धृत
4. सिंह, अमर ज्योति, ***महात्मा गाँधी और भारत***, बोरोनिका प्रिण्टर्स, वाराणसी, प्रथम संस्करण, 1995, पृ. 231
5. वही पृ. 232, 233
6. ***महात्मा गाँधी हिज लाईफ राइटिंग्स एण्ड स्पीचेज***, शिवकामी विलास प्रेस 41 मद्रास, धर्ज एडिसन 1921, पृ. 235, 236
7. वही– पृ. – 237, 238
8. रोला रोमां, ***महात्मा गाँधी***, पब्लिकेशन डिविजन मिनिस्ट्री ऑफ इंफोरमेशन एण्ड ब्रोडकास्टिग गर्वनमेंट ऑफ इंडिया, पटियाला हाऊस, नई दिल्ली, पृ. 29
9. वही पृ. – 30
10. चन्द्र विपन, ***भारत का स्वतंत्रता संघर्ष***, हिंदी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय दिल्ली विश्व विद्यालय केवेलरी लाईन, दिल्ली–पृ. 408
11. वही पृ.– 409

# महात्मा गांधी और ताना भगत आंदोलन

**कुमारी मीनाक्षी***

प्राचीन काल से ही भारतवर्ष में देशभक्ति की उज्जवल परंपरा रही है। झारखंड क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा है। झारखंड की संस्कृति की अपनी एक अलग विशेषता है। जंगल से ढके पहाड़ों तथा पहाड़ियों के ढलानों, घाटियों और पहाड़ के ऊपर समतल भाग में जनजातियों के गांव बसे हैं। लोकगीतों, लोकनृत्यों की भरपूर संपदा इन जनजातियों के पास है। इनके गीत संगीत में इनकी आकांक्षाओं, इच्छाओं, उल्लास और उमंग की अभिव्यक्ति सहज ही महसूस की जा सकती है। मांदर की थाप पर नाचते गाते हुए यहां की जनजातियां अपनी थकान मिटाकर असीम आनंद प्राप्त कर लेना अपनी संस्कृति समझती है, और यही इनकी संस्कृति है।

छोटानागपुर की धरती का इतिहास अपने आप में अनूठा इतिहास है। प्रागैतिहासिक काल में यह घनघोर महावनों से आच्छादित था। प्राचीन प्रस्तर युग एवं प्रस्तुत ताम्र युग में अनेकानेक उपकरण विभिन्न स्थानों से प्राप्त हुए हैं। यदि इन पर विचार किया जाए तो यह कहा जा सकता है कि यह स्थान प्रागैतिहासिक मानव का निवास स्थान रहा है एवं उसकी भौतिक सभ्यता का यहां पूर्ण विकास हुआ था। छोटानागपुर पुरातत्व की दृष्टि से एक अनमोल एवं अछूता भंडार है। मुगल शासन काल में यहां की धरती पूर्णतः स्वतंत्र थी।[1]

जनजातीय समूह प्रारंभ से ही स्वतंत्रता एवं स्वच्छंदता के प्रेमी रहे हैं। इतिहास गवाह है कि यह जनजातियां सिर्फ नृत्य एवं संगीत में मस्त नहीं रहते, बल्कि समय आने पर अपनी स्वतंत्रता के लिए संघर्ष भी करते रहे हैं। इन जनजातियों ने अंग्रेजों के विरुद्ध भी स्वतंत्रता की लड़ाइयां लड़ी तथा जब तक अंग्रेज देश छोड़कर चले नहीं गए तब तक इन वीर जनजातियों द्वारा अपनी धरती एवं संस्कृति की रक्षा हेतु अनेक लड़ाइयां लड़ी गई हैं। भारत के विभिन्न जनजातियों द्वारा समय–समय पर किए गए आंदोलनों में 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में छोटानागपुर के मुंडाओं द्वारा अंग्रेजों के विरुद्ध छेड़े गए प्रतिरोध आंदोलन का विशिष्ट स्थान है। भूमि व्यवस्था के बिखराव और संस्कृति परिवर्तन की दोहरी चुनौतियों की प्रतिक्रिया स्वरूप 1775 से ही आंदोलनों का आरंभ हो चुका था।[2]

कुछ एक को छोड़कर भारतीय जनजातीय समूह आमतौर पर सदैव शांतिप्रिय रहे हैं।ये लोग या तो आग्यम प्रदेशों में रहते हैं आए हैं अथवा उन सुदूर ग्रामीण प्रदेशों में रहते आए हैं जहां

---

*शोधार्थी इतिहास विभाग रांची विश्वविद्यालय रांची

एकांत में अपना जीवन बसर कर सकें। वन्य संपदा इनकी धरोहर रही है। ये मनचाहा ढंग से प्रकृति प्रदत वस्तुओं का उपयोग एवं उपभोग करते आए हैं तथा जब तक कि किसी बाहरी तत्वों ने इनके एकाधिकार में व्यवधान उत्पन्न नहीं किया इनकी शांति प्रियता बनी रही।

औपनिवेशिक शासन प्रणाली ने अनेक जनजातीय आंदोलनों को जन्म दिया भारत में अंग्रेजी शासन का एक प्रमुख उद्देश्य समस्त साधनों द्वारा धन अर्जित करना था। अनेक घटनाओं के साथ साथ घटित होने जैसे जनजातियों का बाहरी समाजों के साथ संपर्क एवं उनके परिणाम स्वरूप उत्पन्न समस्याएं उपनिवेश औपनिवेशिक सरकार की विस्तार की नीति तथा जनजातीय क्षेत्रों से भौतिक साधनों के दोहन की प्रक्रिया का आरंभ, अनेक विधानों द्वारा जनजातियों की कतिपय आर्थिक एवं सामाजिक व्यवस्था पर प्रतिबंध आदि के परिणामस्वरुप जनजाति के लोगों में असंतोष बढ़ने लगा जो अंततः आंदोलन के रूप में प्रस्फुटित हुआ।[3]

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के इतिहास में छोटानागपुर क्षेत्र तथा यहां के निवासियों का योगदान निसंदेह उल्लेखनीय रहा है। यह प्रारंभ से ही स्वतंत्रता प्रेमी और जुझारू प्रवृत्ति के थे। यही कारण है कि उन्होंने सभी प्रकार के आर्थिक, सामाजिक शोषण तथा राजनीतिक परतंत्रता के खिलाफ विद्रोही तेवर का परिचय दिया। उनके इस तेवर से भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक महात्मा गांधी भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके। इस क्षेत्र का आंदोलन जनमत से अनुप्राणित एवं लोकप्रिय था। इसमें किसी प्रकार के स्वार्थ का समावेश न था और राष्ट्रीयता की भावना से ओतप्रोत था।

झारखंड और उसके क्षेत्रों में संपादित किए गए आंदोलनों में बिरसा आंदोलन अधिक प्रसिद्ध और व्यापक था। महत्व की दृष्टि से बिरसा आंदोलन के बाद दूसरी श्रेणी में ताना भगत आंदोलन आता है क्योंकि इसका महत्व न केवल बहुआयामी था वरन इसके निहितार्थ भी दूरगामी परिणामों के परिचायक थे।

सरदारी आंदोलन और बिरसा आंदोलन की असफलता से जनजातीय समाज में निराशा छा गई थी। 9 जून 1900 को बिरसा मुंडा के शहीद हो जाने के बाद उनके द्वारा छोड़ा गया आंदोलन समाप्त तो नहीं हुआ लेकिन कमजोर अवश्य पड़ गया। इधर अंग्रेजों द्वारा भूमि हस्तांतरण, आर्थिक, धार्मिक शोषण एवं दमनकारी नीति के कारण सामाजिक जीवन में बढ़ रहे अवांछनीय हस्तक्षेप के कारण असंतोष बढ़ता जा रहा था। जगह–जगह उरांव जनजातियों द्वारा प्रतिक्रिया की जा रही थीअवसर पाते ही शोषक वर्ग अपना रंग दिखाना शुरू कर दिए। अब भूमि विवाद पहले से भी अधिक बढ़ गए थे। बेगारी आम बात हो गई थी। इन दिनों अंग्रेज गवर्नर के आरामगाह के रूप में पलामू जिले के नेतरहाट को विकसित किया जा रहा था। आसपास के लोगों का इस्तेमाल इस कार्य हेतु जानवरों से भी बदतर रूप में किया जा रहा था। इन कारणों से जगह–जगह उरांव जनजातियों द्वारा प्रतिक्रिया की जा रही थी। परंतु संगठित होकर जोश खरोश के साथ आंदोलन न करने के कारण वे सफल नहीं हो पा रहे थे। इस प्रकार की

असंतोषजनक तथा दमनकारी परिस्थितियों के बीच उरांव जनजातियों के बीच जतरा उरांव नाम का एक नवयुवक धार्मिक, सामाजिक पुनर्रचना के संकल्प के साथ अंग्रेजों को नाकों चने चबाने के लिए ताना भगत आंदोलन का महामंत्र लेकर सामने आया। यही युवक बाद में जतरा टाना भगत के रूप में प्रसिद्ध हुआ।

जतरा का जन्म झारखंड के चपरी नवाटोली, गुमला सबडिवीजन, बिशुनपुर थाना में अश्विन माह की अष्टमी तिथि को सन् 1888 में हुआ था। इनके माता–पिता का नाम क्रम से लिबरी और कोंडल उरांव था।[4]

जतरा का स्वभाव बचपन से ही कुछ अलग था। जब वह किशोरावस्था में पहुंचे तब तंत्र–मंत्र और झाड़–फूंक की विद्या सीखने के लिए अपने गांव के नजदीकी गांव हेसराग में तुरिया भगत के यहां जाने लगे। इसी क्रम में एक दिन वह एक वृक्ष पर चिड़िया का अंडा उतारने के लिए चढ़े तो उसमें से एक अंडा नीचे गिरकर फूट गया जिसे देख कर जतरा भगत को लगा कि यह तो जीव हत्या है। उसी दिन से उन्होंने जीव हत्या न करने का संकल्प किया। इसी प्रकार सन 1914 में अप्रैल माह में एक दिन जब जतरा तंत्र मंत्र सीखने जा रहे थे तो यशराज के निकट गुर्दाकोना पोखरा में स्नान करने के क्रम में उन्हें आत्मज्ञान हुआ और उन्होंने पानी से बाहर आकर आवाज लगाई की–

टाना बाबा भूतनी के टाना
टाना टन टाना
कासा पीतर मना, दोना पतरी खाना
मांस मदिरा मना, दारू मना
टाना बाबा टाना

अर्थात–हे भगवान हमें अपनी और खींचो अनहित को टुकड़े–टुकड़े कर दो। धातु के बर्तन का उपयोग नही करें और इसके बदले में पत्तों से बने दो ना या पत्तल का प्रयोग करें। मांस मदिरा का प्रयोग बंद कर दिया जाए साथ ही हिंसा मना और भूत–प्रेत में विश्वास मत करो।

जतरा ने बताया कि पानी के भीतर उनको उरांव जनजाति के सर्वोच्च देवता धर्मेश का दर्शन एवं ज्ञान प्राप्त हुआ है। उन्होंने घोषणा की कि धर्मेश बाबा ने उन्हें उरांवों को मंत्र सिखाने के लिए भेजा है। यहीं से आगे चलकर ताना पंथ बना और ताना भगत आंदोलन चला। ताना शब्द की उत्पत्ति पर ध्यान देने से कई बातें सामने आती है। ताना शब्द का प्रयोग जतरा भगत ने अंग्रेजों को कटाक्ष करने अथवा ताना मारने या किसी की गलत बातों कामों के आगे झुक कर अपने को इससे तान कर रखने के भावार्थ से हो सकता है।[5]

अंग्रेजों के विरुद्ध असहयोग आंदोलन को केवल महात्मा गांधी से जोड़कर देखा जाता रहा है। जबकि महात्मा गांधी से पूर्व सन 1914 में वर्तमान झारखंड क्षेत्र में उरांव आंदोलनकारियों ने जात्रा उरांव के नेतृत्व में ताना भगत आंदोलन के नाम से इसकी शुरुआत की थी। उन्होंने

आदिवासियों को अंग्रेजों के विरुद्ध एकत्रित करने के लिए इस माध्यम को अपनाया कि उनके धर्मेश अर्थात धार्मिक राजा ईश्वर ने उनसे यह कहा है कि समाज में फैली बुराइयों को दूर करो तथा अंग्रेजों से मुक्ति की लड़ाई शुरू करो।[6]

छोटानागपुर में जिन बुनियाद ऊपर बिरसा आंदोलन खड़ा हुआ था उन्हीं बुनियादों पर उसी के प्रभाव से 1915 ईस्वी के आसपास छोटानागपुर में उरांवों का ताना आंदोलन आरंभ हुआ। वस्तुतः टाना भगत उरांव की शाखा है जिसने कुडुखों के मूल धर्म कुरुख धर्म को अपना लिया है। टाना शब्द का अर्थ है तानाना या खींचना। ताना भगत अपनी गिरी हुई स्थिति से खिन्न थे और इसमें परिवर्तन लाना चाहते थे। उन्होंने समझा कि अपनी स्थिति सुधारने का एकमात्र तरीका है ईश्वर की आज्ञा मानना और उससे तादात्म्य स्थापित करना। यह एक सामाजिक सुधारात्मक आंदोलन के साथ–साथ एक आवेश पूर्ण सामाजिक एवं राजनीतिक हलचल था। जिसके निहित परिणाम दूरगामी महत्व के थे। उरांव जनजाति का अपना विशिष्ट धर्म है जिसमें उनका एक पृथक देवकूल, पुरोहित व्यवस्था, पर्व–त्यौहार और विस्तृत कर्मकांड एवं अनुष्ठान पद्धति है। धर्मेश उनके प्रमुख देवता है। संयोगवश बिहार तथा छोटानागपुर के अनेक हिस्सों में भगत शब्द का प्रयोग भूत साधना करने वाले योगियों एवं जादू मंतर करने वालों के लिए होता है। किंतु उरांवों में भगत शब्द उन्हीं लोगों के लिए प्रयुक्त होता है जो भगवत भक्त संप्रदाय के होते हैं और शुद्ध संस्कारों का पालन करते हैं।

जतरा भगत ने पहले वैष्णव विचारधारा के तहत समाज सुधार कर समाज का आत्म गौरव बढ़ाकर नवजीवन का संचार कर चरित्र निर्माण करने की बात उठाई। सामाजिक बुराइयों को दूर करने, पवित्र रहने के लिए मानसिक प्रयत्न करने, मांस मंदिरा, खानपान तथा पशु बलि पर रोक, परोपकारी बनने, भूत प्रेत का अस्तित्व ना मानने, आंगन में तुलसी का पौधा लगाने के लिए तुलसी चौरा स्थापित करने, गौ सेवा करने, अंग्रेजों की बेगारी न करने, ध्यान चिंतन में लीन रहने का उपदेश देना शुरू किया। जतरा ने उरांव आदिवासियों को बताया कि वे जादू टोना और झाड़–फूंक से दूर रहें। उन्हें हर प्रकार की पशु बलि, मांसाहार और मदिरा का भी त्याग कर देना चाहिए। उन्होंने आदिवासियों से कहा कि वे अपने खेतों को गायों अथवा बैलों की मदद से नहीं जोते। वे पवित्र जानवर हैं इसलिए इन्हें भारी–भरकम हल के साथ जोतना एक अपराध है। यदि किसी के पास गाय–बैल नहीं है तो उसे खेतों को जोतने का काम पूरी तरह छोड़कर झूम खेती अपना लेना चाहिए। उसने घोषणा की कि उसे धर्मेश द्वारा आदेश दिया गया है कि वह उरांव आदिवासियों को उन गीतों एवं मंत्रों को सिखाएं जो उसे दैवी प्रेरणा से प्राप्त हुए थे। उसने धमकी भरे शब्दों में कहा कि जो कोई भी उसका विरोध करेगा अथवा उसके आंदोलन में सम्मिलित नहीं होगा उसका विनाश हो जाएगा।[7]

उल्लेखनीय है कि जनजातियों में मांस भोजन का सामान्य भाग है और टोना टोटका, जादू मंत्र में इनका विश्वास बहुत ही अधिक रहता है। इस कारण ये लोग प्रायः पशु बलि देते हैं।

जतरा भगत के उपदेश का महत्व इसलिए बढ़ जाता है कि इन्हीं मांसाहारी, पशुबलि के विश्वासी उरांव जनजातियों ने उनकी बात सरलता से माननी शुरू कर दी और देखते–देखते उनके समर्थकों की संख्या अत्यधिक हो गई। मुलतः यह मंत्र अहिंसा एवं असहयोग का था। देखते ही देखते उनके समर्थकों की संख्या काफी अधिक हो गई। जतरा भगत के इस पंथ का नाम टाना पड़ा और इन्हें मानने वालों को लोग ताना भगत कहने लगे।

ताना संप्रदाय के लोग जनेऊ धारण करते थे, उनके घर के आगे तुलसी का पौधा तथा सफेद झंडा गड़ा रहता था। उनके लिए अखरा में नाचना। जतरा (मेला) में भाग लेना, शिकार में भाग लेना या धूमकुरिया का सदस्य बनना वर्जित था। उनके लिए रंगीन कपड़े, गहने तथा गोदना से अपने शरीर को सजाना वर्जित था। वह सफेद वस्त्र धारण करते थे।

टाना भगतों ने अंग्रेजों को मालगुजारी, चौकीदारी टैक्स भी देना बंद कर दिया, बहुत कम अवधि में जतरा भगत की शिक्षा का ऐसा जादुई प्रभाव पड़ा कि मुंडा, खड़िया और अन्य जनजातीय तथा गैर जनजातीय भी टाना पंथ से जुड़ने लगे। टाना आंदोलन के इस प्रकार के तेजी से प्रसार एवं कठोरता पूर्वक विचारों के पालन का परिणाम हुआ कि अंग्रेज और उनके पिट्ठूओं के बीच दहशत फैल गई और उन्हें अपना आधार हिलता सा लगने लगा। ब्रिटिश सरकार टाना आंदोलन के बढ़ते प्रभाव से थर्रा उठी।[8]

जतरा भगत का प्रवचन सुनने के लिए दूरदराज से जनजातीय लोग आने लगे। बृहस्पतिवार को सामूहिक प्रार्थना का दिन निश्चित था। जतरा के भक्तिपरक गीतों में मातृभूमि के प्रति प्रेम की झलक स्पष्ट दिखाई देती है।उसके द्वारा तत्कालीन व्यवस्था के विरुद्ध विद्रोह का संकेत तब मिला जब उसने अपने अनुयायियों को एक विद्यालय के निर्माण में मजदूरों के रूप में कार्य करने से मना किया। उसके इस कदम से स्थानीय पुलिस क्रुद्ध हो गई और उसे उसके साथ अनुयायियों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया जतरा को एक वर्ष कारावास में बिताना पड़ा और उसे इस शर्त पर रिहा किया गया कि अब वह अपने सिद्धांतों का प्रचार प्रसार नहीं करेगा। इस घटना के बाद जतरा के विषय में अधिक नहीं सुना जाता किंतु उसके उद्देश्यों का प्रसार नहीं रुका।[9]

जतरा भगत को अपने अनुयायियों को श्रमिक के रूप में काम करने से इंकार करने के कारण गुमला सब डिविजनल मजिस्ट्रेट के कोर्ट में अपने साथ अनुयायियों के साथ उपस्थित होना पड़ा जतरा भगत को 1 साल कैद की सजा दी गई परंतु बाद में उन्हें सशर्त रिहा किया गया जेल से बाहर आने के दो–तीन माह बाद ही 28 वर्षीय जतरा भगत का देहावसान हो गया। जतरा भगत के नहीं रहने पर भी उनके समर्थकों ने अंग्रेजों से संघर्ष का दायित्व संभाला तथा ताना भगत आंदोलन को कमजोर नहीं पड़ने दिया बल्कि जो आंदोलन एक धार्मिक, सांस्कृतिक रूप में था कालांतर में जनजातीय क्षेत्र का प्रखर एवं आदर्श गांधीवादी जनआंदोलन साबित हुआ। ताना भगत अंग्रेजी शासन का शांतिपूर्ण अहिंसक तरीके से विरोध करते रहे तथा जमीन की मालगुजारी नहीं देना तथा अंग्रेजों से जनजातीय क्षेत्र को छोड़कर चले जाने को कहना शामिल

रहा। 1917 तक जतरा भगत से प्रेरित ताना भगत अहिंसक तरीके का आंदोलन अपने ढंग से चलाते रहें।[10]

एक अन्य नेता बलराम भगत जो जतरा भगत के समकालीन थे ने गाय की पूजा पर बल दिया उनके अनुयायियों ने कृषि कार्य का पूरी तरह परित्याग कर दिया क्योंकि उनकी दृष्टि में गायों अथवा बैलों को हल के साथ जितना एक अपराध था।वे पूर्णकालिक पशुपालक बन गए और उन्होंने दूध दही तथा घी बेचना प्रारंभ कर दिया। इन्हें गौरक्षणी भगत कहा जाता था।[11]

जतरा के पश्चात उरांव जनजाति में कुछ ऐसे नेता अस्तित्व में आए। इन्हीं नेताओं में से एक मांडर के शिव भगत है। शिबू और माया ने इस आंदोलन को एक नई गति प्रदान की। इन लोगों में अधिक क्रांतिकारीता, संगठन क्षमता तथा जुझारूपन था।1915 तक ताना भगत आंदोलन रांची जिले के दक्षिणी– पश्चिमी भाग से पश्चिमी तथा मध्य भाग से होते हुए उत्तरी भाग विशेषकर बेड़ो, कुडु तथा मांडर थाना में फैल गया। आंदोलन उत्तर में पलामू जिले तक फैल चुका था। 1918 में महात्मा गांधी रांची आए उस समय के उत्साही कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने ताना भगतों को गांधीजी से मिलवाया। पहले ही भेंट में ताना भगत अभिभूत होकर उनके समर्थक हो गए। गांधी जी का आंदोलन एवं ताना भगत का आंदोलन अपनी चारित्रिक विशेषताओं के बीच आश्चर्यजनक समानता के कारण समान भाव से अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्षरत हो गए। ताना भगत आंदोलन छोटानागपुर की भूमि पर मौलिक अहिंसात्मक असहयोग आंदोलन था।

इस आंदोलन में ताना भगतों के शामिल होने से आंदोलन को पर्याप्त गति मिली सत्य एवं अहिंसा के विचारों से प्रभावित होकर ताना भगतों ने स्वयं को सत्याग्रह कार्यक्रम में संलग्न किया एवं वे छोटानागपुर के राष्ट्रीय आंदोलन की रीढ़ की हड्डी साबित हुए। उन्होंने पूर्ण गांधीवाद को अपनाया।

स्वयं महात्मा गांधी को जब पता चला कि जिस प्रकार के अहिंसात्मक असहयोग आंदोलन की रूपरेखा उनके दिमाग में पल रही है, उसे मूर्त रूप जनजातीय तानावों ने पहले ही दे रखा है तो उन्हें आश्चर्यमिश्रित हर्ष हुआ था। तभी से स्वतंत्रता आंदोलन और ताना भगत आंदोलन अपने चारित्रिक विशेषताओं के बीच आश्चर्यजनक समानता के कारण दोनों ही एक भाव से अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई में भीड़ गए। सन 1920 के बाद भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में ताना भगतों का योगदान स्वर्णाअक्षरों में लिखे जाने योग्य है। यह कहने में अतिश्योक्ति नहीं होगी कि ताना भगत आंदोलन कहीं गांधी जी से भी अधिक गांधीवादी था या मूलतः जनजातियों की संस्कृति की उपज थी या झारखंड की भूमि पर मौलिक अहिंसात्मक असहयोग आंदोलन था।[12]

दिसंबर 1919 में लगभग 400 ताना भगत टीकों टांड में एकत्रित होकर अंग्रेजों के विरुद्ध अहिंसक तरीके से संघर्ष करते हुए मालगुजारी नहीं देने का संकल्प लिया। ताना भगत अब खादी वस्त्रों को पहनने लगे, स्वयं से ही सूत कातने, सिर पर गांधी टोपी लगाने, कंधे पर छोटे डंडे में तिरंगा झंडा रखना शुरू कर दिए। आंदोलन पूर्णतः गांधीमय हो गया। कांग्रेस पार्टी के साथ अपने

संबंधों को प्रकट करने के लिए वे कांग्रेस का तिरंगा अपने साथ रखने लगे। वस्तुतः इसी समय से ताना भगत आंदोलन जो मूलतः एक धार्मिक आंदोलन के रूप में प्रारंभ हुआ था एक राजनीतिक आंदोलन के रूप में परिणित हो गया।

छोटानागपुर के पुलिस उपमहानिरीक्षक ने 20 अप्रैल 1919 को सरकार को लिखा था कि ताना भगत आंदोलन को कुचल डालना अत्यंत आवश्यक है। यदि इस आंदोलन पर तुरंत रोक नहीं लगाई गई और भगतों को यह समझाया नहीं जा सका कि उनके तथाकथित नेता भगवान नहीं है तथा उन्हें भी दंडित किया जा सकता है तो ऐसी स्थिति में मुझे डर है कि इस आंदोलन का व्यापक प्रसार हो जाएगा।

जब महात्मा गांधी ने 1921 में सविनय अवज्ञा आंदोलन प्रारंभ किया तो सिद्धू भगत के नेतृत्व में ताना भगत पहली बार राष्ट्रीय स्वतंत्रता के अहिंसात्मक आंदोलन में शामिल हो गए। ऐसा उन्होंने इसलिए किया कि उनकी दृष्टि में गांधीजी, जतरा भगत अथवा भगवान बिरसा के मूल उद्देश्यों में कोई खास अंतर नहीं था। ताना भगतों के कई दल कोलकाता गया और लाहौर आदि में हुए कांग्रेस अधिवेशन में शामिल हुए। एक विशेष बात यह थी कि इन स्थानों तक यह ताना भगतों ने लंबी यात्राएं पैदल पूरी की। उन्होंने गांधी दर्शन के महत्वपूर्ण हथियार चरखा को अपनाया और खादी वस्त्रों को पहनना शुरू किया।

1922 में गया में आयोजित कांग्रेस के अधिवेशन में ताना भगतों ने नंगे पांव चल कर भाग लिया तथा राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान की सुरक्षा के लिए नागपुर में आयोजित सत्याग्रह में भाग लिया।

इन ताना भगतों ने महात्मा गांधी के नेतृत्व में संचालित असहयोग आंदोलन में बढ़–चढ़कर भाग लिया। 1921 में जब देश भर में महात्मा गांधी द्वारा सविनय अवज्ञा आंदोलन प्रारंभ किया गया तो ताना भक्तों ने पहली बार लोहरदगा जिले के पूर्व थाना के सिद्धू भगत के नेतृत्व में स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया क्योंकि महात्मा गांधी तथा जतरा भगत तथा बिरसा मुंडा के उद्देश्यों में काफी समानता थी कुछ लोगों का ऐसा मानना था कि जतरा भगत का पुनर्जन्म महात्मा गांधी के रूप में हुआ है।इस प्रकार ताना भगत आंदोलन जिसकी शुरुआत एक आर्थिक तथा ध ार्मिक आंदोलन के रूप में हुई थी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के साथ तादात्मय स्थापित कर एक राजनीतिक आंदोलन के रूप में परिवर्तित हो गया इसी आंदोलन के सिलसिले में 7 मार्च से श्री राजेंद्र प्रसाद ने धनबाद हजारीबाग डाल्टनगंज एवं रांची की यात्रा शुरू की।

12 फरवरी 1921 को कुडु में लगभग 8000 ताना भगत एकत्रित हुए और एक सभा का आयोजन किया। अब उनका अहिंसक धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं स्वतंत्रता आंदोलन परवान चढ़ने लगा। उस समय अंग्रेज पुलिस सुपरिटेंडेंट ने अपनी रिपोर्ट में इनके आंदोलन पर तत्काल रोक लगाने पर बल दिया। 9 अप्रैल 1921 ईस्वी को रांची के उपायुक्त ने छोटानागपुर के आयुक्त को सूचित किया ताना भगत आंदोलन सरकार के लिए लगातार समस्याएं पैदा कर

रहा है। मेरे पास इस बात के पर्याप्त साक्ष्य हैं कि आंदोलनकारियों द्वारा स्वयं को असहयोग आंदोलन से संबद्ध करने के प्रयासों ने उनके आंदोलन को एक नई गति दी है। इसके शीघ्र बाद 15 अप्रैल 1921 को छोटानागपुर के आयुक्त ने बिहार एवं उड़ीसा सरकार के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर सूचित किया कि ताना भगत असहयोग आंदोलन कार्यों की बैठकों में बड़ी संख्या में भाग लेने लगे हैं।

जुलाई 1921 में जब कांग्रेस ने विदेशी कपड़ों के बहिष्कार करने का आह्वान किया था तब ताना भगत सबसे आगे थे। दिसंबर 1921 में गया के कांग्रेस के राष्ट्रीय बैठक में ताना भगतों ने भी भाग लिया। इस बैठक में भाग लेने के बाद ताना भगत पूर्ण रूप से भारत के राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन से जुड़ गए इन्होंने रामगढ़ कांग्रेस तथा गया कांग्रेस में भाग लिए तथा समय–समय पर कांग्रेस ने जो भी रणनीति अंग्रेजों के विरुद्ध बनाए उसके क्रियान्वयन में उन्होंने पूर्ण सहयोग दिया। अब वे अपने हाथों से सूत कातकर स्वनिर्मित खादी का उपयोग करने लगे। सरदार पटेल के नेतृत्व में बारदोली में किसानों द्वारा मालगुजारी ना देने के सत्याग्रह आंदोलन के आधार पर इन्होंने अंग्रेजी सरकार को मालगुजारी नहीं देने का अपने झारखंड में सफल प्रयोग किया। हालांकि इनको इस आंदोलन की बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। मालगुजारी ना देने के कारण अंग्रेजों ने इनकी जमीने नीलाम कर दी। इसके बावजूद भी इन्होंने अहिंसक आंदोलन जारी रखा ताना भगत कहते कि गांधी बाबा का राज होगा तभी हम अपनी जमीन वापस लेंगे।

ताना भगतों ने दिसंबर 1922 में गया में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में बहुत बड़ी संख्या में भाग लिया इस कांग्रेस की अध्यक्षता श्री चितरंजन दास ने की थी। इस अधिवेशन में ताना भगत अपने साथ चावल और उन्हें पकाने के लिए मिट्टी के बर्तन एवं जलावन की लकड़ीयां भी लेते गए थे। कांग्रेस के किस अधिवेशन में उनके मस्तिष्क पर गहरी छाप छोड़ी वह अपने हाथ में कांग्रेस का झंडा लिए दूरदराज के इलाकों में जाते और आदिवासियों के बीच स्वतंत्रता आंदोलन के संदेशों का प्रसार करते।

1926 ईस्वी में 5 अक्टूबर को रांची स्थित आर्य समाज भवन में डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में एक खादी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। ताना भगतों ने इसमें भी भाग लिया। यह 1922 में असहयोग आंदोलन को स्थगित किए जाने के बाद महात्मा गांधी द्वारा संचालित संरचनात्मक कार्यक्रम का एक भाग था। 1925 ईस्वी में रांची की अपनी यात्रा के दौरान महात्मा गांधी लगभग 400 ताना भक्तों से मिले थे जो नियमित रूप से चरखा चलाते थे और खादी वस्त्र धारण करते थे।

साइमन आयोग की भारत यात्रा के समय ताना भगत ने काले झंडों के साथ प्रदर्शन किया। 29 जनवरी 1930 को उन्होंने रांची में एक विशाल जुलूस निकाला इस समय लगभग 2,000 ताना भकगतों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की और भूका भगत के नेतृत्व में सविनय अवज्ञा आंदोलन में भाग लिया।[13]

1930 में महात्मा गांधी के नेतृत्व में सविनय अवज्ञा आंदोलन आरंभ करने का निर्णय लिया गया 6 अप्रैल 1930 को नमक सत्याग्रह के की तिथि तय की गई। 24 अप्रैल 1930 को ताना भगत तथा उरांव संप्रदाय के लोग हुटाप में इकट्ठे हुए तथा भूस्वामियों के विरुद्ध आवाज उठाई। उन्होंने भूमि कर तथा चौकीदारी टैक्स का भुगतान नहीं करने का प्रस्ताव पारित किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने मद्यपान के विरुद्ध अभियान चलाने का निश्चय किया। ताना भगतों की अन्य बैठक 18 अप्रैल को कुडु में हुई।इसी प्रकार की एक बैठक जो चंदवा में प्रस्तावित थी लातेहार के अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में कि वे अपनी भूमि पर बैठक आयोजित नहीं होने देंगे नहीं हो सकी।[14]

ताना भगतों ने 1940 के रामगढ़ कांग्रेस अधिवेशन और 1941 के सविनय अवज्ञा आंदोलन के साथ–साथ 1942 का भारत छोड़ो आंदोलन में उत्साह पूर्वक एवं सक्रिय रूप में भाग लिया तथा हजारों की संख्या में जेल गए।

इन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के समय क्रांतिकारी कांग्रेसियों का पूरी तरह साथ दिया कांग्रेस के क्रांतिकारियों के नेतृत्व में उन्होंने शराब की दुकानों पर धावा बोला, सड़क एवं दूरसंचार को बाधित किया तथा काले झंडों के साथ प्रदर्शन किया। 19 अगस्त 1942 ईस्वी कोर्ट चौनपुर एवं बिशुनपुर के ताना भक्तों ने बिशुनपुर थाने को जला दिया। पुलिस को स्थिति से निपटने के लिए बल प्रयोग करना पड़ा और उनकी गिरफ्तारियां भी हुई। लेकिन इससे ताना भगतों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई और उनका संघर्ष दिनों दिन तीव्रतम होता गया। कालांतर में उन्होंने सोनचिड़ी आश्रम पर अपना अधिकार स्थापित कर लिया जो मांडर पुलिस स्टेशन के अधीन था। उन्होंने बुढ़मू प्रखंड में भी सरकारी अधिकारियों के विरुद्ध प्रदर्शन किया।

जगह जगह पर ताना भगतों के द्वारा विरोध जारी था। 27 अगस्त को पुरुलिया रोड तथा 28 अगस्त को रांची ृाहर में क्रमशः टेलीफोन तार काट दिया गया। उसी दिन बेरमो पुलिस थाने पर आक्रमण के प्रयास क्रम में कई ताना भगतों को गिरफ्तार कर लिया गया। वेड़ो पुलिस थाने के तूकेहाट के कई ताना भगतों को उग्र भाषण देने के जुर्म में गिरफ्तार कर लिया गया।

7 एवं 30 सितंबर 1942 को लोहरदगा, सिल्ली के कछजरा में टेलीग्राफ तारों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। चौनपुर के पोस्ट मास्टर तथा पुलिस अवर निरीक्षक को अपने पद से हटने के दबाव देने हेतु दो ताना भगतों को गिरफ्तार कर लिया गया। 2 अक्टूबर को डुमरापाट डाक बंगले पर आक्रमण करने के उद्देश्य से आए बिशुनपुर थाना के गदहकुजूम नामक स्थान पर ताना भगतों को गिरफ्तार कर लिया गया। 16 अक्टूबर को बेड़ों जाने के क्रम में ताना भगतों को गिरफ्तार किया गया। इस प्रकार अनेक स्थानों पर ताना भगतों के विरोध करने पर उन्होंने अपनी गिरफ्तारियां दी।अब तक रांची जिले में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या 199 तक पहुंच चुकी थी।

इस प्रकार 1920 ईस्वी से 1942 ईस्वी के मध्य ताना भगत आंदोलन का एक कायांतरण हो गया। वह मात्र सामाजिक व धार्मिक आंदोलन तक ही सीमित न रहकर भारत के स्वतंत्रता संग्राम के साथ संयुक्त हो गया।[15]

निःसंदेह भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में छोटानागपुर क्षेत्र का योगदान महत्वपूर्ण था। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी के विचारों एवं सिद्धांतों का प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रभाव छोटानागपुर पर निश्चित रूप से पड़ा। जिन्होंने अपनी सत्य, निष्ठा एवं अहिंसा के प्रखर साधना द्वारा देश को धुरंधर अंग्रेजी सत्ता की गुलामी से आजाद कराया था। 33 वर्षों तक गांधी जी ने जिस सत्याग्रह का सफल प्रयोग किया एवं हर प्रकार की कठिनाइयों के बीच इस अस्त्र का प्रयोग किया उसे अक्षरशः छोटानागपुर के ताना भगतों ने अपनाया एवं बापू के एक आह्वान पर अपना सर्वस्व निछावर करने को तत्पर रहें।

## संदर्भ सूची


1. शोध प्रबंध– नीलिमा सिन्हा, *छोटानागपुर के राष्ट्रीय आंदोलन के संदर्भ में गांधी की भूमिका,* रांची विश्वविद्यालय रांची, पृष्ठ संख्या–68–69
2. वी. वीरोत्तम, *झारखंडः इतिहास एवं संस्कृति,* बिहार हिंदी ग्रंथ अकादमी, पटना, 2013, पृष्ठ–325
3. *हरीश्चंद्र उप्रेती, भारतीय जनजातियाँः संरचना एवं विकास*, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी, जयपुर, 2007, पृष्ठ–314.316
4. शोध प्रबंध– नीलिमा सिन्हा, पूर्वोद्धृत, पृष्ठ संख्या–115
5. एस- सी- राय, *उराँवरिलिजसएंड कस्टम,* पृष्ठ संख्या 348–.350
6. हरिराम मीणा, *आदिवासी दुनिया,*नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया, 2012 पृष्ठ संख्या–62
7. फिलिप एक्का, *ट्राईबल मूवमेंटः ए स्टडी इन सोशल चेंज,* छत्तीसगढ़, 2003, पृष्ठ संख्या–223
8. उमेश कुमार वर्मा, *बिहार का जनजातीय जीवन,* पृष्ठ संख्या– 292
9. लक्ष्मण प्रसाद सिन्हा, *भारतीय आदिवासी,* जय भारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 2010, पृष्ठ संख्या–109
10. उमेश कुमार वर्मा, पूर्वोद्धृत पृष्ठ संख्या– 293
11. सच्चिदानंद, *द भगत मूवमेंट इन छोटानागपुर, इंडियन मूवमेंटस,* संपादक– एससी मलिक, शिमला, 1978, पृष्ठ संख्या–169
12. केके दत्ता, *बिहार में स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास,* पृष्ठ संख्या–309
13. लक्ष्मण प्रसाद सिन्हा, पूर्वोद्धृत पृष्ठ संख्या–114
14. शोध प्रबंध– नीलिमा सिन्हा,पूर्वोद्धृत, पृष्ठ संख्या–174
15. लक्ष्मण प्रसाद सिन्हा, पूर्वोद्धृत, पृष्ठ संख्या–115

# महात्मा गाँधी के आदर्शों के यथार्थ : झारखंड का टाना भगत समुदाय

**दिग्विजय कुमार***

गाँधी के विचारों एवं आदर्शो पर चलने का जो संकल्प लिया जाता है, लोग उसे अगले ही दिन भूल भी जाते है लेकिन इसी बीच झारखण्ड का एक ऐसा समुदाय है जो आज भी गाँधी के आदर्शों को न केवल अक्षरशः अपने जीवन मे पालन करते हैं बल्कि जीते भी हैं।[1]

टाना भगत समुदाय जो झारखण्ड के छोटानागपुर इलाके में विशेष रूप से रहते है, गाँधीजी के प्रिय रहे हैं। आज गाँधीजी पूरी दुनिया में पूजे जाते है। वैश्विक स्तर पर गाँधी जी की स्वीकार्यता बढ़ती जा रही है, लेकिन गाँधीजी को जीने वाला यदि कोई समूह है तो वह टाना भगतों का समूह है। यह समूह गाँधीजी के बताए रास्ते 'सत्य' और 'अहिंसा' के साथ आज भी जी रहे हैं। हिंसा से भरी इस दुनिया में झारखण्ड के छोटा– नागपुर क्षेत्र का टाना भगतों का समाज सचमुच अभिनव है।[2]

जब हम टाना भगतों के संघर्ष और सहिष्णुता के इतिहास पर विहंगम दृष्टिपात करते हैं तो लगता है; सचमुच गाँधीजी इस धरती पर आज भी जीवित है, और वह टाना भगतों के भौतिक शरीर में देखे जा सकते है। कोई आडम्बर नहीं, कोई उठा–पटक नहीं, विगत लगभग सौ वर्षों से शालीनता से अपना जीवन जी रहे हैं।[3]

## टाना भगत आन्दोलन

टाना भगत आन्दोलन की ऐतिहासिक पश्शठभूमि बिरसा मुण्डा आन्दोलन की समाप्ति के लगभग 13 वर्षों के बाद शुरू होता है। यह एक धार्मिक–आर्थिक आन्दोलन के रूप में शुरू हुआ जिसके विस्तृत राजनीतिक लक्ष्य थे।[4] इस आन्दोलन का मूल उद्देश्य आदिवासी जनता को संगठित करने के लिए नये 'पंथ' का निर्माण करना था, जो 'भक्ति' से प्रेरित था।[5] इस मायने में यह आन्दोलन बिरसा मुण्डा आन्दोलन का विस्तार ही प्रतीत होता है। मुक्ति–संघर्ष के क्रम में बिरसा मुंडा ने जनजातीय पंथ की स्थापना के लिए सामुदायिकता के आदर्श और मानदण्ड निर्धारित किये थे। टाना भगत आन्दोलन और बिरसा मुण्डा आन्दोलन पर सूक्ष्म दृष्टिपात करे तो पता चलता है कि इनके लक्ष्य वृहद परिपेक्ष्य में समान ही थे, परन्तु इन लक्ष्यों की प्राप्ति के तरीके भिन्न–भिन्न थे। इन दोनों आन्दोलनों के आदर्श एवं मानदण्ड जनजातीय

*सिनियर रिसर्च फेलो, स्नात्तकोत्तर इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची

मानकों को निर्धारित करते थे, परन्तु बिरसा मुण्डा आन्दोलन में जहाँ लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हिंसक तरीके अपनाएँ गये थे, वहीं टाना भगत आन्दोलन शान्तिमय एवं अहिंसक तरीके से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विकसित हुआ था। टाना भगत आन्दोलन में अहिंसा को संघर्ष के अमोघ अस्त्र के रूप में स्वीकार किया गया।[6] बिरसा आन्दोलन के तहत झारखण्ड में ब्रिटिश हुकुमत के खिलाफ संघर्ष का जो स्वरूप विकसित हुआ उसकी भौगोलिक एवं क्षेत्रीय सीमाएँ थीं। टाना भगत आन्दोलन ने संगठन का ढाँचा और मूल राजनीति में क्षेत्रीयता एवं भौगोलिक सीमाओं से मुक्त रहकर ऐसा स्वरूप ग्रहण किया कि वह गाँधीजी के नेतृत्व में जारी स्वतंत्रता के राष्ट्रीय आन्दोलन का अविभाज्य अंग बना। इस संदर्भ में यह अखिल भारतीय आन्दोलन के गाँधीवादी आदर्शों एवं मानकों पर खरा उतरा एवं एक अखिल भारतीय राष्ट्रवादी आन्दोलन का स्वरूप ग्रहण किया।[7]

टाना भगत आन्दोलन 'जतरा उराँव' के नेतृत्व में एक नए पंथ के रूप में विकसित हुआ। इसमें करीब 26 हजार लोग सक्रिय रूप से शामिल थे। जतरा उराँव का जन्म वर्तमान गुमला जिला के बिशुनपुर प्रखण्ड के चिंगारी गाँव में सन् 1888 ई० में हुआ था।[8] जतरा उराँव ने 1914 ई० में आदिवासी समाज में पशु–बलि, मांस भक्षण, जीव हत्या, शराब सेवन आदि दुर्गुणों को छोड़कर सात्विक जीवन यापन करने का अभियान छेड़ा। उन्होंने आदिवासी समाज में व्याप्त भूत–प्रेत जैसे अन्धविश्वासों के खिलाफ सात्विक एवं निडर जीवन की नयी शैली का सूत्रपात किया। इस संदर्भ में इस आन्दोलन को एक सामाजिक आन्दोलन के रूप में भी देखे जाने की आवश्यकता है। इस नई जीवन शैली से शोषण एवं अन्याय के खिलाफ लड़ने की नयी दृष्टि आदिवासी समाज में पनपने लगी। आन्दोलन ने अपने राजनीतिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सामंतों, साहूकारों एवं ब्रिटिश हुकुमत के खिलाफ संगठित अहिंसक आन्दोलन चलाया, जिसमें 'कर न देने' का अभियान भी शामिल था।[9]

जतरा भगत के नेतश्त्व में एक वश्हद आर्थिक कार्यक्रम के तहत ऐलान हुआ कि मालगुजारी नही देंग, बेगारी नही करेंगे और टैक्स नहीं देंगे। इसके साथ ही जतरा भगत का विद्रोह 'टाना–भगत आन्दोलन' के रूप में सुर्खियों में आया। इस संदर्भ में इस आन्दोलन की प्रकृति में आर्थिक तत्वों का भी समावेश था। आन्दोलन के मूल चरित्र और नीति को समझने में असमर्थ अंग्रेजी सरकार ने घबराकर जतरा उराँव को सन् 1914 ई० में गिरफ्तार कर लिया। इन्हें अठारह माह की सजा हुई। जेल से छुटने के बाद जतरा उराँव का अचानक देहान्त हो गया, लेकिन टाना भगत आन्दोलन अपनी अहिंसक नीति एवं कार्यक्रमों के कारण निरन्तर विकसित होते हुए महात्मा गाँधी के अखिल नेतृत्व में लड़े जा रहे अखिल भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन से जुड़ गया। अखिल भारतीय कांग्रेस की सालाना बैठक गया कांग्रेस सत्र (1922 ई०) एवं 1923 ई० के नागपुर सत्याग्रह में बड़ी संख्या में टाना भगत शामिल हुए थे।[10] 1940 ई० के रामगढ़ कांग्रेस सत्र में टाना भगतों ने महात्मा गाँधी को चार सौ रूपये की थैली दी थी।

जतरा टाना भगत के घोष वाक्य से इनके वृहद सामाजिक उद्देश्य एवं लक्ष्य परिलक्षित होते है–

**टाना से टाना टोन टाना,**
**कांसा–पीतल माना,**
**दोना–पत्तल खाना,**
**टाना से टाना टोन टाना,**
**हड़िया दारू माना,**
**भूला भट–भूटल खाना,**
**टाना से टाना टोन टाना।** [11]

टाना भगत झारखण्ड राज्य के लोहरदगा, गुमला, खूंटी, राँची, चतरा, लातेहार, सिमडेगा जिले के अलग–अलग गाँवों में बसे हुए है। कालांतर में रीति–रिवाजों में भिन्नता के कारण टाना भगतों की कई शाखाएँ विकसित हुयी हैं। टाना भगतों की प्रमुख शाखा को 'सादा भगत' कहा जाता है। इसके बाद बाछीदान भगत, करमा भगत, लोदरी भगत, नवा भगत, नारायण भगत, गौरक्षणी भगत आदि कई शाखाएँ देखने को मिलती है। लेकिन सभी शाखाएँ तिरंगा और अहिंसा के पुजारी हैं एंव गाँधीवादी दर्शन एवं विचारों में पूर्ण आस्था रखते हैं। झारखण्ड के इस समुदाय ने आजाद की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई है। इसलिए ये जहाँ भी है ग्रमीण क्षेत्र में ही रहते है। इनका अपना संसार है जो निहायत ही अहिंसक है।[12] टाना भगतों की पहचान एवं परम्परा बेहद सहज, सरल व्यक्तित्व, सफेद धोती–कुर्ता, माथे पर टोपी, गमछा एवं जनेऊ है। ये खादी वस्त्र को खुद कतली से काटे सूतों द्वारा बनवाते हैं। खादी वस्त्र धारण करना इनके जीवन की अमिट पहचान है।

टाना महिलाएँ सफेद साड़ी पहनती है। बड़े बुजुर्ग आज भी घरों से बाहर निकलने पर दूसरे के हाथ का पका भोजन नहीं खाते है। ये गाँधी के आदर्शों को शिद्दत से जीते हैं। सदैव सत्य बोलते हैं। टाना भगत रोजाना तिरंगे की पूजा करते हैं, बल्कि यूं कहें कि उनकी सुबह की शुरूआत तिरंगे की पूजा के साथ ही होती है। उनके आँगन में वर्षभर तिरंगा फहरता रहता है। तिरंगा को ही टाना भगत अपना देवता मानते है और गाँधी को अपना आदर्श।[13]

गाँधी जी हमेशा कहते थे कि असली भारत गाँव में बसता है। गाँव का विकास देश का विकास है। टाना भगत की पहचान गाँधीवादी टोपी है। सत्य ही टाना भगत समुदाय ने महात्मा गाँधी के चरखे और खादी को जीवित रखा है।[14]

20वीं सदी के पूर्वाद्ध में जब टाना भगत आन्दोलन प्रारम्भ हुआ था, तो इस आन्दोलन को दबाने के लिए ब्रिटिश सरकार ने इनकी जमीन को बलात् नीलाम कर दिया था। स्वतंत्र भारत की सरकार ने सन् 1948 ई० में 'टाना भगत' रैयत एग्रीकल्चरल लैण्ड रेस्टोरोशन एक्ट' पारित किया। यह अधिनियम अपने आप में ब्रिटिश हुकुमत के खिलाफ टाना भगतों के आन्दोलन की

व्यापकता की ओर इशारा करता है। इस अधिनियम में सन् 1913 ई० से 1942 ई० तक की अवधि में अंग्रेज सरकार द्वारा टाना भगतों की नीलाम की गयी जमीन को वापस दिलाने का प्रावधान किया गया था, परन्तु एक्ट के पारित होने के बावजूद इनकी जमीन वापस नहीं मिल पाई है। नये राज्य के गठन के बावजूद भी टाना भगतों का जीवन हाशिए पर है। टाना भगतों के किसी भी गाँव में जाएँ, तो आज भी कच्चे मकान, कच्ची गलियाँ, खेत–खलिहान के भरोसे टिकी जिन्दगी दृष्टिगोचर होती है। टाना भगतों की एक पुरानी मांग यह भी है कि उनके भूमि का सीमांकन 1908 ई० के खतियान के आधार पर हो।[15]

मुख्य धारा से दूर भारत का एक मात्र गाँधी पंथी अहिंसक समुदाय टाना भगत वर्तमान में भी अपने अधिकारों के लिए गाँधीजी के हथियार 'सत्य' एवं 'अहिंसा' के सहारे लड़ रहा है। सचमुच हिंसा से भरी इस दुनिया में झारखण्ड के छोटानागपुर क्षेत्र का टाना भगतों का समाज अभिनव है। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के 150वीं जयन्ती के अवसर पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि गाँधी जी के जीवन मूल्यों एवं आदर्शो को जीनेवाले टाना भगत समुदाय को उनके अधिकार मिले और विकास के मुख्य धारा से इन्हें जोड़ा जाएँ। शत्–शत् नमन बापू, शत्–शत् नमन टाना भगत।

## संर्दभ सूची


1. राँची एक्सप्रेस, 2 अक्टूबर, 1988, रबीन्द्र कुमार भगतः "टाना आंदोलन के जकजतरा भगत।"
2. एस० सी० राय, उरांव रिलीजन एंड कस्टम्स, राँची, 1928, पृ०–341
3. शिवानी किंकर चौबे, भारत में उपनिवेशवाद स्वतंत्रता संग्रम और राष्ट्रवाद, नाइस प्रिंटिंग प्रेस, दिल्ली, 1996, पृ०–115
4. जे0 रीड, फाइनल रिपोर्ट ऑफ द सर्वे एंड सेटलमेंट आपरेशंस इन द डिस्ट्रिक्ट ऑफ रांची, बंगाल सेक्रेटेरियट बुक डिपो, कलकत्ता, 1912, पृ०–126–136
5. एस० सी० राय, द उरांव ऑफ छोटानागपुर : देयर हिस्ट्री, इकोनोमिक लाइफ एंड सोशल आर्गनाइजेशन, क्राउन पब्लिकेशन्स, दिल्ली, 1915, पृ०–159–164
6. बिपिन चन्द्र, भारत का स्वतंत्रता संघर्ष, हिंदी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय– दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, 1990, पृ०–163–168.
7. सुमित सरकार, आधुनिक भारत (1885–1947), राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 1993, पृ०–197–202.
8. बी वीरोत्तम, झारखंड : इतिहास एवं संस्कृति, बिहार हिंदी ग्रंथ अकादमी, पटना, 2007, पृ०–347.
9. एफ०ए०बी० टेलर, फाइनल रिपोर्ट ऑन रिविजनल सर्वे एंड सेटलमेंट इन राँची 1927–1935, सुपरटेडेंट गर्वनमेंट प्रिंटिग, पटना, 1938, पृ०–42.
10. टाइम्स ऑफ इंडिया, 13 दिसम्बर, 2012, के०ए० गुप्ताः "टाना भगत वाट्स अर्ली सोल्यूशन टू देयर प्रोब्लमस्।"

11. प्रभात खबर, 25 अक्टूबर, 2018, अरविंद मिश्रा "टाना भगत, जो आज भी जीतें हैं महात्मा गांधी के आदर्शों पर।"
12. एस० सी० राय, द उरांव ऑफ छोटानागपुर, द ब्रह्म मिशन प्रेस, कलकत्ता, 1915, पृ०—158.
13. वीर भारत तलवार, झारखंड के आदिवासियों के बीच, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2008, पृ०—106.
14. अमर उजाला, 06 अक्टूबर, 2019, गौतम चौधरी "मुख्य धारा से दूर भारत का एक मात्र गांधी पंथी अहिंसक समुदाय है टाना भगत।"
15. इंडियन एक्सप्रेस, 30 सितम्बर, 2019, मुकेश रंजन :" प्रैक्टिसिंग 'सत्य' एंड 'अहिंसा': द कन्युनिटी विच् होल्ड्स गांधी एज गॉड।"

# गाँधीजी का चंपारण आंदोलन और बुनियादी शिक्षा

**डॉ0 राजभूषण उपाध्याय***

महात्मा गाँधीजी द्वारा 1917 ई0 में चंपारण आंदोलन की शुरूआत की गई। इस आंदोलन के दौरान गाँधीजी द्वारा चंपारण में कई रचनात्मक कार्यक्रम शुरू किए गए। इन रचनात्मक कार्यक्रमों में बुनियादी शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। गाँधीजी का मानना था कि चंपारण की प्रजा के दुखों का सबसे बड़ा कारण अशिक्षा है। उनका विचार था कि शिक्षा से ही लोगों की मानसिक उन्नति होगी तथा वे आत्मनिर्भर बनेंगे।

गाँधीजी के बुनियादी शिक्षा का मुख्य आधार था एक आर्दश समाज की स्थापना करना। इससे समाज में छोटे–छोटे आत्मनिर्भर समुदाय का उदय होगा। इसके बाद ही देश ''स्वदेशी से स्वराज्य''[1] की ओर अग्रसर होगा। गाँधीजी शिक्षा को सदा ही समाज और जीवन का अभिन्न अंग मानते थे। उन्होंने कक्षा की चारदीवारी में बंद शिक्षा प्राप्त करने की पद्धति को सही शिक्षा नहीं माना। उन्होंने पाठशाला और पाठ्यक्रम से बाहर की शिक्षा का समर्थन किया।

गाँधीजी द्वारा बुनियादी शिक्षा का प्रारंभ 14 नवम्बर, 1917 को चंपारण के बड़हरवा लखनसेन नामक गाँव में पहला स्कूल को स्थापित कर किया गया।[2] इस स्कूल के लिए शिवगुलाम लाल ने अपना घर दान कर दिया था। विद्यालय में शिक्षक के रूप में काम करने के लिए स्वयंसेवकों से अपील की गई। इस अपील पर बाबा साहब सोमण, पुंडलीक, अवंतिका बाई गोखले, आनंदी बाई, गाँधीजी के पुत्र देवदास तथा गाँधीजी की पत्नी कस्तुरबा बाई चंपारण आ गई। इसके बाद महादेव देसाई की पत्नी दुर्गा बहन तथा नरहरि पारीख की पत्नी मणि बहन भी आ गई।[3] इन लोगों के सामूहिक प्रयास से चंपारण में बनियादी शिक्षा की शुरूआत की गई।

गाँधीजी ने बुनियादी स्कूलों में किस प्रकार की शिक्षा दी जाएगी उसका उल्लेख 11 नवम्बर, 1917 को अंग्रेज अफसर मेरीमैन को लिखे एक पत्र में किया है – ''हमने जो स्कूल खोले हैं उनमें 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों को ही भर्त्ती करके सर्वतोमुखी शिक्षा दी जाएगी। बच्चों को हिसाब, इतिहास, भूगोल, विज्ञान की शिक्षा के साथ उन्हें औद्योगिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। औद्योगिक प्रशिक्षण से बच्चों को आजीविका का अतिरिक्त साधन प्राप्त होगा। हमारा उद्देश्य है कि शिक्षा

*नेट (यू0जी0सी0),पोस्ट डॉक्टरल फेलो(आई0सी0एच0आर0)

पूरी करने के बाद बच्चे अपने ज्ञान का उपयोग खेती एवं कृषि जीवन के उन्नयन में कर सकें।''[4] यानि गाँधीजी बुनियादी शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर समाज का निर्माण करना चाहते थे। इस शिक्षा पद्धति में बच्चों को अपने पैतृक कर्म को भी करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, परंतु उसमें अपेक्षित सुधार के साथ बदलाव का भी समावेश किया गया।

इसके बाद सीरामपुर, भिटहरवा, मधुवन आदि जगहों पर पाठशाला खोला गया। भिटहरवा की देखरेख का कार्यभार सदाशिव लक्ष्मण सोमन तथा बालकृष्ण योगेश्वर पुरोहित को सौंपा गया। मधुवन पाठशाला को नरहरी द्वारिका दास परीख तथा महादेव मणिभाई पारीख तथा दुर्गा बाई और आनंदी बाई भी देखती थी, कुछ समय के लिए जे0पी0 कृपलानी तथा सीताराम रणदिवे ने भी काम किया।[5]

बुनियादी विद्यालयों में जो महिलाएँ बच्चों को पढ़ाती थी वे सुबह और शाम गाँव–गाँव घूमकर ग्रामीण महिलाओं को भी जागरूक करती थी। महिला स्वयंसेविकाएँ उनके घरों में जाती और उनका विश्वास प्राप्त करने का प्रयास करती थी। गाँव की व्यस्क महिलाएँ भी धीरे–धीरे पाठशाला में आने लगी। यहाँ उन्हें चर्खा चलाना सूत काटना तथा कपड़े बनाना सिखाया जाता था। इससे महिलाओं में आत्मनिर्भरता बढ़ने लगी। इस कारण यहाँ धीरे–धीरे पर्दा प्रथा की कठोरता में कमी आने लगी। गाँधीजी द्वारा स्थापित पाठशालाएँ धीरे–धीरे आश्रम का रूप लेने लगी। यहाँ न सिर्फ शिक्षा दी जाती, बल्कि गंदगी, सामाजिक कुरीतियों आदि को दूर करने की प्रेरणा भी दी जाती थी।

ग्रामीण समाज में दरिद्रता व्यापक रूप से फैली हुई थी। गाँधीजी ने अपनी आत्मकथा में एक दारूण घटना का वर्णन किया है। गाँधीजी भीटहरवा आश्रम के समीप गए तो एक महिला को काफी गंदे कपड़ों में देखा। उन्होंने अपनी पत्नी कस्तुरबा गाँधी को गंदगी के कारणों को जानने के लिए भेजा। कस्तुरबा गाँधी ने जब गंदगी का कारण पूछा तब वह महिला उन्हें अपने घर ले गई। वहाँ जाकर कहा कि ''देखिए मेरे पास न कोई बक्सा है न कोई आलमारी, जिसमें कपड़ें हो। जो साड़ी मैं पहने हुए हूँ वही एक मात्र मेरे पास है। अब आप ही बतावें कि इसे मैं कैसे धोऊँ। महात्माजी को मेरे लिए दूसरी साड़ी ला देने को कहें और मैं वादा करती हूँ कि तब हर रोज नहाऊँगी और साफ कपड़ा पहनूँगी।[6] इसी घटना के बाद गाँधीजी ने चंपारण की महिलाओं को आत्म–निर्भर बनाने का संकल्प लिया। स्वयं भी उन्होंने कम से कम वस्त्र के प्रयोग का प्रण किया। उन्होंने इस प्रण का निर्वाह्न आजीवन किया।

गाँधीजी ने गाँवों में शिक्षा के विकास के साथ–साथ सफाई की व्यवस्था पर भी बल दिया। उन्होंने अपनी आत्म कथा में लिखा है कि ''मुझे पढ़ाई के प्रबंध से ही संतोष नहीं करना था। गाँव की गंदगी की कोई हद न थी। गलियों में कूड़ा, कुओं के आसपास कीचड़ और बदबू तथा घर के आंगन भी गंदे थे। इसलिए बड़ों को स्वच्छता की शिक्षा की जरूरत थी।[7] इसके बाद गाँधीजी ने अपने स्वयंसेवकों को गाँव–गाँव जाकर सफाई अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया।

स्वयंसेवकों के काम को देखते हुए ग्रामीण में जागरूकता आने लगी। वे भी स्वयंसेवकों से मिलकर गाँवों की सफाई का काम करने लगे।

गाँधीजी द्वारा सरकारी सहायता के बगैर ही पाठशाला की स्थापना की गई थी। गाँव के लोगों को शिक्षकों के भोजन और आवास की व्यवस्था करनी होती थी।[8] शिक्षक के रूप में चरित्रवान स्वयंसेवकों को रखा जाता था। इसका मूल अभिप्राय यह था कि शिक्षकों के उच्च नैतिक चरित्र भी लोगों के लिए एक मिशाल बने। इसके अलावे गाँधीजी ने शिक्षकों को किसी भी सरकारी दबाब से मुक्त रखने के लिए भी विद्यालय को आत्मनिर्भर बनाया। उपनिवेशवादी शासन में अध्यापक को अधिकारियों के ईच्छानुसार ही काम करना पड़ता था। मौलिक ज्ञान देने की जगह शिक्षकों को पाठ्यक्रम पर आधारित ज्ञान देने पर बल दिया जाता था। इसमें अध्यापकों की स्वायतत्ता नहीं रहती थी। गाँधीजी ने बुनियादी विद्यालय के द्वारा शिक्षकों को स्वायतत्ता प्रदान करने का प्रयास किया।[9]

इस प्रकार गाँधीजी की बुनियादी शिक्षा का आधार ही निराला था। वे बुनियादी शिक्षा के माध्यम से एक ऐसे आदर्श समाज की स्थापना करना चाहते थे, जिसमें गाँव छोटे–छोटे आत्मनिर्भर ईकाई का रूप लेने लगे। बुनियादी शिक्षा मुख्यतः व्यक्तियों के आपसी सहयोग पर केंद्रित था। गाँधीजी का मानना था कि बुनियादी शिक्षा जीवन के माध्यम से जीवन हेतु शिक्षा है। यह सीखने की प्रक्रिया आजीवन चलती रहती है।

चंपारण में बुनियादी शिक्षा के कारण सामाजिक बदलाव आने लगे। गाँधीजी विद्यालय स्तर पर हस्तशिल्प की शिक्षा पर बल दिया। इससे समाज में स्वाबलंबन की भावना विकसित होने लगी। महिलाओं में आर्थिक आत्मनिर्भरता आने लगी। आगे चलकर इसी आत्मनिर्भरता के कारण स्वतंत्रता में बिहार की महिलाओं की महती भूमिका देखने को मिलती है।

गाँधीजी का मानना था कि विद्यालय को आत्मनिर्भर होना चाहिए। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर विद्यालय राजनैतिक दृष्टि से भी स्वतंत्र हो सकते थे। इससे विद्यालय का सरकार पर से निर्भरता दूर होगी तथा विद्यालय सरकार के अनावश्यक व्यवधानों से भी बच जाएगा।

बुनियादी विद्यालय में नैतिक रूप से चरित्रवान शिक्षकों के कारण समाज में नई संचेतना आई। शिक्षकों ने समाज में ऐसा नैतिक आदर्श स्थापित करने का प्रयास किया जिससे लोग काफी प्रभावित हुए। जो छात्र आश्रम में शिक्षा ग्रहण करते थे, वे गाँव–गाँव घूमकर अशिक्षा, गंदगी, स्वास्थ्य आदि के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया। इससे चंपारण के लोग सामूहिक रूप से सड़कों का निर्माण, कुँओं का निर्माण और सफाई, नालियों की सफाई आदि करने लगे। इससे समाज में सामाजिकता की भावना बढ़ने लगी।

बुनियादी शिक्षा के प्रभाव के कारण समाज में अस्पृश्यता में कमी आने लगी।[10] लोगों के बीच ऊँच–नीच का भेद मिटने लगा। सामाजिक कामों में लोग मिल जुलकर हाथ बँटाने लगे। लोगों में जातीयता की भावना की जगह आपसी एकजुटता एवं भाईचारे की भावना विकसित

होने लगी। यही आपसी एकजुटता चंपारण आंदोलन के साथ–साथ स्वतंत्रता आंदोलन का मुख्य आधार बना।

बुनियादी शिक्षा के विकास के कारण चंपारण के लोगों में आत्म विश्वास की भावना बढ़ी। इससे उनमें अंग्रेजों के प्रति जो डर की भावना थी उसमें कमी आने लगी। लोग निर्भिक होकर अंग्रेजों के खिलाफ जाकर गाँधीजी एवं उनके सहयोगियों को अपनी शिकायत दर्ज करवाने लगे। यहाँ के लोगों में अंग्रेज निलहे मील मालिकों के शोषण से मुक्ति पाने की ललक बढ़ी। जनता की यही जागरूकता चंपारण आंदोलन की सबसे बड़ी जीत थी। अंततः अंग्रेजी सरकार को झुकना पड़ा। किसानों की समस्या को जानने के लिए एक आयोग का गठन किया गया। गाँधीजी को भी सदस्य मनोनित किया गया। इसी आयोग की अनुशंसा पर चंपारण के किसानों को तीनकाठिया प्रथा से मुक्ति मिली। इस प्रकार गाँधीजी के नेतृत्व में भारत में अंग्रेजों के खिलाफ पहली सफलता मिली। चंपारण आंदोलन की सफलता ने गाँधीजी को एक नई पहचान दिलाई। गाँधीजी संपूर्ण भारत के लिए एक आशा की किरण बन गये।

इस प्रकार कहा जा सकता है कि बुनियादी शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् लोगों में राष्ट्रीयता की भावना विकसित होने लगी। यही राष्ट्रीयता की भावना आगे चलकर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का मुख्य आधार बना। चंपारण आंदोलन पूरे देश के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। इस आंदोलन की सफलता ने लोगों में अंग्रेजी शासन से मुक्ति पाने की प्रेरणा दी। गाँधीजी के बुनियादी शिक्षा का मुख्य केंद्र बिंदु हस्तशिल्प कला का विकास था। इसी कारण चंपारण ही नहीं बल्कि पुरे देश में स्वदेशी वस्तुओं के उत्पादन तथा उपभोग की भावना बढ़ने लगी। आगे चलकर राष्ट्रीय आंदोलनों में विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार एवं स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग पर विशेष ध्यान दिया गया। इससे अंगेजों को आर्थिक हानि होने लगी। वहीं देश आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने लगा। यानि बुनियादी शिक्षा ने देश की स्वतंत्रता की बुनियाद रखी। लोगों में स्वतंत्रता की भावना विकसित होने तथा उनमें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा, बुनियादी शिक्षा से ही प्राप्त हुआ। इसके अलावा गाँधीजी द्वारा चंपारण में जो रचनात्मक कार्यक्रम चलाये गए उसके परिणामस्वरूप लोगों में जागरूकता आई, अस्पृश्यता, ऊँच–नीच की भावना खत्म होने लगी, महिलाओं में आत्मनिर्भरता बढ़ने लगी। यही जागरूकता आगे चलकर राष्ट्रीय आंदोलन को संबल प्रदान किया।

## संदर्भ ग्रंथ सूची

1. शांडिल्य, तपन कुमार, श्यामल किशोर, **गाँधी सत्याग्रह के आयाम**, शांडिल्य पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 2019, पृ0 103
2. दत्त, के0 के0, **बिहार में स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास**, बिहार हिंदी ग्रंथ अकादमी, पटना, 1998, पृ0 287

3. गाँधी, एम0 के0, **आत्मकथा**, सस्ता साहित्य मंडल, नई दिल्ली, 2003, पृ0 388
4. प्रसाद, डॉ0 राजेन्द्र, **चम्पारण में महात्मा गाँधी**, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना, 1998, पृ0 258
5. दत्त, के0 के0, **वही**, पृ0 291
6. गाँधी, एम0 के0, **वही**, पृ0 393
7. गाँधी, एम0 के0, **वही**, पृ0 389
8. दत्त, के0 के0, **वही**, पृ0 285
9. शाडिल्य, तपन कुमार, श्यामल किशोर, **वही**, पृ0 103
10. चौधरी, हरिश्चन्द्र, **चम्पारण का किसान आंदोलन और गाँधी**, प्रकाशन संस्थान, नई दिल्ली, 2016, पृ0 99

# महात्मा गाँधी का ग्राम स्वराज

**रीता कुमारी*, मुक्तारानी ओड़ेया***

महात्मा गाँधी के समग्र चिंतन एवं दर्शन का केन्द्र गांव ही रहे हैं। इस कारण यह स्वाभाविक था कि स्वतंत्रता के पश्चात् भारत में विकास की संरचना गांवों को केन्द्र मानकर बनायी गयी। इस संदर्भ में ग्राम स्वराज व्यवस्था में गांवों की सहभागिता एवं सक्रियता की सर्वाधिक शक्तिशाली अभिव्यक्ति है। स्वराज एक पवित्र एवं वैदिक शब्द है, जिसका अर्थ है, आत्मशासन और आत्म संयम। अंग्रेजी शब्द इंडिपेंडेंस अक्सर सब प्रकार की मर्यादाओं से मुक्त निरंकुश आजादी का या स्वच्छंदता का अर्थ देता है, वह अर्थ स्वराज शब्द में रही है।''[1]

स्वराज से गांधीजी का अभिप्राय लोक सम्मति के अनुसार होने वाला शासन है। अर्थात् स्वराज शब्द मर्यादा संवलित शब्द है और यह कहना गलत नहीं है कि स्वराज एक स्वस्थ व्यक्ति और समाज निर्माण के लिए प्रक्रिया भी है, आत्मानुशासन भी है और स्वाधीनता के रूप में परिणति भी है। गाँधी ने स्वयं ही स्वीकार किया कि स्वराज वह संकल्पना है जिसमें लोक सम्मति का शासन अनिवार्य होता है। गाँधी के अनुसार ''सच्चा स्वराज थोड़े लोगों द्वारा सत्ता प्राप्त कर लेने से नहीं बल्कि जब सत्ता का दुरूपयोग होता हो तब सब लोगों द्वारा प्रतिकार करने की क्षमता में है।''[2]

राजनीतिक स्वतंत्रता से यह मतलब नहीं है कि हम ब्रिटेन की लोकसभा की या रूस के सोवियत शासन की या इटली के फासिस्ट शासन की अथवा जर्मनी के नाजी शासन की नकल करे। उन देशों की शासन पद्धतियाँ उनकी अपनी प्रकृति के अनुरूप है। हमारी शासन पद्धति हमारी प्रकृति के अनुरूप होनी चाहिए, यह लोकतंत्र का बुनियादी सिद्धान्त है।

स्वराज सत्य और अहिंसा के शुद्ध साधनों द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है। सच्ची लोकसत्ता या जनता का स्वराज्य कभी भी असत्यमय और हिंसक साधनों से नहीं आ सकता। कारण स्पष्ट और सीधी है – यदि असत्यमय और हिंसक उपायों का प्रयोग किया गया तो उसका स्वाभाविक परिणाम यह होगा कि सारा विरोध तो विरोधियों को दबाकर या उनका नाश करके खत्म कर दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में वैयक्तिक स्वतंत्रता को प्रकट होने का पूरा अवसर केवल विशुद्ध अहिंसा पर आधारित शासन में ही मिल सकता है।''[3]

किसी राष्ट्रीय समाज के स्वराज का अर्थ उस समाज के विभिन्न व्यक्तियों के स्वराज

---

*शोधार्थी, पीएच0डी0, यू0जी0सी0 नेट/जे0आर0एफ, जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची।

अर्थात् आत्मशासन का योग ही है और ऐसा स्वराज व्यक्तियों द्वारा नागरिकों के रूप में अपने कर्तव्य के पालन से ही आता है। उसमें कोई अपने अधिकारों की बात नहीं सोचता। जब उनकी आवश्यकता होती है तब वे उन्हें अपने आप मिल जाते हैं और इसलिए मिलते हैं ताकि वे अपने कर्तव्य का सम्पादन ज्यादा अच्छी तरह से कर सके। ग्राम व्यवस्था के संबंध में पंडित नेहरू ने कहा था कि कोई व्यक्ति या समूह जितना अधिक अपना ही विचार करेगा उतना ही अधिक खतरा उस व्यक्ति के अथवा समूह के स्व–केन्द्रित, स्वार्थी और संकुचित बन जाने का रहेगा। आज हमारे गांव सामाजिक फूट, जातिवाद और संकुचित दृष्टि के दोष से कष्ट भोग रहे हैं। ग्राम पंचायतों को सफल बनाने का मार्ग गुलाब के फूलों से छाया हुआ नहीं है। इस कार्य में ग्राम नेताओं से सच्ची सेवा भावना की अपेक्षा रखी जाती है।

गाँधी ने केवल परिणति या साध्य पर ही विचार नहीं किया बल्कि साध्य कोप्राप्त करने वाले साधनों पर भी विचर किया जिसमें 'सत्य' और 'अहिंसा' साधन स्वरूप है। बिना इन साधनों को अपनाए 'स्वराज' की प्राप्ति नहीं की जा सकती है। गाँधी ने इनको 'शुद्ध साधन' के रूप में परिभाषित किया। शुद्ध और सच्चे साधन के अभाव में कभी भी सच्ची लोक सत्ता और जनता के स्वराज को प्राप्त नहीं किया जा सकता है और नहीं वैयक्तिक स्वतंत्रता की रक्षा की जा सकती है। इसीलिए गाँधी ने कहा कि ''वैयक्तिक स्वतंत्रता को प्रकट करने का पूरा अवसर विशुद्ध अहिंसा पर आधारित शासन व्यवस्था में ही मिल सकता है।''[4]

अतः यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि गाँधी के स्वराज की अवधारणा समाज की इकाई निर्माण अर्थात् व्यक्ति निर्माण की अवधारणा है। राष्ट्रीय स्तर पर स्वराज की संकल्पना व्यक्ति की स्वाधीनता और आत्मानुशासन की संश्लिष्ट प्रक्रिया का प्रतिफलन है। इसलिए वह सत्य के समकक्ष हैं। शायद इसीलिए गाँधी ने अपनी पुस्तक का नाम 'सत्य के साथ मेरे प्रयोग' रखा। दरअसल यह पुस्तक स्वराज के आत्मानुसंधान की महत्वपूर्ण परिणति है। इनका मानना था कि भारत की अधिकांश आबादी गांवों की आबादी है।

गाँधी जी के ग्राम स्वराज के बुनियादी सिद्धान्त में महात्मा गाँधी के केवल विचार ही नहीं थे, उन्होंने अपने विचारों को कर्मों के रूप में भी ढाला है। गाँधी जी ने गांवों को भारत की आत्मा कहा और ग्रामीण  के उत्कर्षपूर्ण जीवन के लिए हमेशा उत्कृष्ट, आत्मनिर्भर, आदर्शवादी, पंचायती राज और ग्राम स्वराज की धारणा का प्रशस्तीकरण किया जिसके व्यावहारिक क्रियान्वयन से ग्राम सम्पूर्ण विकास की दिशा में प्रवाहित हो सकते हैं।''[5]

महात्मा गाँधी के ग्राम स्वराज के बुनियादी सिद्धान्त निम्नलिखित हैं :–

**1. समानता –** प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन और विकास को सुनिश्चित करने के लिए समान अधिकारों का मिलना आवश्यक होता है। गाँधी ने कहा कि समान अवसरसे व्यक्ति जहाँ एक ओर अपना भौतिक विकास करता है तो दूसरी ओर अपना आध्यात्मिक विकास करता

है। जब तक भौतिक अैर आध्यात्मिक दोनों ही विकासों का समन्वय और समायोजन नहीं होगा, समानता का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता। ग्राम स्वराज के लिए समानता आवश्यक घटक है।

गाँधी ने सबके विकास के लिए और समानता के लिए लघु और कुटीर उद्योग की वकालत की। यह आर्थिक समानता के लिए गाँधी द्वारा उठाया गया बड़ा कदम है। गाँधी ने ग्राम स्वराज की अवधारणा के लिए समानता को एकांगी रूप में नहीं देखा बल्कि मुकम्मल रूप में विचार करते हुए कहा कि व्यक्ति दोनों ही आर्थिक और समाजिक स्तरों पर जब तक बराबरी का दर्जा हासिल नहीं करेगा तब तक समानता का मकसद पूरा नहीं होगा।

मानव का सर्वोच्च ध्येय होता है एक आदर्श समाज की स्थापना करना। वह तभी हो सकता है जब व्यक्ति बौद्धिक और नैतिक उन्नति के साथ–साथ आध्यात्मिक उन्नति करें। सच्ची समानता यही होगी। तभी ग्राम स्वराज का संकल्प पूरा होगा।

**2. सब धर्मों में समानता –** समस्त धर्म मूल में एक ही है। यद्यपि वे पेड़ पत्तों की तरह ब्योरे में है और ब्रह्म रूप में एक दूसरे से अलग–अलग है। सभी प्रचलित धर्म सत्य को प्रकट करते हैं। गाँधी जी ने कहा था कि ग्राम स्वराज में हर एक धर्म की अपनी पूरी और बराबरी की जगह होगी।

**3. संरक्षकता –** आर्थिक समानता की दशा में जो धनवान है उसको संरक्षकता के सिद्धांत में विश्वास होना चाहिए। इस सिद्धान्त में यह वर्णित है कि धनवान व्यक्ति को अपने पड़ोसी व्यक्ति से अधिक धन संचय करने का अधिकर नहीं है। इसे गाँधी ने समाज सेवा के रूप में देखा है। यही सेवा भाव समाज को स्वराज की ओर अग्रसारित करता है।

जब मनुष्य अपने आपको समाज का सेवक मानेगा, समाज की खातिर धन कमायेगा, समाज के कल्याण के लिए उसे खर्च करेगा, तब उसकी कमाई में शुद्धता आएगी। उसके साहस में भी अहिंसा होगी।

**4. सहयोग –** गाँधी जी के अनुसार मनुष्यों को सहयोग से रहना चाहिए और सहयोग के आधार पर ही समस्त कार्य किए जाएं। सबकी भलाई के लिए काम करना चाहिए। सहकारिता की पद्धति किसानों के लिए ही ज्यादा जरूरी है। हमें यह याद रखना चाहिए कि सह भागिता का आधार पूर्ण अहिंसा पर होगा।

**5. स्वदेशी –** गाँधी जी के अनुसार स्वदेशी एक सार्वभौमिक धर्म है। मनुष्य का पहला धर्म अपने स्वदेश का होना चाहिए। इस आग्रह से हम आर्थिक सम्पन्नता और विकास की दिशा में सुनिश्चित कर सकते हैं। गाँधी जी के सामने भारत की गरीबी नर्तन कर रही थी। चंपारन से लेकर भारत के तमाम हिस्सों में गरीबी का जो आलम था वो असहनीय था। गाँधी ने इसका

कारण आर्थिक और औद्योगिक क्षेत्र में स्वदेशी के न होने को स्वीकार किया।

स्वदेशी वस्तुतः एक साझा समन्वय का उपक्रम है। इसका मूलधर्म अपनी प्रकशति में विद्यमान रहते हुए किस प्रकार सबका अभ्युदय और सबके द्वारा अभ्युदय की सुनिश्चित कर सकता है। अतः गाँधी का स्वदेशी विचार समुन्नत राष्ट्र और गांव का विचार है। इन्होंने तो यहाँ तक कहा कि स्वदेशी का पालन करते हुए मृत्यु भी हो जाये तो ठीक है परदेशी तो वैसे ही खतरनाक है। गाँधी जी के लिए स्वेदशी एक व्रत के समान था। इसको व्रत इसलिए कहा कि व्रत तो एक अडिग निश्चय होता है। तमाम प्रकार की अड़चनों को पार करके बिना टूटे जो संकल्प किया जाए वही व्रत होता है। गाँधी भारतीय अर्थव्यवस्था में हो रहे परिवर्तनों को नजदीक से देख रहे थे। उन्होंने बहुत ठीक से देखा कि हमारे देश में लघु और कुटीर उद्योगों का ह्रास हो रहा है। बेरोजगारी का प्रभाव बढ़ता जा रहा था। अतः गाँधी ने स्वदेशी का व्रत लिया। और कहा कि इस व्रत को धारण किए बिना भारतवर्ष को शक्ति सम्पन्न राष्ट्र नहीं बनाया जा सकता।

इस प्रकार स्वदेशी तो अपना स्वधर्म है। दोनों ही एक दूसरे के पर्याय है। जिस प्रकार राष्ट्र की चिंता करना उसके हित की चिन्ता करना स्वधर्म है उसी प्रकार स्वदेशी विचार रखना और उस पर अमल करना स्वधर्म है। इस स्वदेशी स्वधर्म से निरंतर समाज के अंतिम और उपेक्षित वर्ग की सेवा सामाजिक स्तर सुधार और आर्थिक स्तर सुधार के रूप में की जा सकती है।

**6. विकेन्द्रीकरण –** गाँधी ने कहा है कि यदि भारत को अपना विकास करना है तो उसे बहुत–सी चीजों का विकेन्द्रीकरण करना पड़ेगा। केन्द्रीकरण किया जाए तो फिर उसे कायम रखने के लिए और उसकी रक्षा के लिए हिंसा बल अनिवार्य है।

**7. स्वावलम्बन –** स्वावलम्बन का सीधा संबंध प्रकृति के साथ समन्वय से है। यह समन्वय ही व्यक्ति को स्वावलम्बी बनाता है। गाँधी ने स्वयं इस तथ्य पर विचार किया कि ग्रामीण समूहों की दृष्टि आदर्श होनी चाहिए। जिनको अपनी आवश्यकताओं का ज्ञान हो और वे आपस में पूर्ण और आत्मनिर्भर हो।''[6]

अतः प्रत्येक गांव को अपने पैर पर खड़ा होना होगा, अपनी जरूरतें खुद पूरी करनी होगी। वह अपना सारा कारोबार स्वंय चला सके। और यहाँ तक कि वे सारी दुनिया से अपनी रक्षा स्वयं कर सके।''[7]

**8. सत्याग्रह –** सत्याग्रह और असहयोग के शस्त्र के साथ अहिंसा की सत्ता ही ग्रामीण समाज के शासन का बल होगा।

**9. पंचायती राज –** ग्राम स्वराज की अवधारणा के विकास में गाँधी ने पंचायती व्यवस्था

को महत्वपूर्ण घटक के रूप में स्वीकार किया और कहा कि ''गांव का शासन चलाने के लिए गांव के पाँच व्यक्तियों की एक पंचायत चुनी जाएगी। इसके लिए नियमानुसार एक खास निर्धारित योग्यता वाले व्यवस्क स्त्री–पुरूष को अधिकार होगा कि वे अपना पंच चुन लें।''[8]

चूँकि इस ग्राम स्वराज में आज के प्रचलित अर्थों में सजा अथवा दंड की कोई प्रथा नहीं रहेगी, इसलिए यह पंचायत अपने एक साल के कार्यकाल में स्वयं धारा सभा, न्याय–सभा और व्यवस्थापिका सभा का सारा काम संयुक्त रूप से करेगी।

**10. नयी तालीम –** ग्राम स्वराज तभी सच्चे अर्थ में प्रतिफलित होगा जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति शिक्षित हो। गाँधी की नजरमें शिक्षित होने का अभिप्राय शरीर मन और आत्मा की शिक्षा। अक्षर ज्ञान मनुष्य का न तो अंतिम लक्ष्य है और न ही उसकी आत्मा का अंतिम लक्ष्य है। और सच्चे अर्थों में ग्राम स्वराज तभी फलीभूत होगा जब ऐसी नयी तालीम व्यवस्था लागू होगी।

शिक्षा से गाँधी जी का अभिप्राय यह है कि बालक अथवा प्रौढ़ की शरीर मन, आत्मा की उत्तम क्षमताओं का सर्वांगीण विकास किया जाए और उन्हें प्रकाश में लाया जाए। अक्षर ज्ञान न तो शिक्षा का अंतिम लक्ष्य है और न उसका आरम्भ है। वह तो मनुष्य की शिक्षा के साधनों में केवल एक साधन है। गाँधी जी व्यक्ति और समाज की सार्थकता के हिमायती थे इसलिए नयी तालीम व्यवस्था को प्रस्तावित करते हुए कहा कि शिक्षा वही होती है जो व्यक्ति के आत्मा का विकास करे।

## निष्कर्ष

अतः निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि गाँधी का ग्राम स्वराज अपने वैचारिक और दार्शनिक पृष्ठभूमि में भौतिक उन्नति और आध्यात्मिक उन्नति के समन्वय पर आधारित है। विरूद्धों के सामंजस्य के आधार पर गाँधी ने स्वराज और ग्राम स्वराज की अवधारणा को विकसित किया जो आज भी हमारे लिए प्रासंगिक है।

महात्मा गाँधी ने अपने समग्र वैचारिक दर्शन में पंचायतों पर भी प्रमुखता से चिंतन केन्द्रित किया था। ग्रामों की भावी दिशा कैसी हो, इसके लिए एक सुदृढ़ पंचायती राज सोपान के गाँधी जी सदैव हिमायती रहे हैं और इसके लिए उन्होंने पंचायती राज के मूलभूत स्वरूप को अपने विचारों द्वारा प्रस्तुत भी किया है।

यह बहुत ही प्रामाणिक तथ्य है कि आधुनिक मनुष्य लोकतांत्रिक मनुष्य है। अतः वहीं आधुनिक होगा जो लोकतांत्रिक मूल्यों का पालक होगा, उसका व्यवहार करने वाला होगा। गांधी जी ने इसकी प्रतिष्ठा के लिए स्वराज की अवधारणा को विकसित किया। लोकतंत्र और स्वराज दोनों ही एक दूसरे के पूरक है। दोनों की अन्योन्याश्रित ही दोनों के आभ्यांतरिक संकल्पन को सार्थकता प्रदान करती है।

वर्तमान समय में पंचायतों में ग्राम स्वराज व्यवस्था लागू कर लोकतंत्र की नींव को मजबूत बनाने का प्रयास किया गया है। फिर भी वर्तमान व्यवस्था में कुछ चुनौतियाँ है, जिससे निपटना आवश्यक है। भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, जनसंख्या वृद्धि, मूल्य वृद्धि आदि चुनौतियों को समाप्त करने की आवश्यकता है, तभी सच्चे अर्थों में ग्राम स्वराज की सार्थकता सिद्ध होगी।

## संदर्भ ग्रंथ


1. ***यंग इंडिया***, 19 मार्च 1931, पृष्ठ–38
2. *हिन्दी नव जीवन*, 29 जनवरी 1925, पृष्ठ–198
3. *गाँधी मोहनदास, करचन्द*, *हरिजन सेवक*, 2 अगस्त 1942, पृष्ठ–8
4. *गाँधी हरिजन सेवक*, 27 मई, 1956, पृष्ठ–143
5. गाँधी मोहन दास करमचन्द, *हरिजन सेवक*, 1944, पृष्ठ–72
6. वही, 1942, पृष्ठ– 27
7. गाँधी सत्याग्रह और समाज, 1940, पृष्ठ–10
8. गाँधी सत्याग्रह और मैं, 1942, पृष्ठ–2

# महात्मा गाँधी एवं राष्ट्रीय आन्दोलन

**कुमारी गंगेश्वरी सिंह***

**1.** मोहनदास करमचंद गाँधी का जन्म 02 अक्टूबर 1869 को जन्म हुआ। महात्मा गाँधी भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के एक प्रमुख राजनेता एवं अध्यात्मिक नेता थे। वे सत्याग्रह (व्यापक सविनय अवज्ञा) के माध्यम से अत्याचार के प्रतिकार के अग्रणी नेता के उनकी इस अवधारणा की नींव सम्पूर्ण अहिंसा के सिद्धांत पर रखी गई थी जिसने भारत को आजादी दिलाकर पूरी दुनिया में जनता के नागरिक अधिकारों एवं स्वतंत्रता के प्रति आन्दोलन के लिए प्रेरित किया। उन्हें दुनिया में आम जनता महात्मा गाँधी के नाम से जानती है। संस्कृत भाषा में महात्मा अथवा महान आत्मा एक सम्मान सूचक शब्द है, गाँधी जी को महात्मा के नाम से सबसे पहले 1915 ई० में राजवैद्य जीवराम कालिदास ने संबोधित किया था। उन्हें बापू गुजराती भाषा में (प्पायु) (बापू यानी पिता) के नाम से भी याद किया जाता है। सुभाष चन्द्र बोस ने 06 जुलाई 1944 को रंगून रेडियो स्टेशन से गाँधीजी राष्ट्रपिता कहकर सम्बोधित करते हुए आजाद हिन्द फौज के सैनिकों के लिए उनका आशीर्वाद और शुभकामनाएँ माँगी थी । प्रति वर्ष 02 अक्टूबर को उनका जन्म दिन भारत में गाँधी जयंती के रूप में पूरे विश्व में अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के नाम से मनाया जाता है।

**असहयोग आन्दोलन –** असहयोग आन्दोलन का व्यापक जन आधार था। शहरी क्षेत्र के माध्यम से वर्ग तथा ग्रामीण क्षेत्र में किसानों और आदिवासियों का इसे व्यापक समर्थन मिला। इसमें श्रमिक वर्ग की भी भागीदारी थी। इस प्रकार यह प्रथम जन आन्दोलन बन गया। 1914–1918 ई० क महान युद्ध के दौरान अंग्रेजों ने प्रेस पर प्रतिबंध लगा दिया था और बिना जाँच के कारावास की अनुमति दे दी थी। अब सिडनी रॉलेक्ट एक्ट की अध्यक्षता वाली समिति के संतुतियों के आधार पर इन कठोर उपायों को जारी रखा गया। इसके जवाब में गाँधी जी ने देश भर में रॉलेट एक्ट के खिलाफ अभियान चलाया। उतरी और पश्चिमी भारत के कस्बों में चलाया। चारों तरफ बंद होने के कारण जीवन लगभग ठहर स गया। पंजाब में विशेष रूप से कड़ा विरोध हुआ। जहाँ के बहुत से लोगों ने युद्ध में अंग्रेजों के पक्ष में सेवा की थी, और अब अपनी सेवा के बदले वे ईनाम की अपेक्षा कर रहे थे। लेकिन इनकी जगह उन्हें रॉलेट एक्ट दिया

*शोधार्थी छात्रा, इतिहास विभाग, विनोबा भावे विश्वविद्यालय

गया। पंजाब जाते समय गाँधी जी को कैद कर लिया गया। स्थानीय कांग्रेस जनों को गिरफ्तार कर लिया गया था। प्रांत की यह स्थिति और महत्वपूर्ण हो गई तथा अप्रैल 1919 ई० में अमृतसर में यह खून–खराबे के चरमोत्कर्ष पर पहुँच गई। जब एक अंग्रेज ब्रिगेडियर ने एक राष्ट्रवादी सभा पर गोली चलाने का आदेश दिया था। तब ''जालियाँवाला बाग हत्याकांड'' के नाम से यह जाना गया था। इस हत्याकांड में लगभग 1,000 लोग मारे गये और 1600–1700 घायल हुए।[3]

गाँधी जी ने यह आशा की थी कि असहयोग को खिलाफत के साथ मिलाने से भारत के प्रमुख समुदाय हिन्दु और मुसलमान मिलकर औपनिवेशिक शासन का अंत करेगें। इन आन्दोलनों ने निश्चय ही एक लोकप्रिय कार्यवाही के बहाव को उन्मुक्त कर दिया था और ये चीजें औपनिवेशिक भारत में बिलकुल अभूतपूर्व थी। विद्यार्थियों ने सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्कूलों और कॉलेजों में जाना छोड़ दिया। वकीलों ने अदालत में जाने से मना कर दिया, कई नगरों कस्बों में श्रमिक वर्ग हड़ताल पर चले गये। सरकारी आँकड़ों के मुताबिक 1921– 396 हड़तालें हुई, जिसमें 6 लाख श्रमिक शामिल हुई और इसमें 70 लाख का नुकसान हुआ था। ग्रामीण क्षेत्र भी असंतोष से आंदोलित हो रहा था। पहाड़ी जनजातियों ने वन्य कानूनों की अवहेलना कर दी। कुमाऊँ के किसानों ने औपनिवेशिक अधिकारियों का सामान ढोनें से मना कर दिया। इस विरोधी आन्दोलनों को कभी–कभी स्थानीय राष्ट्रीवादी नेतृत्व की। अवज्ञा करते हुए कार्यान्वयित किया गया। किसानों, श्रमिकों और अन्य ने इसकी अपनी ढंग से व्याख्या की तथा औपनिवेशिक शासन के साथ 'असहयोग' के लिए ऊपर से प्राप्त निर्देशो पर टिके रहने के बजाए अपने हितों से मेल खाते तरीकों का इस्तेमाल कर कार्यवाही की।

महात्मा गाँधी के अमरिकी जीवनी लेखक लुई फिशर ने लिखा है कि असहयोग भारत और गाँधी जी के जीवन के एक युग का नाम हो गया। असहयोग शांति की दृष्टि से बहुत सकारात्मक था। इसके लिए प्रतिवाद, परित्याग और अनुशासन लिए प्रशिक्षण था। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की क्रांति के बाद पहली बार असहयोग आन्दोलन के अंग्रजी राज्य की नींव हिल गई।[4]

**चौरा–चौरी काण्ड –** फरवरी 1922 में किसानों के एक समूह ने संयुक्त प्रान्त के गोरखपुर जिले के चौरा–चौरी के पुलिस स्टेशन में आग लगा दी। इस अग्निकांड में कई पुलिस वालों की जान गई। हिंसा की इस कार्यवाही गाँधी जी को यह आन्दोलन तत्काल वापस लेना पड़ा। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि किसी भी तरह की उत्तेजना को निहत्थे और एक तरह से भीड़ की दया पर निर्भर व्यक्तियों की घृणित हत्या के आधार पर उचित नहीं ठहराया जा सकता। परन्तु गाँधी जी यहाँ भूल गये कि सन् 1919 ई० में वैशाखी के दिन जालियाँवाला बाग में हजारों निहत्थे भारतीयों को इन्हीं पुलिस वाले ने घेर कर मशीनगन से निर्ममता से भूना गया था। फिर भी असहयोग आन्दोलन के दौरान हजारों भारतीय को जेल में डाल दिया गया। स्वयं गाँधी जी को मार्च 1922 में राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। उन पर जाँच की

कार्यवाही की अध्यक्षता करने वाले जज जस्टिस सी० एन० ब्रुमफील्ड ने उन्हें सजा सुनाते समय एक महत्वपूर्ण भाषण दिया – जज ने टिप्पणी की कि, इस तथ्य को नकारना असंभव होगा कि मैंने आज तक जिनकी जाँच की है, अथवा करूँगा आप उनसे भिन्न श्रेणी के हैं। इस तथ्य को नकारना असंभव होगा कि आपके लाखों देशवासियों की दृष्टि में एक महान देशभक्त और नेता है, यहाँ तक कि राजनीति में जो लोग आपसे भिन्न मत रखते हैं वे भी आपको उच्च आदर्शो और पवित्र जीवन वाले व्यक्ति के रूप में देखते हैं। चूँकि गाँधी जी ने कानून की अवलेलना की थी। अतः उस न्याय पीठ के लिए गाँधी जी को 6 वर्षो की जेल की सजा सुनाया जाना आवश्यक था। लेकिन जब जज ब्रुमफील्ड ने कहा कि ''यदि भारत में घट रही घटनाओं की वजह से सरकार के लिए सजा के इन वर्षो में कमी और आपके मुक्त करना संभव हुआ तो इसके मुझसे ज्यादा कोई प्रसन्न नहीं होगा।''[5]

**दाण्डी मार्च –** दाण्डी मार्च, दाण्डी सत्याग्रह के रूप में भी जाना जाता है, जो सन् 1930 ई० में महात्मा गाँधी के द्वारा अंग्रेज सरकार के नमक के ऊपर 'कर' लगाने के कानून के नमक के ऊपर 'कर' लगाने के कानून के विरूद्ध किया गया। जो सविनय अवज्ञा कानून भंग के नाम से जाना गया। ये ऐतिहासिक सत्याग्रह कार्यक्रम गाँधी जी समेत 78 लोगों के द्वारा अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से समुद्रतटीय गाँव दांडी तक पैदल यात्रा करके 22 मार्च 1930 ई० को नमक हाथ में लेकर नमक विरोधी कानून को भंग किया। भारत में अंग्रेजो के शासनकाल के समय नमक उत्पादन और विक्रय के ऊपर बड़ी मात्रा में 'कर' लगा दिया। दूसरी ओर नमक जीवन के लिए जरूरी चीज होने के कारण भारतवासियों को इस कानून से मुक्त करने और अपना अधिकार दिलवाने हेतु इन्होंने सविनय अवज्ञा आन्दोलन को आरंभ किया था। कानून भंग करने के बाद सत्याग्रहियों ने अंग्रेजों की लाठियाँ खाई थी। परंतु पीछे नहीं हटे। 1930 ई० में गाँधी जी ने इस आन्दोलन को आरम्भ किया, जिसका प्रभाव पूरे देश पर पड़ा। हजारीबाग तथा झारखण्ड, बिहार के कुछ क्षेत्रों में जगह–जगह पर नमक बनाया गया।

इस आन्दोलन के कई नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। जैसे– सी० राजगोपालाचारी, पंडित नेहरू आदि। आन्दोलन पूरे एक साल चला। इस आन्दोलन ने संपूर्ण देश में अंग्रेजों के खिलाफ व्यापक जनसंघर्ष को जन्म दिया था।[9]

**गाँधी ईरविन समझौता –** मार्च और 1930 ई० के बीच महात्मा गाँधी ने समुद्री जल से नमक का उत्पादन करने के लिए समुद्र तटीय गाँव दांडी से नमक सत्याग्रह या नमक मार्च की शुरूआत की थी। यह सविनय अवज्ञा आन्दोलन का पहला कदम था। ब्रिटिश सरकार ने भारत के लोगों पर स्वतंत्र रूप से नमक बनाने या बेचने पर रोक लगाने वाले कई कानून लागू किए गए। भारतीयों को अंग्रेजों ने मंहगे और भारी करो वाले नमक खरीदने के लिए बाध्य किया। नमक सत्याग्रह अंग्रेजों के इन नीतियों के विरूद्ध था। और इसने सविनय अवज्ञा आन्दोलन को

भड़काने में काफी मदद की। इसके कारण अंग्रेजों को सत्याग्रहियों के साथ गाँधी जी को गिरफ्तार करना पड़ा। आन्दोलन ने काफी प्रगति की और लाखों लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने में भी सफल हुआ। अंग्रेजों ने आन्दोलन को बंद करने के लिए लाठी चार्ज कर प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी और गिरफ्तारी की। अंत तक जवाहरलाल नेहरू जैसे प्रमुख कांग्रेस नेताओं के साथ–साथ हजारों साधारण भारतीयों को जेल में बंद कर दिया था। इस आन्दोलन ने दुनिया भर में मीडिया का ध्यान आकर्षित करने में भी सफल हुआ था। लार्ड ईरविन इस परेशानी से निजात पाने के लिए महात्मा गाँधी को जेल से रिहा कर दिया गया था। इस प्रकार दोनों लोग महात्मा गाँधी और इरविन ने अपनी–अपनी बात प्रस्तुत की। वर्ष 1931 ई० में सहमति जताते हुए गाँधी इरविन समझौते पर हस्ताक्षर किए। इन दोनों नेताओं के बीच कुल आठ बैठक हुए थे, और यह बैठक 24 घंटे तक चली थी।

जिस समझौते पर अंग्रेजी सरकार की ओर से लार्ड इरविन द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे और महात्मा गाँधी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर जिन निम्नलिखित बिन्दुओं पर सहमति व्यक्त की।

वे बिन्दु थे –

1. हिंसा पैदा करने में दोषी न ठहराए गए सभी राजनीतिक कैदियों की तत्काल रिहा किए जाए।
2. तटों के किनारे स्थित गाँव को उनके उपभोग के लिए नमक बनाने का अधिकार देना।
3. सत्याग्रहियों की जब्त की गई संपत्तियों को वापस करना।
4. विदेशी कपड़ों और शराब की दुकानों पर शांतिपमर्ण ढंग से रोक लगाने की अनुमति दी जाए।
5. काँग्रेस पर लगाए गए प्रतिबंधों को हटाना।
6. सभी जारी किए गए अध्यादेशों को वापस लेना और आंदोलन को समाप्त करना।

इसके परिणाम स्वरूप काँग्रेस सविनय अवज्ञा आन्दोलन को स्थगित करने और द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने के लिए सहमत हुई। महात्मा गाँधी ने ब्रिटिश सरकार की युद्धनीति का विरोध करने के लिए सन् 1940 ई० में अहिंसात्मक व्यक्तिगत सत्याग्रह आरम्भ हुआ। इस सत्याग्रह में महात्मा गाँधी द्वारा चुना हुआ सत्याग्रही पूर्व निर्धारित स्थान पर भाषण देकर गिरफ्तारी देता था। भाषण से पूर्व सत्याग्रही अपने सत्याग्रह की सूचना जिला मजिस्ट्रेट को भी देता था। पहले सत्याग्रही विनोबा भावे थे। दूसरे सत्याग्रही जवाहरलाल नेहरू थे। हालांकि 1930 ई० में गाँधी जी ने के० केलधन को व्यक्तिगत सत्याग्रह सबसे पहले नामित किया था। लेकिन मुख्य रूप से इसकी शुरूआत विनोबा भावे जी को ही माना जाता है।

**भारत छोड़ो आंदोलन –** द्वितीय विश्वयुद्ध के साथ अगस्त 1942 ई० भारत छोड़ो आन्दोलन आरंभ हुआ। यह ऐसा आन्दोलन था, जिसका लक्ष्य था भारत से ब्रिटिश साम्राज्य को समाप्त करना था। यह आन्दोलन महात्मा गाँधी द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के मुम्बई

अधिवेशन में शुरू किया गया था। यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ककोरी काण्ड के ठीक 17 साल बाद 9 अगस्त सन् 1942 को गाँधी जी के आह्वाहन पर पूरे देश में एक साथ आरम्भ हुआ। यह भारत को तुरंत आजाद कराने के लिए अंग्रेजी शासन के विरूद्ध एक सविनय अवज्ञा आन्दोलन था।

क्रिप्स मिशन की विफलता के बाद महात्मा गाँधी ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ अपना तीसरा बड़ा आन्दोलन छेड़ने का फैसला किया। 08 अगस्त 1942 की शाम को बम्बई में अखिल भारतीय काँग्रेस कमेटी के बम्बई सत्र में ''अंग्रेजों भारत छोड़ो'' का नाम दिया गया था। हालाँकि गाँधी जी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन देश भर के युवा कार्यकर्त्ता हड़तालें और तोड़फोड़ की कार्यवाइयों के जरिए आन्दोलन चलाते रहे। काँग्रेस में जयप्रकाश नारायण जैसे समाजवादी सदस्य भूमिगत प्रतिरोधी गतिविधियों में सबसे ज्यादा सक्रिय थे। पश्चिम में सतरा और पूर्व में मेदनीपुर जैसे कई जिलों में स्वतंत्र सरकार प्रतिकार की स्थापना कर दी गई थी। अंग्रेजों ने आन्दोलन के प्रति काफी सख्त रवैया अपनाया फिर भी इस विद्रोह को दबाने में सरकार को साल भर से ज्यादा समय लग गया।

ऐसा माना जाता है कि यह भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन का आखिरी सबसे बड़ा आन्दोलन था। जिसमें सभी भारतवासियों ने एक साथ बड़े स्तर पर भाग लिया था। कई जगह समांतर सरकारें भी बनाई गई। स्वतंत्रता सेनानी भूमिगत होकर भी लड़े। यह आन्दोलन ऐसे समय में प्रारंभ किया गया जब द्वितीय विश्वयुद्ध जारी था। औपनिवेशिक देशों के नागरिक स्वतंत्रता के प्रति जागरूक हो रहे थे। और कई देशों में साम्राज्यवाद एवं उपनिवेशवाद के खिलाफ आन्दोलन तेज होते जा रहे थे।

14 जुलाई 1942 ई० को वर्धा में काँग्रेस की कार्यकारिणी समिति ने अंग्रेजों भारत छोड़ो आन्दोलन का प्रस्ताव पारित किया, एवं इसकी सार्वजनिक घोषणा से पहले 01 अगस्त को इलाहाबाद में तिलक दिवस मनाया गया। 08 अगस्त 1942 को अखिल भारतीय काँग्रेस की बैठक बम्बई के ग्वालिया टैंक मैदान में हुई। और भारत छोड़ो आन्दोलन के प्रस्ताव को मंजुरी मिली। इस प्रस्ताव यह घोषणा की गई थी कि भारत में ब्रिटिश शासन की तत्काल समाप्ति भारत में स्वतंत्रता तथा लोकतंत्र की स्थापना के लिए अत्यंत आवश्यक हो गई है।

भारत छोड़ो आन्दोलन को अगस्त क्रांति के नाम से भी जाना जाता है। इस आन्दोलन का लक्ष्य भारत से ब्रिटिश साम्राज्य को समाप्त करना था। यह आन्दोलन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान काकोरी कांड के ठीक 17 साल बाद 9 अगस्त 1942 को गाँधी जी आह्वाहन पर पूरे देश में एक साथ आरंभ हुआ।

भारत छोड़ो आन्दोलन सही मायने में एक जन आन्दोलन था। जिसमें लाखों आम हिन्दुस्तानी शामिल थे। इस आन्दोलन ने युवाओं को बड़ी संख्या में अपनी ओर आकर्षित किया। स्वतंत्रता आन्दोलन के नेताओं ने अपने कॉलेज छोड़कर जेल का रास्ता अपनाया। जिस समय काँग्रेस के नेता जेल में थे, उसी समय जिन्ना तथा मुस्लिम लीग के उनके साथी अपना प्रभाव

क्षेत्र फैलाने में लगे थे। इन्हीं सालों में लीग को पंजाब और सिंध में अपनी पहचान बनाने का मौका मिला। जहाँ अभी तक उसका कोई खास वजूद नही था। जून 1944 ई० में जब विश्वयुद्ध समाप्ति की ओर था, तो गाँधी जी को रिहा कर दिया गया। जेल से निकलने के बाद उन्होंने काँग्रेस और लीग के बीच फासले को भरने के लिए जिन्ना के साथ कई बार बात की।

1945 ई० में ब्रिटेन में लेबर पार्टी की सरकार बनी। यह सरकार भारतीय स्वतंत्रता पक्ष में थी। उसी समय वायसराय लार्ड वावेल में काँग्रेस और मुस्लिम लीग के प्रतिनिधियों के बीच कई बैठकों का आयोजन किया गया।

1946 ई० की शुरूआत में प्रांतीय विधान मंडलों के लिए नए सिरे से चुनाव कराये गये। सामान्य श्रेणी में काँग्रेस को भारी सफलता मिली। मुसलमानों के लिए आरक्षित सीटों पर मुस्लिम लीग को भारी बहुमत प्राप्त हुआ। 1946 ई० की गर्मियों में कैबिनेट मिशन भारत आया। इस मिशन ने काँग्रेस और मूस्लिम लीग को एक ऐसी संघीय व्यवस्था पर राजी करने का प्रयास किया। जिसमें भारत के भीतर विभिन्न प्रांतों को सीमित स्वायत्तता दी जा सकती थी। कैबिनेट मिशन का यह प्रयास भी विफल रहा। वार्ता टूट जाने के बाद जिन्ना ने पाकिस्तान की स्थापना के लिए लीग की माँग के समर्थन में एक प्रत्यक्ष कार्यवाही दिवस का आह्वाहन किया। इसके लिए 16 अगस्त 1946 ई० का दिन तय किया गया था। उसी दिन कलकत्ता में खूनी संघर्ष शुरू हो गया। यह हिंसा कलकत्ता से शुरू होकर ग्रामीण बंगाल, बिहार और संयुक्त प्रांत व पंजाब तक फैल गईं कुछ स्थलों पर हिन्दुओं को निशाना बनाया गया।

15 अगस्त 1947 ई० को राजधानी में हो रहे उत्सवों में महात्मा गाँधी नहीं थे। उस समय वे कलकत्ता में थे। लेकिन वहाँ भी न तो किसी कार्यक्रम में हिस्सा लिया, न ही कहीं झण्डा फहराया। गाँधी जी उस दिन 24 घंटे उपवास पर थे। उन्होंने इतने दिन तक जिस स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया था, वह एक अकल्पनीय कीमत पर उन्हें मिली थी। उनका राष्ट्र विभाजित था। हिन्दु – मुस्लिम एक दूसरे को मारने–काटने पर उतारू थे। उनके जीवनी लेखक डी०जी० तेंदुलकर ने लिखा है कि सितम्बर, अक्टूबर के दौरान गाँधी जी पीड़ितो को सांत्वना देते हुए अस्पतालों और शरणार्थियों के शिवरों के चक्कर लगा रहे थे। उन्होंने सिखों, हिन्दुओं और मुसलमानों से यह आह्वाहन किया कि वे अतीत को भुलाकर अपनी पीड़ा पर ध्यान देने की बजाय एक–दूसरे के प्रति भाईचारे का हाथ बढ़ाने तथा शांति से रहने का संकल्प ले।

गाँधी जी और नेहरू के आग्रह पर कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर एक प्रस्ताव पारित कर दिया। कांग्रेस ने दो राष्ट्र सिद्धांत कभी स्वीकार नहीं किया था। जब उसे अपनी इच्छा के विरूद्ध बँटवारे पर मंजूरी देनी पड़ी तब भी उसका दृढ़ विश्वास था कि भारत बहुत सारे धर्मो और बहुत सारी नस्लों का देश है और उसे ऐसे हीं बनाए रखा जाना चाहिए। भारत एक लोकतांत्रिक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र होगा जहाँ सभी नागरिकों को पूर्ण अधिकार प्राप्त होंगे तथा धर्म के आधार पर भेदभाव के बिना सभी को राज्य की ओर से संरक्षण का अधिकार होगा।[10]

**निष्कर्ष** — उपर्युक्त विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि गाँधी जी को स्वतंत्रता संग्राम को सफल बनाने में कई प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ा । लेकिन उन्होंने इसमें अहिंसावादी नीति का पक्ष नही छोड़ा और देश को आजाद करने में सफल रहे ।

## संदर्भ ग्रंथ सूची


1. कुमार विजय, गाँधी द मैन हिज लाईट एण्ड विजन, रीजल पब्लिकेशन नई दिल्ली, संस्मरण – 2007, पेज नं० 50–63
2. नन्दा बी०आर०, महात्मा गाँधी ए बायोग्राफी, प्रकाश ऑक्सफोर्ड यूनिर्वसिटी, प्रेस नई दिल्ली, संस्करण –2008, पेज नं०– 97–103
3. सिंह एम० के०, महात्मा गाँधी एण्ड नेशनल इंटीग्रेशन, रजत पब्लिकेशन नई दिल्ली, संस्करण – 2010, पेज नं० 169–223
4. जैन कैलाश चन्द भारत का राष्ट्रीय आन्दोलन, यूनिवर्ससिटी पब्लिकेशन, नई दिल्ली, संस्करण, पेज नं० 382–425
5. धवन एम० एल०, भारत का राष्ट्रीय आन्दोलन एवं स्वतंत्रता संघर्ष – 1857–1947 भाग – 2 संस्करण– 2005, अर्जुन पब्लिकेशन हाऊस अंसारी रोड दरियगंज नई दिल्ली, पेज नं० 329–289
6. चन्द्र विपिन आधुनिक भारत का इतिहास, ग्लोरियस प्रिन्टर्स दिल्ली, (ओरियंट ब्लैक प्राइवेट लिमिटेड) संस्करण– 2015, पेज नं० 289–329
7. गुप्त विश्व प्रकाश एवं गुप्त मेहनी, महात्मा गाँधी व्यक्ति और विचार, राधा पब्लिकेशन, नई दिल्ली संस्करण – 2008, पेज नं० 73–97
8. फारूथी आर० के०, आधुनिक भारत 1919–1939 ई०, संस्करण– 2008, अर्जुन पब्लिकेशन हाऊस नई दिल्ली, पेज नं० 266–268
9. पाठक रश्मि, भारत में अंग्रेजी राज अर्जुन पब्लिकेशन हाऊस नई दिल्ली संस्करण–2010, पेज नं० 382–425
10. विजय कुमार चौधरी, गाँधी को देश का होने का गर्व, सम्पादकीय राँची प्रभात खबर 15.10.2019 पेज नं० 8

# अहिंसा का अर्थशास्त्र

**डॉ. संजीत कुमार***

मरने के लिए मैरे पास बहुत से कारण है किंतु मेरे पास किसी को मारने का कोई भी कारण नहीं है।[1]

भारतीय स्वतंत्रता के स्वप्न सोपान के प्रथम आरोही, अहिंसा को अमरत्व प्रदान करने वाले पुरोधा और सत्य को सनातन करने वाले पुरोहित महात्मा गांधी का जीवन स्वयं एक दर्शन है।

गांधी आचार और विचार दोनों के धनी थे वे अपने जीवन को नैतिक आदर्श और मानवीय मूल्य के समीप रखने में विश्वास करते थे। जिस कारण विश्व उनके आदर्श के आगे आज नतमस्तक है।

गांधी जी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 ईस्वी को हुआ था।[2] गांधीजी दुश्मन को दुख पहुंचाने के बदले अपने को दुख देने की नीति का पालन किया। 1947 ईस्वी में गांधी जी द्वारा दर्शाए गए–नए कार्यक्रमों के नए–नए सिद्धांतों, नए आर्दशों के परिणाम स्वरुप समस्त भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई।[3]

गांधीजी के आर्थिक विचार चार मूल सिद्धांतों पर आधारित हैंः–

1. सत्य
2. अहिंसा
3. श्रम की महानता और
4. सरलता

गांधी जी के जीवन में सबसे अधिक महत्व सरल जीवन तथा उच्च विचार था।[4] वह अहिंसा के पुजारी थे। अहिंसा का सिद्धांत उन के दर्शन की आत्मा है। 1946 में युद्ध के बाद दिए गए एक साक्षात्कार में उन्होंने इससे भी आगे एक विचार का प्रस्तुतीकरण कियाः–

यहूदियों को अपने लिए स्वयं कसाई का चाकू दे देना चाहिए था। उन्हें अपने आप को समुद्री चट्टानों से समुद्र के अंदर फैंक देना चाहिए था।[5]

*K.S.D.S. Uni. Darbhanga

गांधी जी का मूल सिद्धांत अहिंसा का था। इसलिए वह उस प्रत्येक संगठन तथा कार्य का विरोध करते थे जो हिंसा पर आधारित था। गांधीजी एक केंद्रित अर्थव्यवस्था के विरुद्ध थे। क्योंकि वे समझते थे कि इसकी नींव हिंसा पर रखी गई थी। अतः उन्होंने विकेंद्रीकृत अर्थव्यवस्था का समर्थन किया। उनका मानना था कि राजनीतिक एवं आर्थिक शक्तियों को दो विपरीत ध्रुव पर रखना चाहिए। सत्ता में बैठे अभिजात वर्ग के लोगों को अभिजात जिंदगी न विता कर स्वैच्छिक तौर पर गरीबी की जिंदगी बितानी चाहिए ताकि संसाधनों की बर्बादी ना हो और वह आम जन का विश्वास प्राप्त कर सकें।[6] उनका स्पष्ट मानना था कि राजनीतिक शक्ति को आर्थिक शक्ति की क्षतिपूर्ति के रूप में माननी चाहिए।

हिंसा किसी भी रूप में शांति व्यवस्था स्थापित नहीं कर सकती है। उनका मानना था कि हिंसा अपने से बड़ी हिंसा को जन्म देती है। पूंजीवाद उनके लिए एक हिंसा था, क्योंकि यह श्रम के शोषण पर आधारित था।वह मशीनों के पक्षधर नहीं थे। क्योंकि मशीन बेकारी को जन्म देती है। इससे धन का संकेंद्रण कुछ थोड़े से हाथों में हो जाता है।

वह श्रम को अत्यधिक महत्व देते थे। वह कहते थे कि प्रत्येक व्यक्ति को शारीरिक श्रम के द्वारा जीविका प्राप्त करनी चाहिए।[7] यह गांधीजी के आर्थिक विचारधारा का एक प्रमुख स्तंभ है। गांधीजी अत्यधिक अवकाश के पक्ष में नहीं थे। क्योंकि यह जोखिम पूर्ण था। उनका मानना था कि प्रत्येक व्यक्ति को 8 घंटे काम करना चाहिए, 8 घंटे फुर्सत में रहना चाहिए और 8 घंटे सोना चाहिए। उनका मानना था कि फुर्सत के 8 घंटों में किसी प्रकार के सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम मनुष्य को करना चाहिए।[8] उन्होंने श्रम की महत्ता को दर्शाते हुए 1921 ईस्वी में टैगोर को कहा था भूखे मरने वाले और बेरोजगार लोगों के बीच भगवान महज रोजगार और अच्छी मजदूरी के स्वकार्य रूप में ही आने का साहस कर सकते हैं। भगवान ने आदमी को अपने खातिर श्रम करने के लिए बनाया है। जो बिना श्रम किए खाते हैं वह चोर हैं, दंडनीय हैं।[9]

ग्रामीण सर्वोदय गांधी जी का महान आदर्श था। प्राचीन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की चर्चा करते हुए गांधी जी ने कहा था कि उपयोग तथा वितरण के साथ ही उत्पादन किया जाता था और उस व्यवस्था में मौद्रिक अर्थव्यवस्था का कुचक्र भी नहीं था।[10]

गांधीजी का मानना था कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है अतः गांव को मजबूत किया जाना चाहिए।[11] वाह पहले ऐसे व्यक्तित्व थे जो पंचायती राज व्यवस्था का सपना देखा था। वह मानते थे कि गांव में ही सत्ता की इकाई स्थापित हो। जिससे कि लोग अपने लिए रामराज्य की स्थापना स्वयं कर सके और एक श्रम शील समाज का निर्माण सरलता पूर्वक हो सके। उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए बुनियादी शिक्षा की कल्पना की थी। वे चाहते थे कि बच्चों को अंग्रेजी शिक्षा व्यवसायिक शिक्षा के साथ–साथ बुनियादी शिक्षा भी दी जानी चाहिए जिससे वह श्रम शील व्यक्ति के रूप में निर्मित हो और समाज का कल्याण करें।[12]

उनका मानना था कि देश में तभी शांति स्थापित हो सकती है जब लोग काफी मेहनती होंगे और उनका जीवन आसान एवं सुख में होगा। लोगों का जब जीवन सुख में होगा तो समाज में भ्रष्टाचार नहीं बढ़ेगी। गांधीजी की भावना का उल्लेख करते हुए डॉ राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा में कहा था कि सांसदों में चारित्रिक योग्यता का होना अनिवार्य है। नेताओं में ईमानदारी ही काफी नहीं है बल्कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ने में उनके नैतिक बल का होना भी आवश्यक है।[13]

निष्कर्ष का हम कह सकते हैं कि गांधी जी के दर्शन का यह साम्राज्य उनकी सत्य, अहिंसा, सरलता एवं श्रमशीलता पर ही निर्मित की गई है। जिसका पालन कर मानवता का कल्याण किया जा सकता है। उनके यह आदर्श ही जीवन जीने का भी अर्थशास्त्र है। जो मानव को श्रेष्ठ बनाने में सहायक है। आज पूरा विश्व गांधी जी के इस अहिंसा के अर्थशास्त्र को मानने पर विवश है।

*''एक आंख के लिए दूसरी आंख पूरी दुनिया को अंधा बना देगी।''*[14]

## संदर्भ ग्रंथ सूची


| | | |
|---|---|---|
| 1. | https://hi.m.wikipedia.org/wiki/ | |
| 2. | इश्वरण, एकनाथ | गाँधी एक मनुष्य |
| 3. | आर० के० प्रभु – | मेरे सपनों का भारत (नवजीवन प्रकाशन मन्दिर, अहमदाबाद) |
| 4. | चड्ढा, योगेश | गाँधीः एक जीवन |
| 5. | आर० के० प्रभु एवं यू० आर० राव | महात्मा गांधी के विचार, नेशनल बुक ट्रस्ट, नयी दिल्ली, संस्करण–2005, पृ०–88–114 |
| 6. | मोहनदास करमचन्द गांधी | सत्य के प्रयोग (आत्मकथा) |
| 7. | मोहनदास करमचन्द गांधी | सत्य के प्रयोग (आत्मकथा) |
| 8. | आर० के० प्रभु एवं यू० आर० राव | महात्मा गांधी के विचार, नेशनल बुक ट्रस्ट, नयी दिल्ली, संस्करण–2005, पृ०–88. |
| 9. | तथैव | |
| 10. | तथैव | |
| 11. | आर० के० प्रभु – | मेरे सपनों का भारत (नवजीवन प्रकाशन मन्दिर, अहमदाबाद) |
| 12. | लाला रमन बिहारी, रस्तोगी | शिक्षा के दार्शनिक और समाजशास्त्रीय सिद्धांत, पब्लिकेशन, मेरठ्। |
| 13. | राजेंद्र प्रसाद (2007). | राजेंद्र बाबू: पत्रों के आईने में. प्रभात प्रकाशन.क्रान्त, |
| 14. | https://www.bbc.com/hindi/india/2016/01/160130_how_gandhi_is_remembered_on_social_dil | |